RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 86
लखनऊ, शुक्रवार, 15 जनवरी, 2021
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



काजोल ने मोटा करने वाली हर वस्तु से किया किनारा
विविध-12

# टीके के प्रतिकूल प्रभाव पर वैक्सीन निर्माता कंपनियां होंगी जिम्मेदार

● किसी भी दुर्घटना की स्थिति में मुकदमों से मुक्त रखने की कंपनियों की मांग सरकार ने की खारिज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



अमृतसर में कोरोना टीके की खेप पहुंचने के बाद शीशी को हाथ में लिए एक स्वास्थ्यकर्मी

**कोरोना** टीके के प्रतिकूल प्रभाव पर मुकदमों से छूट मांग रहीं कंपनियों को निराशा हाथ लगी है। सरकार ने उनकी मांग को खारिज करते हुए स्पष्ट कर दिया कि टीका लगने के बाद किसी भी तरह की दुर्घटना के लिए वैक्सीन निर्माता कंपनियां ही जिम्मेदार होंगी।

केंद्र सरकार ने भारतीय कंपनियों, विशेष रूप से सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के अनुरोध को ठुकरा दिया, जिसमें उन्होंने कोविड टीकाकरण के बाद स्वास्थ्य जोखिम या अन्य जटिलता के किसी भी मामले में मुकदमों से छूट की मांग की थी। वैक्सीन निर्माताओं के साथ सरकार द्वारा किए गए खरीद सौदे में लिखा गया है कि वैक्सीन से उत्पन्न स्वास्थ्य संबंधी किसी भी परेशानी के मामले को कंपनियां फौरन सरकारी अधिकारियों को सूचित करेंगी।

मामले को स्पष्ट करते हुए करार में लिखा गया है कि कंपनियां सीडीएससीओ/ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट/डीसीजीआई पॉलिसी/अनुमोदन के तहत वैक्सीन की सभी प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं के लिए उत्तरदायी होंगी। पिछले महीने एसआईआई के सीईओ अदार पूनावाला ने कहा था कि वैक्सीन निर्माताओं को टीके से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी किसी भी तरह की दिक्कत की स्थिति में खासकर महामारी के दौरान मुकदमों के खिलाफ सुरक्षा मिलनी चाहिए।

पूणे की कंपनी एसआईआई की कोविषील्ड और हैदराबाद की भारत बायोटेक की कोवैक्सीन को सरकार ने आपातकालीन उपयोग की मंजूरी दी है। पूनावाला ने यह मुद्दा सरकार के समक्ष उठाने की बात भी कही थी। उन्होंने तर्क दिया था कि यदि सरकार मुकदमों से सुरक्षा प्रदान नहीं करती है तो या तो कंपनियां दिवालिया हो जाएंगी अथवा ( शेष पेज 9 )

## वैक्सीन का प्रभाव कम कर सकते हैं अवसाद व तनाव


● विशेषज्ञों के मुताबिक टीका लगने से भरपूर नींद और कसरत से अच्छा मिलेगा परिणाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**वैज्ञानिकों** का कहना है कि अवसाद, तनाव और अकेलापन शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करके कोविड-19 टीके समेत विभिन्न टीकों के प्रभाव को कम कर सकता है। 'पर्सपेक्टिव ऑन साइकोलॉजिकल साइंस' में प्रकाशित होने के लिये स्वीकार की गई एक रिपोर्ट के अनुसार व्यायाम और टीका लगवाने से 24 घंटे पहले रात में अच्छी नींद लेने समेत साधारण कोशिशों से टीके की प्रारंभिक प्रभावकारिता बढ़ सकती है। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि व्यापक जांच से पता चला है कि अमेरिका में वितरण के लिये मंजूर किये गए टीके मजबूत प्रतिरोधक प्रतिक्रिया पैदा करने के मामले में बेहद कारगर है।

हर किसी को तत्काल इसका पूरा फायदा नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण कारक, व्यक्तिगत अनुवांशिकी तथा शारीरिक एवं मानसिक परेशानियां शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर सकती हैं, जिससे टीके का असर धीमा पड़ सकता है। अमेरिका के ओहायो ( शेष पेज 9 )

# सुप्रीम कोर्ट की नियुक्त कमेटी से अलग हुए मान



भूपिंदर सिंह मान

● कहा-किसानों के हितों से समझौता नहीं, किसी भी पद का कर सकते हैं त्याग

● फैसले का स्वागत, लेकिन कोई भी समिति मंजूर नहीं: किसान संगठन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपिन्दर सिंह मान ने गुरुवार को कहा कि वह कृषि कानूनों पर किसानों और केंद्र के बीच गतिरोध को सुलझाने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित चार सदस्यीय समिति से खुद को अलग कर रहे हैं। किसान संगठनों और विपक्षी दलों ने समिति के सदस्यों को लेकर आशंका जाहिर करते हुए कहा था कि इसके सदस्य पूर्व में तीनों कानूनों की पैरवी कर चुके हैं।

मान ने कहा कि समिति में उन्हें सदस्य नियुक्त करने के लिए वह शीर्ष अदालत के आभारी हैं लेकिन किसानों के हितों से समझौता नहीं करने के लिए वह उन्हें पेश किसी भी पद का त्याग कर देंगे। उन्होंने एक बयान में कहा कि खुद किसान होने और यूनियन का नेता होने के नाते किसान संगठनों और आम लोगों की भावनाओं और आशंकाओं के कारण मैं किसी भी पद को छोड़ने के लिए तैयार हूं ताकि पंजाब और देश के किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता ( शेष पेज 9 )

## 19 को हो सकती है समिति की पहली प्रत्यक्ष बैठक: घनवट

**नई दिल्ली।** कृषि कानूनों पर उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति अपनी पहली प्रत्यक्ष बैठक 19 जनवरी को यहां पूसा परिसर में कर सकती है। समिति के सदस्य अनिल घनवट ने गुरुवार को यह बात कही और इस बात पर जोर दिया कि अगर समिति को किसानों से बातचीत करने के लिए उनके प्रदर्शन स्थल पर जाना पड़ा तो वह इसे 'प्रतिष्ठा या अहम का मुद्दा' नहीं बनाएगी। समिति के सदस्यों को आज दिन में डिजिटल तरीके से वार्ता करनी थी, लेकिन पूर्व सांसद और किसान नेता भूपिंदर सिंह मान के समिति ( शेष पेज 9 )

## आज होगी किसानों और केंद्र के बीच बातचीत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने गुरुवार को कहा कि प्रदर्शनकारी किसान संगठनों और सरकार के बीच नौवें दौर की वार्ता तय कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को होगी और केंद्र को उम्मीद है कि चर्चा सकारात्मक होगी। तोमर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि सरकार खुले मन से किसान नेताओं के साथ बातचीत करने को तैयार है। उच्चतम न्यायालय द्वारा गतिरोध सुलझाने के लिए चार सदस्यीय कमेटी नियुक्त किए जाने और फिर एक सदस्य के इससे अलग हो जाने के कारण नौवें दौर की वार्ता को लेकर भ्रम ( शेष पेज 9 )

# अब सबके मोबाइल में होगी सूचना विभाग की डायरी: सीएम



गोरखपुर में सूचना विभाग की डिजिटल डायरी और ऐप के लोकार्पण के अवसर पर बोलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को मकर संक्रांति के अवसर पर सूचना विभाग की डिजिटल डायरी और ऐप का लोकार्पण किया जिसके जरिए राज्य के जनप्रतिनिधियों, विभागों और अधिकारियों तक जन-जन की पहुंच और आसान हो सकेगी। इस डायरी में राज्य के जनप्रतिनिधियों, विभागों और अधिकारियों के नाम, पते, पद और मोबाइल नंबर होंगे। इसके अलावा इसमें केंद्रीय मंत्रियों के बारे में भी जानकारी होगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर डाक विभाग द्वारा तैयार खिचड़ी मेले के विशेष आवरण का भी अनावरण किया। एक सरकारी बयान के अनुसार गोरखनाथ मन्दिर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज जमाना तकनीक का है। उन्होंने कहा, तकनीक के प्रयोग से हम हर क्षेत्र में व्यापक सुधार ला ( शेष पेज 9 )


## चीन को सख्त संदेश

### स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने वाले को मिलेगा मुंहतोड़ जवाब: राजनाथ सिंह



**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरु

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के साथ आठ महीने से चल रहे गतिरोध के बीच बृहस्पतिवार को कहा कि भारत युद्ध नहीं चाहता लेकिन यदि कोई महाशक्ति देश के सम्मान को ठेस पहुंचाती है तो देश के सैनिक मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम हैं। सिंह ने कहा, हम युद्ध नहीं चाहते और हम सभी की सुरक्षा के पक्ष में हैं लेकिन मैं स्पष्ट रूप से यह भी कहना चाहता हूं कि यदि कोई महाशक्ति हमारे सम्मान को ठेस पहुंचाना चाहती है तो हमारे ( शेष पेज 9 )




## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 49,584 | ↑ | 91 | |
| निफ्टी | 14,595 | ↑ | 30 | |
| सोना | 48,388 | ↓ | 369 | /10g |
| चांदी | 64,534 | ↓ | 390 | /kg |

## क्विक न्यूज

### गलन भरी ठंड से ठिठुरा प्रदेश दो दिन बाद राहत के आसार

**लखनऊ।** बर्फीली हवा के साथ फिजा में घुली गलन से उत्तर प्रदेश के ज्यादातर इलाके बृहस्पतिवार को जबरदस्त ठिठुरन भरी सर्दी की चपेट में रहे। राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के ज्यादातर इलाके सुबह घने कोहरे की आगोश में रहे और गलन की वजह से चुभन भरी सर्दी महसूस की गई। हालांकि दिन चढ़ने के साथ हल्की धूप निकली, मगर ठिठुरन भरी सर्दी से कोई राहत नही मिली। आंचलिक मौसम केंद्र के निदेशक जे पी गुप्ता ने बताया कि अभी मौसम के ऐसे तल्ख मिजाज एक-दो दिन और बने रह सकते हैं। इस दौरान गलन और ठिठुरन भरी सर्दी बरकरार रहेगी। हालांकि उसके बाद तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होगी। इससे सर्दी से मामूली राहत मिल सकती है।

## मोदी के करीबी पूर्व आईएएस एके शर्मा भाजपा में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के करीबी और गुजरात काडर के आईएएस अफसर एके शर्मा मकर संक्रांति के मौके पर बीजेपी में शामिल हो गए। माना जा रहा है कि भाजपा शर्मा को विधान परिषद में भेजेगी। साथ ही उनको योगी सरकार में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी सौंपी जा सकती है। अरविंद कुमार शर्मा को गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। अरविंद कुमार शर्मा को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराते हुए स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि वह एक कर्मठ, ईमानदार व स्वच्छ छवि के अधिकारी रहे हैं। अरविन्द कुमार शर्मा का भाजपा परिवार में स्वागत हैं। सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की विचारधारा से ( शेष पेज 9 )

## पांच दशक बाद गणतंत्र दिवस परेड में कोई मुख्य अतिथि नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**इस** साल गणतंत्र दिवस परेड में कोई विदेशी राष्ट्राध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में शामिल नहीं होगा। विदेश मंत्रालय ने यह घोषणा करते हुए कहा कि वैश्विक महामारी कोविड-19 की स्थिति को देखते हुए ऐसा निर्णय लिया गया है। पिछले पांच दशकों में पहली बार ऐसा हो रहा है जब कोई भी राष्ट्राध्यक्ष 26 जनवरी की परेड देखने नहीं आ रहे हैं। हालांकि, इससे पहले तीन बार ऐसे मौके आए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि भारत ने इस साल ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने का न्योता भेजा था। बोरिस ने न्योता कबूल भी किया और वह बेसब्री से भारत दौरे का इंतजार भी कर रहे थे। लेकिन, इस बीच ब्रिटेन में कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन का संक्रमण तेजी से फैलने लगा और देश में एक बार फिर सख्त लॉकडाउन की नौबत आ गई। ऐसे में बोरिस ने इस मुश्किल घड़ी में देश नहीं छोड़ने का फैसला किया और उन्होंने परेड में शामिल होने से असमर्थता जताई। इससे पहले 1966 में कोई भी विदेशी मेहमान गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि नहीं था। उस साल 11 जनवरी को प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का निधन हो गया था और गणतंत्र दिवस से ठीक दो दिन पहले 24 जनवरी को इंदिरा गांधी नई प्रधानमंत्री बनी थीं। इससे पहले 1952 व 1953 में भी परेड में कोई विदेशी मुख्य अतिथि नहीं था। भारत का संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था और इस दिन को हर साल गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# ओडीओपी की ब्रांडिंग के लिए नई रणनीति तैयार

## हर घर तक पहुंचे उत्पाद इसके लिए यूपी में चलेगा ओडीओपी उपभोक्ता अभियान



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि 75 वंडर्स ऑफ उप्र की थीम पर एक जिला-एक उत्पाद की ब्रांडिंग होगी। ओडीओपी उत्पाद हर घर तक पहुंचे इसके लिए पूरे प्रदेश में ओडीओपी उपभोक्ता अभियान चलाया जायेगा। साथ ही यूपी सहित देश के प्रसिद्ध स्थलों, एअरपोर्ट, लोक भवन, यूपी सदन एवं बड़े-बड़े पार्कों पर होर्डिंग तथा सरकारी वाहनों पर स्टीकर लगाकर ओडीओपी का बड़े स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

सिद्दार्थ नाथ सिंह ने गुरुवार को ओडीओपी की नई ब्रांडिंग रणनीति पर चर्चा के दौरान कहा कि पावर ऑफब्रांडिंग के तहत प्रदेश के सभी 75 जिलों के ओडीओपी उत्पादों को वाहनों में डिस्प्ले कर अलग-अलग शहरों में प्रदर्शित किया जायेगा। ओडीओपी योजना की सफलता पर आधारित लघु फिल्में निर्मित कराकर मेलों, प्रदर्शनियों, सरकारी समारोह आदि आयोजनों में इनको एलईडी के माध्यम से प्रसारित कराया जायेगा। उन्होंने निर्देश भी दिए कि लखनऊ के प्रमुख चौराहों पर पर कट-आउट लगाकर ओडीओपी का प्रमोशन किया जाय। साथ ही ओडीओपी से जुड़ी यूनीक स्टोरी भी प्रत्येक ओडीओपी उत्पादों के साथ उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जाए इससे ओडीओपी के प्रति लोगों का भावनात्मक जुड़ाव होगा और हस्तशिल्पियों एवं कारीगरों को बड़ा बाजार मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि ओडीओपी उत्पादों के परिवहन के लिए उत्पादों की पैकेजिंग और अधिक बेहतर बनाने पर विशेष बल दिया जा रहा है।

ओडीओपी योजना आने के बाद से ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में रोजगार का सृजन हुआ है। पहले की अपेक्षा कारीगर अपना घरबार छोड़कर बाहर नहीं गए हैं। आगे भी यही प्रक्रिया जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि पारंपरिक कारीगरों का कारोबार बढ़ने से प्रदेश की जीडीपी जहां ग्रोथ कर रही है, वहीं अर्थव्यवस्था पर अनुकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नई रणनीति के तहत ओडीओपी को बढ़ावा देने के लिए कारीगरों को उत्पादों की अहमियत के बारे में जानकारी दी जायेगी। उपभोक्ता और उद्यमी की कड़ी को मजबूत किया जायेगा।

# कोविड टीकाकरण कार्यक्रम कल से, मुख्य सचिव ने की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव आरके तिवारी ने 16 जनवरी से कोविड टीकाकरण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर स्टेट स्टेयरिंग कमेटी फॉर इम्यूनाजेशन की बैठक में कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि भारत सरकार से कोविड-19 के प्रथम चरण के टीकाकरण से सम्बन्धित दिशा-निर्देश प्राप्त हो गये हैं। टीकाकरण का शुभारम्भ 16 जनवरी को किया जायेगा। शुभारम्भ के दिन 317 सत्र उत्तर प्रदेश में संचालित किये जायेंगे जिसमें से जिला महिला अस्पताल वाराणसी तथा एमएलबी मेडिकल कॉलेज, झांसी में टु-वे वेबकास्टिंग की जायेगी तथा अन्य 315 सत्र केवल व्यू ओनली मोड पर रहेंगे। उन्होंने निर्देश दिये कि टीकाकरण शुभारम्भ के दिन प्रदेश के समस्त कोविड अस्पतालों के चिकित्सकों एवं

### ● शुभारम्भ के दिन 317 सत्र उत्तर प्रदेश में किए जाएंगे संचालित

स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण प्राथमिकता के आधार पर करा दिया जाए।

एसीएस चिकित्सा एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अमित मोहन प्रसाद ने बैठक में बताया कि प्रथम चरण में हेल्थ वर्कर्स का कोविड-19 टीकाकरण किया जाना प्रस्तावित है जिसमें प्रदेश के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी स्वास्थ्य इकाईयों में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हैं। साथ ही स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित अन्य विभागों के कर्मियों आशा, आंगनबाड़ी, सुपरवाइजर को भी सम्मिलित किया जाना है। द्वितीय चरण में अन्य विभागों के फ्रन्टलाइन वर्कर्स का कोविड-19 टीकाकरण किया जाना प्रस्तावित है जिसमें मुख्य रूप से राज्य एवं केन्द्रीय पुलिस विभाग, सशस्त्र बल, होमगार्ड, जेल कर्मचारी, आपदा प्रबन्धन एवं नगरपालिकाओं के अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं का कोविड-19 टीकाकरण किया जाना प्रस्तावित है। तृतीय चरण में 50 वर्ष से अधिक आयु के समस्त लोगों तथा 50 वर्ष से कम किन्तु डायबिटीज, सांस रोग, कैन्सर, उच्च रक्त चाप जैसे रोगों से ग्रसित व्यक्तियों का टीकाकरण किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने यह भी बताया कि टीकाकरण अभियान के प्रथम चरण हेतु प्रदेश में लगभग 1500 स्थान टीकाकरण के लिए चिन्हित किये जाने हैं। बड़े शहरों में आवश्यकतानुसार प्राइवेट चिकित्सालयों, जहां 100 से अधिक हेल्थ केयर वर्कर्स हैं उनमें भी टीकाकरण सत्र नियोजित किये जा सकते हैं।

## महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए सात पुलिस उपाधीक्षकों की तैनाती

**लखनऊ।** प्रदेश के महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार गंभीर है। काशी विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी, राम जन्मभूमि, अयोध्या और कृष्ण जन्मभूमि, मथुरा की सुरक्षा मजबूत करने के लिए सरकार ने सात पुलिस उपाधीक्षकों की तैनाती की है। इस निर्णय के अनुसार अनिल राय, प्रदीप सिंह चंदेल और रत्नेश्वर सिंह को वाराणसी जिले से पुलिस उपाधीक्षक सुरक्षा काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी के पद पर तैनात किया गया है। इसी प्रकार कैलाश चंद पांडे, राम प्रकाश आर्या और राम मोहन शर्मा को मथुरा जिले से पुलिस उपाधीक्षक सुरक्षा कृष्ण जन्मभूमि मथुरा के पद पर भेजा गया है। अयोध्या जिले में तैनात जयप्रकाश सिंह को पुलिस उपाधीक्षक राम जन्म भूमि अयोध्या की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया है।

## पीएमजीएसवाई के तहत ग्रामीण मार्गों का होगा कायाकल्प

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के लोक निर्माण विभाग ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या के नेतृत्व में 42 जिलों में 447 सड़कों (3088 किलोमीटर) के कायाकल्प के लिए भारत सरकार से 2124 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत कराने में सफलता प्राप्त की है। लोक निर्माण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तृतीय के बैच-1 के अंतर्गत विभिन्न जनपदों में सड़कों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग ने प्रस्ताव बनाकर उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के माध्यम से भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग को प्रेषित किए थे जिसे कई चरणों के सतत परीक्षण के उपरांत स्वीकृति प्रदान की गई। लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्रामीण मार्गों की बेहतरी की दिशा में इसे एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इससे प्रदेश के दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में आर्थिक गतिविधियों के और अधिक तेज होने की उम्मीद जताई जा रही है। तथा ग्रामीण मार्ग के कायाकल्प होने से गांवों के चतुर्मुखी विकास के नए आयाम स्थापित होंगे और सड़को के मामले मे भी उप्रकी तस्वीर निखरेगी। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सर्वोच्च प्राथमिकता पर निर्माण कार्यों को प्रारंभ करने तथा उच्च गुणवत्ता के साथ समय पर उन्हें पूर्ण करने हेतु मिशन मोड में काम करने के निर्देश दिए हैं। ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 42 जनपदों में लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्गो का कार्य संपादित कराया जाता है तथा शेष जनपदों में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा मार्गों का निर्माण, चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण किया जाता है।

## जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा मायावती का जन्मदिन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीएसपी** सुप्रीमो मायावती का शुक्रवार को 65वां जन्मदिवस पूरे प्रदेश में जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। यह निर्णय कोविड 19 को देखते हुए प्रोटोकॉल के पालन के लिए लिया गया है। इस मौके पर मायावती मेरे संघर्षमय जीवन एवं बीएसपी मूवमेंट का सफरनामा भाग 16 और इसका अंग्रेजी संस्करण, ट्रैवलाग आफ माई स्ट्रगल रिडन लाइफ एंड बीएसपी मूवमेंट वॉल्यूम 16 रिलीज करेंगी।

मायावती ने गुरुवार को ट्वीट किया कि यह विदित है कि कल यानी 15 जनवरी 2021 को मेरा 65वां जन्मदिन है, जिसे पार्टी के लोग कोरोना वायरस महामारी के चलते पूरी सादगी से और कोविड.19 संबंधी नियमों का पालन करते हुए मनाएं। यदि इसे पीड़ितों, गरीबों, असहायों आदि की अपने सामर्थ्य के अनुसार मदद करके जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाए, तो बेहतर होगा। उन्होंने ट्वीट किया, कि मेरे जन्मदिन पर मेरी लिखी पुस्तक मेरे संघर्षमय जीवन एवं बीएसपी मूवमेन्ट का सफरनामा भाग 16 और इसका अंग्रेजी संस्करण जारी होगा, जिसे पढ़कर आत्म सम्मान एवं स्वाभिमानी आंदोलन को आगे बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी। गौरतलब है कि मायावती हर वर्ष अपना जन्मदिन धूमधाम से मनाती हैं। मगर इस बार कोरोना वायरस महामारी के चलते उनका जन्मदिन धूमधाम से नहीं मनाया जाएगा।



गुजरात कॉडर के आईएएस अफसर रहे एके शर्मा गुरुवार को भाजपा में शामिल हुए

## संगठन सृजन अभियान को मजबूती देने के लिए लल्लू तीन दिन पूर्वांचल में डालेंगे डेरा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे न्याय पंचायत स्तरीय संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू अपने तीन दिवसीय दौरे के तहत जनपद चन्दौली, मिर्जापुर, वाराणसी, जौनपुर एवं आजमगढ़ में संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित न्याय पंचायत स्तरीय बैठकों में सम्मिलित होंगे। लल्लू 16 जनवरी को जनपद चन्दौली पहुंचेंगे, जहां न्याय पंचायत पचोखर में संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित न्याय पंचायत स्तरीय बैठक में सम्मिलित होंगे व अपरान्ह जनपद मिर्जापुर पहुंचकर न्याय पंचायत जमालपुर में न्याय पंचायत स्तरीय बैठक में सम्मिलित होंगे। इसी के तहत लल्लू 17 जनवरी को प्रातः वाराणसी के न्याय पंचायत करौना, ब्लाक अराजीलाइन में संगठन सृजन अभियान में शामिल होंगे। 18 जनवरी को प्रातः जौनपुर के ब्लाक करंजाकला के ग्रामसभा गिरधरपुर, अपरान्ह 2 बजे जनपद आजमगढ़ के ब्लाक मिर्जापुर के न्याय पंचायत पेडरा में संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित न्याय पंचायत स्तरीय बैठक में सम्मिलित होंगे।

## 18 को होंगे सामूहिक विवाह

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 18 जनवरी को जनपद लखनऊ के सभी विकास खण्डों, नगर पंचायतों एवं नगर निगम लखनऊ में सामूहिक विवाह का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विभिन्न समुदाय तथा अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति, अल्पसंख्यक वर्ग के इच्छुक आवेदक नगर आयुक्त, नगर निगम के जोनल कार्यलय, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत एवं खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में अपने आवेदन पत्र जमाकर आवेदन पत्र की प्राप्ति रसीद प्राप्त कर लें। समाज कल्याण विभाग के मुताबिक मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की पात्रता की शर्तों में कन्या के अभिभावक जनपद लखनऊ के मूल निवासी हो, कन्या, कन्या के अभिभावक निराश्रित, निर्धन तथा जरूरतमंद हो, आवेदक के परिवार की आय गरीबी रेखा की सीमा के अन्तर्गत अधिकतम दो लाख होना चाहिये या जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया हो, कि लाभार्थी की स्थिति नितान्त दयनीय एवं वंचित हो, आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है तथा वर के लिये 21 वर्ष की आयु पूर्ण हो गयी है। निर्धन परिवारों की कन्या के विवाह, विधवा,परित्यक्ता, तलाकशुदा जिसका कानूनी रूप से तलाक को गया हो, का पुनर्विवाह, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

## बलिया जेल से फरार इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**लखनऊ।** बीती 4 जनवरी को बलिया जेल से फरार हुए 50000 के इनामी अपराधी बेचू राम को बुधवार की देर रात पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया। मुठभेड़ में गोली लगने से बेचू घायल हो गया जबकि उसका एक साथी भाग निकला।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपना नाम Waseem Ahmed Shabbir Ahmed से बदल कर Wasee Ahmad रख लिया है। अब मैं इसी नाम से जाना जाता हूं। Wasee Ahmad S/o Shabbir Ahmad, जिगनी Bindki, Fatehpur.

**सूचना**

मैंने अपना नाम Shabbar Ahmed से बदल कर Shabbir Ahmed रख लिया है। अब मैं इसी नाम से जाना जाता हूं। Shabbir Ahmed S/o Ahmad Ulla, जिगनी Bindki, Fatehpur.

**सूचना**

मैं, न. 14833606F, रैंक SEP नाम सत्यनरायण पुत्र श्री कन्हैया लाल, यूनिट-रिजर्व सप्लाई डिपो लखनऊ यह घोषणा करता हूं कि मेरे आर्मी रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम Sushma त्रुटिवश गलत अंकित हो गया है। उसका सही व वास्तविक नाम Sushma Rathaur है।

**सूचना**

मेरे पुत्र का नाम डान बास्को स्कूल में प्रवेश के समय त्रुटिवश कुशावर्त प्रताप सिंह के स्थान पर कुश प्रताप सिंह व उनकी माता का नाम संध्या सिंह के स्थान पर बबली सिंह अंकित हो गया था। जबकि बेटे का सही नाम कुशावर्त प्रताप सिंह व उनकी माता का नाम संध्या सिंह है। संदीप सिंह पुत्र श्री भगवान बक्श सिंह निवासी मो0 गोटैय्याबाग, शहर लखीमपुर, जिला-खीरी।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Sandeep Kumar था जो अब बदलकर Sandeep Kumar Bhatnagar हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। Sandeep Kumar Bhatnagar S/o Chandra Prakash Bhatnagar, 4/7, LIG Preetam Nagar, Allahabad.

# प्रदेश में बढ़ते अपराधों को लेकर अखिलेश ने कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि लोगों के जानमाल की सुरक्षा उत्तर प्रदेश में भगवान भरोसे है। अपराधियों के खौफ के चलते प्रदेश में डर का माहौल है। प्रशासन तंत्र का मनोबल गिरा हुआ है। मुख्यमंत्री का कानून व्यवस्था पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है, वे सिर्फ सख्त जबानी बयानबाजी और जांच की थोथी घोषणाओं के जरिए भी कुर्सी की प्रतिष्ठा बचाने तक में असफल हैं। फिर भी राजभवन मूक दृष्टा की भूमिका में क्यों है।

अखिलेश ने कहा कि प्रतापगढ़ में हफ्ते भर में तीसरी बड़ी वारदात से व्यापारी दहक उठे हैं। जनपद के मंगरौरा बाजार में दिन दहाड़े गल्ला व्यापारी से 16 लाख रुपए लूट लिए गए। मऊ में दलित युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोण्डा में एक महिला पुलिस कर्मी की इज्जत पर पुलिस कर्मी ने डाका डाल दिया। महिला पुलिस को कमरा दिखाने के बहाने बुलाकर दुष्कर्म किया गया। राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र स्थित गांव में अकेली किशोरी के साथ बलात्कार की घटना घटी। थाने पर पहले पुलिस ने एफआईआर करने में टाल मटोल किया। सचिवालय मेट्रो स्टेशन में एक युवती से छेड़छाड़ की गई। एक न्यूज चैनल की ऐंकर से गाजियाबाद से मेरठ जाते हुए रास्ते में दो युवकों ने छेड़खानी की। रेउसा, सीतापुर के थानगांव थाना क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात स्वीपर ने बदनीयती से एक बालिका को दबोच लिया और दुष्कर्म का प्रयास किया।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के जंगलराज में महिलाएं एवं बच्चियां सर्वाधिक अपमानित हुई है। बेटियों पर अत्याचार नहीं रुक रहा है। ग्रेटर नोएडा में छेड़खानी से परेशान दो बेटियां खुद को बचाने के लिए चलती बस से कूद पड़ीं। प्रधानमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में भाजपा के पूर्व विधायक द्वारा छात्रा से छेड़खानी का वीडियो विचलित करने वाला है। जब प्रदेश भर में कानून व्यवस्था चौपट है तो उसमें सामान्यजन का जीवन हर क्षण संकट में ही रहता है।

## देवरिया के दो मेधावियों को लैपटॉप देकर किया सम्मानित



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को सलेमपुर देवरिया के दो युवाओं को कम्प्यूटर साइंस में उत्कृष्ट प्रतिभा प्रदर्शन के लिए लैपटाप देकर सम्मानित किया। सलेमपुर देवरिया के ग्राम रक्सा निवासी सूर्य प्रकाश यादव ने लुधियाना पंजाब से कम्प्यूटर साइंस में बीटेक किया है। इसी जनपद के दोगारी (रक्सा) निवासी अपर्णा यादव ने रूड़की से कम्प्यूटर साइंस में बीटेक किया है। उनके भाई रमेश यादव ने लैपटाप ग्रहण किया। सपा प्रवक्ता ने कहा कि अखिलेश यादव ने समाजवादी सरकार के कार्यकाल में मेधावी छात्रो को 18 लाख से ज्यादा लैपटाप दिए थे। सरकार न रहने के बावजूद हाईस्कूल, इंटर की परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को भी लैपटाप दिए गए। इसके अतिरिक्त अन्य मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटाप दिए जाने का क्रम अभी भी जारी है।

# मौसम के उतार-चढ़ाव के दौरान गन्ना फसल की सुरक्षा व प्रबन्धन पर जोर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के आयुक्त गन्ना एवं चीनी संजय आरण् भूसरेड्डी ने गन्ना कृषकों के हितों के दृष्टिगत मौसम के उतार चढ़ाव के दौरान गन्ने की फसल की सुरक्षा एवं प्रबंधन के लिए भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान द्वारा दिए गए सुझावों के अनुसार कृषकों के लिए एडवाइजरी जारी की है।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए भूसरेड्डी ने बताया कि प्रदेश के अधिकांश कृषकों द्वारा नकदी फसल होने के कारण गन्ने की खेती विस्तृत क्षेत्रफल में की जाती है। प्रतिवर्ष गन्ने की खेती में वर्षा के कारण जल भराव, बाढ़ अथवा सूखा पड़ने के कारण गन्ने की बुवाई, निराई -गुड़ाई आदि में व्यवधान उत्पन्न होता है। इसलिए गन्ना फसल के प्रबंधन एवं सुरक्षा के उपायों

### ● गन्ना विकास विभाग ने किसानों के लिए जारी की एडवाइजरी

को अपनाकर मौसम के दुष्प्रभाव से बचा जा सकता है। गन्ना आयुक्त ने बताया कि जिन क्षेत्रों में सूखा पड़ने की आशंका हो अथवा वर्षा ऋतु में लंबी अवधि तक वर्षा न हो ऐसे क्षेत्रों में सूखा सहने की क्षमता से युक्त सूखा रोधी किस्मों की बुवाई करनी चाहिए। गन्ने की फसल में गन्ने की पताई अथवा पुआल का बिछावन पंक्तियों के बीच में डालने से भी बार-बार सिंचाई की आवश्यकता नहीं पड़ती। टपक सिंचाई अथवा छिड़काव विधि को अपनाने से पानी की बचत के साथ साथ अधिक उपज भी प्राप्त होती है। यदि सूखे की अवस्था में गन्ने की पत्तियां मुरझाने लगी हों तो जीवन रक्षक सिंचाई करने से पहले पोटाश उर्वरक का पानी में 5 प्रतिशत घोल बनाकर फसल पर छिड़काव करने से सूखे का हानिकारक प्रभाव कम हो जाता है। उन्होंने बताया कि जलभराव की स्थिति में जलप्लावित क्षेत्रों के लिए संस्तुत किस्मों की ही बुवाई करनी चाहिए। जलप्लावन ग्रस्त क्षेत्रों में गने की शरद कालीन बुवाई उत्तम है किन्तु शरद कालीन बुवाई संभव न होने पर बसन्त काल में गन्ने की अगेती बुवाई करनी चाहिए। बुवाई से पूर्व कार्बेण्डाजिम के 0.2 प्रतिशत घोल में 20 मिनट तक डुबोकर गन्ना बीज का उपचार करके गन्ने की बुवाई ट्रेंच विधि से करनी चाहिए तथा उर्वरकों का प्रयोग वर्षा ऋतु से पहले अवश्य कर लें। जलभराव के बाद की खड़ी फसल में पोटाश के 5 प्रतिशत घोल का छिड़काव करने से फसल की वृद्धि होती है।

## महत्वाकांक्षी जनपदों के राजकीय महाविद्यालयों को मिलेंगे टैबलेट

**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा की तर्ज पर महत्वाकांक्षी जनपदों में इंटरनेट की समस्या को देखते हुए उच्च शिक्षा विभाग ने राजकीय महाविद्यालयों को टैबलेट उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। यह टैबलेट प्रीलोडेड होने के चलते ऑफलाइन संचालित हो सकेंगे। प्रदेश के महत्वाकांक्षी जनपद अपेक्षाकृत पिछड़े क्षेत्र है जिनमें छात्र छात्राएं मोबाइल, इण्टरनेट एवं अन्य ई लर्निंग से संबंधित सामग्री से सुसज्जित नहीं है। इसीके दृष्टिगत महात्वाकांक्षी उक्त जनपदों के राजकीय महाविद्यालय में अध्यनरत् छात्र छात्राओं को टैबलेट उपलब्ध कराये जाने की शासन की योजना है, ताकि इन पिछड़े अंचलों के छात्र-छात्रा भी आनलाइन शिक्षण का लाभ प्राप्त कर अपने ज्ञानार्जन में वृद्धि कर सकें। इन 7 जनपदों में फतेहपुर, चित्रकूट, चंदौली, सोनभद्र, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर एवं बलरामपुर के 18 राजकीय महाविद्यालयों के पुस्तकालयों में टैबलेट उपलब्ध कराये जाएंगे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद घाटमपुर, कानपुर नगर**

Website-www.nppghatampur.in
e-mail-nppghatampur.up@gmail.com

पत्रांक-566/ई-टेण्डर/पालिका निधि/2020-21 दिनांक-12.01.2021

**ई-टेण्डर निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद घाटमपुर, कानपुर नगर पालिका निधि/पंचम राज्य वित्त आयोग की धनराशि से निम्नलिखित मार्गप्रकाश व्यवस्था हेतु आपूर्ति एवं अधिष्ठापन कार्य करने के इच्छुक विद्युत विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो/समूहों/अधिकृत डीलरों से निम्नलिखित तालिका के अनुसार ई-निविदा आमंत्रित करती है। निविदा प्रपत्र पालिका के वेब साइट nppghatampur.in एवं etenter.up.nic.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी/नियम एवं शर्ते पालिका कार्यालय मे सम्बन्धित लिपिक एवं ई-टेण्डर पोर्टल से प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र. | ई-निविदा विवरण | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा डाउनलोड करने की तिथि | 15.01.2021 समय 09.00 बजे |
| 2 | ई-निविदा जमा/अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 25.01.2021 समय 12.00 बजे |
| 3 | प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि | 25.01.2021 समय 02.00 बजे |
| 4 | तकनीकी ई-निविदा खोलने की तिथि | 25.01.2021 समय 03.00 बजे |
| 5 | वित्तीय ई-निविदा खोलने की तिथि | तकनीकी निविदा सत्यापन उपरान्त |

**कार्य विवरण**

| क्र. | कार्य का नाम | आंगणन धनराशि (लाख में) | अर्नेस्ट मनी 2% | निविदा मूल्य | कार्य समापन की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कानपुर रोड स्थित मार्गप्रकाश के 34 पोल शिफ्टिंग का कार्य। | 9,53,650.00 | 19,073.00 | 590.00 | 1 माह |
| 2 | हमीरपुर रोड स्थित मार्गप्रकाश के 40 पोल शिफ्टिंग का कार्य। | 7,47,720.00 | 14,955.00 | 590.00 | 1 माह |
| 3 | पालिका सीमान्तर्गत नई कामर्शियल काम्प्लेक्स मे मार्ग प्रकाश व्यवस्था। | 22,26,000.00 | 44,520.00 | 3,540.00 | 1 माह |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
घाटमपुर, कानपुर नगर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
घाटमपुर, कानपुर नगर

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# पहले दिन सूबे के 311 केंद्रों पर लगेगी वैक्सीन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**सूबे** के सभी जनपदों में गुरुवार को कोविशील्ड की खेप पहुंच गई है। पहले दिन कोविड वैक्सिनेशन की प्रक्रिया सूबे के 311 केंद्रों पर सम्पन्न कराई जाएगी। हालांकि वैक्सिनेशन के लिए कुल 852 केंद्र बनाए गए हैं। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि वैक्सीन की लगभग पौने 11 लाख डोज अब तक प्राप्त हो चुकी हैं। उन्होंने बताया वैक्सीनेशन के लिए स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण पूरा हो गया है। प्रदेश में वैक्सीनेशन का सत्र प्रात: 9 बजे से सांय 5 बजे तक चलेगा। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन एवं क्रम के अनुसार कोविड वैक्सीनेशन का कार्य संचालित किया जायेगा। बता दें कि कोविशील्ड की 1055500 डोज को पहले 9 स्टेट स्टोर लखनऊ, आगरा, बरेली, वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या, झांसी, मेरठ, कानपुर भेजा गया था। वहाँ से जनपदों और सीएचसी पर स्थापित सेंटरों को भेजी गई हैं। इसके साथ लखनऊ मंडल में हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, रायबरेली के लिए कोविशील्ड की डोज भेजी गई है। पहली खेप में आई 1.60 लाख वैक्सीन में से लखनऊ के लिए 55000 वैक्सीन रखी गई है।

### वैक्सीनेशन के लिए पीजीआई में बने 18 बूथ

**लखनऊ।** 16 जनवरी को पूरे देश में एक साथ मानक के आधार पर शुरू हो रही कोरोना वैक्सीनेशन को देखते हुए पीजीआई में 18 बूथ बनाये गए हैं। पहले दिन केवल एक बूथ पर वैक्सीनेशन की प्रक्रिया शुरू होगी। 16 जनवरी को पूरे देश में एक साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आधिकारिक रूप से कोरोना वैक्सीन को लॉन्च करेंगे। संजय गांधी पीजीआई में भी इस दिशा में सभी तैयारियां कर ली गई हैं। पीजीआई में वैक्सीनेशन के लिए 18 बूथ पूरी तरह से तैयार हैं। क्योंकि इस दिन वैक्सीनेशन लांच है, इसलिए पहले दिन केवल एक ही बूथ पर वैक्सीनेशन कार्य होगा। जहां संस्थान के 100 स्वास्थ्यकर्मियों (चिकित्सक, स्टाफ नर्स, रोगी सहायक, सफाई कर्मचारी) को कोरोना वैक्सीन की पहली खुराक दी जाएगी। 28 दिनों के अंतराल पर उन्हें इसकी दूसरी खुराक दी जाएगी।

**केजीएमयू में पहले दिन 100 लोगों का होगा वैक्सीनेशन**

पहले दिन 16 जनवरी को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के कलाम सेंटर में 100 पंजीकृत लाभार्थियों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। इसकी सूची विवि की वेबसाइट पर 15 जनवरी को अपलोड कर दी जाएगी। यह जानकारी विवि के प्रवक्ता डॉ सुधीर सिंह ने दी है।

# केजीएमयू में जीन सीक्वेंसिंग की जांच शुरू

### कोरोना के नए स्ट्रेन को पहचानने में मिलेगी मदद पुणे नहीं भेजने होंगे सैंपल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कोरोना** की जंग लड़ रही योगी सरकार ने ब्रिटेन में फैले कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन को काबू में रखने के लिए पुख्ता इंतजाम कर लिये हैं। लखनऊ के केजीएमयू में जीन सीक्वेंसिंग की जांच शुरू कर दी गयी है। इस जांच से वायरस के नए स्ट्रेन की पहचान समय पर हो सकेगी।

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय केजीएमयू के साथ ही बनारस के बीएचयू, लखनऊ के सीडीआरआई और एनबीआरआई में भी जल्द जीन सीक्वेंसिंग की जांच शुरू करने की तैयारी है। यूपी में अभी तक जीन सीक्वेंसिंग जांच के लिए सैंपल को पुणे भेजा जाता था लेकिन अब प्रदेश में जांच शुरू होने से प्रदेश के बाहर स्थित दूसरे संस्थानों में सैंपल नहीं भेजने पड़ेंगे।

विदित हो कि यूपी की पहली कोरोना टेस्ट लैब केजीएमयू में शुरू हुई थी। यहां के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में बनी बीएसएल थ्री लैब ने टेस्टिंग में रिकॉर्ड कायम किया है। जिसमें अब तक 10 लाख 50 हजार टेस्ट किए जा चुके हैं।

माइक्रोबायोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. अमिता जैन ने बताया कि प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार लैब को एडवांस बनाने के लिए पहले से उपलब्ध संसाधनों के जरिए नई जांच को शुरू किया गया। संस्थान की जीन सीक्वेंसर मशीन से कोरोना पॉजिटिव 10 मरीजों की सफलतापूर्वक जांच की गई जिसमें एक में भी कोरोना स्ट्रेन नहीं पाया गया।

उन्होंने बताया कि अभी अस्पताल में मौजूद री-एजेंट अभिकर्मक के जरिए जांच की जा रही हैं। जल्द ही मशीन के लिए जरूरी री-एजेंट अभिकर्मक किट खरीदने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी जिससे तेजी से जांचें हो सकेंगी। उन्होंने बताया कि इस जांच से सिर्फ वायरस के स्ट्रेन की पड़ताल की जाएगी। जल्द ही मशीन के लिए जरूरी री-एजेंट अभिकर्मक किट खरीदने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी जिससे तेजी से जांचें हो सकेंगी। उन्होंने बताया कि इस जांच से सिर्फ वायरस के स्ट्रेन की पड़ताल की जाएगी। इसके लिए लैब में कोरोना पॉजिटिव आए मरीजों के रैंडम सैंपल लिए जाएंगे।

यूपी में नए स्ट्रेन के तेजी से परीक्षण के लिए जल्द ही यूपी में अन्य तीन संस्थानों में जीन सीक्वेंसिंग जांच शुरू की जाएगी। बनारस के बीएचयू, सीडीआरआई और एनबीआरआई में जनवरी के अंत तक री-एजेंट अभिकर्मक की व्यवस्था पूरी कर ली जाएगी जिसके बाद इन संस्थानों में जांच शुरू होने से प्रदेश में जांचें ज्यादा तेजी से हो पाएंगी।

**जीन सीक्वेंसिंग अनिवार्य**

पहले यात्रियों का आरटीपीसीआर टेस्ट किया जा रहा है। कोरोना पॉजिटिव पाए जाने पर उन्हें कोविड अस्पताल में अलग वार्ड में भर्ती किया जाएगा। इसके साथ ही पॉजिटिव मरीज में कौन सा स्ट्रेन मौजूद है इसकी जांच के लिए जीन सीक्वेंसिंग की जांच को अनिवार्य किया गया है।

## राजधानी में 116, सूबे में मिले कोरोना के 506 नए मरीज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** में कोरोना वायरस का संक्रमण बरकरार है। गुरुवार को राजधानी में कोरोना के 116 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 506 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 10080 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 2203 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 8543 मरीजों की और राजधानी में 1147 की मौत हो चुकी है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,33,621 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,58,41,533 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 506 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 10,080 कोरोना के एक्टिव मामले में से 3,796 लोग होम आइसोलेशन में हैं। प्रदेश में अब तक 3,48,335 लोग होम आइसोलेशन में गए हैंए जिसमें से 3,44,539 लोगों की होम आइसोलेशन की अवधि पूर्ण कर ली है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विगत 24 घंटे में 539 लोग तथा अब तक कुल 5,76,519 लोग कोविड से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में ई.संजीवनी के माध्यम से 24 घंटे में 5,788 लोगों ने चिकित्सीय परामर्श लिया है। अब तक 3,91,429 लोगों ने ई.संजीवनी के माध्यम से चिकित्सीय परामर्श ले चुके है।

## गोली से घायल स्कूल संचालक की इलाज के दौरान हुई मौत

**लखनऊ।** पारा इलाके में गत दिनों एक स्कूल संचालक पर हुए जानलेवा हमले में घायल चल रहे वीरेंद्र की मौत हो गई पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है इस मामले में एक आरोपी गिरफ्तार है जबकि तीन अन्य फरार है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। पारा इलाके में बीती 8 जनवरी को स्कूल संचालक वीरेन्द्र यादव पर हुए हमले के बाद गुरुवार को इलाज के दौरान ट्रामा सेन्टर में उनकी मौत हो गयी। उनके जबड़े पर गोली लगी थी। वो मौत और जिन्दगी की जंग लड़ रहे थे। उनका साथी हरजीत यादव व सुनील से प्रापर्टी की खरीद फरोख्त में लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। वारदात के बाद पीड़ित के बेटे दीपक ने कोतवाली में दो नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। बताते चलें कि बीती शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे के आसपास कुल्हड़कट्टा इलाके से होकर वीरेन्द्र यादव इनोवा कार से निकले थे। तभी घात लगाये बैठे हमलावरों ने उन पर तंमचे से फायर झोंका था। हमले में गोली उनके जबड़े में दाहिनी तरफ लगी थी।

### भूतपूर्व सैनिक दिवस मनाया गया

**लखनऊ।** भूतपूर्व सैनिक दिवस 2021 के अवसर पर 14 जनवरी 2021 को सेना चिकित्सा कोर केंद्र और कॉलेज स्टेडियम लखनऊ में मुख्यालय मध्य कमान के तत्वावधान में समारोह का आयोजन किया गया। फील्ड मार्शल केएम करियप्पा, ब्रिटिश ऑफ अम्पायर (ओबीई), भारतीय सशस्त्र बलों के पहले भारतीय कमांडर इन चीफ द्वारा की गई सेवा के सम्मान में प्रत्येक वर्ष भूतपूर्व सैनिक दिवस मनाया जाता है लखनऊ के आसपास रहने वाले पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए आज एक भूतपूर्व सैनिक रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मध्य कमान के सेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल आईएस घुमन ने उपस्थितों को संबोधित किया और भूतपूर्व सैनिकों के सैन्य योगदानों को सलाम किया। लेफ्टिनेंट जनरल आईएस घुमन ने पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया। कोविड.19 प्रतिबंधों के कारण इस वर्ष समारोह को संक्षिप्त रूप में आयोजित किया गया।

### कल रक्षामंत्री व सेनाध्यक्ष रहेंगे शहर में

**लखनऊ।** छावनी में नए सुपरस्पेशियलिटी मध्य कमान अस्पताल का भूमिपूजन 16 जनवरी को होगा। केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह इसकी आधारशिला रखेंगे। उनके साथ सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवाने भी मौजूद रहेंगे। रक्षामंत्री और सेनाध्यक्ष के लखनऊ आगमन को देखते हुए सेना ने छावनी में अलर्ट जारी कर दिया है। रक्षामंत्री उत्तराखंड के कैथिग महोतसव में भी शामिल होंगे। इसके अलावा राजनाथ सिंह बीजेपी द्वारा आयोजित खिचड़ी भोज कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। छावनी में नया मध्य कमान अस्पताल 17 मंजिला का होगा। यह अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। अस्पताल में ओपीडी, लैब, रेडियोलॉजी विभाग के साथ वार्ड भी होंगे। इसका निर्माण चार चरणों में होगा जिसपर लगभग 500 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

## एकेटीयू का 18 वां दीक्षांत समारोह कल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### 90 छात्रों को पीएचडी की उपाधि व कुल 65 मेधावियों को पदक प्रदान किए जाएंगे

**डॉ.** एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का 18 वां दीक्षांत समारोह शनिवार को प्रात: 11 बजे से विवि परिसर स्थित अटल विहारी वाजपेई बहुउद्देशीय सभागार में प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आयोजित किया जायेगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पर्यावरणविद् पद्मश्री एवं पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित अनिल प्रकाश जोशी शामिल होंगे। इस अवसर पर उन्हें डीएससी की मानद उपाधि प्रदान की जाएगी।

समारोह में 90 पीएचडी छात्र छात्राओं को उपाधि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा कुल 65 मेधावियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्रदान किया जाएगा। जबकि इलेक्ट्रोनिक्स एंड कम्युनिकेशन की बीटेककी छात्रा श्रृष्टि सिंह को कुलाधिपति स्वर्ण पदक प्रदान किया जायेगा। साथ ही इलेक्ट्रोनिक्स एंड कम्युनिकेशन की बीटेककी छात्रा ऋतू वर्मा को कमल रानी मेडल प्रदान किया जायेगा। सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज के 2 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। इस दौरान 55181 छात्र-छात्राओं को विभिन्न पाठ्यक्रमों में उपाधि प्रदान की जाएगी। विवि के पूर्व छात्र नीरज सरन श्रीवास्तव को डिस्टेंगविस एल्युमिनाई अवार्ड प्रदान किया जायेगा। बता दें कि नीरज सरन श्रीवास्तव ने विवि के सम्बद्ध संस्थान एकेजीईसी, गाजियाबाद से 2005 से 2009 बैच में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में बीटेक की पढ़ाई कर वर्ष 2009 में विवि से उपाधि प्राप्त की। वर्तमान में नीरज सरन टोरेन्टो, यूएसए में डीटीएल लैब्स के को-फाउंडर एवं सीटीओ हैं। वहीं दीक्षांत समारोह को लेकर विवि परिसर में शुक्रवार को विवि के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में सायं 3 बजे पूर्वाभ्यास किया जायेगा। इस दौरान दीक्षांत समारोह की समय सारणी के अनुरूप विभिन्न क्रियाओं का पूर्वाभ्यास किया जायेगा।

## डीएम बने जिला पंचायत के प्रशासक

**लखनऊ।** 13 जनवरी को जिला पंचायत का कार्यकाल समाप्त होने के बाद शासन ने जिला अधिकारी को प्रकाशक नियुक्त किया। पंचायत कार्यालय में जिलाधिकारी ने कार्यभार ग्रहण किया। जिला पंचायत अध्यक्ष का कार्यकाल 13 जनवरी को समाप्त होने के बाद शासन ने जिलाधिकारी अभिषेक प्रकास को जिला पंचायत का प्रशासक नियुक्त किया है। प्रशासक नियुक्त होने के बाद बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे और कार्यभार ग्रहण किया। अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने 14 जनवरी से जिला अधिकारी को लखनऊ जिला पंचायत का प्रशासक नियुक्त करने का आदेश जारी किया था। इसी के चलते बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी प्रशासक बनने के बाद पहली बार जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे। यहां अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत व स्टाफ ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि नियमानुसार जिला पंचायत के कार्यों का संचालन किया जाए। कहीं भी किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने वर्तमान में निर्माणाधीन कार्य व अन्य कार्य के संबंध में भी जानकारी जुटाई।

### अवैध मिट्टी खनन कराने वाली फर्म के खिलाफ मुकदमा

**लखनऊ।** मिट्टी खनन के कारोबार में जुटे व्यवसायियों ने अवैध कमाई का नायाब तरीका ढूंढ निकाला है। जिसके तहत बाकायदा प्रशासन से खनन की अनुमति प्राप्त करने के बाद खुलेआम धड़ल्ले से निर्धारित क्षमता से अधिक मिट्टी की खुदाई कर लाखों के वारे न्यारे किए जा रहे हैं। काकोरी थाना क्षेत्र के ऐसे ही एक प्रकरण में क्षेत्रीय लेखपाल ने खदान कराने वाली एक फर्म एसएस कंस्ट्रक्शन के खिलाफ धोखाधड़ी, चोरी व अवैध खनन का मुकदमा दर्ज कराया है।कुसमौरा हलवापुर के लेखपाल अनुपम बाजपेई की ओर से काकोरी पुलिस को लिखित तहरीर दी गई कि राजस्व ग्राम कुसमौरा हलुवापुर परगना काकोरी तहसील व जिला लखनऊ में गाटा संख्या 1021 में 0.266 हेक्टेयर, 1026 में 0.113 हेक्टेयर और 988 में 0.223 हेक्टेयर के हिसाब से कुल .602 हेक्टेयर जमीन पर 2008 घन मीटर मिट्टी खनन की अनुमति सक्षम अधिकारी द्वारा 31 दिसंबर से 27 फरवरी 2021 तक के लिए प्रदान की गयी थी। उक्त के सापेक्ष गाटा सं 988 में 6090 घन मीटर मिट्टी का खनन उपरोक्त फर्म द्वारा किया गया है। जो प्राप्त अनुमति से 4082 घन मीटर अधिक है।

### नाबालिग से गैंगरेप करने वाले चार गिरफ्तार

**लखनऊ( पीएनएस )।** राजधानी की महानगर पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म मामले में आरोपी चार युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक 16 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। पीड़िता का आरोप है कि एक युवक ने पहले उसको प्रेम जाल में फंसाया। उसके बाद अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों द्वारा हुए दुष्कर्म से किशोरी गर्भवती हो गई। किशोरी ने देर रात महानगर थाना पहुंचकर शिकायती पत्र देकर केस दर्ज कराया था। पूरा मामला महानगर थाना क्षेत्र का है। जहां पर एक किशोरी अपनी मां के साथ घरों में काम कर पेट पालती है। किशोरी की राजू नामक युवक से मुलाकात हुई। धीरे-धीरे राजू से नजदीकियां बढ़ गई। किशोरी का आरोप है कि वह जब अपने प्रेमी राजू के घर गई हुई थी। इसी दौरान राजू ने चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर उसको पिला दिया और उसके साथ दुष्कर्म करते हुए वीडियो बना लिया। आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर राजू निवासी नेपाल, जीतू कश्यप निवासी महानगर, अजय कुमार निवासी अलीगंज व वरूण तिवारी निवासी महानगर को गिरफ्तार कर लिया।

## धर्म परिवर्तन अध्यादेश की आड़ में उत्पीड़न का आरोप

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

### हाईकोर्ट ने शादीशुदा जोड़े का उत्पीड़न नहीं करने का दिया आदेश

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने धर्म परिवर्तन अध्यादेश की आड़ में एक शादीशुदा जोड़े का उत्पीड़न नहीं करने का आदेश अमेठी पुलिस को दिया है। पीठ ने इसके साथ ही इस मसले पर राज्य सरकार से जवाब भी तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई एक हफ्ते बाद होगी। जस्टिस रितुराज अवस्थी एवं जस्टिस सरोज यादव की पीठ ने यह आदेश चांदनी और उसके पति की याचिका पर दिया है। इनका कहना था कि तीन साल पहले इन्होंने अपनी मर्जी से विवाह किया था। उनके एक बच्चा भी है। वे शांतिपूर्वक अपना जीवन गुजार रहे हैं। लेकिन चांदनी का परिवार उनके रिश्ते के विरुद्ध था। इसलिए उसके पति के विरुद्ध अमेठी के कमरौली थाने में अपहरण की धाराओं में एफआईआर दर्ज करा दी गई। पीठ के समक्ष इनके वकील का कहना था कि उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश, 2020 के लागू होने के बाद से पुलिस उन्हें लगातार परेशान कर रही है। पीठ ने सभी तथ्यों पर गौर करने के बाद अमेठी पुलिस को आदेश दिया कि अगली सुनवाई तक याचिककर्ताओं को कमरौली थाने में दर्ज उक्त एफआईआर के आधार पर परेशान नहीं किया जाए।

### हाईकोर्ट में मल्टी लेवल पार्किंग का उद्घाटन

हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के परिसर में गुरुवार को पांच मंजिला मल्टी लेवल पार्किंग का वर्चुअल उद्घाटन चीफजस्टिस गोविन्द माथुर ने किया। लखनऊ खंडपीठ के सीनियर जस्टिस रितुराज अवस्थी इस अवसर पर मौजूद रहे। चीफ जस्टिस ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मल्टी लेवल पार्किंग को स्थापत्य कला का एक नमूना बताया। इस मल्टी लेवल पार्किंग में दो बेसमेंट, एक ग्राउंड फ्लोर तथा प्रथम व द्वितीय तल हैं। यहां 1100 वाहनों को खड़ा करने की सुविधा है। इसमें दो लिफ्ट हैं। जिसमें एक लिफ्ट वाहनों के लिए है। वादकारियों के लिए भी यह पार्किंग उपलब्ध रहेगी।

### दुकान से उड़ाई लाखों की नगदी

**लखनऊ।** राजधानी के ठाकुर गंज थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरो ने दुकान का ताला तोड़कर लाखों की नगदी एव अन्य सामान पार कर दिया। पुलिस ने चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चौक थाना क्षेत्र के मनीष गुलाटी और सोमिल गुलाटी कि क्षेत्र के हरदोई रोड पर श्री प्रयाग आयल स्टोर के नाम से जनरल स्टोर है। सोमिल गुलाटी के अनुसार वह बुधवार रात में करीब 11 बजे दुकान बंद करके घर गए थे। सुबह उनके पिता मनीष गुलाटी करीब 10 बजे जब दुकान खोलने आये तो दुकान के पीछे के रास्ते के दरवाजे के ताले टूटे हुए थे और दुकान में रखे लाखो रुपये नगद और अन्य सामान गायब था। पीड़ित के अनुसार दुकान में उन्होंने कुछ सामान मंगवाया था। जिसके पेमेंट करने के लिए उन्होंने दो लाख रुपये नगद रखे थे। जो चोरो के द्वारा चुरा लिए गए।

## ई-कोर्ट्स रूल्स अधिसूचित न होने पर हाईकोर्ट ने की सरकार पर तल्ख टिप्पणी

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**ई**-कोर्ट्स सेंट्रलाइज्ड कम्प्यूटर सर्विस रूल्स 2018 को अब तक अधिसूचित नहीं करने हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने तल्ख टिप्पणी की है। कहा है कि राज्य सरकार की निष्क्रियता की वजह से अदालती कामकाज में जोखिम पैदा हो रहा है। पीठ ने रुल्स को तीन माह में अधिसूचित करने का आदेश दिया है। साथ ही यह ताकीद भी किया है कि यदि ऐसा नहीं होता है, तो मुख्य सचिव को हाजिर होकर इसका कारण बताना होगा। मामले की अगली सुनवाई 13 अप्रैल को होगी। जस्टिस चन्द्रधारी सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश अजय सिंह व 26 अन्य की ओर से दाखिल सेवा सम्बंधी याचिका पर दिया है। पीठ के समक्ष इस याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता रमेश कुमार सिंह ने सफाई दी कि रुल्स को कैबिनेट के समक्ष अप्रूवल के लिए रख दिया गया है। वहां से अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात रुल्स को अधिसूचित कर दिया जाएगा। इस पर हाईकोर्ट प्रशासन के वकील गौरव मेहरोत्रा ने बताया कि रुल्स को 2018 में बनाने के पश्चात सरकार को भेज दिया गया था। लेकिन इतना समय बीत जाने के बावजूद अब तक अप्रूवल नहीं मिल सका है। इससे स्पष्ट है कि सरकार जानबूझ कर देरी कर रही है।

पीठ ने दोनों पक्षों की बहस के बाद कहा कि ऑर्डर शीट से स्पष्ट है कि सरकार द्वारा इस मामले में बार-बार समय मांगा जा रहा है। यह सरकार की निष्क्रियता है। पीठ के समक्ष इस सुनवाई के दौरान पूर्व आदेश के अनुपालन में विधि विभाग के विशेष सचिव आरके शुक्ला भी हाजिर थे।

## रीति रिवाजों के साथ उत्तरायणी कौथिग शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ





**पर्वतीय** महापरिषद लखनऊ द्वारा आयोजित 10 दिवसीय उत्तरायणी कौथिग का गुरुवार को शुभारंभ हो गया। 14 से 23 जनवरी तक चलने वाले उत्तरायणी कौथिग के लिए उत्तराखण्ड से भगवान बागनाथ की ज्योति लायी गयी है। प्रात: पुरोहितों द्वारा मंत्रोचारण कर दीप मंच पर स्थापित किया गया और अध्यक्ष महासचिव ने पूजन कराया। उसके प श्चात महानगर रामलीला पार्क से शोभा यात्रा का भव्य आगाज हुआ

कार्यक्रम स्थल पर पहुंच पर शोभा यात्रा का स्वागत प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ मेयर संयुक्ता भाटिया व विषिष्ट अतिथि महंत दिव्या गिरि ने किया । ततपश्चात पुरोहितों द्वारा मंत्रोचारण कर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ भेट कर महापरिषद की उपाध्यक्षा सुमन सिह रावत महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा गंगा भटट महासचिव सुमन मनराल ने प्रतीक चिन्ह एवं महापरिषद के अध्यक्ष गणेश चन्द जोशी व महासचिव महेन्द्र सिह रावत ने स्वागत किया।

सांयकालीन सत्र का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री डा दिनश शर्मा ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि का स्वागत महापरिषद के अध्यक्ष गणेश चन्द जोशी व महासचिव महेन्द्र सिह रावत ने मार्ल्यापण एवं मुख्य संयोजक ने प्रतीक चिन्ह देकर किया। महापरिषद के महासचिव ने उप मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने यह भी आग्रह किया इस स्थल पं. गोविन्द बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन पर्वतीय समाज को पूर्ण रूप से आवंटित कर दिया जाय। कौथग के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

## चार थानों में नई तैनाती के साथ 33 चौकी प्रभारियों के तबादले

**लखनऊ।** पुलिस प्रशासन ने एक बड़ा फैसला करते हुए एक बार फिर बड़े पैमाने पर स्थानांतरण किए हैं। वहीं राजधानी लखनऊ में तैनात दस और इंस्पेक्टरों पर गाज गिरी है। इनमें से प्रभारी निरीक्षक मड़ियांव रहे विपिन कुमार सिंह का गैर जनपद तबादला करते हुए मनोज कुमार सिंह को नई तैनाती दी है जबकि इंदिरा नगर में तैनात रहे रविंद्र नाथ राय का गैर जनपद तबादला करते हुए इंदिरा नगर का अजय प्रकाश त्रिपाठी को प्रभारी बनाया है। वहीं हाल ही में जानकीपुरम का प्रभारी बनाए गए रणजीत सिंह भदोरिया को लाइन में भेजा गया है, उनके स्थान पर बृजेश सिंह को तैनाती दी गई है। इसके साथ ही विकास नगर का अनिल कुमार को प्रभारी बनाया गया है। वहीं लखनऊ कमिश्नरेट में 33 उपनिरीक्षकों के तबादले भी किए गए। सब इंस्पेक्टरों में धर्मा कुशवाहा चौकी प्रभारी अरावली थाना गाजीपुर, विजय शंकर सिंह प्रभारी चौकी भूतनाथ, दिनेश कुमार तकरोही चौकी, जितेंद्र सिंह चौहान एचएल चौकी प्रभारी, राकेश कुमार इस्माइल गंज चौकी इंचार्ज , ज्ञानेंद्र कुमार त्रिपाठी लेखराज चौकी प्रभारी, राहुल तिवारी पॉलिटेक्निक चौकी प्रभारी , राजेश कुमार गौतम खुर्रमनगर चौकी प्रभारी, अशोक कुमार सिंह चौकी प्रभारी अजीज नगर, अखिलेश कुमार चौकी प्रभारी बेहटा , इमरान अहमद खान बीट प्रभारी पुराना महानगर, परवेज अहमद निशातगंज चौकी प्रभारी, रामगोपाल रहीम नगर चौकी प्रभारी, राजकुमार बीट प्रभारी छन्नीलाल, अमरपाल अग्निहोत्री मिनी स्टेडियम बीट प्रभारी , दिवाकर सिंह प्रभारी पावर हाउस चौकी को चौकियों में नवीन तैनाती दी गई है। नरेश चंद्र यादव बीट प्रभारी सब्जी मंडी थाना विकासनगर, दुर्गा प्रसाद यादव पुरनिया चौकी प्रभारी, अभय कुमार सिंह चौकी प्रभारी बाबू गंज , कृष्णपाल सिंह बीट प्रभारी डालीगंज , शिव नारायण सिंह चौकी प्रभारी कपूरथला, सफात उल्लाह खान चौकी प्रभारी चांद गंज , शिवेंद्र कुमार चौकी प्रभारी गल्ला मंडी, धनंजय शुक्ला प्रभारी शिवलोक ,अभिषेक दिक्षित बीट प्रभारी गोयल थाना अलीगंज, अबू तालिब जैदी प्रभारी सेक्टर-ई, सकीना खान थाना अलीगंज, राधेश्याम मौर्या बीट प्रभारी छठा मील, शिव सिंह थाना मड़ियांव, चंद्रकांत यादव बीट प्रभारी फैजुल्लागंज, सुधांशु रंजन प्रभारी प्रथम थाना जानकीपुरम, अवनीश कुमार मिश्रा बीट प्रभारी द्वितीय थाना जानकीपुरम और कृष्ण कांत सिंह बीट प्रभारी चतुर्थ थाना जानकीपुरम इस लिस्ट में शामिल रहे हैं।

# कुपोषित व क्षय रोग से पीड़ित बच्चों की सेवा को आगे आएं

## स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी का राज्यपाल ने किया अवलोकन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को फिरोजाबाद का भ्रमण कर प्रगति इंडस्ट्रीज, इंडस्ट्रीयल स्टेट स्थित कांच की फैक्ट्री का निरीक्षण किया तथा कांच उद्योग से जुड़े उद्यमियों से कारोबार को बेहतर बनाने के लिए विचार विमर्श किया।

इस मौके पर राज्यपाल ने मकर संक्रांति के अवसर पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ को प्रोत्साहित करते हुए सुकन्या समृद्धि योजना के अन्तर्गत 500 रुपये जमा कराकर खुलवाये गये बैंक खाता पासबुक, बालिका के नाम की नेम प्लेट, बेबी केयर किट आदि को बालिकाओं के माताओं को वितरित किया। राज्यपाल ने फिरोजाबाद में स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किये गये



विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा समूहों द्वारा तैयार किये गये विभिन्न सजावटी एवं कलात्मक उत्पादों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महिलाएं बहुत अच्छा कार्य कर रही हैं। आनंदीबेन पटेल ने इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि स्वयं सेवी संस्थाओं, साधन सम्पन्न लोगों को कुपोषित बच्चों तथा क्षय रोग से ग्रसित बच्चों को गोद लेकर उनकी सेवा करनी चाहिए। ये एक बहुत ही पुनीत कार्य है।

कोरोना काल की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कि कोरोना काल में अनेक स्वयं सेवी संस्थाओं ने अपनी स्वेच्छा से बिना किसी भेदभाव के लोगों की मदद की। उन्होंने आह्वान किया कि ऐसी संस्थाएं आगे आएं और कुपोषित एवं टीबी ग्रस्त बच्चों को गोद लें और उनके लिए उचित चिकित्सा, फल एवं पौष्टिक आहार की व्यवस्था भी करें तथा निरोग एवं स्वस्थ बनाने में अपना अमूल्य योगदान दें।

# सिद्धार्थ नाथ सिंह ने भगवान श्री चित्रगुप्त धाम की वेबसाइट का किया शुभारम्भ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह खादी भवन में कायस्थ फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा तैयार कराई गई भगवान श्री चित्रगुप्त धाम लखनऊ की वेबसाइट का शुभारम्भ किया। श्री सिंह ने कहा कि राज्य सरकार हर वर्ग और समुदाय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। ट्रस्ट की जो भी प्रस्ताव है उसपर गम्भीरता से विचार किया जायेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने जिन दो मुद्दो पर अपनी बात रखी वह बिलकुल ही विचारणीय योग्य है। वे इस संबंध स्वयं मुख्यमंत्री आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट का स्वरूप और भव्य किया जाना चाहिए। अधिक से अधिक लोगों को इसके साथ जोड़ने की आवश्यकता है। ट्रस्ट के कम्यूनिकेशन तंत्र स्ट्रांग किया जाय और इसका व्यापक प्रचार प्रसार होना चाहिए। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने श्री सिंह को दो सूत्री ज्ञापन सौपा और देश के दूसरे प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु के रहस्य को उजागर करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ माध्यम से प्रधानमंत्री से अनुरोध करने का आग्रह किया। इसके अलावा पदाधिकारियों ने गुजरात में स्थापित सरदार पटेल की विशाल प्रतिमा की तरह लखनऊ में स्वामी विवेकानंद विशालकाय मूर्ति स्थापित कराये जाने का भी अनुरोध किया।

इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश चन्द्र श्रीवास्तव, महामंत्री मनोज डींगर, कार्यक्रम समन्वय दिलीप श्रीवास्तव सहित पदाधिकारी मौजूद थे।

# छह दिवसीय बीसी ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ



संवाददाता। मोहनलालगंज

**वन** ग्राम पंचायत वन बिजनेस कोरेस्पाण्डेन्ट का छः दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम मोहनलालगंज के बैंक आफ इण्डिया आरसेटी में शुरु किया गया है। सातवें दिन ट्रेनिंग ले रहे बीसी को आनलाइन परीक्षा के जरिए अपनी योग्यता साबित करनी होगी। ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ करते हुए डीसी एनआरएलएम सुखराज बन्धु और डिस्ट्रिक्ट मिशन मैनेजर माइक्रो फाइनेंस अम्ब्रेश सिंह ने आरसेटी डायरेक्टर विनोद कुमार के साथ ट्रेनिंग कर रही बीसी को स्वयं सहायता समूहों की सेविंग और क्रेडिट लिंकेज के लिए प्रेरित किया। मिशन मैनेजर ने बीसी को माइक्रो फाइनेंस एडिजिटल बैंकिंग एमाइक्रो एटीएम और मोबाइल बैंकिंग की बारीकियां बताकर इन्हें अमल में लाने पर जोर दिया। आरसेटी डायरेक्टर विनोद कुमार ने बताया वित्तीय समावेशन में बैंको की भूमिका और बीसी की भूमिका के बारे में ट्रेनिंग दी जाएगी। बीसी किस तरह ग्रामीण अंचल में छोटी-छोटी बचत को प्रोत्साहित कर बैंको की मदद करेंगी इसकी ट्रेनिंग भी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त एसएचजी सेविंग्स एवं क्रेडिट लिंकेज और एसएचजी ग्रेडिंग एरिवाल्विंग फण्ड्स एकम्यूनिटी इन्वेस्टमेंट फण्ड्स, टर्म लोन व कैश क्रेडिट वितरण के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

# केजीएमयू कर्मचारी परिषद आंदोलन के मूड में

## कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने के लिए कुलपति को दिया मांग पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मांगों** के समर्थन में किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के कर्मचारी आंदोलन के मूड में हैं। परिषद की तरफ से इस बाबत विवि प्रशासन को जानकारी दे दी गई है। पदाधिकारियों का कहना है कि गैर शैक्षणिक कर्मचारियों स्थायी व आउटसोर्सिंग की पिछले चार साल से लंबित समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया है। परिषद के अध्यक्ष प्रदीप गंगवार और महामंत्री राजन यादव ने बताया कि केजीएमयू में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को आरएमएल और पीजीआई के समान वेतनमान देने के लिए मुख्यमंत्री ने 18 जून 2018 को समीक्षा बैठक करके आदेश दिया था। जिसके बाद अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग डॉ. रजनीश दुबे ने नौ अगस्त 2018 को तत्कालीन विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग जयंत नार्लिकर की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर शासन को अपनी रिपोर्ट भेजने का आदेश दिया था। इस कमेटी ने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतनमान को एनएचएम के समान देने की रिपोर्ट दी थी। करीब दो साल हो चुके हैं। लेकिन कर्मचारियों को आज तक लाभ नहीं मिल सका है। प्रदीप ने परिषद की ओर से केजीएमयू कुलपति से मांग की है कि कर्मचारियों की मांगों को जल्द निस्तारित किया जाए।

# पीएनबी की सदर शाखा शहीद कैप्टन मनोज पांडेय को समर्पित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पंजाब** नेशनल बैंक द्वारा गुरुवार को आर्म्ड फोर्सेज वेटरन्स डे के अवसर पर देश भर में 6 शाखाओं को रक्षक प्लस शाखा के रूप में री मॉडेल किया गया है। इसी क्रम में बैंक की लखनऊ स्थित सदर शाखा को अमर शहीद कैप्टन मनोज कुमार पांडेय परम वीर चक्र को समर्पित किया गया। रक्षक प्लस शाखा के रूप में री मॉडेल की गई सदर शाखा का उद्घाटन कै. मनोज कुमार पांडेय के पिता गोपीचंद्र पांडेय एवं उनके भाई मनमोहन पांडेय की उपस्थिति में कर्नल सतेन्द्र सिंह नेगी उप महाप्रबंधक पूर्व सैनिक कल्याण निगम द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में बैंक के अंचल प्रमुख लखनऊ स्वरूप कुमार साहा मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक संजय गुप्ता एवं लखनऊ पश्चिम मंडल के मंडल प्रमुख एएच किंडर उपस्थित थे। कार्यक्रम में अमर शहीद कै. मनोज कुमार पांडेय के चित्र पर माल्यार्पण करके उन्हें भावभीनी श्रद्धाँजलि दी गई तथा उनके पिता एवं भाई को सादर सम्मानित किया गया।

## निदेशक स्थानीय निकाय को दिया ज्ञापन



**लखनऊ।** उप्र स्थानीय निकाय केन्द्रीयित राजस्व निरीक्षक सेवा संघ द्वारा निदेशक उप्र स्थानीय निकाय को केन्द्रीयित पालिका सेवा के राजस्व निरीक्षकों की पदोन्नति के लिए शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम दस वर्ष की सेवा अर्हता के स्थान पर न्यूनतम सेवा अर्हता पॉच वर्ष करने व पालिका सेवा के राजस्व निरीक्षकों के वर्तमान वेतन बैण्ड 2800 रूपए के स्थान पर वेतन बैण्ड 4200 रूपए स्वीकृत कराने के समबन्ध में ज्ञापन देते हुए मॉग की गई। केन्द्रीयित राजस्व निरीक्षक सेवा संघ के अध्यक्ष धनीराम तिवारी, महामंत्री धनवीर सिंह व संघ के अन्य पदाधिकारी ओबैदुर्रहमान, हर्षेन्द्र प्रताप सिंह, सौरभ तिवारी, अजय कुमार एवं जय शंकर पाण्डेय द्वारा अपनी मॉगें प्रभावपूर्ण तरीके से रखी गई। निदेशक द्वारा संघ की मॉगों को संस्तुति करते हुए शासन स्तर पर स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजने का पूर्ण अश्वासन दिया गया।

## जेनेवा स्कूल ऑफ डिप्लोमेसी में आयुषी का चयन



**लखनऊ।** सिटी मान्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) की छात्रा आयुषी शुक्ला ने 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप के साथ स्विट्जरलैंण्ड के जेनेवा इन्स्टीट्यूट ऑफडिप्लोमेसी एण्ड इण्टरनेशनल रिलेशन्स में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होकर लखनऊ का नाम गौरवान्वित किया है। सीएमएस की यह मेधावी छात्र अब विश्व के इस प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थान में इण्टरनेशनल रिलेशन्स विषय में तीन वर्षीय स्नातक कोर्स निःशुल्क पूरा कर सकेगी। इस अभूतपूर्व सफलता पर बातचीत करते हुए आयुषी ने कहा कि सीएमएस में स्कूल शिक्षा दौरान ही मुझमे सार्वजनिक रूप से बोलने के रूझान उत्पन्न हुए और इसी दौरान विद्यालय द्वारा आयोजित मुख्य न्यायाधीशों के अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने का अवसर मिला। इस सम्मेलन में मुझे विश्व के कई देशों के मुख्य न्यायाधीशों, न्यायाधीशों, राष्ट्र प्रमुखों से मिलने और बातचीत करने का मौका मिला, जिसके कारण मुझे वैश्विक मामलों और कूटनीति की बेहतर समझ मिली। इसके अलावा, मेरी रूचि को देखते हुए मेरे शिक्षकों ने मुझे इस क्षेत्र को चुनने के लिए प्रेरित किया। मैं स्विटजरलैंण्ड के इस प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में एडमीशन को लेकर स्वयं का रोमांचित महसूस कर रही हूँ। सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने आयुषी की सफलता पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पुरानी पेंशन बहाल न हुई तो एनआरएमयू करेगी आंदोलन

**लखनऊ।** रेल कर्मियों के लिए अगर केन्द्र सरकार ने पुरानी पेंशन न बहाल की तो नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन देशव्यापी आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएगी। इसके पहले यूनियन जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सरकार की हकीकत बताएगी। जिससे रेलकर्मियों को आम लोगों का भी सहयोग मिल सके। एनआरएमयू के मंडल मंत्री आरके पाण्डेय ने गुरुवार को चारबाग स्थित यूनियन के मंडल कार्यालय में कर्मचारियों से कहा कि अगर पुरानी पेंशन बहाल न हुई तो वह आंदोलन के लिए तैयार रहें। इस दौरान वरिष्ठ यूनियन नेता आरआर सिंह, विभूति मिश्र, एसके वैद्य व डीएन अवस्थी सहित कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## दबंगों ने कार चालक को बेल्टों से पीटा, वीडियो वायरल

**लखनऊ।** गाजीपुर इलाके में गुरुवार की भोर सुबह एक कार चालक की कुछ लोगों के द्वारा जमकर पिटाई कर दी गई। दबंगो ने कार सवार को बेल्टों से जमकर पीटा। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया। वायरल हो रहे वीडियो के जरिए उन युवकों की पुलिस तलाश करने में जुटी है। मिली जानकारी के मुताबिक गाजीपुर थाना क्षेत्र इंदिरानगर में एक कार जिसका नम्बर यूपी 32 एचडब्लू 0022 है। वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर में टकरा गई। डिवाइडर में कार टकराने से उस जगह मौजूद कुछ युवकों ने उस कार चालक की बेल्टों से जमकर पिटाई कर दी। इतना ही नहीं उन दबंगो ने कार चालक को बचाने आये हुए युवक की भी बेल्टों से पिटाई कर दी। गाजीपुर इंस्पेक्टर प्रशान्त मिश्रा ने बताया है कि कार के नम्बर की डिटेल निकाली गई है, जो विकासनगर निवासी समद के नाम पर दिखाई दी है। पीड़ित को थाने बुलाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे पूरी घटना की जानकारी लग सके।

## गौहत्या मामले में फरार चल रहा अभियुक्त गिरफ्तार

**लखनऊ।** गोसाईंगंज पुलिस ने गुरुवार को गौ हत्या मामले में फरार चल रहे एक और अभियुक्त को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रजेश कुमार सिंह के मुताबिक डाल खेडा निवासी अख्तर मुंशीगंज से कपेरा मदारपुर जाने वाले मार्ग पर रेलवे क्रासिंग के पास से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने मुताबिक बीते 8 नवम्बर को मोहम्मद पुर गढ़ी गाँव मे हुए गौहत्या मामले में भी शामिल था। इस मामले में अब तक चार लोग गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके है। अभी दो अभियुक्तों पंचसरा निवासी बब्बन व सतरिख बाराबंकी निवासी सोनू उर्फफैज की तलाश जारी है।

## स्वयं सेवकों ने निकाली बाइक रैली

**लखनऊ।** गोसाईंगंज के सरसवां गांव स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल से गुरुवार को मकर संक्रांति के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक के कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम के उदघोष के साथ बाइक से प्रभात फेरी निकली। कार्यक्रम के दौरान स्वयं सेवको ने साई दाता आश्रम होते हुए अंसल, अहमामऊ, कुल्ली खेडा अर्जुनगंज आदि गांव पहुंचे और उसके बाद विद्यालय पर समापन के दौरान खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आरएसएस कार्यकर्ता अशोक सिंह, अखिलेश मिश्रा, राजकुमार रोहित सहित तमाम कार्यकर्ता बाइक रैली में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान अशोक सिंह ने बताया कि बाइक रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को राममंदिर निर्माण के बारे में बताना तथा शाखा का विस्तार करना है।

## मकर संक्रांति पर बांटे गरम कपड़े



**लखनऊ।** मकर संक्रान्ति के अवसर पर गैर सरकारी संस्था संकल्प सेवा का ने लाटूश रोड, लखनऊ में हाथ से रिक्शा चलाने वाले गरीब रिक्शा चालकों को भीषण ठंडे से राहत देने के लिए गरम शाल, कपड़े, रेवड़ियाँ, गजक एवं अन्य सामग्रियां बांटीं। संस्था की सचिव हेमा पाण्डे द्वारा बताया गया कि संस्था के द्वारा समाज के आश्रयहीन वृद्धजनों, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा भाव हेतु प्रति माह एक कार्यक्रम किया जाता है। इस अवसर पर संस्था की ओर से सचिव हेमा पाण्डे, डा आलोक तिवारी, सुधीर कटियार, विजय सनवाल, भगवती सनवाल, अपराजिता शर्मा, सरफ़राज़, चारू उपाध्याय, निकिता एवं प्रीति मौजूद रहे।

## केजीएमयू में 24 घण्टे संचालित होगी कैंटीन

**लखनऊ।** सभी रोगियों और तीमारदारों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में स्थित 1905 कैंटीन की सेवा 24 घंटे चलाये जाने का निर्णय लिया गया है। यह जानकारी विवि के प्रवक्ता डॉ सुधीर सिंह ने दी है।

# सामंजस्य से बेहतर पुलिसिंग और सुरक्षा का दिलाया भरोसा

## सुशांत गोल्फसिटी में पुलिस पब्लिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पुलिस** व पब्लिक में समन्वय स्थापित करने व पुलिस के प्रति आम जनता में भरोसा कायम रखने के उद्देश्य से कमिश्नरेट पुलिस द्वारा थाना सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में अंसल इंजीनियरिंग कालेज में गुरुवार को पब्लिक पुलिस संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में डीसीपी दक्षिणी रवि कुमार व विशिष्ट अतिथि के रुप मे एडीसीपी दक्षिणी सुरेशचंद्र रावत एवं एसीपी मोहनलालगंज प्रवीण मलिक उपस्थित रहे। पुलिस पब्लिक संवाद के दौरान सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में रहने वाले संभ्रांत लोगो से पुलिस अधिकारियों ने अपील की कि वह बिना डरे किसी भी प्रकार की सूचना पुलिस को दे। जरूरत पड़ी तो उनका नाम भी गोपनीय रखा जाएगा। आपके आस पास क्या और कैसे होना चाहिए आपदा या दुर्घटना होने पर मदद कैसे करे आदि विषयों पर चर्चा की गई।

संवाद कार्यक्रम के दौरान नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक सुशांत गोल्फसिटी विजयेंद्र सिंह ने उच्चाधिकारियों को पब्लिक से समय समय पर संवाद करके बेहतर पुलिसिंग व जनमानस को सुरक्षा के साथ कार्यो में जनता का सहयोग करने का भरोसा दिलाया। संवाद के दौरान डीसीपी साउथ रविकुमार ने बैठक बताया कि सुरक्षा गार्डों की संख्या व उनका ड्यूटी चार्ट की एक प्रति अंसल सुरक्षा अधिकारी थाने पर उपलब्ध कराएंगे। आवश्यकतानुसार सुरक्षा गार्डों की संख्या में वृद्धि भी की जाएगी। सभी आरडब्लूए में रह रहे किरायेदारों का सत्यापन किया जाएगा। ओमेक्स अपार्टमेंट का सत्यापन लगभग पूर्ण हो गया है, अंचल अधिकारियों द्वारा टाउनशिप में लगे कैमरों का मैप उनकी सक्रियता की सूची थाने को उपलब्ध कराई जाएगी। पुलिस द्वारा ऑडिट कर अपेक्षित अन्य स्थलों पर भी सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे। एडीसीपी सुरेश चंद्र रावत ने जनता एवं महिलाओं की सुरक्षा के लिए विभिन्न सेवाओं जैसे डायल 112, 1090 पालीगान व महिला पिंक पेट्रोलिंग जैसी सुवधाओ के विषय मे जानकारी दी। सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज प्रवीण मलिक ने यातायात नियमों के तहत हेलमेट सीटबेल्ट लगाने का अनुरोध किया। स्कूल कालेजों में शिकायत पेटिका लगाई जाएगी जिसमे छात्राएं अपनी किसी भी समस्या को डाल सकती हैं। सहायता के लिए वाट्सएप नंबर 7570000100 पर अपनी शिकायत लिख कर भेज सकती हैं।

# ज्वैलरी शॉप में सेंध लगाकर सिक्के और आधा किलो चांदी चोरी

संवाददाता। मोहनलालगंज

**कनकहा** में बुधवार की रात बेखौफ चोरों ने ज्वैलरी शॉप में सेंध काटकर हजारों रुपये की चांदी और सिक्के उड़ा ले गए। चोरों ने तिजोरी का लॉक तोड़ने की भी काफी कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हो सके। यही नहीं चोरो ने बगल की ज्वैलरी शॉप में भी सेंध काटने की कोशिश की लेकिन उनकी यह कोशिश भी नाकाम रही। पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने मौका मुआयना कर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हालांकि चोरों का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है।

मोहनलालगंज की कनकहा बाजार में फत्तेखेड़ा निवासी रवि सोनी की जयमहाकाल सर्राफ के नाम से ज्वैलरी शॉप है। रवि के मुताबिक बुधवार की शाम वह दुकान बन्द कर घर चले गए। गुरुवार की सुबह बगल में विकास ज्वैलर्स नाम से दुकान चला रहे जबरौली निवासी उमाशंकर सोनी के बेटे विकास ने उन्हें फोन कर दुकान में सेंध कटे होने की जानकारी दी। सूचना पाकर रवि भागकर अपनी ज्वैलरी शॉप पर पहुंचे तो पीछे की दीवार में सेंध काटकर तकरीबन आधा किलोग्राम पुरानी चांदी और 11 चांदी के सिक्के गायब मिले। जबकि तिजोरी का लॉक नहीं टूट पाने से उसमें रखे जेवरात चोरी नहीं किए जा सके। यही नहीं चोरों ने रवि की दुकान से बगल की विकास ज्वैलर्स में घुसने के लिए भी दीवार में सेंध काटने की कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी। इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्र ने बताया कनकहा में ज्वैलरी शॉप से कुछ चांदी चोरी हुई है। पीछे सरसों का खेत है आशंका है कि चोर उसी रास्ते आए और वारदात को अंजाम देकर भाग निकले। पीड़ित दुकानदार रवि की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर चोरों की तलाश जारी है।

**चार घण्टे बाद पहुंचे अधिकारी:** ज्वैलरी शॉप में सेंध काटकर चोरी की वारदात को लेकर पीड़ित दुकानदार रवि सोनी ने 112 नंबर पर सूचना दी। तब जाकर गुरुवार की सुबह 12 बजे पहले यूपी 112, फिर मोहनलालगंज पुलिस ने मौके पर पहुंच सकी। हालांकि डॉग स्क्वॉयड बुलाने की जरुरत नहीं समझी गई बल्कि इंस्पेक्टर शाम 4 बजे घटनास्थल पर जायजा लेने पहुंच सके।

# संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रक के अंदर पड़ा मिला चालक का शव

संवाददाता। सरोजनीनगर

**सरोजनीनगर** थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक ट्रक चालक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसी के ट्रक के अंदर पड़ा मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित वन अप मोटर्स वर्कशॉप में गुरुवार सुबह करीब सात बजे एक ट्रक चालक हरियाणा से कार के पुर्जे लेकर पहुंचा। लेकिन वन अप मोटर्स वर्कशॉप के चौकीदार ने उसे सुबह 9.30 बजे के बाद ही गेट खुलने पर अंदर आने की बात कहकर उसे गेट नंबर दो के सामने रुकने को कहा। जिस पर ट्रक चालक ने अपनी गाड़ी वर्कशॉप के गेट नंबर दो के सामने खड़ी कर दी और उसी के केबिन के अंदर लेट गया। बाद में करीब दस बजे जब वर्कशॉप के अन्य कर्मचारी वर्कशॉप खुलने पर ट्रक चालक को गाड़ी अंदर लाने के लिए बुलाने पहुंचे, तो कई बार आवाज लगाने के बाद भी ट्रक चालक ने कोई हरकत नहीं की। उसके शरीर से कोई हरकत ना होते देख वर्कशॉप के कर्मचारियों ने अपने अधिकारियों को बताया। बाद में वर्कशॉप के जनसंपर्क अधिकारी राधेश्याम ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने ट्रक का दरवाजा खोल कर देखा तो उसके अंदर ट्रक चालक मृत अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस ने छानबीन की तो मृतक की जेब से मिले पहचान पत्रों के आधार पर उसकी पहचान आजमगढ़ जिले के वरदहा थानान्तर्गत सोहली निवासी 32 वर्षीय रामऔतार के रूप में हुई। ट्रक चालक की मौत किन कारणों से हुई, इसका अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही उसकी मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 ई–निविदा सूचना संख्या 81/82/ECTC/2020–21 ई–निविदा सूचना संख्या 81/82/ECTC/2020–21 के अन्तर्गत क्रमशः 132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, मौरांवा, उन्नाव पर 2x40 एम0वी0ए0 के स्थान पर 2x40+1x63 एम०वी0ए0 परिवर्तक की स्थापना का कार्य एवं 132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, श्रीमऊ, हरदोई पर मेसर्स एच0एफ0एम0 सोलर प्राइवेट लि0 हेतु 01 अदद् 33 के0वी0 'बे' का निर्माण कार्य की ई– निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे http://etender.up.nic.in पर दिनांक 18.01.2021 को प्रकाशित किया गया है कार्य की अनुमानित लागत कमशः रू. 38.38 लाख एवं रू. 3.38 लाख कार्यावधि कमशः 2 माह एवं 1 माह तथा धरोहर कमशः धनराशि रू. 79,000.00 एवं रू. 7,000.00 है। ऑनलाइन निविदा भरने की अन्तिम तिथि 19.02.2021 (दोपहर 2:00 बजे तक) है। कार्य की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम एवम् शर्ते ई–निविदा पोर्टल पर उपलब्ध है अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से संबंधित सूचना यदि कोई होगी तो केवल वेबसाइट पर डाली जाएगी। अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिये उपरोक्त वेबसाइट को नियमित देखते रहना चाहिये। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, उ0प्र0 एस०एल०डी०सी० परिसर विभूति खण्ड गोमती नगर, लखनऊ पत्रांक 41 दिनांक 14.1.21 राष्ट्र हित में बिजली बचाएं।

# आनलाइन आवेदन ठप, आय-जाति और निवास प्रमाण पत्र अटके

**मोहनलालगंज।** आनलाइन पोर्टल में तकनीकि समस्या से लोगों को आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र के आवेदन करने में बेहद परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं जिन लोगों ने आवेदन कर रखे हैं उनके प्रमाण पत्र जारी नहीं हो पा रहे हैं। लेकिन शिकायत के बावजूद जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। मोहनलालगंज समेत राजधानी की सभी तहसीलों में पिछले एक सप्ताह से लोगों को आय.जाति और निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आनलाइन आवेदन करने में काफी समस्या झेलनी पड़ रही है। जबकि सप्ताह भर पहले तक हो चुके आवेदन भी अटके हुए हैं। बताया जा रहा है कि आनलाइन पोर्टल में तकनीकि समस्या की वजह से प्रमाण पत्रों के नए आवेदन करने और उन्हें जारी कराने में बेहद परेशानी हो रही है। तहसील की एकल खिड़की पर शिकायत करने पर आवेदकों को जिले से समस्या बताकर किनारा किया जा रहा है। वहीं तहसील कर्मचारी जिले के स्टाफ को अवगत कराए जाने का दावा कर रहे हैं। उधर लेखपालों की मानें तो उनके पोर्टल पर नए आवेदन शो नहीं कर रहे और जो पुराने आवेदन शो कर रहे वह फारवर्ड नहीं हो पा रहे हैं। जनसेवा केन्द्र और तहसील में आय जाति और निवास प्रमाण पत्र के लिए नए आवेदन करने और पुराने आवेदनों का निस्तारण लटका होने की समस्या का समाधान नहीं मिल पाने पर जब लोग एडीएम वित्त और राजस्व के सीयूजी नंबर पर कॉल करते हैं तो उनका फोन ही रिसीव नहीं होने शिकायत सामने आ रही है।

# मुंबई के लिए चलेगी अंत्योदय एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुंबई** जाने वाले आम यात्रियों को राहत देने के लिए रेलवे गोरखपुर से लखनऊ होकर बांद्रा के लिए अंत्योदय एक्सप्रेस स्पेशल चलाएगा। इस 24 जनरल बोगियों वाली ट्रेन में 15 रुपये रिजर्वेशन शुल्क लेकर रेलवे यात्रियों को सीटें भी आवंटित करेगा। इतना ही नहीं रेलवे त्रिवेणी एक्सप्रेस को भी चलाएगा। जिससे माघ मेले में प्रयाग और विंध्याचल जाने वाले यात्रियों के लिए भी राहत मिलेगी।

ट्रेन 09033 बांद्रा गोरखपुर अंत्योदय स्पेशल 17 जनवरी से प्रत्येक रविवार को सुबह 5.10 बजे बांद्रा से रवाना होकर अगले दिन सुबह 9.20 बजे लखनऊ होकर सिद्धार्थनगर के रास्ते दोपहर 3.45 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी में 09034 गोरखपुर-बांद्रा अंत्योदय स्पेशल 19 जनवरी से प्रत्येक मंगलवार गोरखपुर से रात 3.25 बजे छूटकर लखनऊ से सुबह 10.15 बजे होते हुए अगले दिन दोपहर 2.25 बजे बांद्रा पहुंचेगी। वहीं 05074 टनकपुर सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस स्पेशल तीन फरवरी से प्रत्येक सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को टनकपुर से सुबह 8.25 बजे चलकर शाम 4.05 बजे लखनऊ होते हुए सुबह 7.55 बजे सिंगरौली पहुंचेगी। वापसी में चार फरवरी से प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार व शनिवार को सिंगरौली से शाम 4.15 बजे चलकर लखनऊ सुबह 8.10 बजे पहुंचकर टनकपुर जाएगी। जबकि 05076 टनकपुर-शक्तिनगर त्रिवेणी एक्सप्रेस स्पेशल दो फरवरी से प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार, शनिवार व रविवार को टनकपुर से सुबह 8.25 बजे चलकर लखनऊ शाम 4.05 बजे होकर सुबह 8.20 बजे शक्तिनगर पहुंचेगी। वापसी में सोमवार, बुधवार, शुक्रवार व रविवार को शक्तिनगर से दोपहर 3. 45 बजे चलकर सुबह 8.10 बजे लखनऊ पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन 05025 मऊ-आनंद विहार स्पेशल 24 जनवरी से प्रत्येक रविवार व मंगलवार को मऊ से सुबह 10.50 बजे चलकर शाम सात बजे लखनऊ होते हुए कानपुर के रास्ते रात तीन बजे आनंद विहार पहुंचेगी।

## डग्गामार बसों के खिलाफ चला अभियान, कटे चालान

**लखनऊ।** लंबे समय के बाद नींद से जागे परिवहन विभाग ने गुरुवार को डग्गामार बसों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान बसों की धरपकड़ करने के साथ ही उनके चालान एवं सीज करने की कार्रवाई की गई। इसमें परिवहन विभाग के साथ ही परिवहन निगम के अधिकारी भी शामिल रहे। राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में बसों में कई डग्गामार बसों के खिलाफकार्रवाई की गई। इस दौरान जहां छह बसों का चालान काटा गया वहीं एक बस को सीज करके बंद करा दिया गया है। एआरएम चारबाग ने बताया की यह अभियान लगातार जारी रहेगा। गुरुवार को जहां आधा दर्जन बसों का चालान किया वहीं एक बस को सीज कर उसे पीजीआई थाने में बंद कराया गया। वहीं दूसरी ओर आज से प्रयागराज के लिए कई अतिरिक्त बसों का संचालन किया गया। यह निर्णय माघ मेले के चलते लिया गया है।

# मकर संक्रांति पर रामलला ने पहने पीले वस्त्र व लगा खिचड़ी का भोग

● श्रीराम जन्म भूमि के मुख्य पुजारी को कल्कि जी महाराज ने वस्त्रों के साथ गणेश मंदिर का मॉडल भी रामलला को सौंपा



संवाददाता। अयोध्या

**मकर** संक्रान्ति पर्व पर श्रीराम जन्म भूमि के मुख्य पुजारी मंहत सत्येन्द्र दास को रामा दल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कल्कि जी महाराज ने रामलला को पीला वस्त्र भेंट किए जो श्री राम लला ने मकर संक्रांति पर धारण किया और रामलला को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तरफ से पहली बार खिचड़ी का भोग लगाया गया जिसमें खिचड़ी घी पापड़ दही अचार भी ठाकुर जी को भोग लगाया गया। पंडित कल्कि राम जी महाराज ने बताया मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास जी महाराज के सत्यधाम मन्दिर पहुंच कर श्रीराम लला को पहनाई जाने वाली पीले रंग की विशिष्ट पोशाक भेंट कर श्रीअयोध्याजी मे प्रस्तावित प्रथम श्रीगणेश मन्दिर का माडल और हरिद्रा गणेश जी के स्वरूप का चित्र भेंट कर गणेशमन्दिर का आशीर्वाद मांगा एवं प्रधानमन्त्री नरेन्द्र दामोदरदास मोदी के स्वस्थ्य दीर्घायुष्य जीवन और राष्ट्रहित में किये जा रहे प्रयासों की सफलता के निमित्त विजय पताका भेंट की। मुख्य पुजारी श्री ने प्रधानमन्त्री मोदीजी के स्वस्थ्य दीर्घायुष्य जीवन एवं विश्व विजेता का आशीर्वाद देते हुए श्रीअयोध्याजी मे बनने वाले प्रथम श्रीगणेश मन्दिर संकल्प को दैवीय प्रेरणा बताते हुए कहा कि अयोध्याजी मे नही था गणेश जी का मन्दिर प्राचीन काल मे था लेकिन आक्रान्ताओं के आक्रमण के बाद से अब तक उसका कोई पता ही नही जबकि श्रीगणेश कुण्ड का अस्तित्व अब न के बराबर है ऐसे मे श्रीगणेश मन्दिर का संकल्प दैवीय प्रेरणा ही है।मकर संक्रान्ति के आरम्भ होते ही लक्ष्मणघाट के सहस्त्रधारा घाट पर श्रीअयोध्याजी का दुग्धाभिषेक करते हुए अयोध्याजी का भूमि पूजन कर धर्म नगरी में श्रीहरिद्रा गणेश मंदिर निर्माण हेतु श्रीगणेश जी के आवाहन का कर्म शुरू किया गया जो 31मार्च तक चलेगा। तत्पश्चात श्रीगणेश मन्दिर निर्माण हेतु भूमि पूजन किया जायेगा।भूमि पूजन में भारत के सभी शक्ति पीठों की मिट्टी के साथ-साथ गणेश जी जन्म स्थान कहे जाने वाले उत्तराखंड स्थित उत्तरकाशी जिले के डोडीताल क्षेत्र की पवित्र मिट्टी भी लायी जायेगी।

### मकर संक्रांति पर हजारों श्रद्धालुओं ने मां सरयू में लगाई डुबकी

**अयोध्या।** 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर भोर से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु अयोध्या के मां सरयू के पावन जल में डुबकी लगाई और हनुमानगढ़ी श्रीरामलला कनक भवन का दर्शन पूजन कर पुण्य अर्जित किए।सुबह से ही मां सरयू के तट पर जय श्री राम के जयकारे के साथ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाना प्रारंभ कर दिया और भगवान सूर्य को अर्घ देकर के सरयू तट पर असहाय गरीबों और पंडित पंडों को दान पुण्य किए। वैश्विक महामारी कोरोना काल में वर्ष 2021 के पहले मेले में अयोध्या में जम के उमड़ी भीड़ और लोगों ने श्रद्धा आस्था के साथ स्नान दान किए।



गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर में अन्य साधु-संतों के साथ पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## असहायों, गरीबों में कंबल वितरण करना ईश्वरीय कार्य : शिव प्रताप

**गोरखपुर।** पूर्व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री, राज्यसभा सांसद, राज्यसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक शिव प्रताप शुक्ला ने कहा है कि असहायों, निर्धनों, गरीबों, निर्बलों में कंबल का वितरण करना एक पुनीत कार्य ही नहीं बल्कि ईश्वरीय कार्य है। उन्होंने कहा कि समाज में रहने वाले ऐसे लोग ईश्वर के प्रतिबिंब होते हैं। इनकी सहायता करना ईश्वर की पूजा करने के समान है। श्री शुक्ला वार्ड नंबर 6 के पार्षद संतराराज शर्मा के नेतृत्व में करीम नगर चौराहे पर बतौर मुख्य अतिथि कंबल का वितरण कर रहे थे। उन्होंने पार्षद के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इन्हीं के आशीर्वाद से आप पार्षद बने हैं और इन्हीं के आशीर्वाद से आप राजनीति में शीर्ष पद पर पहुंचेंगे। पार्षद संतराज शर्मा ने मुख्य अतिथि समेत आगंतुक सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राधेश्याम श्रीवास्तव एवं संचालन महानगर कार्यसमिति सदस्य रमेश चंद्र गुप्त ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं में राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य शिक्षक प्रकोष्ठ देशबंधु शुक्ला, शिवकुमार शर्मा , गिरीश चंद्र वर्मा, दयानंद शर्मा, अच्युतानंद शाही, ओम प्रकाश शर्मा, श्रीमती अमिता गुप्ता, नेहा मणि, मीरा दुबे, नागेंद्र मिश्र, शिव सागर तिवारी, डीएन यादव, अमित सिंह, नीरज जायसवाल, अमृतलाल भारती, उमेश त्रिपाठी, विक्रम सिंह, शिव शंकर सिंह, रोहिणी श्रीवास्तव, इरशाद अहमद, शकील खान, शिवनाथ विश्वकर्मा, अमित शर्मा, जीसी तिवारी, अजयमणि त्रिपाठी, अरविंद मिश्रा, अनुराग मिश्रा, रंजन श्रीवास्तव, अनिल शर्मा ,मुरलीधर पांडेय, रविंद्र कुमार आदि उपस्थित रहें।

# खान मुबारक गैंग के दो शातिर अपराधी गिरफ्तार



पकड़े गये शातिर अपराधी पायनियर

● तमंचा व कारतूस बरामद

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**हंसवर** थाना क्षेत्र के खान मुबारक गैंग पर पुलिस का शिकंजा लगातार कस रहा है। 12 जनवरी को इस गैंग के अपराधियों ने हरसम्हार निवासी मो0 फैसल से रंगदारी मांगी थी तथा हत्या के मुकदमें में गवाही देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। फैसल द्वारा इस सम्बन्ध में हंसवर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी जिसके बाद हंसवर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह अपराधियों की तलाश में जुट गये। 13 जनवरी को हंसवर पुलिस ने छ: नम्बर पुलिया पर वाहनों की चेकिंग के दौरान धमकी देने के दोनों आरोपियों को एक तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष के अनुसार यह दोनों मो0 याहिया निवासी ग्राम अरबापुर तथा मो0 शमीम निवासी ग्राम हरसम्हार थाना हंसवर खान मुबारक के निकट सहयोगी हैं। मो0 याहिया, खान मुबारक के साथ जुरगाम हत्या कांड व शकील हत्याकांड में सह अभियुक्त है तथा मो0 शमीम खान मुबारक के पैसों के हिसाब किताब व रंगदारी मांग कर उसके पास पंहुचाने का कार्य करता था। मो0 याहिया के ऊपर हंसवर थाने में ही कुल 23 मुकदमें दर्ज हैं जबकि मो0 शमीम पर तीन मुकदमें दर्ज हैं।

## जिले में ठंड का सितम जारी

**अम्बेडकरनगर।** जिले में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। सूर्यदेव व बादलों के बीच अठखेलियां भी चल रही हैं। तापमान गिर चुका है तथा लोग अलाव के सहारे इससे निजात पाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि हवा बन्द होने के कारण बुधवार की अपेक्षा गुरूवार का तापमान अधिक पाया गया। दिन में रूक-रूक कर हल्की धूप निकलने से लोगों ने कुछ राहत की सांस भी ली। बीते कुछ दिनों से मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल गया है। सुबह का आगाज जबरदस्त कोहरे के साथ होता है। सुबह लगभग दस बजे तक स्थिति इस कदर बनी रहती है कि लोग घर से बाहर निकलने का साहस नही कर पाते। ठंड का असर दिन भर जारी रहता है। इसके बावजूद नगर पालिका द्वारा अलाव की व्यवस्था न के बराबर की गई है। कड़ाके की ठंड के चलते रेलवे स्टेशन व बस स्टेशन पर आने वाले यात्री कांपते हुए देखे जाते हैं। आने वाले दिनों में मौसम और सर्द होने की संभावना जताई जा रही है।

# जिला पंचायत के प्रशासक बने जिलाधिकारी, कार्यभार संभाला

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



जिला पंचायत में प्रशासक का दायित्व सम्भालते जिलाधिकारी

**जिला पंचायत** अध्यक्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपरांत जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने प्रशासक के रूप में जिला पंचायत का कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने जिला पंचायत के कर्मचारियों, अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही साथ प्रशासक के रूप में जिलाधिकारी ने संबंधित पत्रावलियो का भी अवलोकन किया।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा, अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा व अपर मुख्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि जिला पंचायत का कार्यकाल बुधवार की मध्य रात्रि को समाप्त हो गया जिसके बाद शासन ने जिलाधिकारी को प्रशासक के रूप में नियुक्त कर दिया।

# शातिर टप्पेबाज दीपक गिरफ्तार



गिरफ्तार टप्पेबाज दीपक पायनियर

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**अकबरपुर** पुलिस ने लगभग एक साल से फरार चल रहे अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उल्लेखनीय है कि 15 हजार रूपये के इनामिया शातिर टप्पेबाज की तलाश अकबरपुर पुलिस को लम्बे समय से थी। गुरूवार को खास सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह दोपहर लगभग ढाई बजे दहीरपुर मोड़ पर पुलिया के निकट वाहनों की चेकिंग कर ही रहे थे कि इसी दौरान वहां पंहुचे अलावलपुर निवासी दीपक मिश्रा उर्फ मदारी पुत्र राकेश मिश्रा को दबोच लिया गया। उसके कब्जे से 12 बोर का एक तमंचा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। दीपक के विरूद्ध कोतवाली टाण्डा तथा कोतवाली शहर जनपद अयोध्या में टप्पेबाजी के मुकदमें पंजीकृत हैं जिसमें वह लगभग एक साल से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक संतोष कुमार भी मौजूद रहे।

# एक दर्जन से अधिक गौरैया पक्षियों की मौत

● भारी संख्या में पक्षियों की मौत के बाद क्षेत्र में अफवाहों का बाजार गर्म

● ग्रामीण वर्ड फ्लू की आशंका से भयभीत

संवाददाता। मिल्कीपुर अयोध्या



**जनपद** में पक्षियों के मरने का सिलसिला जारी है।खंडासा थाना क्षेत्र के घटौली गांव में एक दर्जन से अधिक पक्षियों की मौत के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल छा गया है। वर्ल्ड फ्लू की आशंका के मद्देनजर ग्रामीण पूरी तरह से भयभीत हो गए हैं। ग्रामीणों द्वारा वन एवं पशुपालन विभाग सहित एसडीएम मिल्कीपुर को सूचना दिए जाने के बावजूद भी कोई भी कर्मी मौके तक पहुंचने की जहमत नहीं ले सका था। प्राप्त जानकारी के अनुसार खंडासा थाना क्षेत्र के घटौली ग्राम पंचायत अंतर्गत पूरे पाठक निवासी भोला नाथ पाठक के दरवाजे पर ही लगभग एक दर्जन पक्षी गौरैया बृहस्पतिवार की अलसुबह मृत पड़े हुए मिले यह देख भोला नाथ पाठक दंग रह गए और देखते ही देखते समूचे गांव में भारी संख्या में पक्षियों के मरने की जानकारी जंगल में लगी आग की तरह फैल गई सूचना मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और मौके पर तरह.तरह की चर्चाएं शुरू हो गई किसी ने पक्षियों की मौत का कारण भीषण ठंड बताया तो किसी ने वर्ल्ड फ्लू की आशंका व्यक्त की ग्रामीणों ने पक्षियों के भारी संख्या में मरने की जानकारी तहसील प्रशासन सहित वन एवं पशुपालन विभाग के संबंधित अधिकारियों को भी दी किंतु घटना की देर शाम तक किसी भी विभाग का कोई भी अधिकारी अथवा उनके मातहत मौके पर पहुंचने की जहमत नहीं मोल ले सके थे। सूचना दिए जाने के बावजूद भी किसी भी विभाग से किसी भी सक्षम कर्मी के न पहुंचने के बाद ग्रामीणों ने भारी संख्या में मौके पर मृत मिले सभी गौरैया पक्षियों को एकत्र कर आबादी से थोड़ी दूर स्थित बाग में रखवा दिया है। फिलहाल भारी संख्या में पक्षियों की मरने की सूचना समूचे क्षेत्र में फैल चुकी है। जिसके चलते अफवाहों का बाजार भी पूरी तरह से गर्म हो गया है।

## राजनीतिक दलों के नेताओं से एसपी ने किया विचार-विमर्श



राजनीतिक प्रतिनिधियों से बात चीत करते पुलिस अधीक्षक पायनियर

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**पुलिस** अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने गुरूवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में जिले के विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों से विचार विमर्श कर कानून व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया तथा उनसे सुझाव लिये गये। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मासिक विचार-विमर्श किया जाता रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को भी बैठक का आयोजन किया गया था। इस दौरान कुछ जनप्रतिनिधियों द्वारा कुछ समस्याओं को रखा गया जिसके निस्तारण के लिए पुलिस अधीक्षक ने आवश्यक दिशा -निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि आगे भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से वार्ता का क्रम जारी रहेगा। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार मिश्र भी मौजूद रहे।

# नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक के कक्ष में लगा रहता है ताला

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**नवीन** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अशरफपुर बरवा में लगभग 4 महीने से चिकित्सक न होने के कारण चिकित्सक के कमरे मे लगा रहता है ताला जिससे मरीजों को काफी परेशानी का करना पड़ता है सामना आए दिन जब मरीज नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पर्ची काउंटर पर मरीज अपना पर्चा तो बनवा लेता है लेकिन जब अन्य स्टाफ से मरीजों द्वारा जब पूछा जाता है कि डॉक्टर साहब कब आएंगे तो यही जवाब मिलता है कि डॉक्टर साहब काफी दिनों से नहीं आ रहे हैं तो ऐसे में कैसे चलेगा नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जब चिकित्सक कई महीनों से नदारद है और चिकित्सक के कक्ष में लगा है परमानेंट ताला।

जहां सरकार की मंशा है चिकित्सक अपने स्वास्थ्य केंद्र पर समय से पहुंचकर मरीजों को उनकी स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों को इलाज करके मरीज को संतुष्ट करें लेकिन अशरफपुर बरवा नवीन




प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जब डॉक्टर ही कई महीने से नदारद हैं और उनके कक्ष में परमानेंट ताला लगा है तो ऐसे में कैसे मरीज का इलाज संभव है जबकि इसकी सूचना कई बार सीएमओ को दी गई लेकिन फिर भी चिकित्सक के तैनाती अभी तक नहीं हो पाई। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार ने दो हफ्ते पहले व्यक्तिगत तौर पर टेलीफोन से कटेहरी अधीक्षक को निर्देशित किया कि अशरफपुर बरवां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर वहां पर डॉक्टर के तत्काल ड्यूटी लगाने के दिए थे निर्देश लेकिन इसके बाद भी सीएमओ के कहने से कोई नहीं पड़ा असर जब स्वास्थ्य विभाग के विभागाध्यक्ष के निर्देश को उनके लिए कोई मायने नहीं रखता तो डॉक्टर की तैनाती स्वास्थ्य केंद्र पर कैसे संभव है।

## गरीबों व असहायों की सेवा करना पुनीत कार्य: ब्लाक प्रमुख

● उमिया माता सेवा संस्थान में आयोजित हुआ कम्बल वितरण समारोह

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**गरीब ,असहायो** की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। इसलिए हम सभी को मिलकर इनके उत्थान के लिए आगे बढ़कर सहयोग करना चाहिए। उक्त बातें मुख्य अतिथि जलालपुर ब्लाक प्रमुख सहेंद्र प्रताप वर्मा ने श्री उमिया माता सेवा संस्थान फतेहपुर बड़ागांव में आयोजित निशुल्क कंबल वितरण समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। इसमें हम लोगों को बिना हिचक के इन सभी का सहयोग करना चाहिए । संस्थान के अध्यक्ष रामबरन वर्मा ने कहा कि इस संस्थान द्वारा लगभग 10 वर्षों से गरीबों ,असहाय, विधवा और दिव्यांगों के



कंबल प्रदान करते ब्लाक प्रमुख सहेंद्र प्रताप वर्मा पायनियर

लिए कंबल वितरण का कार्य किया जा रहा है जो इस वर्ष भी मकर संक्रांत की मौके पर 700 गरीब असहाय, दिव्यांग, विधवाओं को कंबल वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि यह संस्था इन सब के हित के लिए हमेशा कार्य करती रहेगी । इस मौके पर उपाध्यक्ष दिनेश वर्मा, मंत्री राम लखन वर्मा ,कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार चौधरी ने भी अपने मत प्रकट किएं। इस मौके पर जिया लाल वर्मा, केदारनाथ वर्मा ,अवधेश वर्मा, रामचंद्र वर्मा ,विष्णु चंद वर्मा ,सुभाष वर्मा ,रमेश चंद्र वर्मा, सीताराम पटेल, योगेंद्र वर्मा, राना राम जगत ,अखिलेश, नितिन वर्मा एवं समस्त उमिया सेवा संस्थान के लोग मौजूद रहे।

# बैंकिंग व बीमा की सेवाएं गांव में देंगी बीसी सखी : उपायुक्त

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**एक ग्राम** पंचायत एक बी सी सखी योजना के अंतर्गत जनपद में चयनित 918 बीसी सखियों का प्रशिक्षण आरसीटी में आरंभ हो गया है। उसके पहले बैच का सत्रावसान उपायुक्त स्वत: रोजगार आर बी यादव द्वारा किया गया। उनके द्वारा बताया गया की बीसी सखियां अपनी ग्राम पंचायतों में पंचायत भवनों पर बैठकर ग्रामवासियो को बैंकिंग और बीमा की सेवाएं देंगी देंगी ।उसके बदले में 6 माह तक 4000 प्रति माह का मानदेय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की तरफसे दिया जाएगा ।उन्हें लेनदेन के लिए 50000 के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस खरीदने के लिए बिना ब्याज का ऋण समूह द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा तथा अपना कार्य करने के लिए 25000 ओवरड्राफ्ट की सुविधा दी जाएगी। आज के समापन समारोह में प्रथम




बैच के महिलाओं को आरसेटी डाइरेक्टर अजयवर्मा ,जिला मिशन प्रबंधक अतुल चौधरी, प्रिया सिंह आदि की उपस्थिति मे प्रशिक्षण प्रमाण पत्र तथा ड्रेस प्रदान की गई। उपायुक्त द्वारा पूछने पर प्रशिक्षण प्राप्त श्रमाबाई स्वयं सहायता समूहश् की सुषमा देवी तथा सुश्री स्वागत दुबे ने प्रशिक्षण के संबंध में विस्तार से बताया। मुख्यमंत्री जी की इस पहल से जहां समूह की एक एक महिला को अपने ग्राम पंचायत में स्वरोजगार का अवसर मिलेगा वही ग्राम वासियों को समय और साधन दोनों की बचत होगी और पैसे की छोटी मोटी जरूरते गांव में ही पूरी हो जाएंगी।

# कोरोना से मुक्ति

## टीकाकरण की तैयारी

**कुछ** ही घंटे बाद पूरे भारत में 16 जनवरी से कोविड-रोधी टीका लोगों को मिलने लगेगा। उसके पहले लाभार्थियों में तीन करोड़ स्वास्थ्यकर्मी तथा फ्रंटलाइन वर्कर, अन्य बीमारियों वाले संकटग्रस्त समूह तथा 50 साल से अधिक आयु वाले लगभग 27 करोड़ लोग शामिल हैं। इसके लिए आम चुनाव की तरह युद्धकालीन स्तर पर व्यापक तैयारी की गई है, लेकिन इसमें शांति, सटीकता, क्षमता, टीमवर्क व समन्वय पर खास जोर है। राज्यों ने अपनी योजनायें बना कर उनके विस्तृत लाजिस्टिक विवरण तैयार किए हैं, दो वैक्सीनें ले जाने वाले विमान देश भर में उड़ कर यह महत्वपूर्ण सामग्री अनेक स्थानों पर पहुंचाएंगे। इसके बाद उसे छोटे शहरों व कस्बों तक भेजा जाएगा जहां टीकाकरण की तैयारी हो चुकी है। सभी राज्यों की पुलिस जीवनरक्षक टीका प्राप्त करने, इसका तेजी से परिवहन सुनिश्चित करने तथा इसकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है। पूना में सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया-एसआईआई उत्पादन सुविधा से आक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका की कोवीशील्ड वैक्सीन भेजे जाने के एक दिन बाद हैदराबाद की भारत बायोटेक में तैयार कोवैक्सिन को 11 शहरों को भेजा गया। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद-आईसीएमआर तथा राष्ट्रीय वाइरोलोजी संस्थान के सहयोग से तैयार इस वैक्सीन की 16.5 लाख खूराकें केन्द्र सरकार को दान दी गई हैं। कोरोनावायरस के खिलाफ 'नई महत्वपूर्ण एंटीबाडीज़' की खबरें आने वाले दिन ही चीन में संक्रमण के मामलों में रिकार्ड वृद्धि दर्ज की गई है। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन की जांच करने वाली टीम वहां जाने से एक दिन पहले हुआ है जो चीन से कोरोना वायरस संक्रमण फैलने के मूल स्थान की जांच करना चाहती है।



भारत में कोविड-रोधी टीकाकरण शुरू होने से हम इस महामारी के खिलाफ संघर्ष के निर्णायक चरण में प्रवेश कर रहे हैं जिसने सारी दुनिया को अपंग बना कर अर्थव्यवस्थाओं को संकट में डाल दिया है।

वर्तमान समय में भारत में कोविड-19 संक्रमितों के सक्रिय मामलों की संख्या 2,14,507 है, 1,01,29,111 लोग अब तक इस बीमारी से ठीक हो चुके हैं, जबकि देश में एक दिन में 15,968 नए मामलों तथा 202 मौतों के आंकड़े सामने आए हैं। इस प्रकार भारत सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार भारत में कुल संक्रमितों की संख्या 1,04,95,147 तथा मृतकों की 1,51,529 है। दुंनिया बहुत लंबे समय से वायरस के टीके की प्रतीक्षा कर रही थी। दुनिया की सबसे सस्ती वैक्सीनें भारत में उपलब्ध हुई हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि भारत की वैक्सीनें 'सबसे सस्ती' इसलिए हैं क्योंकि उनको बाजार मूल्य पर नहीं बेचा जा रहा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने स्पष्ट किया है कि किसी व्यक्ति के पास टीकाकरण के लिए वैक्सीनों में से चयन का अधिकार नहीं है क्योंकि यह अनेक वैक्सीनों की उपलब्धता वाले देश में ही संभव है। करनाल, कोलकाता, चेन्नै व मुंबई में सरकार चिकित्सा भंडार विभाग-जीएमएसडी को वैक्सीन वितरण के लिए चार प्रमुख भंडारण केन्द्रों के रूप में प्रयोग किया जा रहा है जहां से 'चरणबद्ध रूप से' वैक्सीन अन्य स्थानों पर भेजी जाएगी। इस अभियान के ऐतिहासिक महत्व को समझते हुए केन्द्र सरकार ने राज्यों को सलाह दी है कि वे टीकाकरण कार्यक्रम में 'पूरी प्रक्रिया पर सर्वोच्च स्तर से निरंतर निगरानी व व्यक्तिगत जुड़ाव' पर जोर दें। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, वैक्सीन तैयार करने वाली विभिन्न दवा कंपनियां तथा वैक्सीनों का वितरण करने वाली विभिन्न राज्य सरकारें टीकाकरण अभियान में अपना सर्वोत्तम योगदान करेंगी। हमें यह उम्मीद भी है कि इस अभियान में कोई अप्रत्याशित दुर्घटना सामने नहीं आएगी तथा सभी अप्रत्याशित समस्याओं से फौरन निपटा जाएगा। हम प्रार्थना करते हैं कि यह अभियान पूरी तरह सफल हो। हम सबको चाहिए कि 'दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान' को सफल बनाएं ताकि करोड़ों भारतीयों के टीकाकरण का लक्ष्य यथासंभव शीघ्रातिशीघ्र पूरा हो सके।

# ओली की अवसरवादिता

**संसद भंग होने के बाद चीन ने नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी में औपचारिक विभाजन रोकने के लिए एक मिशन भेजा। अब ओली कह रहे हैं कि वे 'भारत के असली दोस्त' बनना चाहते हैं।**



**अशोक के मेहता**
(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



नेपाली विदेश मंत्री प्रदीप ग्यावली इस समय भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की छठी बैठक के लिए नई दिल्ली में हैं। इसके लिए निमंत्रण पहले ही दिया गया था। इसके बाद नेपाली प्रधानमंत्री के.पी. ओली ने पार्टी में विद्रोह के चलते पिछले महीने संसद भंग कर चुनाव कराने के आदेश दिए और वे इस समय एक कामचलाऊ सरकार के मुखिया हैं। चीन-समर्थक नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी-एनसीपी के भारत-विरोधी अति-राष्ट्रवादी अभियान से प्रचंड जनादेश पाने के कारण ओली सुर्खियों में आए थे। बाद में वे नई दिल्ली पर अनेक आरोप लगाने लगे जिसमें नेपाली क्षेत्र पर कब्जा तथा उनकी सरकार अस्थिर करने के प्रयास शामिल हैं। राजनय में कोई स्थाई मित्र या स्थाई शत्रु नहीं होता है, बस केवल हित स्थाई होते हैं। ओली ने भारत के प्रति मित्रतापूर्ण दृष्टिकोण अपनाने का फैसला किया जिसका भारत ने उपयुक्त जवाब दिया है। इससे नेपाली अनुमान लगाने लगे हैं कि शायद संसद भंग करने का निर्णय भारत के समझाने पर लिया गया है और चीन का नुकसान भातर का लाभ है। हालांकि समय से पहले भंग संसद में ओली का बहुमत था, पर नेपाल की सर्वोच्च अदालत यह फैसला करेगी कि 'निर्वाचित सरकार' चुनाव कराने के समय बनी रह सकती है या नहीं। अब तक भारत ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा है कि राजनीतिक घटनाक्रम 'नेपाल का आंतरिक मामला है और उसे यह निर्णय लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अंतर्गत लेना है।' भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा ने काठमांडू में सरकार के मंत्रियों से मुलाकात की ताकि न्यूनतम संपर्क बने रहें। इस बीच एनसीपी का बड़ा गुट सड़कों पर ओली द्वारा संसद भंग करने के 'अलोकतांत्रिक' व 'असंवैधानिक' कदम को चुनौती दे रहा है। इसका नेतृत्व माधव नेपाल व प्रचंड कर रहे हैं जो संसदीय दल के नए नेता हैं तथा अन्य विपक्षी पार्टियां उनका साथ दे रही हैं। नेपाल में भारी निवेश कर चुका चीन एनसीपी में एकता स्थापित रखने में विफल रहा है, हालांकि उसने इसके लिए चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल भेजा था।

नेपाल में हिंद-प्रशांत रणनीति-आईपीएस व इससे जुड़े मिलीनियम चैलेंज कोआपरेशन के कारण चीन-अमेरिका प्रतिद्वंद्विता तेज हो रही है। इन दोनों को प्रचंड-नेपाल समूह चीन के मुकाबले उसके बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव-बीआरआई में बाधा डालने के रूप में देखता है। भारतीय सीमा पर लंबे समय से व्याप्त गतिरोध तथा चीन के साथ टकराव ने उसे अमेरिका का स्वाभाविक साझीदार बना दिया है। लेकिन नेपाल के संदर्भ में मामला अलग है जहां द्विपक्षीय सहयोग त्रिपक्षीय हो सकता है। अमेरिका ने सामान्य रूप से भारत को नेपाल में नेतृत्व करने दिया है। 2015 में नेपाली संविधान को लेकर मची उठापटक तथा 2019 में कालापानी विवाद के बाद भारत ने नेपाल से थोड़ी दूरी बनाए रखी। ऐसा खासकर 2017 में एनसीपी की असाधारण चुनावी विजय के बाद हुआ। इसने एनसीपी को पांच साल का पूरा कार्यकाल दिया जिसके दौरान चीन ने अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत की। लेकिन एनसीपी में लंबे समय से सत्ता साझे का विवाद जारी था जिसके पीछे उसके नेताओं का अहंकार व महत्वाकांक्षा थी। इसने नई दिल्ली को राजनीतिक परिदृश्य बदलने का अवसर दिया। भारत के खिलाफ माहौल बदलने का प्रयास करने वाले चीन को ऐसा करने से रोकने में कुछ भी अनैतिक या गलत नहीं है, बशर्ते कि यह काम कुशलता से हो। पहली बार नेपाल के आंतरिक संकट में चीन को 'बहुत बड़े हस्तक्षेपकारी' की तरह देखा जा रहा है, जबकि पहले आमतौर से भारत को दोषी ठहराया जाता था। अच्छी बात है कि नेपाल में इस समय कोई खास भारत-विरोधी भावनायें नहीं हैं।

उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने तक ओली सरकार अभी कुछ समय सत्ता में रहेगी। नई दिल्ली ने ओली के साथ उचित समय पर सुलह का प्रयास किया है जो अमेरिका-समर्थक, आईपीएस-समर्थक, एमसीसी-समर्थक तथा एक समय भारत के प्रिय रहे हैं। रविवार को संसद में दिए उनके इस बयान पर विश्वास किया जाना चाहिए कि 'मैं भारत का असली मित्र बनना चाहता हूं।' सरकारों के बीच रूटीन कामकाज व संवाद जारी रहना चाहिए। 2004 में राजा ज्ञानेन्द्र के शाही विद्रोह के बाद भारत ने नेपाली सेना को सभी महत्वपूर्ण सैनिक सहायता बंद कर वहां लोकतंत्र कुचलने की निन्दा की थी। इसका लाभ माओवादियों ने उठाया, लेकिन जल्द ही भारत ने असली स्थिति समझ कर द्विपक्षीय संबंध बहाल किए। भारत ने सरकारी विभागों के बीच संवाद की गति और क्षमता बढ़ाई है। एक भारतीय अधिकारी की टिप्पणी है कि 'इतनी तेजी से इतना अधिक पहले कभी नहीं प्राप्त हुआ।'

नेपाली सर्वोच्च न्यायालय यह निर्णय करेगा कि इस मामले की सुनवाई संविधान पीठ करे या इस पर पूर्ण पीठ निर्णय करे। प्रधान न्यायाधीश चोलेन्द्र राना द्वारा पीठ की अध्यक्षता के बारे में विधिक व नैतिक सवाल है। चाहे संसद बहाल हो जाए या नए चुनाव हों, एनसीपी का असर और शक्ति पहले जैसी नहीं रहेगी। हमें दो एनसीपी या एक एनसीपी के पूर्व अवतार-सीपीएन यूएमएल और सीपीएन माओइस्ट सेंटर देखने को मिल सकते हैं। उल्लेखनीय है कि यह विभाजन माओवादियों के बजाय सीपीएन यूएमएल में अधिक होगा। एनसीपी अब तक इसलिए नहीं बंटी थी कि ओली या प्रचंड इसे तोड़ने के आरोप से बचना चाहते थे। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि प्रचंड-नेपाल गुट बड़ा है तथा वह मूल गुट है। उसे पार्टी का स्वामित्व तथा चुनाव निशान दिया जाना चाहिए, पर उसने विभाजन को स्वीकार नहीं किया है क्योंकि वे दो पार्टियों के रूप में पंजीकृत नहीं हैं। मामला न्यायपालिका के विचाराधीन होने के बावजूद ओली ने सार्वजनिक रूप से दावा किया है कि संसद को बहाल नहीं किया जाएगा, भले ही चार पूर्व प्रधान न्यायाधीशों ने इसके विलय को असंवैधानिक माना हो।

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी तथा उसकी बहुमुखी प्रतिभा वाली राजदूत हाऊ यानकी हर हाल में औपचारिक विभाजन रोकना चाहती हैं। हालांकि, दोनों गुटों ने पार्टी एकता के लिए चीनी प्रयासों को खारिज नहीं किया है और बीजिंग का पैसा इसमें महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। इसके बावजूद जहां दोनों गुटों का झुकाव चीन की ओर है, एनसीपी के दो अलग समूह भारत के लिए मित्रतापूर्ण हो सकते हैं। 2015 व खासकर 2017 के बाद कम्युनिस्ट समूहों का चीन की ओर झुकाव बढ़ा। गृहयुद्ध के दौरान चीनियों ने माओवादियों का मजाक उड़ाते हुए कहा था कि उन्होंने 'माओ का नाम बदनाम' किया है और वे 'दुष्ट राज्य-विरोधी विद्रोही' हैं। ऐसा उनके सत्ता में पहुंचने तक रहा और उसके बाद चीन ने सुविधाजनक तरीके से वैचारिक निकटता की बात शुरू कर दी। 2008 में प्रचंड ने प्रधानमंत्री पद छोड़ने के लिए मजबूर किए जाने के बाद स्वीकार किया था कि पहले वे सोचते थे कि भारत को संतुलित करने के लिए चीन जरूरी है, लेकिन बाद में समझ आया कि नेपाल के लिए भारत ज्यादा महत्वपूर्ण है। पूर्व प्रधानमंत्री माधव नेपाल को मजाक में माधव इंडिया कहा जाता था। आमतौर से काठमांडू में चलने वाले सत्ता के खेलों में भारत का आर्शीवाद प्राप्त किया जाता है। हालांकि, बीजिंग इस क्षेत्र में बाद में आया, पर वह भारत को हाशिए पर धकेल कर वर्चस्व स्थापित करने में सफल हुआ।

नए चुनाव लोकतांत्रिक शक्तियों के लिए सर्वोत्तम स्थिति होगी। खासकर माओवादियों के सफाए के बाद नेपाली कांग्रेस 2013 की तरह अकेली सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभर सकती है। नई दिल्ली को सभी पार्टियों व सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से नेपाली जनता के साथ मजबूत संबंध स्थापित करने चाहिए। भारत में नेपाल पर लंबे समय से नजर रखने वाले लोगों ने सरकार को अवसरवादी ओली और उनकी कामचलाऊ सरकार के साथ संबंधों के खिलाफ चेतावनी दी है। उन्होंने भारत-नेपाल समझौतों व राजनीतिक संबंधों को संकट में डाला है। दूसरे शब्दों में इन पर्यवेक्षकों के अनुसार भारत को खामोश तमाशबीन बने रहना चाहिए। चीन भी भारत की यही भूमिका चाहता है।

# हरित ऊर्जा क्षेत्र का महत्व

"हमारा स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध देश के संघर्ष में अग्रणी रहा है, लेकिन वर्तमान में यह तरलता संबंधी बाधाओं का सामना कर रहा है।"

**ध्रुब पुरुकायस्थ**
(लेखक यूसीसेफ के निदेशक हैं)



भारत का ऊर्जा क्षेत्र दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में से एक है और काफी मात्रा में निवेश आकर्षित कर रहा है। हालांकि, देश के जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सेक्टोरल स्तर पर आनुपातिक एवं रूपांतरणकारी निवेशों की आवश्यकता होती है। प्रविष्टि की वर्तमान दर एवं अर्थव्यवस्था की कुल सेहत को देखते हुए जो कोविड-19 महामारी के चलते पतनशील हो गई थी, स्वच्छ ऊर्जा में निवेशों को बढ़ावा देने के लिए संक्रमण के वित्तीयन हेतु नए एवं वैकल्पिक रास्ते खोजना तथा निजी उद्योगों की सहभागिता को प्रोत्साहन देना अनिवार्य हो जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हरित ऊर्जा के क्षेत्र में टिकाऊ असर डालने के लिए भारी मात्रा में धन की आवश्यकता है। हमारा स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध देश के संघर्ष में अग्रणी रहा है, लेकिन वर्तमान में यह वर्तमान कोविड संक्रमण के चलते तरलता संबंधी बाधाओं तथा आपूर्ति अवरोधों का सामना कर रहा है। देश की बढ़ती आवश्यकताओं को संबोधित करने साथ ही साथ पर्यावरण को बचाने के लिए कदम उठाने हेतु उच्च प्रभाव वाले क्षेत्रों की ओर अंतरराष्ट्रीय तथा घरेलू पूंजी प्रवाह की आवश्यकता है। क्लाइमेट पॉलिसी इनीशिएटिव द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट हमें स्रोत से लेकर उपयोग करने वालों तक वित्त के मानचित्रण द्वारा भारत में हरित वित्त रुझानों के बारे में अद्वितीय जानकारियां मिलती हैं, इस प्रकार हमें यह जानने में मदद मिलती हे कि हम देश के आर्थिक एवं पर्यावरण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सही रास्ते पर चल रहे हैं या नहीं। ऐसी कवायद हमें जलवायु खर्च जुटाने, नए संसाधनों की व्यवस्था करने, घरेलू लोक वित्त के प्रशासन में पारदर्शिता व जवाबदेही लोकर निवेशकों के साथ भरोसा कायम करने में मददगार हो सकती है। अध्ययन यह परिलक्षित करता है कि हरित क्षेत्र हमारे संपूर्ण सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि से आगे जा रहा है। उदाहरण के लिए, भारत में हरित क्षेत्र निवेश 2016 और 2018 के बीच 24 प्रतिशत से बढ़ा, जबकि जीडीपी उसी अवधि में मात्र 7.4 प्रतिशत से बढ़ा था।

देश में हरित वित्त के प्रमुख ग्रहणकर्ताओं में से एक है विद्युत उत्पादन उद्योग (70 प्रतिशत), उसके बाद ऊर्जा दक्षता (20 प्रतिशत) और टिकाऊ परिवहन (10 प्रतिशत)। सहायता अनुदान और बजटीय आवंटन इस क्षेत्र का वित्तीयन करने हेतु सरकार द्वारा आमतौर से प्रयुक्त औजार है, जबकि वाणिज्यिक बैंकों द्वारा दिए जाने वाले कर्ज हरित ऊर्जा में संलिप्त निजी उद्योगों के लिए वित्त के प्रमुख स्रोत हैं। कुल में से, स्वच्छ ऊर्जा वित्तीयन का 85 प्रतिशत घरेलू स्तर पर पैदा किया जाता है, साथ में सरकारी वित्तपोषण के स्रोत एक मजबूत निजी क्षेत्र निवेश की रीढ़ होते हैं। भारत में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 2018 में 1 बिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर गया था। जबकि विदेशी अधोलेखन की भूमिका है, यह भारत सरकार, उसके अभिकरणों एवं घरेलू निजी बाजार के योगदानों के आगे बौना हो जाता है। देश में इसकी मूल्य श्रृंखला पर हरित वित्तपोषण को परिभाषित करने एवं पता लगाने की पद्धतिशास्त्रीय बाधाओं के सामने, यह ग्रैन्यूलर आंकड़ों एवं अपोर्शन पब्लिक निजी, घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय निवेशों की खरीद के लिए यह बड़ी चुनौती है। आगे, हरित क्या होता है इस पर आम सहमति के अभाव में खासकर ऊर्जा दक्षता एवं बिजली पारेषण जैसे क्षेत्रों में यह समस्या होती है।

इसके अलावा, हम देश के महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा एवं जलवायु संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक पूंजी के अभाव से ग्रसित हैं। भारत के राष्ट्रीय रूप से निर्धारित योगदान का आंकलन है कि देश को 2015-2030 के बीच 2.5 ट्रिलियन डॉलर की आवश्यकता होगी, जलवायु कार्रवाई कार्यक्रमों के वित्तपोषण हेतु वार्षिक आवश्यकता लगभग 170 बिलियन डॉलर प्रति वर्ष है। देश का स्वच्छ ऊर्जा वित्त प्रवाह वर्तमान समय में लगभग 19 बिलियन डॉलर प्रतिवर्ष है। नि:संदेह, एक टिकाऊ एवं रूपांतरणकारी प्रभाव पैदा करने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना है।

अत:, क्या किया जा सकता है? सर्वप्रथम, 2024 तक 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था प्राप्त करने तथा आत्मनिर्भर भारत की आकांक्षाएं हरित समाधानों पर आधारित होनी चाहिए। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में कई लाभ होते हैं जैसे कि सुरक्षित एवं बाधाओं से रहित नौकरियां मुहैया होना, आर्थिक वृद्धि को गति प्राप्त होना आदि। इसलिए हमें टिकाऊ वृद्धि के लिए नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की ओर बढ़ना होगा। यह पता लगाने के लिए भारतीय नीति नियंता कई अध्ययनों पर दृष्टि डाल सकते हैं कि वे प्राथमिकता वाले सामाजिक क्षेत्रों में निजी पूंजी को निकालने के लिए श्रेष्ठ उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हरित वित्तीयन का पता लगाने के लिए एक एकीकृत घरेलू मापन, रिपोर्टिंग एवं पुष्टीकरण प्रणाली का सृजन करना प्रतिबद्ध कार्रवाइयों के लिए प्रवेशि बिंदु की पहचान की ओर पहला कदम हो सकता है। जलवायु बजट संलग्नीकरण एवं एमआरवी का संयोजन देश की जलवायु निवेश रणनीति के लिए आने वाले दशकों में एक मजबूत आधारशिला बन सकता है। अंत में, प्रतिबद्ध सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों द्वारा जलवायु प्रभाव कम करने के लिए की जाने वाली गतिविधियां 2017 से 2018 में दोगुनी हो गई थी। लोक उपक्रम केंद्र तथा राज्य सरकारों, बांड बाजारों एवं अंतरराष्ट्रीय विकास अभिकरणों के लिए धन का भुगतान करने हेतु महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

वे स्वयं विविध सार्वजनिक योजनाओं एवं पहलकदमियों के माध्यम से हरित वित्त के अहम स्रोत के तौर पर काम करते हैं। भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण एवं भारतीय सौर ऊर्जा निगम जैसे अभिकरणों ने भारत को नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के अग्रणी बनने में मदद की है। इन बुरे दिनों में भी, हम भरोसा रखें कि देश का भविष्य उज्जवल है। इसे सच साबित करने के लिए, भविष्य भी हरा-भरा होना चाहिए।

## आप की बात

### टीकाकरण से जागा उत्साह

**लगातार** घट बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के बीच आखिरकार टीकाकरण की शुरुआत की तारीख की घोषणा ने चिंतित और भय ग्रस्त लोगों में उत्साह का संचार किया है। आरंभिक दौर में स्वास्थ्य कर्मियों और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को टीकाकरण की बात जायज है जो विगत 10 माह से संक्रमण के बीच अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रधानमंत्री की दो टूक भी उचित रही। स्वदेशी वैक्सीन नें दुनिया में भारत का मान बढ़ाया है। वैज्ञानिकों और अनुसंधानकर्ताओं की लंबी कोशिशें आखिरकार उत्साह की खबर ले ही आई जिसके लंबे इंतजार में लोग भयभीत होकर काम कर रहे थे। 16 जनवरी से देश में टीकाकरण का प्रथम चरण आरंभ होगा जिससे स्वास्थ्य कर्मियों के साथ ही उन सेवकों को प्राथमिकता दी जाएगी जो पिछले 10 माह से अपनी जान जोखिम में डालकर संक्रमितों की सेवा में लगे थे। 3 करोड़ लोगों का लक्ष्य लेकर शुरू होने वाला टीकाकरण नि:संदेह दुनिया के लिए किसी आश्चर्य से कम नहीं है क्योंकि भयानक संक्रमण के दौर से गुजरे देश को इतनी जल्दी और वह भी स्वदेशी वैक्सीन मिल जाएगी यह किसी ने सोचा तक नहीं था। हमारे शोधकर्ता आखिरकार उस मुकाम पर पहुंच गए जिसका इंतजार था।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### शराब पर प्रतिबंध आवश्यक

**मुरैना** में ज़हरीली शराब के सेवन से मृतक आंकड़ा 21 तक जा पहुंचा। और घटना की गम्भीरता को देखते हुए माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। और कार्यवाही को गतिशीलता प्रदान की। जहरीली शराब की इस तरह की घटनाएं पूर्व वर्षों में भी समाचार पत्रों में स्थान कायम करती रही। समझ से परे लगता है एक और हम आत्मनिर्भर भारत बनाना चाहते है। नशामुक्ति अभियान चलाकर नशामुक्त करने की रैलियां, गोष्ठियों का आयोजन करते है। परन्तु समस्या अनवरत बनी है। शराब के कारण हजारो जीवन लीला हर साल समापन हो जाती है। कहि परिवार इस शराब के नशीली पृवत्ति से परेशान है। लोगो का सामाजिक जीवन और आर्थिक परिस्थितियों पर घातक प्रभाव नशा पृवत्ति की ही देन है। शराब से परेशान गावों में भी विरोध , ज्ञापन जारी है। समाज मे सामाजिक जीवन स्तर को अगर ऊपर उठना है । लोगो की आर्थिक नीतियों को मजबूत बनाना है।तो शराब बंदी बिल्कुल जरूरी है। शराब के कु प्रभाव से लोगो के लीवर , फेफड़े ,किडनी , और् अन्य घातक जानलेवा बीमारियों को तो मौका मिलता ही है। साथ ही परिवार के अन्य सदस्यों का सकुन जीवन भी बेकार हो जाता है।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र


### ...ताकि सबको मिले वैक्सीन

**हाल** ही में भारत सरकार द्वारा दो भारत में निर्मित कोरोना वैक्सीन को सीमित उपयोग के लिए मंजूरी दे दी है। इन दो टीकों के नाम कोविशील्ड और कोवक्सीन है। अब हमारे सामने सवाल यह खड़ा होता है कि इतने बड़े देश में इतनी बड़ी आबादी में सबको टिका कैसे लगाया जाए? हालांकि भारत को अपनी पूरी जनसंख्या के टीकाकरण की जरूरत तो नहीं होगी परंतु कम से कम 30 प्रतिशत से लेकर 40 प्रतिशत लोगों का टीकाकरण करना ही होगा। अब टीकाकरण के सामने कई चुनौतियां भी है जैसे कि वैक्सीन का आवंटन कैसे हो, वैक्सीन सबको कैसे वितरित की जाए? यूरोप समेत कई देशों में कोरोना का टीका सरकारी कोष से लगने की उम्मीद है। परंतु वर्तमान स्थिति को देखकर ऐसा लगता है कि कहीं न कहीं हमें सरकारी वित्तीय सहायता मिलने की उम्मीद कम है। इन तमाम समस्याओं को लेकर भारत में टीकाकरण शुरू होने में मात्र दिन रह गए है।टीकाकरण की शुरुआती दिनों में तो दिक्कते आ सकती है परन्तु अब हमें आगे की राह को देखना होगा जिसके लिए हमें सुधार करने होंगे।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**जब** 60 किसान शहीद हुए तब मोदी सरकार शर्मिंदा नहीं हुई मगर किसानों द्वारा ट्रैक्टर रैली आयोजित करने से शर्मिंदा हो रही है।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस अध्यक्ष



**सीता** ने भगवान राम को बताया था कि वो भाग्यशाली थीं कि उनका अपहरण रावण ने किया था उसके चेलों ने नहीं वर्ना उनका हाल भी हाथरस की लड़की जैसा हुआ होता।

– **कल्याण बनर्जी**
तृणमूल सांसद



**लगता** है कि कल्याण ने माता सीता का नाम तृणमूल कांग्रेस की राजनीति में घसीटकर, 'तृणमूल हटाओ बांग्ला बचाओ' नारे को और अधिक बल दे दिया है।

– **विनोद बंसल**
राष्ट्रीय प्रवक्ता वीएचपी

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 15 जनवरी, 2021



# मकर संक्रांति पर उमड़ा आस्था का सैलाब, लोगों ने घाटों पर लगाई पुण्य की डुबकी



पायनियर समाचार सेवा वाराणसी

**मकर** संक्रांति के अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी काशी के गंगा घाटों पर लाखों श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा। भक्तों ने सूरज की पहली किरण से साथ गंगा में स्नान किया। वहींए वाराणसी में अचानक बढ़ी ठंड के बावजूद भी श्रद्धालुओं ने दशाश्वमेध घाट पर गंगा स्नान किया। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गुड़ए तील और चावल का दान भी किया।

त्योहार पर काशी के दशाश्वमेध घाट पर सबसे ज्यादा श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। इसके अलावा पंचगंगा घाट, प्रहलादघाट, गायघाट, राजघाट, दुर्गा घाट, अस्सी घाट, तुलसी घाट, स्नान करने वालों की भीड़ लगी हुई थी। माना जाता है कि इस दिन राशियों का बड़ा महत्व होता है और सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं।

जिसके चलते सूर्य से निकलने वाली अद्भुत किरणें जब श्रद्धालुओं पर पड़ती हैं तो उनमें नई ऊर्जा का संचार होता है। आज के ही दिन से सूर्य उत्तरायण होने के कारण इस पर्व को उत्तरायणी के नाम से भी जाना जाता है। मकर संक्रांति वाले दिन लोगों के गंगा में डुबकी लगाने से उन्हें पापों से मुक्ति मिल जाती है। इसके साथ ही आज के दिन दान करने को भी बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इंसान के जीवन में आज दान करने से सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है।

## मुस्लिम भाइयों ने मनाई मकर संक्रांति पतंग उड़ाकर दिया एकता का संदेश



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**मकर** संक्रांति के अवसर पर पतंग उड़ा कर पर्व को सेलिब्रेट करने वाले लोगो की माने तो उन्होंने नगर वासियों को प्यार मोहब्बत संदेश दिया और क्षेत्र के सभी सम्मानित लोगों ने संदेश देते हुए आपसी भाईचारा बनाए रखने अपील की। पीलीकोठी क्षेत्र के सरदार साहिबान ने कहा कि काशी सदियों से गंगा जमुना तहजीब का कल्चर रहा हैए आज पतंग उड़ाते समय बचपन की याद ताजा हो गई पतंग के माध्यम से नगर वासियों को यह भी संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि हर त्योहार को एक साथ मिलकर मनाना चाहिए त्योहार एक संस्कृति और प्यार का संदेश है । बाबा विश्वनाथ की नगरी कबीर और नजीर की नगरी पंडित मदन मोहन मालवीय के शहर से गंगा जमुनी तहजीब का जो वातावरण है पूरे विश्व में फैलता रहता है आज देश को आपसी भाईचारा और प्यार मोहब्बत बनाए रखने के लिए बेहद जरूरत है तभी सच्चे मन से मकर संक्रांति का आनंद मिल सकता है ।

## मकर संक्रांति पर मां गंगा को स्वच्छ बनाने का लिया संकल्प

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**मकर संक्रांति** के शुभ अवसर पर पर नमामि गंगे ने दशाश्वमेध घाट पर गंगा निर्मलीकरण हेतु हजारों को जागरूक किया। मां गंगा और सूर्य नारायण भगवान की आरती कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। गंगा किनारे पड़ी पॉलिथीन एवं अन्य पूजन सामग्रियों को कूड़ेदान तक पहुंचाया गया। संयोजक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के साथ ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से सभी को राष्ट्रीय नदी गंगा के लिए स्वच्छता की सीख दी गई। मकर संक्रांति का गंगा स्नान करने हेतु घाटों पर उमड़ी भीड़ ने गंगा मैया की जयए सूर्य नारायण भगवान की जय, हर हर गंगे, भारत माता की जयए एवं 'वंदे मातरम' का जयघोष किया। सभी को गंगा स्वच्छता हेतु संकल्पब किया गया। सिंगल यूज़ पॉलिथीन का प्रयोग गंगा और घाटों पर न करने की अपील की गई। गंगा में पॉलिथीन, कपड़े एवं अन्य प्रदूषित कर रही सामग्रियों को प्रवाहित न करने की नसीहत दी गयी। काशी प्रांत के संयोजक राजेश शुक्ला ने बताया कि गंगा के ममतामयी आंचल में करोड़ों-करोड़ इंसान के साथ ही अनेक तरह के जीव . जंतु ए जंगल एवं वनस्पतियां भी पलते हैं । गंगा के मैदान की यह धरती देश की आबादी के बड़े हिस्से का पेट भरती है। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर देश का प्रत्येक नागरिक संपूर्ण चेतना से प्रदूषण मुक्त गंगा के लक्ष्य को प्राप्त करने का संकल्प ले अपना योगदान दे तभी हम स्वच्छ एनिर्मल, प्रदूषण मुक्त अविरल गंगा की कल्पना को साकार कर सकते हैं। अविरल गंगा की कल्पना को साकार कर सकते हैं। आयोजन में प्रमुख रूप से महानगर सह संयोजक शिवम अग्रहरी, सीमा चौधरी सत्यम जायसवाल, प्रीति जायसवाल, पुष्पलता वर्मा, अनिल श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## स्कूल मैनेजर एसोसिएशन का अधिवेशन वाराणसी में 15-16 जनवरी को

**वाराणसी।** सीबीएसई स्कूल मैनेजर्स एसोसियेशन उत्तर प्रदेश का 2 दिवसीय वार्षिक अधिवेशन ओम विलास रिजार्ट वाराणसी में दिनांक 15 और 16 जनवरी 2021 को आयोजित होने जा रहा है। इस सन्दर्भ में एक वृहद प्रेस वार्ता सनबीम स्कूल वरूणा में आयोजित हुई। प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुये प्रदेश संगठन के संरक्षक एवं पूर्वांचल स्कूल वेलफेयर एसोसियेशन के अध्यक्ष दीपक मधोक ने बताया कि संपूर्ण उत्तर प्रदेश से अधिवेशन में लगभग 500 स्कूलों के प्रबन्धकों के आगमन होने की सम्भावना है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्याम पचैरी ने बताया कि वार्षिक अधिवेशन के मुख्य अतिथि अनुराग त्रिपाठी, सचिव सेन्ट्रल बोर्ड ऑफसैकेण्डी एजूकेशन, दिल्ली होगें। इस अधिवेशन में त्रिपाठी जी नेशनल एजूकेशन पॉलिसी 2020 (एनईपी-2020) के बारे मे संबोधित करेगें कि इस पॉलिसी के लागू होने से स्ववित्तपोषित और सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों एवं विद्यालय में अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं और शिक्षकों पर क्या असर पड़ेगा।

# करोड़ों के गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

- 38.5 कुंतल गांजे के साथ दो तस्कर हुये गिरफ्तार

**रोहनिया** थाना क्षेत्र के राजातालाब के पास राजस्व आसूचना निदेशालय वाराणसी के द्वारा ड्रग तस्करों के खिलाफ खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दिनांक 11 जनवरी 2021 की शाम को राजा तालाब के पास एक ट्रक को रोककर तलाशी ली गई जिसमें से लगभग 38.5 कुंतल गांजे की रिकवरी हुई है जो अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी है स गांजे की खेप जौनपुर के मुंगरा बादशाहपुर जा रही थी लेकिन मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए डीआरआई वाराणसी की टीम ने उक्त ट्रक को वाराणसी प्रयागराज हाईवे पर राजा तालाब के पास रोक कर कर दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया और लगभग 38.5 कुंतल गांजे मूल्य लगभग 5 करोड़ पचहत्तर लाख रुपए की रिकवरी की। उक्त गांजा ट्रक में पशु आहार की बोरियों के नीचे छिपा कर रखा गया था। दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर दिनांक 13 जनवरी 2021 को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इन तस्करों के संबंध उड़ीसा आंध्र प्रदेश के नक्सल एरिया में रहने वाले गाजा के तस्करों से हैं जो गांजे की सप्लाई पूरे देश में करते हैं और गांजे की कमाई का इस्तेमाल नक्सल गतिविधियों में करते हैं। इस संबंध में जौनपुर के रहने वाले गांजा तस्करों की खोजबीन शुरू कर दी गई है जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा सूत्रों की माने तो इसमें इलाहाबाद और जौनपुर के कुछ सफेदपोश लोगो का भी हाथ है जल्द ही इनकी जांच कर इस संबंध में खुलासा किया जाएगा। सूत्रों से खबर मिली है की डीआरआई टीम गहन तलाशी अभियान शुरू की है और संभावना है कि गांजे की और बड़ी खेप जल्द ही पकड़ी जाएगी।

# कोरोना और ठंड के बीच मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने किया स्नान

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

- मकर संक्रांति पर्व पर तड़के से ही श्रृद्धालुओं की डुबकी का सिलसिला हो गया था शुरू
- पहले पर्व को लेकर चौकस रहा मेला प्रशासन और पुलिस प्रशासन



**कोरोना** संक्रमण और भीषण ठंड और कोहरे के साथ आधी अधूरी तैयारियों के बीच गुरुवार को माघमेला के पहले स्नान पर्व मकर संक्रांति पर आस्था भारी पड़ गयी। मकर संक्रांति पर्व पर संगम समेत गंगा तथा यमुना के सभी स्नान घाटों पर ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं के स्नान करने का सिलसिला शुरू हो गया था। सूर्य का मकर राशि में प्रवेश दिन में दो बजकर तीन मिनट पर था। मनोवांछित फ्ल की प्राप्ति के लिए दूर दूर से आए श्रद्धालु स्नान कड़ाके की ठंड के बीच करीब चार बजे से स्नान दान और गोदान करना शुरू कर दिया। संगम के अलावा गंगा के अक्षयवट काली घाट दारागंज फाफामऊ घाट पर भी स्नान किया गया। प्रशासन का दावा है कि सुबह दस बजे तक पांच लाख श्रद्धालु पुण्य की डुबकी लगा चुके थे। जैसे जैसे दिन निकलता गया श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी रहा। श्रद्धालु कोरोना संक्रमण से बेफिक्र दिखे। आधी अधूरी तैयारी के बीच पहले स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक रहा। मेला क्षेत्र में साधु संतों के पंडाल में भजन पूजन का दौर भी शुरू हो गया। वैसे माघ मेला 27 जनवरी के आसपास शुरू होना है। 28 जनवरी को पौष पूर्णिमा है और इस दिन से एक महीने का कल्पवास शुरू हो जाता है। अधिक मास पुरूषोत्तम मास की वजह से तिथि बढ़ी है। कल्पवासियों के आने के बाद ही मेले में रंगत नजर आएगी। स्नान के लिए संगम पर करीब एक किलोमीटर लंबा घाट तैयार किया गया है। स्नान घाटों पर पुलिस अलर्ट रही। हर हर गंगे जय मां गंगे के जय घोष के साथ मकर संक्रांति पर्व का पुण्य प्राप्त करने को गंगा में डुबकी लगाई। इस दौरान कई स्नान घाटों पर स्नान के मद्देनजर कोविड 19 प्रोटोकाल का पालन होता नजर नहीं आया। पांच ग्रहों का योग बना शुभ संयोग

सूर्य के मकर राशि के प्रवेश को मकर संक्रांति कहते हैं। मकर संक्रांति प्रातरू सूर्योदय के बाद पुण्यकाल में पवित्र स्थानों पर स्नान दान का महत्व होता है। इस पुण्यकाल में स्नान सूर्य उपासना जप अनुष्ठान दान दक्षिणा आदि दी। काले तिल गुड़ खिचड़ी कंबल और लकड़ी के दान का विशेष महत्व होता है। 14 जनवरी के बाद मलमास के कारण रूके हुए मांगलिक कार्य शुरू होते हैं। इस बार गुरु शुक्र अस्त के चलते विवाह आदि मांगलिक कार्य अप्रैल से होंगे। सूर्य सुबह 8 बजकर 30 मिनट पर उत्तरायण हुआ और मकर राशि में प्रवेश कर गया। सुबह साढ़े आठ बजे से शाम 5 बजकर 34 मिनट तक था। पहले स्नान को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही। हर तरफ पुलिस का पहरा रहा। एडीजी प्रेम प्रकाश कमिश्नर आर रमेश कुमार आईजी के पी सिंह डीआईजी एवं एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी डीएम भानुचंद्र गोस्वामी मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी प्रबंधक विवेक शुक्ला नगर मजिस्ट्रेट रजनीश मिश्र एस पी मेला राजीव नारायण मिश्र एसपी क्राइम आशुतोष मिश्रा आदि फोर्स के लगातार मेला का जायजा लेते रहे। संगम तट पर पुलिस फोर्स के साथ नागरिक सुरक्षा के जवान ड्यूटी पर तैनात रहे। इसके साथ ही मेले में चरखी दादरी आश्रम के स्वामी ब्रम्हाश्रम जी महाराज विमालदेव आश्रम जी महाराज महेशाश्रम जी महाराज मुनिशाश्रम जी महाराज जगद्गुरु विनैका बाबा आदि ने गंगा में स्नान किया।

## विश्व कल्याण के लिए किन्नर अखाड़ा ने गंगा में किया स्नान

**प्रयागराज।** किन्नर अखाड़ा की महामण्डलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि टीना मां के नेतृत्व में शिष्यों ने माघमेले के पहले मुख्य स्नान पर्व मकर संक्रांति पर गुरुवार को गंगा के ओल्ड जीटी रोड घाट पर स्नान दान किया। किन्नर अखाड़ा प्रयागराज की महामण्डलेश्वर स्वामी कौशल्या नंद गिरि ने विश्व के कल्याण के लिए सामूहिक रूप से आज स्नान किया। कहा कि गंगा स्नान के बाद मा गंगा तीर्थराज प्रयाग और भगवान वेणी माधव से कामना किया है कि विश्व का कल्याण हो लोगों की उन्नति हो और कोरोना महामारी का समूल रूप से सफाया हो। जिससे लोग स्वस्थ्य रह सकें। इसके पूर्व माघ मेला के सेक्टर पांच के ओल्ड जीटी रोड और संगम लोवर मार्ग पर लगे शिविर में पतंग की प्रतियोगिता हुई। जिसमें बड़ी संख्या में किन्नर समुदाय के लोग शामिल हुए। किन्नर अखाड़ा प्रयागराज की महामण्डलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि ने बताया कि शिविर में माघी पूर्णिमा तक कथा प्रवचन हवन सहित अन्य कार्यक्रम होंगे। आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महाराज का शिविर में 25 जनवरी से होगा। जो माघी पूर्णिमा तक चलेगा और उसके बाद हरिद्वार कुंभ के लिये सभी लोग प्रस्थान करेंगे।

# आईआईटी बीएचयू में खुलेगा कोयला गुणवत्ता प्रबंधन व उपयोग अनुसंधान केंद्र

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय मिनी रत्न कंपनी नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के सहयोग से देश के सबसे पुराने खनन इंजीनियरिंग विभाग में कोयला गुणवत्ता प्रबंधन और उपयोग अनुसंधान केंद्र के रूप में एक अनुसंधान केंद्र की स्थापना करने जा रहा है। इसके तहत दोनों संस्थानों के मध्यम एमओयू पर समझौता भी हो गया है। यह केंद्र भारत में अपनी तरह का पहला अकादमिक उद्योग एमओयू है जो कोयले की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकी पर अनुसंधान करने के लिए अत्याधुनिक सुविधा से लैस हैए और कोयले की गुणवत्ता और ग्रेड का निर्धारण भी करेगा। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर प्रमोद कुमार जैन ने बताया कि सतत खनन के साथ स्वच्छ कोयले की आवश्यकता और खनन के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने को वैश्विक और राष्ट्रीय अनुसंधान विषय के रूप में पहचाना गया है। इस विषय को ध्यान में रखते हुएए कोयला गुणवत्ता प्रबंधन और उपयोग केंद्र की कल्पना की गई थी। उन्होंने आश्वासन दिया कि आईआईटी ;बीएचयूद्ध और एनसीएल के इस वैज्ञानिक और सामूहिक प्रयासों से कोयला उपभोक्ताओं को एक स्थान पर सस्तीए कारगर और स्वच्छ कोयला की आपूर्ति हो सकेगी साथ ही पेरिस समझौते के अनुसार कार्बन उत्सर्जन में कमी भी आएगी। निदेशक महोदय ने बताया कि संस्थान तकनीकी ज्ञान के संदर्भ में कोल इंडस्ट्री के लिए मैन पावर प्रशिक्षण में और उपभोक्ताओं को सुविधा प्रदान करेगा। प्रो जैन ने स्वच्छ कोयले की आवश्यकता पर बल दिया जो भारत में ऊर्जा का एक प्रमुख स्रोत है। पेशेवर रूप से स्वच्छ कोयला उपलब्धता के लिए उद्योग की जरूरतों को पूरा करना है। इस केंद्र की सुविधा का उपयोग बायोमास और जैव ईंधन शोधकर्ताओं के साथ कोयला उत्थान कोयला गुणवत्ता सुधार और कोयला ग्रेडिंग के क्षेत्र में काम करने वाले छात्रों और अनुसंधान विद्वानों द्वारा किया जाएगा। इतना ही नहीं केंद्र सामान्य और विशेष रूप से पूर्वांचल उत्तरी और मध्य भारत में कोयला उत्पादन और कोयला आधारित उद्योगों की आवश्यकता को पूरा करेगा। केंद्र के संभावित उपयोगकर्ता कोल इंडिया लिमिटेड और इसके सहायक निजी कोयला कंपनियां और कोयला आधारित उद्योग जैसे राष्ट्रीय थर्मल पावर कॉरपोरेशनए राज्य बिजली संयंत्र और निजी क्षेत्रों के बिजली संयंत्र आदि कोयला उत्पादक कंपनियां होंगे। इनके अलावा रेलवे और कोयला व्यापारी विभिन्न उपयोग मूल्यांकन और विपणन उद्देश्यों के लिए कोयले की वास्तविक गुणवत्ता और ग्रेड जानने के लिए इस केंद्र की सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।

## स्कूल में आने वाले सभी छात्रों के लिए कोविड निगेटिव सर्टिफिकेट अनिवार्य

**वाराणसी।** स्कूल में आने वाले सभी छात्रों के लिए कोविड नेगेटिव सर्टिफिकेट अनिवार्य ग्वालियर के सिंधिया स्कूल को 9 महीने बाद दोबारा खोलने के लिए राज्य सरकार से हरी झंडी मिल गई है। स्कूल अपने कैंपस में छात्रों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। छात्रों के साथ स्कूल एक शानदार तरीके से खुलेगा। इसके बाद जल्द ही दसवीं कक्षा के छात्र भी स्कूल आना शुरू कर देंगे। 123 साल पुराने इस बोर्डिंग स्कूल ने एक बार फिर एनुअल एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। छात्रों का स्वागत करते हुए द सिंधिया स्कूल के प्रिंसिपल डॉ माधव देव सारस्वत ने कहा हम अपने बच्चों का वापस कैंपस में स्वागत करते हुए खुश हैं। यह हम सभी के लिए एक नया अनुभव होने वाला हैए क्योंकि हम कोविड दुनिया में एक नए युग के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी एक नए युग का नेतृत्व कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि हम हमारे सभी छात्रों को एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करेंगे और उन्हें संपूर्ण उत्कृष्टता की दिशा में प्रयास करने के लिए प्रेरित करेंगे। हमने अपने कैंपस को कोविड मुक्त रखने के लिए सभी संभव कदम उठाए हैं।स्कूल ने छात्रों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किया है।स्कूल में आने वाले सभी छात्रों के लिए कोविड नेगेटिव सर्टिफिकेट अनिवार्य होगा और इसका टेस्ट 72 घंटे से पहले का नहीं होना चाहिए।

## सामाजिक समरसता भोज होगा आज आएंगे सह संगठन मंत्री भवानी सिंह

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**कौशाम्बी** विकास परिषद की ओर से शुक्रवार को मकर संक्रांति के अवसर पर सामाजिक समरसता भोज हनुमान वाटिका सुलेम सराय में आयोजित होगा। कौशाम्बी से भाजपा के सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री एवं परिषद के संरक्षक विनोद सोनकर ने पत्रकारों को बताया कि सामाजिक समरसता के मुख्य अतिथि भाजपा उत्तर प्रदेश के सह संगठन मंत्री भवानी सिंह होंगे। वह उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि व्यक्ति की राजनीतिक पहचान अस्थाई और सामाजिक पहचान स्थाई होती है। सामाजिक एकता एवं समरसता बनाए रखने के उद्देश्य से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह पर्व बड़े उत्साह से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के राष्ट्रीय एवं सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिली है। कहा कि कौशाम्बी प्राचीन नगरी है यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। कौशाम्बी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार के द्वारा कई कदम उठाये जा रहे हैं और आने वाले समय में कौशाम्बी उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों में से एक होगा। इस मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी विवेक अग्रवाल राजू पाठक कुलदीप सोनकर पंकज कुमार गिरजेश मिश्रा अभिषेक सोनकर आदि उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति के तहत मकर संक्रांति पर्व पर समरसता भोज एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ आयोजित



**उन्नाव।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में चलाए जा रहे हैं मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत उन्नाव जनपद में मकर संक्रांति एवं लोहड़ी के पर्व पर अन्नपूर्णा धाम उन्नाव में खिचड़ी के समरसता भोज एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक पंकज गुप्ता एवं रिदम एकेडमी की डायरेक्टर एवं कार्यक्रम की मुख्य आयोजिका डॉ श्रेया प्रदेश महामंत्री ने प्रधानमंत्री जन कल्याण योजना प्रचार प्रसार अभियान के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यों से जुड़ी हुई की क्षेत्रों की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया तथा कार्यक्रम में सांस्कृतिक लोक गायन एवं नृत्य नाटिका का भी आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा ऐसे आयोजन मिशन शक्ति के अंतर्गत किए जा रहे कार्यक्रमों से समाज में महिलाओं के सम्मान एवं उनकी समाज के प्रति जिम्मेदारी को दर्शाता है। मुख्य आयोजक डॉ श्रेया ने बताया शारदीय नवरात्रि से वासंती नवरात्र तक चलने वाले मिशन शक्ति प्रोग्राम के अंतर्गत ऐसे कार्यक्रमों का संचालन मेरा एवं पूरी मिशन शक्ति टीम का लक्ष्य है। कार्यक्रम में विधायक सदर एवं आयोजक डॉ श्रेया जी ने खिचड़ी वितरण किया। इस दौरान सीडीओ राजेश कुमार प्रजापति, एडीएम न्यायिक राकेश गुप्ता, अन्नपूर्णा धाम मंदिर के मुख्य सहयोगी मन्नर शुक्ला तथा टीम मिशन शक्ति से अपूर्वा, कल्पना, कुसुम रेनू पटेल, रिशु अनीता, रेनू हेमा एवं इत्यादि बड़ी संख्या में महिला सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहीं ।

## मकर संक्रांति पर हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा जल मे लगायी आस्था की डुबकी

**बांगरमऊ उन्नाव।** क्षेत्र के विख्यात नानामऊ गंगा तट पर बीते बुधवार और आज गुरुवार को लगातार दो दिनों तक श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में डुबकी लगाकर मां गंगा से वरदान प्राप्त किया। श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर श्री सत्यनारायण भरत कथा का श्रवण कर पंडो को दक्षिणा प्रदान किया।

क्षेत्र के नानामऊ गंगा तट पर बीते बुधवार को पौष माह की अमावस्या पर प्रातः हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में डुबकी लगाई। इसी तरह आज मकर संक्रांति त्योहार पर भी गंगा तट पर स्नानार्थियो की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने मिट्टी की हांडी में गोबर से बने कंडे की आग में खिचड़ी पकाई और पंडों को खिचड़ी दान की । बाद में खिचड़ी का ही प्रसाद भी ग्रहण किया। तमाम श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर श्री सत्यनारायण व्रत कथा का श्रवण किया और श्रद्धालुओं में प्रसाद भी वितरित किया। गंगा तट पर आज लइया, खील, खिलौना, मिष्ठान तथा सौंदर्य प्रसाधन की दुकानें भी सजी। दुकानों पर महिलाओं और बच्चों ने जमकर खरीदारी की। नगर के कई स्थानों पर कैम्प लगाकर श्रद्धालुओं ने खिचड़ी भोज का भी आयोजन किया। इसके अलावा क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने नगर के हरदोई मार्ग पर स्थित शांति मोहन मिल मैदान के निकट एक निर्माण सामग्री प्रतिष्ठान का फीता काटकर उद्घाटन भी किया। इस मौके पर प्रमुख भाजपा नेता विकास गुप्ता ने विधायक श्री कटियार का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### मकर संक्रांति पर हजारों श्रद्धालुओं ने नानामऊ गंगा तट पर दान की खिचड़ी

**बांगरमऊ उन्नाव।** क्षेत्र के विख्यात नानामऊ गंगा तट पर बीते बुधवार और आज गुरुवार को लगातार दो दिनों तक श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में डुबकी लगाकर मां गंगा से वरदान प्राप्त किया। श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर श्री सत्यनारायण भरत कथा का श्रवण कर पंडो को दक्षिणा प्रदान किया। क्षेत्र के नानामऊ गंगा तट पर बीते बुधवार को पौष माह की अमावस्या पर प्रातः हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में डुबकी लगाई। इसी तरह आज मकर संक्रांति त्योहार पर भी गंगा तट पर स्नानार्थियो की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने मिट्टी की हांडी में गोबर से बने कंडे की आग में खिचड़ी पकाई और पंडों को खिचड़ी दान की। बाद में खिचड़ी का ही प्रसाद भी ग्रहण किया। तमाम श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर श्री सत्यनारायण व्रत कथा का श्रवण किया और श्रद्धालुओं में प्रसाद भी वितरित किया।

## ग्रामीणों के मध्य पूर्व सांसद अन्नू टण्डन ने खिचड़ी व कम्बल दान कर मनाया पर्व



**उन्नाव।** मकर संक्रान्ति के अवसर पर विगत 20 वर्षों से उन्नाव के ग्रामीण परिवारों के साथ पर्व मनाने की परम्परा को निभा रही पूर्व सांसद सपा नेता अन्नू टण्डन जी ने इस वर्ष भी मझरा गांव ब्लाक सिकन्दरपुर कर्ण में ग्रामीणों को खिचड़ी व कम्बल दान करके संक्रान्ति पर्व को मनाया।

पूर्व सांसद अन्नू टण्डन जी की तरफ से ग्रामीणों को खिचड़ी दान करने पहुंचे एच0एन0डी0सी0 ट्रस्ट के महाप्रबन्धक अनूप कुमार मेहरोत्रा ने कहा कि महा संक्रान्ति आपसी भाईचारे व प्रेम का पर्व है। अन्नू टण्डन जी द्वारा जिले के ग्रामीण जनों के साथ मनाने की परम्परा का निर्वहन समाज को एक उदाहरण देता है कि जिले के सब नागरिक आपस में भाईचारे व सौहार्द से त्योहार की खुशियों का आनन्द प्राप्त करें। सपा नेता अंकित परिहार ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुये कहा कि महासंक्रान्ति के पर्व का न केवल आध्यात्मिक महत्व है अपितु उक्त पर्व यह दर्शाता है कि कैसे इंसान एक दूसरे की सेवा भाव व आत्मसात कर लेने के मानवीय गुण से खुशहाली समाज को दे सकता है। उन्होंने कहा कि अन्नू टण्डन जी जिस प्रकार उन्नाव के ग्रामीणजनों के साथ खिचड़ी का पर्व मिलजुलकर मनाती है वो सामाजिक परिदृश्य के लिये सुखद व अनुकरणीय है। ग्रामीणों में उपस्थित अनुरूद्ध, राम खिलावन, विजयकांती, भोले, मंगल बाबा, जमुना आदि ने पूर्व सांसद अन्नू टण्डन जी द्वारा प्राप्त खिचड़ी दान पर खुशी व्यक्त करते हुये आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विवेक शुक्ला, संजय निगम, सूर्यभान सिंह, चन्द्रभान सिंह, नरोत्तम सिंह, उमाशंकर आदि लोग उपस्थित थे।

# मंत्रिमंडल विस्तारः अपनी समस्याएं पार्टी आलाकमान के समक्ष रखेंः एदियुरप्पा

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक मंत्रिमंडल** में विस्तार के बाद पार्टी के भीतर उठ रही विरोध की आवाजों के बीच मुख्यमंत्री बी. एस. एदियुरप्पा ने बृहस्पतिवार को असंतुष्ट भाजपा नेताओं से कहा कि वे अपनी समस्याएं पार्टी आलाकमान के समक्ष रखें और दल को नुकसान पहुंचाने वाली टिप्पणियां करने से बचें। मुख्यमंत्री ने 17 महीने पुराने अपने मंत्रिमंडल में बुधवार को विस्तार करते हुए सात नए मंत्रियों को शामिल किया जबकि आबकारी मंत्री एच. नागेश को कैबिनेट से बाहर किया गया। विस्तार के दौरान मंत्री बनने की अच्छा रखने वाले कुछ विधायकों को पद नहीं मिलने के बाद उन्होंने सार्वजनिक रूप से अपना नाराजगी जाहिर की।

बेंगलुरु में पत्रकारों से बातचीत में एदियुरप्पा ने कहा, अगर भाजपा विधायकों को कोई भी समस्या है तो वे दिल्ली जा सकते हैं, हमारे राष्ट्रीय नेताओं से मिल सकते हैं, उन्हें तमाम सूचनाएं दे सकते हैं और अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। मैं उसका विरोध नहीं करूंगा, लेकिन मैं उनसे अनुरोध करता हूं कि गलत बातें बोलकर वे पार्टी की छवि खराब ना करें।

मुख्यमंत्री ने कहाकि उनकी शिकायतों पर फैसला केन्द्रीय नेतृत्व करेगा तथा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को स्थिति की जानकारी है। दावणगेरे में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि इस मुद्दे पर जो उनके हाथ में था। एदियुरप्पा ने उनके खिलाफ गलत बोलने वाले लोगों को आगाह भी किया। एदियुरप्पा ने हालांकि आरआर नगर से विधायक मुनिरत्न को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किए जाने के सवाल पर कुछ नहीं कहा। जबकि, कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए विधायक से मुख्यमंत्री ने वादा किया था कि आरआर नगर सीट जीतने पर उन्हें मंत्री पद दिया जाएगा।

17 महीने पुरानी कैबिनेट का बुधवार को विस्तार करते हुए मुख्यमंत्री एदियुरप्पा ने सात नए मंत्रियों को इसमें शामिल किया। मंत्रिमंडल से आबकारी मंत्री एच. नागेश को बाहर किया गया है, जिसके कारण कैबिनेट में एक सीट रिक्त हो गई है। राज्यपाल वजुभाई वाला ने राजभवन में आयोजित एक समारोह में मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। नए मंत्रियों में विधायक उमेश कट्टी (हुक्केरी), एस. अंगारा (सुल्लिआ), मुरुगेश निरानी (बिल्गी) और अरविंद लिम्बावली (महादेवपुरा) और एमएलसी आर. शंकर, एम. टी. बी. नागराज और सी. पी. योगेश्वर शामिल हैं।

एदियुरप्पा की आलोचना करने वाले विजयपुरा सिटी के विधायक बी. पाटिल यत्नाल ने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया कि वह वरिष्ठता और ईमानदारी को ध्यान में रखे बगैर ब्लैकमेल होकर नियुक्तियां कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री और उनके परिवार पर कर्नाटक भाजपा को हाईजैक करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि वह राज्य को एदियुरप्पा परिवार के वंशवाद की राजनीति से मुक्त कराएं। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा, मुख्यमंत्री ब्लैकमेल करने वालों को मंत्री बना रहे हैं। तीन लोग... एक राजनीतिक सचिव और दो मंत्री पिछले तीन महीने से एदियुरप्पा को सीडी के माध्यम से ब्लैकमेल कर रहे हैं। उन्होंने कहा, उनमें से एक आज मंत्री बनेगा, सीडी से ब्लैकमेल के अलावा विजएन्द्र (मुख्यमंत्री के पुत्र) को धन देना भी शामिल है। विश्वनाथ ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री के परिवार पर चुटकी लेते हुए लोगों से सन स्ट्रोक पर चर्चा करने का आह्वान किया।

## ठंड के कारण जम चुकी डल झील पर लोगों को चलने से रोकने के लिए एसडीआरएफ के कर्मी तैनात

**श्रीनगर।** प्रशासन ने कश्मीर में न्यूनतम तामपान के जमाव बिंदू पर पहुंचने के कारण जम चुकी डल झील पर लोगों को चलने से रोकने के लिए एसडीआरएफ के कर्मियों को तैनात किया है। श्रीनगर में राज्य आपात स्थिति परिचालन केन्द्र के नोडल अधिकारी आमिर अली ने कहा, तापमान के जमाव बिंदु पर पहुंचने के कारण घाटी में कई जगह पानी के स्रोत जम गए हैं। ऐसा पाया गया कि कई लोग, खासकर युवक और बच्चे जमे हुए पानी पर चल रहे हैं। अली ने कहा कि बर्फ की महीन परत पर चलना, खासकर डल झील पर जोखिम भरा हो सकता है। ऐसा करने से फिसल सकते हैं, गिर सकते हैं, हड्डी टूट सकती है और जानलेवा चोट भी आ सकती है। अली ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट श्रीनगर ने जमी हुई डल झील पर लोगों को चलने, खेलने या जाने से रोकने के लिए एक परामर्श जारी किया है, क्योंकि यह असुरक्षित है। उन्होंने कहा कि इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्वाई की जाएगी। उन्होंने कहा, एहतियाती तौर पर, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के त्वरित कार्वाई दल (क्यूआरटी) और रिवर पुलिस को डल झील के पास तैनात किया गया है। श्रीनगर में बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 8.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था। 1991 के बाद यह सबसे कम तापमान था, तब न्यूनतम तापमान शून्य से 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।



अहमदाबाद में गृहमंत्री अमित शाह परिवार के साथ जगन्नाथ मन्दिर में गाय की पूजा-अर्चना करते हुए।

## अमित शाह ने अहमदाबाद के मंदिर में पूजा-अर्चना की

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोविड-19 महामारी के मद्देनजर अहमदाबाद में बृहस्पतिवार को सादे तरीके से उत्तरायण उत्सव मनाया। शाह इस अवसर पर अपने गृह नगर की यात्रा पर हैं। अपने परिवार के सदस्यों के साथ जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। आरती की और परंपरा के अनुसार मंदिर में एक गाय और एक हाथी की भी पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। शाह ने ट्वीट किया, उत्तरायण के पावन अवसर पर आज अहमदाबाद के सुप्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। महाप्रभु जगन्नाथ सभी पर अपनी कृपा बनाएं। जय जगन्नाथ। केंद्रीय मंत्री ने इस बार यह उत्सव सिर्फ अपने परिवार के सदस्यों के साथ मनाया। जबकि इससे पहले शाह इस अवसर पर समर्थकों के साथ पतंग उड़ाने के लिए एक स्थानीय भाजपा नेता के घर जाते थे। गुजरात सरकार ने खुले मैदान में या सार्वजनिक स्थानों पर पतंग उड़ाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार ने लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को भी निषिद्ध कर दिया है और सिर्फ परिवार के सदस्यों तथा हाउसिंग सोसाइटी के वासियों को छत पर एकत्र होने की अनुमति दी है, ताकि ज्यादा भीड़ न लगे। प्रतिबंधों के मद्देनजर पूरे राज्य में लोगों ने समारोह सादे तरीके से मनाया। कई स्थानों पर लोगों ने छोटे समूहों में अपने घर की छतों से पतंग उड़ाई और तेज आवाज में संगीत भी नहीं बजाया। ज्यादा भीड़ एकत्र होने से रोकने के उद्देश्य से पुलिस ने ऊंची इमारतों और खुले मैदानों पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरों और दूरबीन का इस्तेमाल किया।

## किसानों को बर्बाद करने के लिए साजिश कर रही सरकारः राहुल गांधी

**मदुरै।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने तीन केंद्रीय कृषि कानूनों के मुद्दे को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि सरकार किसानों को बबार्द करने की साजिश कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी रहेगी। राहुल गांधी ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह दावा भी किया कि केंद्र सरकार अपने दो-तीन मित्रों को फायदा पहुंचाने की कोशिश कर रही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, सरकार किसानों की सिर्फ उपेक्षा ही नहीं कर रही है, बल्कि उन्हें बर्बाद करने की साजिश भी कर रही है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया, सरकार किसानों से जमीन लेकर अपने मित्रों को देना चाहती है।

## मोहन भागवत ने तमिलनाडु में पोंगल समारोह में हिस्सा लिया

**चेन्नई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को चेन्नई में पोंगल समारोह में हिस्सा लिया और इस मौके पर पूजा अर्चना की। भागवत यहां एक स्वयंसेवक के घर भी गए और तमिल भाषा में लिखित एक प्राचीन काव्य थिरूक्कुरल की कुछ पंक्तियां उद्धृत कीं। मोहन भागवत ने इस अवसर पर गौ पूजा भी की। गौरतलब है कि दक्षिण भारत में पवित्र महीना थाइ के अवसर पर पोंगल त्योहार जोर-शोर से मनाया जाता है। यह विवाह एवं नए कारोबार शुरू करने के लिए शुभ माना जाता है। आरएसएस के एक स्वयंसेवक के घर जाने पर भागवत ने उस परिवार की एक लड़की को तमिल भाषा में लिखित एक प्राचीन काव्य थिरूक्कुरल की पंक्तियां बताईं। संघ प्रमुख ने जिन पंक्तियों को उद्धृत किया, उसका अर्थ है कि आग से जलने के जख्म तो भर जाएंगे लेकिन जुबान के जख्म नहीं। लड़की ने भी भागवत को उस काव्य से कुछ पंक्तियां सुनाकर उनका आभार प्रकट किया।

## नशीले पदार्थों संबंधी जांचः एनसीबी ने महाराष्ट्र के मंत्री के दामाद के घर छापा मारा

**भाषा।** मुंबई

**स्वापक** नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक के दामाद समीर खान के यहां स्थित आवास पर बृहस्पतिवार को छापा मारा। एनसीबी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुंबई की एक अदालत ने खान को 18 जनवरी तक के लिए एनसीबी की हिरासत में सौंप दिया है। खान को नशीले पदार्थों संबंधी एक मामले में एनसीबी ने बुधवार को गिरफ्तार किया था।

एक अधिकारी ने बताया कि ब्रिटिश नागरिक करण सजनानी और दो अन्य को पिछले सप्ताह 200 किलोग्राम मादक पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसी मामले में कथित भूमिका को लेकर खान को एनसीबी ने गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि एनसीबी के एक दल ने उपनगरीय बांद्रा में खान के आवास पर छापा मारा, जहां से कुछ भी जब्त नहीं किया गया।

अधिकारी ने बताया कि एनसीबी की टीम ने जुहू इलाके में भी छापा मारा। विशेष सरकारी वकील अतुल सारपंदे ने बताया कि इस बीच, खान को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जिसने मामले की आगे की जांच के लिए उन्हें 18 जनवरी तक के लिए एनसीबी की रिमांड में दे दिया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने एनसीबी द्वारा खान की गिरफ्तारी का बृहस्पतिवार को जिक्र किया और कहा कि संबद्ध लोगों को एजेंसी के साथ सहयोग करना चाहिए।

पवार ने यहां संवाददाताओं से कहा कि उनकी पार्टी के नेता मलिक के खिलाफ कोई व्यक्तिगत आरोप नहीं है। एनसीबी ने खान को कई घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। सूत्रों ने बताया कि ड्रग्स मामले के एक आरोपी और खान के बीच 20,000 रुपए का कथित ऑनलाइन लेन-देन का मामला सामने आने के बाद एजेंसी ने उन्हें (खान को)तलब किया था। राज्य के मंत्री नवाब मलिक ने किसी घटना का जिक्र किए बगैर बृहस्पतिवार को एक ट्वीट में कहा, कानून से ऊपर कोई भी नहीं है और यह (कानून) बगैर किसी भेदभाव के लागू किया जाना चाहिए। कानून अपना काम करेगा और न्याय होगा।

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री ने कहा, मुझे अपनी न्यायपालिका पर पूरा विश्वास है और मैं उसका सम्मान करता हूं। गौरतलब है कि एजेंसी ने मंगलवार को मुंबई के प्रसिद्ध मुच्छड़ पानवाला दुकान के एक मालिक रामकुमार तिवारी को गिरफ्तार किया था। तिवारी को बुधवार को यहां की एक अदालत ने जमानत दे दी।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, रेउसा-सीतापुर

पत्रांक : 9106/15हवां विआ/निस/2020-21 दिनांक : 14-01-21

### अल्पकालीन निविदा सूचना

क्षेत्र पंचायत रेउसा सीतापुर के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि 15हवॉ वित्त योजना में प्राप्त धनराशि एवं स्वीकृत कार्यो का निर्माण कार्य करवाने हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म दिनांक 15-01-2021 से विक्रय किये जायेंगे। टेन्डर फार्म का मूल्य 1000/- रू0 प्रति फार्म होगा तथा दिनांक 27-01-2021 को पूर्वान्ह 12:00 बजे तक विक्रित निविदायें निविदा बाक्स में जमा की जायेंगी। तदोपरान्त उसी दिन खण्ड विकास अधिकारी कक्ष में उपस्थित ठेकेदारो के समक्ष अपरान्ह 3:00 गठित समिति की उपस्थिति में खोली जायेंगी। निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त निविदाओ पर कोई विचार नहीं किया जायगा। सामान्य धरोहर के रूप में कार्य की लागत का 02 प्रतिशत की धनराशि को जमा करना होगा, जो नकद के रूप में अथवा किसी राष्ट्रीय कृत बैंक से निर्गत एफ0डी0आर0 अथवा डाकघर से निर्गत बचत पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जो खण्ड विकास अधिकारी रेउसा के पक्ष में बन्धक होगा। ठेकेदार के द्वारा प्रस्तुत बिल से 2 प्रतिशत आय कर व 01 प्रतिशत लेबर सेस सरचार्ज. निर्धारित जी0एस0टी0 कर 2 प्रतिशत तथा भुगतान के समय अवशेष 8 प्रतिशत जमानत राशि की कटौती की जायेगी। खण्ड विकास अधिकारी को यह अधिकार होगा कि किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त कर दे। अन्य शर्तो की जानकारी किसी कार्य दिवस में विकास खण्ड कार्यालय से की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | निर्माण कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख रु0 में) | धरोहर राशि 02 प्रतिशत लाख में | कार्य पूर्ण होने की की अवधि | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत थौरा में हरदत्तपुरवा डामर रोड से मन्नालाल के खेत तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 999359.00 | 20000.00 | 3 माह | पन्द्रहवॉ वित्त आयोग |
| 2 | ग्राम पंचायत थौरा में हरि शंकर के खेत से नन्दपुर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 999359.00 | 20000.00 | 3 माह | पन्द्रहवॉ वित्त आयोग |
| 3 | ग्राम पंचायत थौरा में घनश्याम के खेत से राम कुमारी के खेत तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 999851.00 | 20000.00 | 3 माह | पन्द्रहवॉ वित्त आयोग |
| 4 | ग्राम पंचायत भदमरा में सी०सी० रोड से सन्तोष के खेत तक। मिटटी खण्डन्जा निर्माण कार्य | 998404.00 | 20000.00 | 3 माह | पन्द्रहवॉ वित्त आयोग |
| 5 | ग्राम पंचायत थौरा में विधादत्त के खेत से मन्नू के खेत तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 999851.00 | 20000.00 | 3 माह | पंचम वित्त आयोग |
| 6 | ग्राम पंचायत भदमरा में रसूल अहमद के खेत से सर्वजीत के खेत तक मिटटी खण्डन्जा निर्माण कार्य। | 998389.00 | 20000.00 | 3 माह | पन्द्रहवॉ वित्त आयोग |
| 7 | ग्राम पंचायत थौरा में नन्दपुर से राम जी के खेत तक खण्डन्जा निर्माण कार्य। | 995898.00 | 20000.00 | 3 माह | पन्द्रहवॉ वित्त आयोग |
| 8 | ग्राम पंचायत गंगापुरवा में मेन रोड से हसनू के घर तक मिटटी खण्डन्जा निर्माण कार्य,. | 998389.00 | 20000.00 | 3 माह | पन्द्रहवॉ वित्त आयोग |
| 9 | ग्राम पंचायत ईंटगॉव में मुख्य मार्ग पर इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 330410.00 | 6650.00 | 3 माह | पन्द्रहवॉ वित्त आयोग |
| 10 | ग्राम पंचायत थीरा में तेलियनपुरवा से टपरा तक अवशेष खण्डन्जा निर्माण कार्य। | 999204.00 | 20000.00 | 3 माह | पन्द्रहवॉ वित्त आयोग |
| 11 | कैथोरा में संजय के घर से, प्रवेश के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 500695.00 | 10050.00 | 3 माह | पन्द्रहवॉ वित्त आयोग |
| 12 | ग्राम पंचायत सेवता में सेवता सकौहा मार्ग पर गुरूद्वारे के पास इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 997202.00 | 20000.00 | 3 माह | पन्द्रहवॉ वित्त आयोग |
| 13 | ग्राम पंचायत थानगॉव में कटरा में पशुसेवा केन्द्र से बाजार तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 999759.00 | 20000.00 | 3 माह | पन्द्रहवॉ वित्त आयोग |
| 14 | ग्राम पंचायत थानगॉव में कटरा में रामपाल के घर से सुरखे के घर तक सी०सी०रोड निर्माण कार्य। | 999759.00 | 20000.00 | 3 माह | पन्द्रहवॉ वित्त आयोग |

**निविदा की पात्रता**

1- निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी दिनांक 15-01-2021 से किसी भी कार्य दिवस में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं एवं कार्य के सम्बन्ध में समस्त जानकारी विकास खण्ड में तैनात अवर अभियन्ता(आर0ई0डी0) से प्राप्त की जा सकती है।
2- निविदा के साथ हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र पेनकार्ड अनुभव प्रमाण पत्र, GSTIN प्रमाण पत्र , शैक्षिक योग्यता एव अन्य आहर्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतिया संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
3- निविदा के साथ 2 प्रतिशत जमानत धनराशि राष्ट्रीकृत बैंक का एफ0डी0आर0 अथवा एन०एस०सी० जो खण्ड विकार अधिकारी रेउसा के पक्ष में लगाना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। शेष 8 प्रतिशत धनराशि टेन्डर स्वीकृत होने के उपरान्त जमा करना अनिवार्य होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**रेउसा-सीतापुर**



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी रेउसा-सीतापुर

पत्रांक-9105/पंचम सं0 आ0/नि0सं0/2020-21 दिनांक-14.01.2021

### अल्पकालीन निविदा सूचना

क्षेत्र पंचायत रेउसा सीतापुर के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि पंचम राज्य वित्त योजना में प्राप्त धनराशि एवं स्वीकृत कार्यों का निर्माण कार्य करवाने हेतु मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म दिनांक 15-01-2021 से विक्रय किये जायेंगे। टेन्डर फार्म का मूल्य 1000/- रू0 प्रति फार्म होगा तथा दिनाक 27.01.2021 को पूर्वान्ह 12.00 बजे तक विक्रित निविदायें निविदा बाक्स में जमा की जायेंगी। तदोपरान्त उसी दिन खण्ड विकास अधिकारी में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष अपरान्ह 300 बजे गठित समिति की उपस्थिति में खोली जायेगी। निर्धारित समय सीमा के बाद प्रात निविदाओ पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। सामान्य धरोहर के रूप में कार्य की लागत का 02 प्रतिशत की धनराशि को जमा करना होगा जो नकद के रूप में अथवा किसी राष्ट्रीय कृत बैंक से निर्गत एफ0डी0आर0 अथवा डाकघर से निर्गत बचत पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जो खण्ड विकास अधिकारी रेउसा के पक्ष में बन्धक होगा। ठेकेदार के द्वारा प्रस्तुत बिल से 2 प्रतिशत आय कर व 01 प्रतिशत लेवर सेस सरचार्ज, निर्धारित जी0एस0टी0 कर 2 प्रतिशत तथा भुगतान के समय अवशेष 8 प्रतिशत जमानत राशि की कटौती की जायेगी। खण्ड विकास अधिकारी को यह अधिकार होगा कि किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त कर दे। अन्य शर्ता की जानकारी किसी कार्य दिवस में विकास खण्ड कार्यालय से की जा सकती है।

| क्र. सं. | निर्माण कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख रु0 में | धरोहर राशि 02 प्रतिशत (लाख में) | कार्य पूर्ण होने की अवधि | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | टपरा से लोधनपुरवा तक मिटटी खण्ड़ंजा निर्माण कार्य। | 988483.00 | 19800.00 | 3 माह | पंचम राज्य वित्त आयोग |
| 02 | ग्राम पंचायत ईटगॉव में श्यामलाल के खेत से बनवारी के खेत तक खण्डन्जा निर्माण कार्य। | 997927.00 | 20000.00 | 3 माह | पंचम राज्य वित्त आयोग |
| 03 | ग्राम पंचायत इटौरी में केशवराम के खेत से औरा तक खण्डन्जा निर्माण कार्य। | 772606.00 | 15500.00 | 3 माह | पंचम राज्य वित्त आयोग |
| 04 | ग्राम पंचायत इटौरी में विष्णु के खेत से कय्यूम के खेत तक खण्डन्जा निर्माण कार्य। | 824077.00 | 16500.00 | 3 माह | पंचम राज्य वित्त आयोग |
| 05 | ग्राम पंचायत गौलोक कोडर में मोहन के खेत से पासिनपुरवा तक खण्डन्जा निर्माण कार्य। | 999462.00 | 20000.00 | 3 माह | पंचम राज्य वित्त आयोग |
| 06 | ग्राम पचायत गौलोक कोडर में लोधनपुरवा से बदलू के खेत तक खण्डन्जा निर्माण कार्य। | 999568.00 | 20000.00 | 3 माह | पंचम राज्य वित्त आयोग |
| 07 | ग्राम पंचायत परसिया में लिलौती परसिया मार्ग से परशुराम के घर तक खडन्जा निर्माण कार्य। | 999732.00 | 20000.00 | 3 माह | पंचम राज्य वित्त आयोग |
| 08 | ग्राम पचायत इटौरी में इटौरी से अरमान के खेत तक खड़न्जा निर्माण कार्य। | 845431.00 | 16950.00 | 3 माह | पंचम राज्य वित्त आयोग |
| 09 | ग्राम पंचायत थौरा में थौरा से बेचे लाल के खेत तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 921687.00 | 18450.00 | 3 माह | पंचम राज्य वित्त आयोग |
| 10 | ग्राम पंचायत थौरा में पप्पू लाला के खेत से बांकेलाल के खेत तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 978963.00 | 19600.00 | 3 माह | पंचम राज्य वित्त आयोग |
| 11 | ग्राम पंचायत भिठौली में रमुवापुर मेन रोड से त्यागी महाराज के स्थल तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 999443.00 | 20000.00 | 3 माह | पंचम राज्य वित्त आयोग |

**निविदा की पात्रता –**

1. निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी दिनाक 15-01-2021 से किसी भी कार्य दिवस मे खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं एवं कार्य के सम्बन्ध में समस्त जानकारी विकास खण्ड में तैनात अवर अभियन्ता (आर0ई0डी0) से प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदा के साथ हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र पैनकार्ड अनुभव प्रमाण पत्र GSTIN प्रमाण पत्र शैक्षिक योग्यता एवं अन्य आहर्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
3. निविदा के साथ 2 प्रतिशत जमानत धनराशि राष्ट्रीकृत बैंक का एफ0डी0आर0 अथवा एन0एस0सी0 जो खण्ड विकास अधिकारी रेउसा के पक्ष में लगाना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा पर काई विचार नहीं किया जायेगा। शेष 8 प्रतिशत धनराशि टेन्डर स्वीकृत होने के उपरान्त जमा करना अनिवार्य होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**रेउसा-सीतापुर**



लखनऊ में मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर भाग लेती हुई उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र की महिलाएं

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल करेंगे टीकाकरण अभियान की शुरुआत

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी आगामी 16 जनवरी को देशव्यापी कोविड-19 टीकाकरण अभियान की शुरुआत करेंगे और इसके मद्देनजर सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में टीकों की पर्याप्त खुराकें भेज दी गई हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

बयान में कहा गया है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 जनवरी को सुबह 10.30 बजे वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से देशव्यापी कोविड-19 टीकाकरण अभियान की शुरुआत करेंगे। यह विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान होगा। इस कार्यक्रम से सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 3006 स्थान डिजिटल माध्यम से जुडेंगे और हर केंद्र पर 100 लाभार्थियों का टीकाकरण होगा। बयान में कहा गया कि यह टीकाकरण अभियान जन भागीदारी के सिद्धांत के तहत प्राथमिकता के आधार पर चलाया जाएगा जिसमें पहले चरण के तहत सरकारी व निजी क्षेत्रों के स्वास्थ्यकर्मियों और आईसीडीएस कर्मियों का टीकाकरण किया जाएगा। बयान के मुताबिक, नागर विमानन मंत्रालय के सक्रिय सहयोग से सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में टीकों की पर्याप्त खुराकें भेजी गई हैं तथा राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों ने इन्हें सभी जिलों में भेज दिया है। टीकाकरण अभियान को सुचारू रूप से चलाने और टीका वितरण कार्यक्रम



की निगरानी के लिए को-विन (कोविड वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क) नामक एक डिजिटल मंच भी तैयार किया गया है। सरकार की ओर से कोविड-19 महामारी, टीकाकरण और इसके डिजिटल प्लेटफॉर्म से संबंधित सवालों के समाधान के लिए 24 घंटे और सातों दिन संचालित होने वाले कॉल सेंटर और हेल्पलाइन 1075 स्थापित की गई है। इससे इतर, सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री इस दौरान वीडियो कांफ्रेंस के जरिए देश के विभिन्न हिस्सों के कुछ स्वास्थ्यकर्मियों के साथ संवाद भी कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, राजधानी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और सफदरजंग अस्पताल के अधिकारियों ने कहा है कि वे दोतरफा संवाद के लिए आवश्यक सभी इंतजाम के साथ तैयार हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, प्रधानमंत्री 16 जनवरी को देशव्यापी कोविड-19 टीकाकरण अभियान की शुरुआत करेंगे। यह विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान होगा। इसलिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने राष्ट्रपति कार्यालय से विमर्श के बाद यह निर्णय लिया है कि पोलियो टीकाकरण दिवस, जिसे पोलियो रविवार के रूप में मनाया जाता है, को बदलकर 31 जनवरी कर दिया जाए। देश में कोविड-19 के खिलाफ टीकाकरण अभियान के पहले दिन 16 जनवरी को करीब तीन लाख स्वास्थ्य कर्मियों को 2,934 केंद्रों पर टीके लगाए जाएंगे। प्रत्एक टीकाकरण सत्र में अधिकतम 100 लाभार्थी होंगे। सरकार द्वारा खरीदे गए कोविशील्ड और कोवैक्सीन टीके की 1.65 करोड़ खुराकें उनके स्वास्थ्यकर्मियों के आंकडों के अनुसार राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को आवंटित की गई है। मंत्रालय ने कहा, इसलिए किसी भी राज्य से भेदभाव का कोई सवाल ही नहीं है। यह आरंभिक स्तर पर दी गई खुराक है। इसलिए कम आपूर्ति किए जाने को लेकर जताई जा रही चिंताए निराधार और दुर्भाग्यपूर्ण हैं। राज्यों को सलाह दी गई है कि वे 10 फीसदी आरक्षिताबर्बाद खुराकों और रोजाना प्रत्एक सत्र में औसतन 100 टीकाकरण को ध्यान में रखते हुए टीकाकरण सत्रों का आयोजन करें। राज्यों से यह भी कहा गया है कि प्रत्एक टीका केंद्र पर हड़बड़ी में तय सीमा से ज्यादा संख्या में लोगों को न बुलाएं। मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को टीकाकरण सत्र स्थलों को बढ़ाने की सलाह दी है और उनके रोजाना संचालन की बात कही है ताकि टीकाकरण प्रक्रिया स्थिर हो सके और आगे सुचारू रूप से बढ़ सके। ज्ञात हो कि पहले चरण में तीन करोड़ लोगों का टीकाकरण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें स्वास्थ्यकर्मी और अग्रिम पंक्ति के कर्मचारी शामिल हैं। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित ऑक्सफोर्ड के कोविड-19 टीके कोविशील्ड और भारत बायोटेक के स्वदेश में विकसित टीके कोवैक्सीन को देश में सीमित आपात इस्तेमाल के लिए भारत के औषधि नियामक की ओर से पिछले दिनों मंजूरी दी गई थी।

भारत में टीकाकरण अभियान के लिए 2360 लोगों को राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण दिया गया है। इनमें राज्य टीकाकरण अधिकारी, प्रशीतन श्रृंखला अधिकारी, आईईसी अधिकारी तथा अन्य भागीदार शामिल हैं। इसके अलावा 61 हजार से ज्यादा कार्यक्रम प्रबंधन, दो लाख टीकाकरण कर्मी तथा तीन लाख 70 हजार अन्य कर्मियों को राज्य, जिला और खण्ड स्तर पर प्रशिक्षित किया जा चुका है।

## स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए उठाए गए कदमों से व्यापक रोजगार उत्पन्न होगा : हर्षवर्धन

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने बृहस्पतिवार को कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिभर्ता के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की वजह से व्यापक रोजगार उत्पन्न होगा। स्वराज्य पत्रिका द्वारा वेदांता लिमिटेड के सहयोग से आयोजित इंडिया एज हेल्थ हब नामक कार्यक्रम में एक सत्र को संबोधित करते हुए हर्षवर्धन ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 60,000 करोड़ रुपए का आत्मनिर्भर भारत पैकेज स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में मजबूती लाएगा।

उन्होंने कहा कि मुझे यह उल्लेख करते हुए खुशी हो रही है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए हमने जो कदम उठाए हैं, उनके परिणामस्वरूप व्यापक रोजगार उत्पन्न होगा। हर्षवर्धन ने कहा कि पैकेज से



भविष्य में स्वास्थ्य संबंधी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अग्रिम पंक्ति का स्वास्थ्य कार्यबल स्थापित करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, 600 से अधिक जिलों में गहन देखभाल अस्पताल ब्लॉक का विकास इस तरह के जिलों को अन्य सेवाओं में बाधा के बिना संक्रामक रोगों के उपचार के लिए समग्र उपचार उपलब्ध कराने में सक्षम बनाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, भारत केवल तभी प्रगति कर सकता है जब प्रत्एक नागरिक प्रगति करे और प्रत्एक नागरिक की प्रगति के लिए हमें आत्मनिर्भर होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का मतलब विदेशी सामान का बहिष्कार करना नहीं, बल्कि वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा में विश्वास करना है। इसका मतलब दूसरे देशों पर भारत की निर्भरता खत्म करना तथा विकास और प्रगति की ओर बढ़ना है।

कोविड-19 महामारी के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए उठाए गए कदमों के बारे में उन्होंने कहा कि भारत ने लॉकडाउन के समय का इस्तेमाल स्वास्थ्य अवसरंचना को मजबूत करने, स्वास्थ्यकमर्मियों के क्षमता निर्माण तथा देश में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए किया। उन्होंने कहा, आज हम स्वदेशी पीपीई किट, मास्क इत्यादि के निर्माण में स्व-सक्षम हैं।

## भारतीय सेना ने स्विच ड्रोन खरीदने के लिए आइडियाफोर्ज के साथ दो करोड़ डॉलर का करार किया

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** सेना ने स्विच ड्रोन के अधिक ऊंचाई पर उड़ान भरने वाले संस्करण की खरीद के लिए आइडियाफोर्ज कंपनी के साथ लगभग दो करोड़ डॉलर के करार पर हस्ताक्षर किए हैं। मुंबई आधारित कंपनी ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि इस करार के तहत कितने मानवरहित विमान खरीदे जाएंगे। बयान में कहा गया कि यह ड्रोन दिन-रात निगरानी के लिए अधिक ऊंचाई पर और विपरीत मौसम स्थितियों में तैनात किया जा सकता है। कंपनी ने कहा कि भारतीय सेना को आइडियाफोर्ज के स्विच ड्रोन के अधिक ऊंचाई पर उड़ान भरने वाले संस्करण की अज्ञात संख्या में आपूर्ति एक साल के भीतर की जाएगी।

## सीडीएस जनरल रावत तथा सेना प्रमुख ने पूर्व सैनिकों का आभार व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने युद्ध के समय में साहस का प्रदर्शन किया है और अपने नागरिकों की करूणा के साथ सहायता की है। वहीं पूर्व सैनिक सशस्त्र बलों के लिए प्रेरणा के स्रोत रहे हैं। जनरल रावत ने पूर्व सैनिक दिवस के मौके पर संदेश में कहा कि सशस्त्र बलों को पूर्व सैनिकों से मार्गदर्शन हासिल करते रहना चाहिए, जिन्होंने सेना के अनुकरण के लिए उच्च मानक स्थापित किए। सीडीएस ने कहा, पूर्व सैनिक हमारी ताकत और हमारे प्रेरणास्रोत रहे हैं। भारतीय सशस्त्र बलों ने युद्ध के समय में साहस का प्रदर्शन किया है और अपने नागरिकों की करूणा के साथ सहायता की है। यह गुण हमारे देश के पूर्व सैनिकों ने हमारे अंदर पैदा किए हैं। उन्होंने हमारे अनुकरण के लिए उच्च मानक स्थापित किए हैं। वहीं, सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे ने भी इस मौके पर पूर्व सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, आप सभी को शुभकामनाएं। आप सभी पूर्व सैनिक देश के लिए प्रेरणा हैं। पूरे देश को आप पर गर्व है। पूर्व सैनिकों के सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम में नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह ने 1971 में पाकिस्तान के साथ जंग के दौरान पराक्रम और साहस का परिचय देने वाले बांग्लादेश तथा भारत के वीर जवानों को समर्पित एक गीत जारी किया।

## भारत में कोविड-19 के 20 हजार से कम नए मामले आ रहे हैं सामने

भाषा। नई दिल्ली

**केन्द्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बताया कि भारत में लगातार सात दिन से रोजाना कोविड-19 के 20 हजार से कम नए मामले सामने आ रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना वायरस के 16,946 नए मामले सामने आए। वहीं इस अवधि में 17,652 और लोग संक्रमण मुक्त भी हुए।वहीं, भारत में कोरोना वायरस से मौत के मामलों में भी कमी आ रही है।

मंत्रालय ने बताया कि पिछले 20 दिनों से रोजाना 300 से कम मौत के मामले सामने आए हैं। उसने बताया कि भारत में आज की तारीख में कोविड-19 से मृत्यु दर 1.44 प्रतिशत है। वहीं, मृत्यु दर 22 राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों में राष्ट्रीय मृत्यु दर से कम है। आंकड़ों के अनुसार देश में अभी 2,13,603 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 2.03 प्रतिशत है। 25 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में उपचाराधीन मामले पांच हजार से कम हैं। मंत्रालय ने बताया कि देश में कुल 10,146,763 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जिनमें से 82.67 प्रतिशत लोग 10 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से हैं। उसने बताया कि केरल में पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक 5,158 लोग संक्रमण मुक्त हुए। इसके बाद महाराष्ट्र में 3,009 और छत्तीसगढ़ में 930 लोग इस अवधि में ठीक हुए। आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में संक्रमण मुक्त हुए 76.45 प्रतिशत लोग सात राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों से थे।

वहीं, केरल में सबसे अधिक 6,004 नए मामले भी सामने आए। इसके बाद महाराष्ट्र और कर्नाटक में क्रमश: 3,556 और 746 नए मामले सामने आए। आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में वायरस से 198 लोगों की मौत हुई। उसने बताया कि मौत के 75.76 प्रतिशत नए मामले छह राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेश में सामने आए। इसमें से महाराष्ट्र के सबसे अधिक 70 लोग थे। इसके बाद केरल के 26 और पश्चिम बंगाल के 18 लोग थे।

## नेपाल के विदेश मंत्री ज्ञवाली भारत के दौरे पर आए

- संयुक्त आयोग की बैठक में लेंगे हिस्सा

भाषा। नई दिल्ली

**नेपाल** के विदेश मंत्री प्रदीप ज्ञवाली बृहस्पतिवार को तीन दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे जहां वे विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बैठक करेंगे और नेपाल-भारत संयुक्त आयोग की बैठक में हिस्सा लेंगे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, नेपाल के विदेश मंत्री प्रदीप ज्ञवाली 14-16 जनवरी तक भारत की यात्रा पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान ज्ञवाली नेपाल-भारत संयुक्त आयोग की छठी बैठक में भाग लेंगे और विदेश मंत्री जयशंकर के साथ बैठक की सह अध्यक्षता करेंगे। यह बैठक शुक्रवार को होगी। प्रवक्ता ने कहा कि संयुक्त आयोग महत्वपूर्ण तंत्र होता है जो उच्च स्तरीय चर्चा का अवसर प्रदान करता है। इसमें द्विपक्षीय संबंधों के विविध आयामों पर चर्चा के साथ दोनों देशों के अनोखे संबंधों को और



प्रगाढ़ बनाने के संबंध में राजनीतिक मार्गदर्शन मिलता है। श्रीवास्तव ने कहा, हम विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर रचनात्मक वार्ता को लेकर आशान्वित हैं। नेपाल के विदेश मंत्री अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर के साथ सीमा मुद्दे, कोविड-19 सहयोग समेत अन्य द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करेंगे। नेपाल के अधिकारियों के अनुसार, ज्ञवाली के साथ नेपाल के विदेश सचिव भरत राज पोडियाल तथा स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्रालय की सचिव लक्ष्मी अरयाल आ रहे हैं।

बहरहाल, एक सवाल के जवाब में श्रीवास्तव ने कहा कि सीमा मुद्दे पर भारत का रूख स्पष्ट है और संयुक्त आयोग और सीमा मुद्दे से जुड़ा तंत्र अलग अलग है। नेपाल सरकार द्वारा पिछले साल विवादित नया नक्शा प्रकाशित किए जाने के कारण उभरे सीमा विवाद के बाद इस देश के किसी वरिष्ठ नेता की यह पहली भारत यात्रा है। इस विवादित नक्शे में भारतीय क्षेत्र लिम्पियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख को नेपाल का हिस्सा दर्शाया गया था।

नेपाल के इस कदम पर भारत ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी और उसके दावे को खारिज किया था। बहरहाल, नेपाल में संसद भंग किए जाने और चुनाव कराने के फैसले एवं चीन के हस्तक्षेप के बारे में एक सवाल के जवाब में भारत में विदेश मंत्रालय ने सतर्क प्रतिक्रिया देते हुए हाल में कहा था कि वह पड़ोसी देश और वहां के लोगों का शांति, समृद्धि और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ने में समर्थन करना जारी रखेगा।

## प्लास्टिक की कलम प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के दायरे में आती हैः एनजीटी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने व्यवस्था दी है कि प्लास्टिक की कलम प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम के दायरे में आती हैं और उसने अपशिष्ट के निपटान के लिए विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) व्यवस्था को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया गया है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अगुवाई वाली एक खंडपीठ ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को ईपीआर को लेकर राज्य पीसीबी और राज्य स्तरीय निगरानी समितियों से भी समन्वय स्थापित करने को कहा। पीठ ने कहा, हालांकि कलम का नियमों में विशेष रूप से जिक्र नहीं है, लेकिन वे प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम तीन (ओ) के तहत प्लास्टिक की परिभाषा में शामिल हैं, अत: कलम भी वैधानिक ढांचे के दायरे में आती हैं। अधिकरण ने पर्यावरण पर प्रतिकूल असर डाल रही प्लास्टिक की कलमों के बेरोक-टोक इस्तेमाल के खिलाफ अवनी मिश्रा की याचिका की सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया।

## कोविड-19 टीकों को भारत के मंजूरी देने की आलोचना करने वालों को विशेषज्ञों के समूह ने आड़े हाथों लिया

भाषा। नई दिल्ली

**कोविड-19** रोधी दो टीकों, खासकर स्वदेश विकसित भारत बायोटेक के टीके को मंजूरी देने के सरकार के फैसले की आलोचना करने वालों को चिकित्सकों और वैज्ञानिकों के एक समूह ने आड़े हाथों लेते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि उनके कथन निंदनीय हैं तथा भारतीय वैज्ञानिक समुदाय के लिए विश्वसनीयता का भारी संकट पैदा कर रहे हैं।

वक्तव्य पर चिकित्सा क्षेत्र के 45 पेशेवरों और वैज्ञानिकों ने हस्ताक्षर किए हैं। इसमें निहित स्वार्थी तत्वों के गैरजिम्मेदाराना बयानों पर हैरानी जताई गई है तथा आलोचकों पर आरोप लगाया गया है कि वे राजनीति से प्रेरित बयान देकर कोविड-19 टीकों के क्षेत्र में हालिया शोध पर संदेह जाहिर करके भारतीय विशेषज्ञों की ईमानदारी को कलंकित कर रहे हैं। इस बयान पर एम्स के पूर्व निदेशकों टीडी डोगरा और एमसी मिश्रा, सीएसआईआर-आईआईसीटी, हैदराबाद के पूर्व मुख्य वैज्ञानिक ए. गंगाग्नी राव तथा मणिपाल एजुकेशन ऐंड मेडिकल ग्रुप के बोर्ड के अध्यक्ष रंजन पई ने हस्ताक्षर किए हैं। इसमें कहा गया है कि ए टीके मानवता को उनकी ओर से उपहार हैं।

गौरतलब है कि भारत में कोविड-19 के दो टीकों के आपात स्थिति में इस्तेमाल को हाल में मंजूरी दी गई है, जिनमें से एक ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका का कोविशील्ड है जिसका उत्पादन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने किया है तथा दूसरी भारत बायोटेक की कोवैक्सीन है। कुछ विशेषज्ञों और विपक्ष के कुछ नेताओं ने टीकों को मंजूरी देने के फैसले पर सवाल उठाए हैं और कहा है कि कोवैक्सीन के तीसरे चरण का परीक्षण अभी तक पूरा नहीं हुआ है और इसके प्रभाव को लेकर आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। हालांकि, सरकार का कहना है कि उसने सभी प्रक्रियाओं का पालन किया है।

## पेज 1 का शेष

### टीके के...

वैक्सीन बनाने से कतराने लगेंगीं। इसलिए सरकार को उनकी बात पर ध्यान देना चाहिए। वास्तव में कोवैक्स और दूसरे देष इस संबंध मकें बात करने लगे हैं। अदार पूनावाला ने गुरुवार को एक बार फिर एक कार्यक्रम में अपनी बात दोहराते हुए कहा कि यदि निर्माता कंपनियों को मुकदमों के खिलाफ सुरक्षा नहीं मिली तो वैक्सीन की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। हालांकि, सरकार उनके अनुरोध को स्वीकार करती नहीं दिख रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि सरकार ने उनकी मांग नहीं मानी है और इस संबंध में सौदे में ही शर्तें स्पष्ट कर दी गई हैं।

### वैक्सीन का...

विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ता एनेलीज मेडिसन ने कहा, 'कोविड-19 महामारी से शारीरिक दिक्कतों के साथ-साथ मानसिक दिक्कतें भी पेश आई हैं, जिसके चलते तनाव, अवसाद, और अन्य संबंधित परेशानियां पैदा हुई हैं। इस तरह के भावनात्मक तनाव पैदा करने वाली परेशानियां किसी व्यक्ति की प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित कर सकती हैं।' इस रिपोर्ट में टीके की प्रभावकारिता और इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि किस तरह स्वास्थ्य हालात और भावनात्मक तनाव पैदा करने वाली परेशानियां प्रतिरोधक प्रतिक्रिया विकसित करने की शरीर की क्षमता को नुकसान पहुंचा सकती हैं।

### सुप्रीम कोर्ट...

नहीं हो।' मान ने कहा कि मैं समिति से अलग हो रहा हूं और मैं हमेशा अपने किसानों और पंजाब के साथ खड़ा रहूंगा।' उच्चतम न्यायालय ने तीन नये कृषि कानूनों को लेकर सरकार और किसानों की यूनियनों के बीच व्याप्त गतिरोध खत्म करने के इरादे से मंगलवार को इन कानूनों के अमल पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी। इसके साथ ही किसानों की समस्याओं पर विचार के लिये चार सदस्यीय कमेटी भी गठित की थी। मान ने उच्चतम न्यायालय की कमेटी से अलग होने का फैसला ऐसे वक्त किया, जब उनके संगठन की प्रदेश इकाई ने उनसे दूरी बनाने का निर्णय किया।

### 19 को...

से अलग हो जाने के बाद बैठक नहीं हो सकी। घनवट ने कहा कि समिति के मौजूदा सदस्य अपनी डिजिटल बैठक अब शुक्रवार को कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह तब तक समिति की सदस्यता नहीं छोड़ेंगे जब तक कि शीर्ष अदालत इसके लिए नहीं कहती। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि अन्य कोई सदस्य समिति से दूरी बनाएगा।

### आज होगी...

की स्थिति को दूर करते हुए तोमर ने कहा कि सरकार और किसान प्रतिनिधियों के बीच 15 जनवरी को दिन में 12 बजे से बैठक होगी। किसान संगठनों ने कहा है कि वे सरकार के साथ वार्ता करने को तैयार हैं। लेकिन, वे उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त कमेटी के समक्ष पेश नहीं होना चाहते हैं। किसान संगठनों ने समिति के सदस्यों को लेकर आशंका जाहिर करते हुए कहा कि इसके सदस्य पूर्व में तीनों कानूनों की पैरवी कर चुके हैं। इससे पहले दिन में भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष भूपिन्दर सिंह मान ने कहा कि वह कृषि कानूनों पर किसानों और केंद्र के बीच गतिरोध को सुलझाने के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित चार सदस्यीय समिति से अलग हो गए हैं।

### अब सबके...

सकते हैं, अच्छी बात यह है कि हम भी जमाने के साथ बदल रहे हैं। उन्होंने कहा, सूचना विभाग ने डिजिटल डायरी-ऐप के जरिए एक अभिनव पहल की है, अब मोबाइल ही डायरी होगी। लोग नि:शुल्क इस ऐप को अपने मोबाइल में डाउनलोड करके राज्य के हर विभाग से संपर्क स्थापित कर सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि तकनीक के माध्यम से ही हम कोरोना संक्रमण के दौर में आमजन को बेहतरीन सेवाएं देने में सफल हो सके। उन्होंने कहा कि जनधन खातों में सहायता राशि, पेंशन, भरण पोषण भत्ता, छात्रवृत्ति आदि लोगों को घर बैठे मिल सकी। अपर मुख्य सचिव (सूचना) नवनीत सहगल ने सूचना विभाग की डिजिटल डायरी-ऐप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश में सूचना विभाग की पहली बार इस तरह की डिजिटल डायरी बनी है। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल में प्लेस्टोर से यूपीआईडीआईएनएफओ ऐप को नि:शुल्क डाउनलोड कर सकता है। उन्होंने कहा कि अभी तक सूचना विभाग की डायरी सभी को नहीं मिल पाती थी लेकिन ऐप के रूप में इसकी पहुंच सभी तक हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इसमें सभी जनप्रतिनिधियों, विभागों, अधिकारियों और मीडिया के लोगों के नाम, फोन नम्बर और ईमेल एड्रेस हैं। उन्होंने बताया कि सर्च ऑप्शन में जाकर किसी के बारे में पता किया जा सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डाक विभाग के विशेष आवरण का भी अनावरण किया, खिचड़ी मेले पर विशेष आवरण ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की स्मृति को समर्पित है। इसके पहले 2016 में डाक विभाग ने ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की पहली पुण्यतिथि पर डाक टिकट जारी किया था। उसी को इस बार विशेष आवरण के रूप में जारी किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहाकि डाक विभाग का यह प्रयास हमारी विरासत और परम्परा को आगे बढ़ाने में मददगार होगा, भविष्य की पीढ़ी अपने पूर्वजों के बारे में अवगत हो सकेगी।

### स्वाभिमान को...

जवान उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत कभी किसी देश के साथ संघर्ष नहीं चाहता और उसने अपने पड़ोसियों के साथ शांति और मित्रवत संबंध रखने को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बेंगलुरु में भारतीय वायु सेना की मुख्यालय प्रशिक्षण कमान में पांचवें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर कहा, यह हमेशा अपने पड़ोसियों के साथ शांति और दोस्ताना संबंध चाहता है क्योंकि यह हमारे खून और संस्कृति में है। चीन के साथ गतिरोध का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय सैनिकों ने अनुकरणीय साहस और धैर्य दिखाया है और यदि इसे बयां किया जा सके तो हर भारतीय को गर्व होगा। उन्होंने कहा, मैं आपको बता सकता हूं कि जो पहले कभी नहीं हुआ, वो इस बार हुआ।

### मोदी के...

जुड़े अरविन्द कुमार शर्मा की कार्यक्षमता व कर्मठता से निश्चित ही पार्टी को एक नई गति मिलेगी। एके शर्मा ने कहा कि मेरे लिए यह प्रसन्नता का क्षण है कि आज मैं विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल का सदस्य हूं। उन्होंने पीएम मोदी व भाजपा नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी जो भी दायित्व देगी उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करूंगा। दरअसल यूपी में विधान परिषद की 12 रिक्त सीटों के लिए चुनाव हो रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा का कार्यकाल इसी 30 जनवरी को समाप्त हो रहा है। विधान परिषद की इन रिक्त सीटों में से 10 सीटें भाजपा अपने विधायकों के बल पर जीतने की स्थिति में है। यूपी में भाजपा नेताओं के बीच चर्चा है कि शीर्ष नेतृत्व से जारी की जाने वाली विधान परिषद के भाजपा प्रत्याशियों की सूची में एक नाम एके शर्मा का भी हो सकता है। वहीं कई भाजपा नेताओं का साफ कहना है कि विधान परिषद चुनाव से ठीक पहले एके शर्मा को पार्टी में लाने का मकसद ही उन्हें विधान परिषद में भेजना और राज्य सरकार में कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिये जाने का ही संकेत दे रहा है। यूपी के मऊ जिले के मूल निवासी एके शर्मा गुजरात काडर के आईएएस चुने जाने के बाद से उस राज्य में विभिन्न सरकारों में कई मुख्यमंत्रियों के साथ काम कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गुजरात का मुख्यमंत्री रहने के दौरान एके शर्मा ने उनके साथ लंबे समय तक काम किया है। बाद में वह केंद्र सरकार की सेवा में आ गए। अभी वह केंद्र सरकार में एमएसएमई मंत्रालय में सचिव के पद पर तैनात थे। जहां से हाल ही में उन्होंने वीआरएस ले लिया था। एके शर्मा के वीआरएस लेने के बाद से ही उनके भाजपा की राजनीति में सक्रिय होने के कयास लगाए जाने लगे थे जो आज बीजेपी में शामिल होने के साथ सही साबित हो गया।

## रिद्धिमा ने 67 का कार्ड खेलकर, बढ़त बनाई

**बेंगलुरू।** रिद्धिमा दिलावड़ी ने अंतिम 10 होल में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच अंडर 67 का कार्ड खेला जिसकी बदौलत वह गुरूवार को यहां हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के पहले चरण के दूसरे दौर के बाद छह शॉट की बड़ी बढ़त बनाने में सफल रही। रिद्धिमा का 36 होल में कुल स्कोर छह अंडर 138 का है जबकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी प्रणवी उर्स (71) इवन पार 144 के कुल स्कोर से दूसरे स्थान पर पहुंच गई।

## आस्ट्रेलियाई ओपन से पहले मरे पॉजीटिव

**लंदन।** स्टार टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे को आस्ट्रेलियाई ओपन के लिए ब्रिटेन से रवाना होने के एक दिन पहले कोरोना वायरस परीक्षण में पॉजीटिव पाया गया है। इस घटना की जानकारी रखने वाले व्यक्ति ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि यह तीन बार का ग्रैंडस्लैम चैंपियन अपने घर पर ही पृथकवास पर है और उन्हें अब भी आस्ट्रेलियाई ओपन में खेलने की उम्मीद है।

## मेलबर्न पहुंचकर पृथकवास में रहेंगे क्वालीफायर

**मेलबर्न।** परंपरागत तारीखों से तीन सप्ताह विलंब से शुरू हो रहे आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के क्वालीफायर यहां से करीब 12000 किलोमीटर दूर खेले गए और अब आठ फरवरी से सत्र के इस पहले ग्रैंडस्लैम के लिए 16 पुरूष और 16 महिला क्वालीफायर चार्टर्ड उड़ानों से यहां पहुंचेंगे। कोरोना महामारी के कारण पृथकवास प्रोटोकॉल के मद्देनजर टूर्नामेंट तीन सप्ताह देर से शुरू हो रहा है। क्वालीफायर 15 चार्टर्ड उड़ानों से यहां पहुंचकर 14 दिन पृथकवास में रहेंगे। मुख्य ड्रॉ में पहले ही जगह बना चुके खिलाड़ी आज से पहुंचना शुरू करेंगे।

## ओलंपियन और पैरालंपियन को अपने केंद्रों में कोच नियुक्त करेगा साइ

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) अपने विभिन्न राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों में ओलंपियन और पैरालंपियन खिलाड़ियों को कोच और सहायक कोच के तौर पर नियुक्त करने को तैयार है। साइ ने यह कदम उनके योगदान को मान्यता देने के तहत उठाया है जिसके लिए प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जिसमें 23 सहायक कोच और चार कोचों के लिए पद बनाए गए है। ओलंपियन और पैरालंपियन सहायक कोच के तौर पर आवेदन करने योग्य है और पदकविजेता सीधे कोच पदों के लिए आवेदन कर सकते है जो ग्रुप ए पद के अंतर्गत आते है।

## शुक्ला को नोटिस भेजा

**मुंबई।** बीसीसीआई के आचरण अधिकारी डी के जैन ने हितों के टकराव की शिकायत पर गुरूवार को बोर्ड के नवनियुक्त उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला को नोटिस जारी किया। जैन ने शुक्ला और बीसीसीआई को इस मामले में जवाब देने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। जैन ने अपने आदेश में लिखा है, आचरण अधिकारी को बीसीसीआई की नियमावली के नियम 39(2) के तहत संजीव गुप्ता की शिकायत मिली है।

# चोट से जूझ रही टीम को लगानी होगी ताकत

## आखिरी टेस्ट आज से : आस्ट्रेलिया को मात को तैयार भारत

**भाषा ।** ब्रिसबेन



सिडनी में हार की कगार पर पहुंचकर मैच बचाने के साथ आस्ट्रेलिया का मानमर्दन करने वाली भारतीय टीम के सामने गाबा की जीवंत पिच पर चुनौती कड़ी होगी क्योंकि उसके शीर्ष खिलाड़ी चोटों के कारण निर्णायक टेस्ट खेलने के लिए उपलब्ध नहीं है। आस्ट्रेलिया को बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने के लिए जीत की जरूरत है लेकिन भारत का काम ड्रॉ से भी चल जाएगा। सिडनी में दर्द के बावजूद अपार धैर्य और जुझारूपन का प्रदर्शन करने वाले रविचंद्रन अश्विन, हनुमा विहारी और ऋषभ पंत ने लाखों क्रिकेटप्रेमियों के दिल जीते। जसप्रीत बुमराह ने पेट की मांसपेशी में खिंचाव के बावजूद खेला और अंगूठा टूटा होने के बावजूद रविंद्र जडेजा उसी तरह खेलने को तैयार थे , जैसे तीन दशक पहले टूटी कलाई के साथ मैल्कम मार्शल खेले थे। इन्होंने हर आक्रमण का माकूल जवाब दिया।चाहे वह आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की ओर से हो या दीर्घा में बैठकर नस्लीय टिप्पणियां कर रहे दर्शकों की ओर से या स्टम्प के पीछे अपशब्दों की बौछार करने वाले खिलाड़ी से। नई भारतीय टीम हर तरह की प्रतिकूल परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार है और यही वजह है कि नियमित कप्तान विराट कोहली को इस पर नाज है।अब इस टीम को नए दशक के पहले टेस्ट में ऐसे मैदान पर खेलना है जहां आस्ट्रेलिया 1988 से नहीं हारा है। टीम में जडेजा या बुमराह नहीं है और विकेट काफी कठिन है। वहीं मयंक अग्रवाल नेट अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए और अश्विन कमर के दर्द से जूझ रहे हैं। बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा , हम इस पर कल फैसला लेंगे। मेडिकल टीम चोटिल खिलाड़ियों के साथ काम कर रही है। बुमराह फिट होगा तो खेलेगा, नहीं होगा तो बाहर रहेगा। दूसरी ओर आस्ट्रेलियाई कप्तान टिम पेन इस बात से खुश होंगे कि निर्णायक टेस्ट गाबा पर खेला जा रहा है। आस्ट्रेलियाई टीम में भी विल पुकोवस्की चोट के कारण बाहर हैं जिनकी जगह मार्कस हैरिस ने ली। हमें यहां खेलना पसंद है क्योंकि यह विकेट शानदार है।मुझे पता है कि यह विकेट कैसी होगी। उन्होंने परोक्ष रूप से भारतीय टीम को चेतावनी दी है लेकिन भारतीय बल्लेबाजी की त्रिमूर्ति अजिंक्य रहाणे, चेतेश्वर पुजारा और रोहित शर्मा इस चुनौती का सामना करने को तत्पर होंगे। सिडनी के संकटमोचक विहारी टीम में नहीं है लेकिन उन्होंने एक मिसाल कायम की है और पंत से उसी प्रदर्शन के दोहराव की उम्मीद होगी। भारतीय खेमा पांच की बजाय चार गेंदबाजों के साथ उतर सकता है।अग्रवाल के फिट होने पर वह तीसरे नंबर पर उतरेंगे जबकि रोहित और शुभमन गिल पारी का आगाज करेंगे। उसके बाद पुजारा और रहाणे आएंगे। रविंद्र जडेजा की जगह पृथ्वी साव या रिधिमान साहा नहीं ले सकते लेकिन हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर के नाम पर विचार हो रहा है। गेंदबाजी चिंता का सबब है क्योंकि नवदीप सैनी और मोहम्मद सिराज को कुल जमा तीन टेस्ट का अनुभव है। शारदुल ठाकुर ने दो साल पहले अपने पहले टेस्ट में दस गेंद डाली थी। राठौड़ ने बुमराह को लेकर तस्वीर साफ नहीं करते हुए आस्ट्रेलिया को सोच में डाल दिया है लेकिन सभी को पता है कि यह तेज गेंदबाज खेलने की स्थिति में नहीं है। रहाणे के रणबांकुरे इतिहास रचने की दहलीज पर है और तमाम विषमताओं के बावजूद आसानी से घुटने टेकने वालों में से कतई नहीं हैं।

### बुमराह की चोट पर नजर, अंतिम एकादश में जो खेलेगा वो भारत का प्रतिनिधित्व करने का हकदार होगा: राठौड़

**ब्रिसबेन।** भारतीय बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि जसप्रीत बुमराह की पेट की मांसपेशियो मे खिंचाव पर नजर रखी जा रही है लेकिन दौरा करने वाली टीम मे चोटिल खिलाड़ियो की बढ़ती संख्या के बाद आस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम टेस्ट के लिए उन्होंने बड़े बदलाव का संकेत दिया। भारतीय टीम प्रबंधन आधे फिट बुमराह को भी खिलाकर जोखिम नही लेगा क्योकि वह इस तेज गेंदबाज को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की निर्णायक पांच फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली घरेलू श्रृंखला मे खिलाना चाहता है। राठौड़ ने श्रृंखला के अंतिम मैच की पूर्व संध्या पर कहा, चोटो की अब भी निगरानी की जा रही है। हमारा मेडिकल स्टॉफ खिलाड़ियों के साथ काम कर रहा है। मै अभी इस स्थिति मे नही हूं कि इस समय टिप्पणी कर सकूं। हम उन्हे उतना समय देना चाहेगे जितना दे सकते है और कल सुबह ही आपको पता चल पाएगा कि अंतिम एकादश मे कौन खेलेगा। स्टार स्पिनर आर अश्विन और सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल भी पूरी तरह फिट नही है। दिलचस्प बात है कि राठौड़ की अंतिम एकादश पर एक अन्य टिप्पणी मे उन्होंने कहा था कि मैदान पर जो भी खिलाड़ी उतरेंगे, वे भारत के लिए खेलने के हकदार होंगे।

## भारत से कोई शिकायत नहीं सुनी : पेन

**ब्रिसबेन।** आस्ट्रेलियाई कप्तान टिम पेन ने स्वीकार किया कि बायो-बबल में भारतीय टीम के लिए जिंदगी चुनौतीपूर्ण होगी क्योंकि वे परिवार के बिना विदेश में रह रहे हैं और उनका कहना है कि स्टीव स्मिथ सहित उनके खिलाड़ी भी संयुक्त अरब अमीरात में इंडियन प्रीमियर लीग के बाद से इसी तरह की मुश्किलों का सामना कर चुके हैं। भारतीय और आस्ट्रेलियाई टीम फिर से कड़े पृथकवास नियमों के अंतर्गत रह रही हैं क्योंकि ब्रिटेन में पाए गए नए वायरस के मामले क्वींसलैंड की राजधानी में भी मिले हैं। आयोजकों ने खिलाड़ियों को केवल आधारभूत सुविधाएं मुहैया कराई हैं। हालांकि भारतीय बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि इतने अहम टेस्ट मैच में खेलने से पहले जज्बा बनाए रखने के लिए किसी को हाउसकीपिंग सेवा की जरूरत नहीं है। पेन के साथी मिशेल स्टार्क की पत्नी और सदर्न स्टार्स की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एलिसा हीली ने भारतीय टीम के ब्रिसबेन पृथकवास की कथित शिकायतों का मजाक उड़ाया था। पेन ने कहा, मैंने ऐसी टिप्पणियां नहीं देखीं और सच बताऊं तो भारतीय खिलाड़ियों की भी कोई टिप्पणियां नहीं पढ़ीं। यह सभी के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है और उनके लिए ज्यादा, क्योंकि वे अलग देश में हैं और अपने परिवार से ज्यादा दूर हैं।

### गावस्कर अपनी राय रखने के लिए स्वतंत्र लेकिन उसका मुझ पर कोई असर नहीं

**ब्रिसबेन।** आस्ट्रेलिया के कप्तान टिम पेन का सुनील गावस्कर के साथ वाक्युद्ध में पड़ने का कोई इरादा नही है और उन्होने कहा कि उनकी कप्तानी को लेकर भारत के इस महान बल्लेबाज के आकलन से वह रत्ती भर भी चिंतित नही है। सिडनी टेस्ट के दौरान पेन ने रविचंद्रन अश्विन पर छींटाकशी की थी जिसके बाद गावस्कर ने कहा था कि राष्ट्रीय टीम के कप्तान को यह शोभा नही देता और बतौर कप्तान पेन के दिन गिनती के बचे है। यह पूछने पर कि क्या उन्होने गावस्कर की टिप्पणी सुनी है, पेन ने कहा , मैने सुना लेकिन मै इसमें पड़ना नही चाहता। मेरा सुनील गावस्कर के साथ वाक्युद्ध का कोई इरादा नही है। वह अपनी राय रखने के लिए स्वतंत्र है लेकिन मुझे रत्ती भर भी फर्क नही पड़ता। सनी को जो कहना है, वह कहते रहे लेकिन आखिर मे मेरा इससे कोई लेना देना नही है।

## लगातार खेल रहे बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में मिले आराम , गंभीर की राय



**नई दिल्ली।** पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर का मानना है कि भारतीय टीम प्रबंधन को तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का पूरा ख्याल रखना चाहिए और जरूरत पड़ने पर इंग्लैंड के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला में उसे आराम दिया जाना चाहिए। इंडियन प्रीमियर लीग से लगातार पांच महीने से खेल रहे बुमराह चोट के कारण आस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिसबेन में निर्णायक चौथा टेस्ट नहीं खेल पाएंगे। उनके पेट की मांसपेशी में खिंचाव आ गया है। गंभीर का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ पांच फरवरी से चेन्नई में शुरू हो रही श्रृंखला में बुमराह को सारे मैच खेलने के लिए मजबूर करना ज्यादती होगी।

## अश्विन ही ले सकते हैं 800 विकेट, लियोन उतने काबिल नहीं : मुरलीधरन

**सिडनी।** महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन का मानना है कि मौजूदा पीढी के स्पिनरों में सिर्फ रविचंद्रन अश्विन ही 700 . 800 विकेट तक पहुंच सकते हैं और आस्ट्रेलिया के नाथन लियोन वहां तक पहुंचने के काबिल नहीं हैं। मुरलीधरन के नाम टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक 800 विकेट हैं जबकि शेन वॉर्न (708) दूसरे और अनिल कुंबले (619) तीसरे स्थान पर हैं। मुरलीधरन ने लंदन के टेलीग्राफ अखबार के लिए माइकल वॉन के कॉलम में कहा , अश्विन के पास मौका है क्योंकि वह बेहतरीन गेंदबाज है। उनके अलावा कोई और गेंदबाज 800 तक नहीं पहुंच सकता। नाथन लियोन में वह काबिलियत नहीं। वह 400 विकेट के करीब है लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए काफी मैच खेलने होंगे।

### इंग्लैंड के क्रिकेटर मोइन अली कोरोना के नए स्ट्रेन के पॉजिटिव

**कोलंबो।** श्रीलंका के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि कोविड-19 का नया वैरिएंट उनके देश में प्रवेश कर चुका है और साथ ही उन्होंने बताया कि इंग्लैंड के क्रिकेटर मोईन अली का जब यहां परीक्षण किया गया तो उन्हें वायरस के नए स्ट्रेन के लिए पॉजिटिव पाया गया। इंग्लैंड क्रिकेट टीम इस समय दो टेस्ट श्रृंखला के लिए श्रीलंका का दौरा कर रही है। स्वास्थ्य सेवाओं के उप महानिदेशक हेमंत हेराथ ने बुधवार को बताया कि अली को चार जनवरी को पॉजिटिव पाया गया था। श्रीलंका में मार्च के मध्य से कोरोना वायरस के फैलने के बाद 50,200 मामले सामने आए हैं और 247 लोगों की मौत हो चुकी है। चार अक्टूबर के बाद से ही करीब 47,000 मामले सामने आए हैं।

# थाईलैंड ओपन में भारतीय चुनौती खत्म



## साइना हारी ,चोटिल श्रीकांत मैच से हटे

**भाषा ।** बैंकॉक

भारत की स्टार शटलर साइना नेहवाल गुरुवार को महिला एकल के दूसरे दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरंगफान से हारकर थाईलैंड ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। भारत के अन्य खिलाड़ियों के लिए भी गुरुवार का दिन अच्छा नहीं रहा जिससे इस टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। साइना पहला गेम जीतने में सफल रही लेकिन इसके बाद वह लय बरकरार नहीं रख पाई और 68 मिनट तक चले मैच में 23-21, 14-21, 16-21 से हार गई। यह विश्व में 12वीं रैंकिंग की बुसानन के हाथों साइना की लगातार चौथी हार है। पुरुष एकल में विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत को दाएं पांव की पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण आठवीं वरीयता प्राप्त मलेशियाई ली जी जिया को वाकओवर देना पड़ा। इससे पहले पुरुष युगल में भारत के सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी इंडोनिशया के मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान से 19-21, 17-21 से हारकर बाहर हो गए। भारत की निगाहें अब सात्विक और उनकी मिश्रित युगल जोड़ीदार अश्विनी पोनप्पा पर टिकी थी लेकिन उन्हें भी हांगकांग के चांग ताक चिंग और नग विंग यंग से 12-21, 17-21 से हार झेलनी पड़ी जिससे इस टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। साइना और बुसानन के बीच लंबी रैलियां देखने को मिली लेकिन थाई खिलाड़ी ने अच्छे शॉट लगाए जिनका उन्हें फायदा मिला। पहले गेम में साइना एक समय 6-5 से आगे चल रही थी लेकिन ब्रेक तक बुसानन 11-9 से बढ़त पर थी। साइना ने हालांकि इसके बाद वापसी की और 17-17 से स्कोर बराबर करने के बाद अपनी प्रतिद्वंद्वी को बराबरी की टक्कर दी। बुसानन का ढीला रिटर्न नेट पर उलझने के कारण साइना ने पहला गेम अपने नाम किया।

## श्रीलंका 135 रन पर ढेर, शुरुआती झटकों से उबरा इंग्लैंड

**भाषा ।** गॉल

ऑफ स्पिनर डॉम बेस के अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से श्रीलंका को सस्ते में समेटने के बाद इंग्लैंड ने शुरुआती झटकों से उबरकर पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में पहले दिन ही अपनी स्थिति मजबूत कर ली। बेस ने 30 रन देकर पांच विकेट लिए और पहले बल्लेबाजी का फैसला करने वाले श्रीलंका को 135 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। इंग्लैंड ने इसके जवाब में पहले दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 127 रन बनाए हैं और वह श्रीलंका से केवल आठ रन पीछे है। इंग्लैंड की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर दो विकेट पर 17 रन था। कप्तान जो रूट (नाबाद 66) और जॉनी बेयरस्टॉ (नाबाद 47) ने यहां से बखूबी जिम्मेदारी संभाली। ए दोनों तीसरे विकेट के लिए अब तक 110 रन जोड़ चुके हैं। श्रीलंका ने बाएं हाथ के स्पिनर लेसिथ इम्बुलडेनिया से गेंदबाजी की शुरुआत कराई और उन्होंने दोनों सलामी बल्लेबाजों डॉम सिब्ले (चार) और जॉक क्राउले (नौ) को आउट करके इसे सही साबित भी किया।

## उप्र की लगातार तीसरी हार, पंजाब का विजय अभियान जारी

**मुश्ताक अली ट्राफी**



**भाषा ।** बेंगलुरू

बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन से उत्तर प्रदेश को सैयद मुश्ताक अली ट्राफी टी20 टूर्नामेंट के ग्रुप ए में गुरुवार को यहां लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा जबकि पंजाब ने अपना विजय अभियान जारी रखकर नाकआउट में जगह बनाने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। जम्मू कश्मीर ने मुज्तबा युसुफ (14 रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी और अब्दुल समद (नाबाद 54) के अर्धशतक की मदद से उत्तर प्रदेश को 30 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाई गई उत्तर प्रदेश की टीम निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 124 रन ही बना पाई। सुरेश रैना खाता भी नहीं खोल सके। कप्तान प्रियम गर्ग ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। जम्मू कश्मीर ने 15 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। समद ने शुभम खजूरिया (नाबाद 34) रन के साथ तीसरे विकेट के लिए 89 रन की अटूट साझेदारी की। उधर पंजाब ने अभिषेक शर्मा (62 गेंदों पर 107) के शतक तथा हरप्रीत बरार के चार विकेट की मदद से रेलवे को 117 रन से पराजित किया। पंजाब को पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर अभिषेक और प्रभसिमरन सिंह (39 गेंदों पर 63) ने पहले विकेट के लिए 129 रन जोड़कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। अभिषेक ने अपनी पारी में पांच चौके और नौ छक्के जबकि प्रभसिमरन ने दो चौके और छह छक्के लगाए। पंजाब ने चार विकेट पर 200 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और फिर रेलवे को 17.1 ओवर में 83 रन पर ढेर कर दिया। हरप्रीत बरार ने 22 रन देकर चार और अर्शदीप सिंह ने 16 रन देकर तीन विकेट लिए। पंजाब की यह लगातार तीसरी जीत है जिससे उसके 12 अंक हो गए हैं और वह ग्रुप ए में शीर्ष पर है। जम्मू कश्मीर, कर्नाटक और रेलवे के आठ-आठ अंक हैं। कर्नाटक ने एक अन्य मैच में त्रिपुरा को 10 रन से हराया। देवदत्त पडिक्कल (67 गेंदों पर नाबाद 99, नौ चौके, चार छक्के) को शतक पूरा करने का मौका नहीं मिला लेकिन उनकी पारी से कर्नाटक ने पांच विकेट पर 167 रन बनाए।

## मदर डेयरी ने मिठाई पोर्टफोलियो का विस्तार किया, 100 करोड़ रु. के कारोबार का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में दूध की प्रमुख आपूर्तिकर्ता मदर डेयरी ने अपने मिठाइयों के कोरबार में पोर्टफोलियो (उत्पाद सूची) का विस्तार किया है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मदर डेयरी का अगले दो से तीन साल में अपने मिठाई पोर्टफोलियो से 100 करोड़ रुपए के कारोबार का लक्ष्य है। जोशी ने कहा, भारतीय डेयरी और बागवानी पारिस्थितिकी तंत्र का ग्रामीण अर्थव्यवस्था की समृद्धि में बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि बागवानी के इन उत्पादों को झारखंड के आदिवासियों से खरीदा जाएगा। इससे उन्हें नया बाजार मिलेगा और उनकी आजीविका पर सकारात्मक असर पड़ेगा। कंपनी ने कहा है कि वह इस नए खंड में 100 करोड़ रुपए की बिक्री का लक्ष्य लेकर चल रही है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी मदर डेयरी फ्रूट एंड वेजिटेबल प्राइवेट लिमिटेड ने मिठाई के दो नए संस्करण मथुरा पेड़ा और मेवा आटा लड्डू पेश किए हैं।

### सेल की बिक्री पेशकश को पहले दिन 3.6 गुना अभिदान मिला, सरकार करेगी ग्रीशू विकल्प का इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि. (सेल) में सरकार की पांच प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री पेशकश (ओएफएस) को बृहस्पतिवार को पहले दिन 3.6 गुना अभिदान मिला। दो दिन की यह पेशकश शुक्रवार को भी खुली रहेगी। निवेशकों की जोरदार प्रतिक्रिया के चलते सरकार ने ग्रीन-शू विकल्प को अपनाने का फैसला किया है, जिसके तहत अधिक बोलियां आने पर 20.65 करोड़ शेयर या पांच प्रतिशत हिस्सेदारी की और पेशकश की जाएगी।

### सिग्नल, टेलीग्राम के उभार से व्हाट्सऐप की वृद्धि पर लगी लगाम

**ओकलैंड।** गोपनीयता की नीति को लेकर हालिया विवाद के बाद फेसबुक के स्वामित्व वाले इंस्टैंट मैसेजिंग ऐप व्हाट्सऐप की वृद्धि पर लगाम लग गई है, जबकि प्रतिस्पर्धी सिग्नल और टेलीग्राम को इससे उभार मिला है। एप्पल और गूगल के ऐप स्टोर से हालिया दिनों में इन दोनों प्रतिस्पर्धी एनक्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप का डाउनलोड बढ़ा है। एक विश्लेषण में यह जानकारी सामने आई है। मोबाइल ऐप का विश्लेषण करने वाली कंपनी सेंसर टावर ने बुधवार को बताया कि पांच जनवरी से 12 जनवरी के दौरान एप्पल व गूगल के ऐप स्टोर से सिग्नल को 178 लाख बार डाउनलोड किया गया है। इससे पहले के सप्ताह के 2.85 लाख डाउनलोड की तुलना में यह 61 गुना वृद्धि है। इसी तरह पहले से ही खासे लोकप्रिय मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम को पांच जनवरी से 12 जनवरी के दौरान 157 लाख बार डाउनलोड किया गया है, जो इससे एक सप्ताह पहले के 76 लाख डाउनलोड की तुलना में लगभग दोगुना है।

### गूगल ने व्यक्तिगत ऋण ऐप को प्ले स्टोर से हटाया

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल ने भारत में सैकड़ों की संख्या में व्यक्तिगत ऋण ऐप की समीक्षा की है और इनमें से कई को अपने प्ले स्टोर से हटा दिया है। प्रयोगकर्ताओं और सरकारी एजेंसियों ने कंपनी से इन ऐप को लेकर चिंता जताई थी। गूगल ने बृहस्पतिवार कहा कि जो ऐप उपयोक्ता सुरक्षा नीतियों का उल्लंघन कर रही थीं, उन्हें तत्काल प्ले स्टोर से हटा दिया गया है।

# 6.5 प्रतिशत रहेगी भारत की वृद्धि दर : फिच




## शुरुआती पुनरोद्धार के बाद मध्यम अवधि में सुस्त पड़ी अर्थव्यवस्था

**भाषा ।** नई दिल्ली

भारतीय अर्थव्यवस्था को कोरोना वायरस महामारी का प्रभाव लंबे समय तक झेलना होगा। फिच रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगले वित्त वर्ष (2021-22) में भारतीय अर्थव्यवस्था 11 प्रतिशत की अच्छी वृद्धि दर्ज करेगी। लेकिन उसके बाद भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सुस्त पड़ेगी। फिच का अनुमान है कि यह संकट समाप्त होने के बाद भी भारत की वृद्धि दर महामारी से पूर्व के स्तर से नीचे रहेगी। फिच की रिपोर्ट भारत मध्यम अवधि की सुस्त वृद्धि की राह पर में कहा गया है कि अगले वित्त वर्ष में अच्छी वृद्धि दर्ज करने के बाद वित्त वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर सुस्त पड़कर 6.5 प्रतिशत रहेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था पर टिप्पणी में फिच रेटिंग्स ने कहा, आपूर्ति पक्ष के साथ मांग पक्ष की अड़चनों...मसलन वित्तीय क्षेत्र की कमजोर स्थिति की वजह से भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर महामारी के पूर्व के स्तर से नीचे रहेगी। फिच ने कहा कि कोरोना वायरस की वजह से भारत में मंदी की स्थिति दुनिया में सबसे गंभीर है। सख्त लॉकडाउन और सीमित वित्तीय समर्थन की वजह से ऐसी स्थिति बनी है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अर्थव्यवस्था की स्थिति अब सुधर रही है। अगले कुछ माह के दौरान वैक्सीन आने की वजह से इसे और समर्थन मिलेगा। हमारा अनुमान है कि 2021-22 में भारतीय अर्थव्यवस्था 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करेगी। चालू वित्त वर्ष 2020-21 में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 9.4 प्रतिशत की गिरावट आएगी।

### प्याज, आलू सस्ता होने से दिसंबर में थोक मुद्रास्फीति घटकर 1.22 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** प्याज और आलू की कीमतें घटने से दिसंबर, 2020 में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति घटकर 1.22 प्रतिशत पर आ गई है। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ो मे यह जानकारी दी गई है। नवंबर, 2020 में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मद्रास्फीति 1.55 प्रतिशत पर थी। दिसंबर, 2019 में यह 2.76 प्रतिशत पर थी। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा जारी आंकड़ो के अनुसार डब्ल्यूपीआई खाद्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति की दर नवंबर, 2020 में 4.27 प्रतिशत पर थी, जो दिसंबर में घटकर 0.92 प्रतिशत रह गई। थोक आधार पर दिसंबर मे सब्जियो के दाम 13.2 प्रतिशत घट गए। इससे पिछले महीने सब्जियां 12.24 प्रतिशत महंगी हुई थी।

### लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में रुपए में तेजी, डॉलर के मुकाबले 11 पैसे चढ़ा

**मुंबई।** डोलर के मुकाबले रुपए में लगाजार तीसरे दिन भी तेजी रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों के सतत निवेश और डॉलर के कमजोर होने के कारण विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे बृहस्पतिवार को रुपया 11 पैसे सुधर कर प्रति डॉलर 73.04 पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे रुपया 73.18 पर खुला और कारोबार के दौरान 72.97 से 73.18 के दायरे मे रहा। कारोबार के अंत मे यह अपने पिछले बंद के मुकाबले 11 पैसे की तेजी दर्शाता 73.04 पर बंद हुआ। विगत तीन कारोबारी सत्रो मे डॉलर के मुकाबले रुपए मे 36 पैसे की तेजी आई है।


### मोदी शनिवार को स्टार्टअप इंडिया अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को स्टार्टअप से बातचीत करेंगे और वाणिज्य तथा उद्योग मंत्रालय द्वारा आयोजित वैश्विक सम्मेलन को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि मोदी 16 जनवरी को शाम पांच बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए स्टार्टअप से बात करेंगे और सम्मेलन को संबोधित करेंगे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार प्रारंभ: स्टार्टअप इंडिया अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 15 और 16 जनवरी 2021 को किया जाएगा।

# सेंसेक्स और निफ्टी का नया रिकॉर्ड

## आईटी शेयरों में बिकवाली के बीच टीसीएस का शेयर मजबूत

**भाषा ।** मुंबई




शेयर बाजारों का रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला बृहस्पतिवार को फिर शुरू हुआ। हालांकि, बाजार में आईटी शेयरों में मुनाफावसूली का सिलसिला चला लेकिन टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर में लाभ से इसकी भरपाई हो गई और सेंसेक्स 92 अंक चढ़कर अपने नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में बढ़त तथा रुपए में सुधार से स्थानीय बाजार लाभ के साथ बंद हुए।
बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती गिरावट से उबरकर 91.84 अंक या 0.19 प्रतिशत के लाभ से 49,584.16 अंक पर बंद हुआ। यह इसका नया सर्वकालिक उच्चस्तर है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 30.75 अंक या 0.21 प्रतिशत के लाभ से 14,595.60 अंक के नए रिकॉर्ड पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टीसीएस का शेयर सबसे अधिक 2.89 प्रतिशत चढ़ गया। इंडसइंड बैंक, एलएंडटी, आईटीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और सन फार्मा के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर एचसीएल टेक, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, इन्फोसिस और टेक महिंद्रा के शेयरों में गिरावट आई। इन्फोसिस का दिसंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 16.6 प्रतिशत बढ़कर 5,197 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। वहीं विप्रो का भी तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 21 प्रतिशत बढ़कर 2,968 करोड़ रुपए रहा है। दोनों कंपनियों के तिमाही नतीजे बुधवार को आए थे।

## बेंगलुरु सबसे तेजी से आगे बढ़ता प्रौद्योगिकी केंद्र, मुंबई छठे स्थान पर : रिपोर्ट

**लंदन।** बेंगलुरु दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में उभरा है। लंदन में बृहस्पतिवार को जारी एक ताजा शोध के अनुसार 2016 से बेंगलुरु दुनिया का सबसे तेजी से आगे बढ़ता परिपक्व प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र रहा है। इस सूची में बेंगलुरु के बाद यूरोपीय शहरों....लंदन, म्यूनिख, बर्लिन और पेरिस का नंबर आता है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई सूची में छठे स्थान पर है। लंदन एंड पार्टनर्स ने डीलरूम.कॉम के आंकड़ों का विश्लेषण किया है। आंकड़ों के अनुसार कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में निवेश 2016 के 1.3 अरब डॉलर से 5.4 गुना बढ़कर 2020 में 7.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में इसी अवधि में निवेश 1.7 गुना बढ़कर 70 करोड़ डॉलर से 1.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। ब्रिटेन की राजधानी लंदन में निवेश तीन गुना बढ़कर 3.5 अरब डॉलर से 10.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया है।

## मिलिंद, किरण और एडवर्ड यूएसआईबीसी के बोर्ड में शामिल

**वाशिंगटन।** तीन शीर्ष कॉरपोरेट हस्तियों एमवे के सीईओ मिलिंद पंत, बायोकॉन की कार्यकारी अध्यक्ष किरण मजूमदार शॉ और नैस्डैक के एडवर्ड नाइट को अमेरिका भारत व्यापार परिषद (यूएसआईबीसी) के वैश्विक निदेशक मंडल में वाइस चेयर के रूप मे शामिल किया गया है।

## भारत का वाहन निर्यातं 18.87 प्रतिशत कम हुआ: सिआम

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस महामारी से प्रभावित वर्ष 2020 मे भारत से वाहनो का निर्यात 18.87 प्रतिशत कम हो गया। वाहन विनिर्माता कंपनियो के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्यूफैक्चरर्स (सिआम) के आंकड़ो मे इसकी जानकारी मिली। सिआम ने कहा कि पिछले साल भारत से 38,65,138 वाहनो का निर्यात किया गया, जबकि 2019 मे 47,63,960 वाहनों का निर्यात किया गया था।

## 600 जिलों में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का तीसरा चरण आज से

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई 3.0) का तीसरा चरण शुक्रवार को शुरू होगा। सरकार की कौशल प्रदान करने की इस प्रमुख योजना का तीसरा चरण देश के सभी राज्यो के 600 जिलो मे शुरू होने जा रहा है। पीएमकेवीवाई 3.0 के तहत योजना की 2020-21 की अवधि के दौरान आठ लाख लोगो को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसपर 948.90 करोड़ रुपए खर्च होंगे। बृहस्पतिवार को जारी एक आधिकारिक बयान मे कहा गया है कि कौशल एवं उद्यमिता मंत्रालय की अगुवाई वाले इस कार्यक्रम के तीसरे चरण में नई-पीढ़ी और कोविड से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान पर ध्यान दिया जाएगा।

# प्रतिनिधि सभा ने ट्रंप के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित किया

## ● 10 रिपब्लिकन ने भी दिया डेमोक्रेट सदस्यों का साथ

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका के** इतिहास में डोनाल्ड ट्रंप पहले ऐसे राष्ट्रपति हो गए हैं, जिनके खिलाफ दो बार महाभियोग चलाया गया है। पिछले सप्ताह कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) में हुई हिंसा को भड़काने को लेकर उन्हें आरोपित करने की कार्यवाही में 10 रिपब्लिकन सांसदों ने भी अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में डेमोक्रेट सदस्यों का साथ दिया। डेमोक्रेटिक पार्टी के नियंत्रण वाली प्रतिनिधि सभा ने बुधवार को ट्रंप के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को 197 के मुकाबले 232 मतों से पारित किया था। रिपब्लिकन लिज चेनी सहित पार्टी के 10 सांसदों ने भी ट्रंप के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही में डेमोक्रेट सदस्यों का साथ दिया।

इस महाभियोग प्रस्ताव में निर्वतमान राष्ट्रपति ट्रंप पर अपने बयानों के जरिए छह जनवरी को समर्थकों को विद्रोह के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया है। इसमें कहा गया है कि ट्रंप ने अपने समर्थकों को कैपिटल बिल्डिंग (संसद भवन) की घेराबंदी करने के लिए तब उकसाया, जब वहां निर्वाचक मंडल के मतों की गिनती चल रही थी और उनके समर्थकों के धावा बोलने की वजह से यह प्रक्रिया बाधित हुई। इस घटना में एक पुलिस अधिकारी समेत पांच लोगों की मौत हो गई। अब महाभियोग प्रस्ताव को अब सीनेट में भेजा जाएगा, जो ट्रंप को पद से हटाने के लिए सुनवाई करेगी और मतदान करेगी। सीनेट 19 जनवरी तक के लिए स्थगित है। इसके एक दिन बाद 20 जनवरी को जो बाइडन अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे।

भारतीय मूल के चारों अमेरिकी सांसदों एमी बेरा, रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति और प्रमिला जयपाल ने महाभियोग के समर्थन में मतदान किया। इससे पहले, प्रतिनिधि सभा ने मंगलवार को एक प्रस्ताव पारित करके देश के निवर्तमान उपराष्ट्रपति माइक पेंस से अपील की थी कि वह निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पद से हटाने के लिए 25वां संशोधन लागू करें। हालांकि, पेंस ने ट्रंप को उनके पद से हटाने के लिए 25 वें संशोधन को लागू करने से मंगलवार को इनकार कर दिया था। ट्रंप को अपना कार्यकाल समाप्त होने से पहले व्हाइट हाउस नहीं छोड़ना पड़ेगा, क्योंकि सीनेट का नियमित सत्र अभी नहीं चल रहा है और नियमित सत्र से पहले सत्र आरंभ करने के लिए सीनेट को सर्वसम्मति की आवश्यकता होगी। यह संशोधन अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी की हत्या के मद्देनजर 50 साल से अधिक समय पहले पारित किया गया था। यदि कोई व्यक्ति राष्ट्रपति पद पर सेवा देने के लिए उपयुक्त नहीं रह जाता, तो उसकी जगह किसी और की नियुक्त किए जाने का प्रावधान करने के लिए इस संशोधन का उपयोग किया जाता है। ट्रंप के अलावा राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने वाले जिन नेताओं के खिलाफ महाभियोग चलाया गया था, जिनमें एंड्रियू जॉनसन (1868) और बिल क्लिंटन (1998) शामिल हैं, लेकिन किसी को दोषी नहीं करार दिया गया। संसद के निचले सदन में कई घंटों की चर्चा के बाद मतदान हुआ था और नेशनल गार्ड के सैनिकों को कैपिटल के अंदर और बाहर तैनात रखा गया था। प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी ने कहा, हम जानते हैं कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने हमारे देश के खिलाफ यह सशस्त्र विद्रोह भड़काया। उन्हें पद से हटाया जाना चाहिए। शीर्ष डेमोक्रेट नेता ने कहा, ट्रंप राष्ट्र के लिए एक स्पष्ट और मौजूदा खतरा हैं।

पेलोसी ने कहा, मेरा मानना है कि राष्ट्रपति को सीनेट द्वारा अवश्य ही दोषी ठहराया जाना चाहिए,यह एक संवैधानिक कदम है जो यह सुनिश्चित करेगा कि इस व्यक्ति से गणराज्य (देश) सुरक्षित रहेगा जो हमारी साझा विरासत को तहस-नहस करने को आमादा है। महाभियोग प्रस्ताव में कहा गया है कि ट्रंप ने बार-बार झूठे बयान जारी करते हुए इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों में गडबड़ी हुई है और इसे स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। इसमें कहा गया है, राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका की सुरक्षा और सरकार नाम की संस्था को गंभीर खतरे में डाल दिया, लोकतांत्रिक प्रणाली की सत्यनिष्ठा को खतरा पैदा किया और शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण में हस्तक्षेप किया। इस बड़े राजनीतिक घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने उम्मीद जताई कि सीनेट अन्य अहम मुद्दों पर काम करते हुए ट्रंप के खिलाफ महाभियोग कार्यवाही करने में सक्षम रहेगी।

डेमोक्रेटिक नेता बाइडन ने रिपब्लिकन नेता ट्रंप के खिलाफ प्रतिनिधि सभा में महाभियोग प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद एक बयान में कहा, यह आपराधिक हमला पूर्वनियोजित और समन्वित था। इसे उन राजनीतिक अतिवादियों और घरेलू आतंकवादियों ने अंजाम दिया, जिन्हें ट्रंप ने भड़काया था। यह अमेरिका के खिलाफ सशस्त्र राजद्रोह था और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। बाइडन ने कहा कि प्रतिनिधि सभा के सदस्यों ने अमेरिकी संविधान के तहत उन्हें मिले अधिकार का इस्तेमाल किया और राष्ट्रपति को जवाबदेह बनाने एवं उनके खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए मतदान किया। बाइडन ने कहा, हमारा देश कोरोना वायरस महामारी से जूझ रहा है और अर्थव्यवस्था पर इसका असर पड़ा है। मुझे उम्मीद है कि सीनेट का नेतृत्व इस देश के लिए आवश्यक मामलों पर काम करते हुए महाभियोग की सुनवाई करेगा। जब प्रतिनिधि सभा में महाभियोग संबंधी कार्यवाही चल रही थी, तब ट्रंप ने बाइडन के शपथ ग्रहण समारोह से पहले देशभर में हथियारबंद हिंसा की आशंकाओं के बीच अपने समर्थकों से शांति बनाए रखने की अपील की। ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस द्वारा जारी बयान में कहा, और प्रदर्शन हो सकने की खबरों के मद्देनजर, मैं अपील करता हूं कि कोई हिंसा न हो, कोई कानून न तोड़ा जाए और किसी प्रकार की तोड़-फोड़ न की जाए। सदन में बहुमत के नेता स्टेनी होयर ने कहा कि राष्ट्रपति ने जो काम किया, उसके खिलाफ संसद की ओर से तत्काल कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। सीनेट में बहुमत के नेता मिच मैकोनल ने यह नहीं बताया कि सदन में सुनवाई किस तारीख को होगी, लेकिन उन्होंने एक बयान में कहा कि बाइडन के राष्ट्रपति पद संभालने से पहले ऐसा होने की संभावना नहीं है।



न्यूयार्क कैपिटल सेंटर में नेशनल गार्ड अपनी जिम्मेदारी को संभालने जाते हुए

# ट्रंप ने कैपिटल हिल हमले की स्पष्ट रूप से निंदा की

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) पर पिछले सप्ताह हुए हमले की बृहस्पतिवार को स्पष्ट रूप से निंदा की और कहा कि इस तरह की हिंसा को लेकर कोई सफाई नहीं दी जा सकती।

व्हाइट हाउस के ओवल कार्यालय में रिकॉर्ड किए गए एक वीडियो में ट्रंप ने कहा, हिंसा और बर्बरता की हमारे देश में कोई जगह नहीं है... और न ही हमारी मुहिम में इसके लिए कोई स्थान है।

राष्ट्रपति ने कहा, अमेरिका को फिर से महान बनाने का अभियान हमेशा से कानून के शासन का बचाव करने, कानून लागू करने वाली एजेंसियों से जुड़े पुरुषों तथा महिलाओं का सहयोग करने और देश की सबसे पवित्र परंपराओं एवं मूल्यों को बनाए रखने से जुड़ा रहा है। उन्होंने कहा, यूएस कैपिटल पर हुए हमले ने हमारे गणतंत्र को ठेस पहुंचाई है। इसने करोड़ों अमेरिकियों को दुखी और नाराज किया है, चाहे वे किसी भी राजनीतिक दल में विश्वास रखते हों। मैं पिछले सप्ताह हुए हमले की स्पष्ट रूप से निंदा करता हूं। उन्होंने कहा, भीड़ द्वारा हिंसा करना, उन सभी चीजों के खिलाफ है, जिन पर मेरा विश्वास है। मेरा सच्चा समर्थक कभी ऐसी राजनीतिक हिंसा का समर्थन नहीं करेगा। मेरा सच्चा समर्थक कभी कानून या हमारे अमेरिका के महान झंडे का निरादर नहीं करेगा। मेरा कोई समर्थक कभी अपने साथी अमेरिकियों को डराएगा या धमकाएगा नहीं। ट्रंप ने कहा कि निश्चित तौर पर कोविड-19 की वजह से पिछला साल मुश्किलों भरा था और देश ने राजनीतिक हिंसा को अनियंत्रित होते भी देखा।उन्होंने कहा, हमने कई दंगे, कोलाहल करने वाली भीड़, डराने-धमकाने और तबाही मचाने के कई कृत्य देखे। इसे निश्चित रूप से रोकना होगा। ट्रंप ने कहा, चाहे आप, दक्षिणपंथी हों या वामपंथी, डेमोक्रेट हों या रिपब्लिकन, हिंसा की कोई सफाई नहीं दी जा सकती। कोई बहाना नहीं दिया जा सकता, कोई छूट नहीं दी जा सकती। पिछले सप्ताह हिंसा में शामिल सभी लोगों पर कानूनी कार्वाई की जाएगी। राष्ट्रपति ने कहा कि वह उनके एजेंडे में विश्वास रखने वाले सभी लोगों से देश में शांति बनाए रखने में मदद करने की भी अपील करते हैं।

## ट्विटर के सीईओ ने ट्रंप पर लगे प्रतिबंध का बचाव किया

**सैन फ्रांसिस्को ( अमेरिका )।** ट्विटर के सीईओ जैक डोर्सी ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कंपनी द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अकाउंट पर प्रतिबंध लगाने के निर्णय का बचाव किया है और इसे सही फैसला बताया है।हालांकि, उन्होंने आगाह किया कि यह एक खतरनाक उदाहरण कायम कर सकता है। डोर्सी ने कहा कि यह प्रतिबंध ˆवैश्विक सार्वजनिक बातचीतै के लिए एक खुली और स्वस्थ जगह बनाने में ट्विटर की ˆविफलतौ को दिखाता है। हालांकि कंपनी के सह-संस्थापक ने यह नहीं बताया कि ट्विटर या ऐसी अन्य बड़ी कंपनियां भविष्य में इस तरह के विकल्पों से कैसे बच सकती हैं।

# यूट्यूब ने ट्रंप के चैनल पर सात दिनों के लिए अस्थाई रोक लगाई

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका में** हिंसा की आशंका के मद्देनजर सोशल मीडिया मंच यूट्यूब ने अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चैनल पर सात दिनों के लिए अस्थाई रोक लगा दी है और तब तक चैनल पर कोई नया वीडियो अपलोड नहीं किया जा सकता।इससे पहले ट्विटर और फेसबुक ट्रंप के अकाउंट को स्थाई रूप से बंद कर चुके हैं, जिसके बाद अब यूट्यूब ने यह कदम उठाया है।यूट्यूब ने एक बयान में कहा, सावधानीपूर्वक समीक्षा करने के बाद और हिंसा की आशंका को देखते हुए हमने डोनाल्ड जे. ट्रंप चैनल पर अपलोड किए नए वीडियो हटा दिए हैं और हिंसा भड़काने के खिलाफ हमारी नीतियों के उल्लंघन को लेकर स्ट्राइक (नोटिस) जारी की है। सोशल मीडिया कंपनी ने कहा, लंबे समय से चली आ रही नीतियों के तहत चैनल पर अब कम से कम सात दिनों के लिए नए वीडियो अपलोड नहीं किए जा सकेंगे, इसे बढ़ाया भी जा सकता है और न ही लाइवस्ट्रीम की सुविधा उपलब्ध होगी। यूट्यूब ने कहा, हम लोग चैनल पर मौजूद वीडियो पर कमेंट करने के विकल्प को भी अनिश्चित काल के लिए हटाने जा रहे हैं। सुरक्षा के लिहाज से इस तरह के मामलों में हमने पहले भी ऐसे कदम उठाए हैं। ट्रंप के यूट्यूब चैनल पर 26.8 लाख सब्सक्राइबर हैं। यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद) में छह जनवरी को ट्रंप समर्थकों द्वारा की गई हिंसा के बाद यूट्यूब ने राष्ट्रपति की रैली से संबंधित कई वीडियो भी हटा दिए थे।



युगांडा के कंपला में राष्ट्रपति चुनाव में मतदान को लेकर अपने मतों का प्रयोग करने के लिए पहुंचे लोग

## क्विक न्यूज

### ईरान ने नौसेना अभ्यास के दौरान क्रूज मिसाइलें दागी

**तेहरान।** ईरान ने ओमान की खाड़ी में नौसेना अभ्यास के तहत बृहस्पतिवार को क्रूज मिसाइले दागी। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। ईरान ने अमेरिका के साथ तनाव बढ़ने के बीच ए मिसाइले दागी है। ईरान के सरकारी मीडिया की खबर में कहा गया है कि सतह से सतह पर मार करने वाली क्रूज मिसाइलो ने खाड़ी और हिंद महासागर के उत्तरी हिस्सो में विभिन्न लक्ष्यों को निशाना बनाया। नौसेना अभ्यास के प्रवक्ता हामजे अली कावीयानी ने कहा, दुश्मनों को यह जानना चाहिए कि ईरानी समुद्री सीमा के किसी भी उल्लंघन का जवाब समुद्र तट से और समुद्र से क्रूज मिसाइलो के जरिए दिया जाएगा। ईरानी नौसेना द्वारा जारी की गई तस्वीरों में यह प्रदर्शित होता है कि मिसाइले दागी जा रही है और वे अपने लक्ष्य को भेद रही है।

### संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत और ताइवान की राष्ट्रपति ने डिजिटल बैठक की

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र मे अमेरिकी राजदूत केली क्राफ्ट की ताइवान की प्रस्तावित यात्रा रद्द हो गई है लेकिन उन्होंने बुधवार रात ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन से डिजिटल माध्यम से बातचीत की और उनसे कहा कि अमेरिका हमेशा ताइवान के साथ खड़ा रहेगा। क्राफ्ट अगले सप्ताह राष्ट्रपति के साथ पद छोड़ेंगी, लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई कि वह जल्द स्वशासित द्वीपीय देश का भ्रमण करेंगी। उन्होने ताइवान को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और लोकतंत्र के लिए प्रकाशपुंज कहा।पिछले सप्ताह घोषणा की गई थी कि क्राफ्ट ताइवान की यात्रा करेंगी जिसके बाद बीजिंग ने आलोचना की थी और चेतावनी दी थी कि अमेरिका को उसके कृत्यो के लिए भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। चीन ताइवान को अपने से अलग हुआ प्रांत करार देता है और उसने इस द्वीपीय क्षेत्र को अपने नियंत्रण मे लाने की धमकियां तेज कर दी हैं।

### उत्तरी माली में हमले में तीन शांतिरक्षकों की मौत, छह घायल

**बमाको (माली)।** उत्तरी माली के टिम्बुक्टू क्षेत्र मे अज्ञात बंदूकधारियो के हमले मे आइवरी कोस्ट के तीन संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षकों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। शांतिरक्षकों का वाहन हमलावरों द्वारा बिछाए गए आईडी के चपेट में आ गया था। माली स्थित संयुक्त राष्ट्र मिशन और आइवरी कोस्ट की सेना ने यह जानकारी दी।मिशन ने एक बयान मे कहा कि बामाबारा-माउदे शहर के उत्तर में लगभग 20 किलोमीटर (12 मील) की दूरी पर स्थित डाउएंटजा और टिबुक्टू के पास बुधवार को एक सुरक्षा अभियान के दौरान ये मौतें हुईं। मिशन ने कहा कि हमलावर घटनास्थल से भाग गए। संयुक्त राष्ट्र के मिशन के प्रमुख एवं संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत महामत सालेह अन्नादिफ ने इस हमले की निंदा की।उन्होंने कहा, ऐसे समय मे जब माली को संकट से बाहर लाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं, मै राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बलों के साथ-साथ असैन्य आबादी के खिलाफ इन हमलो को लेकर बहुत दुखी हूं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने इस हमले की कड़ी निंदा की और जोर दिया कि संयुक्त राष्ट्र के शांतिरक्षकों पर हमले युद्ध अपराध है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा, उन्होंने (गुतारेस ने) माली के अधिकारियों से अपील की कि वे इस जघन्य हमले के अपराधियो की पहचान करने और उन्हे तुरंत कठोर सजा दिलाने मे कोई कसर न छोड़े।

### कोविड-19 महामारी के केंद्र का पता लगाने के लिए डब्ल्यूएचओ की टीम वुहान पहुंची

**बीजिंगावुहान।** कोरोना वायरस की उत्पत्ति का पता लगाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की टीम बृहस्पतिवार को चीन के वुहान पहुंची। वुहान शहर में ही सबसे पहले दिसंबर 2019 मे कोरोना वायरस संक्रमण सामने आया था और उसके बाद इसने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया था। चीन की आधिकारिक मीडिया ने खबर दी है कि डब्ल्यूएचओ के विशेषज्ञों की टीम कोविड-19 की उत्पत्ति का पता लगाने के लिए वुहान पहुंची है। यह टीम सिंगापुर से आई है और इसमे 10 विशेषज्ञ है।चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग (एनएचसी) के मुताबिक डब्ल्यूएचओ की टीम काम शुरू करने के पहले महामारी नियंत्रण के लिए देश के दिशा-निर्देशों के तहत पृथक-वास प्रक्रिया को पूरा करेगी। विशेषज्ञों के 14 दिनों तक पृथक-वास में रहने और कोविड-19 की जरूरी जांच कराए जाने की संभावना है।

### पाकिस्तान में हिंदू मंदिर को बचाने में लापरवाही दिखाने के आरोपी 12 पुलिस अधिकारी बर्खास्त

**पेशावर।** पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की सरकार ने यहां एक हिंदू मंदिर को बचाने में लापरवाही के दोषी पाए गए 12 पुलिस अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। एक चरमपंथी इस्लामी पार्टी के सदस्यों के नेतृत्व में भीड़ ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्थित इस मंदिर में आग लगा दी थी। सरकार ने घटना के सिलसिले में 33 पुलिस अधिकारियों की एक साल की सेवा भी निलंबित कर दी है।खैबर पख्तूनख्वा के करक जिले के तेरी गांव में 30 दिसंबर को भीड़ ने मंदिर पर हमला कर दिया था।

# ब्रिटेन की संसद में कश्मीर पर चर्चा में झूठे दावों की भारत ने की निंदा

## ● भारत ने कहा कि यह चर्चा एक तीसरे देश (पाकिस्तान) द्वारा किए गए झूठे दावों और अपुष्ट आरोपों पर आधारित थी

**भाषा।** लंदन

**लंदन में** संसद भवन परिसर में कश्मीर के मुद्दे पर चर्चा में कुछ सांसदों के भाग लेने पर निराशा प्रकट करते हुए भारत ने कहा कि यह चर्चा एक तीसरे देश (पाकिस्तान) द्वारा किए गए झूठे दावों और अपुष्ट आरोपों पर आधारित थी।

हाउस ऑफ कॉमन्स के वेस्टमिंस्टर हॉल में बुधवार की शाम कुछ ब्रिटिश सांसदों द्वारा आयोजित चर्चा का शीर्षक कश्मीर में राजनीतिक परिस्थिति था। लंदन में भारतीय उच्चायोग ने इस तरह के शब्दों के इस्तेमाल पर भी आपत्ति जताते हुए इन्हें अपने आप में समस्या वाला बताया। उच्चायोग ने एक बयान में कहा, शीर्षक में कश्मीर शब्द के इस्तेमाल के संदर्भ में : केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर, जो भारत का अभिन्न अंग है और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (जब पूर्ववर्ती कश्मीर राज्य को कानूनी तरीके से अक्टूबर 1947 में भारत में शामिल किया गया था, तो इस हिस्से को पाकिस्तान ने जबरन और अवैध तरीके से कब्जा लिया था) के बीच अंतर समझने की जरूरत है। उसने कहा, इस बात पर भी संज्ञान लिया गया कि जमीनी रूप से दिखने वाले तथ्यों और अद्यतन जानकारी के आधार पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध पर्याप्त प्रामाणिक जानकारी होने के बावजूद, भारत के केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के संदर्भ में, मौजूदा जमीनी हकीकत की अनदेखी की गई और एक तीसरे देश द्वारा किए जाने वाले झूठे दावों को प्रदर्शित किया गया जिनमें नरसंहार और हिंसा तथा प्रताड़ना जैसे अपुष्ट आरोप थे। ब्रिटेन की सरकार की ओर से चर्चा का जवाब देते हुए विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफडीसीओ) के मंत्री निगेल एडम्स ने यह आधिकारिक रुख दोहराया था कि ब्रिटेन को भारत-पाकिस्तान के द्विपक्षीय मामले में कोई मध्यस्थ भूमिका नहीं निभानी। हालांकि उन्होंने कहा कि नियंत्रण रेखा (एलओसी) के दोनों ओर मानवाधिकार संबंधी चिंताएं हैं।एशिया के लिए मंत्री की जिम्मेदारी होने के नाते से एडम्स ने कहा, सरकार की (कश्मीर पर) नीति स्थिर है और इसमें कोई बदलाव नहीं है। हम लगातार यह मानते आए हैं कि हालात का दीर्घकालिक राजनीतिक समाधान भारत और पाकिस्तान को तलाशना है जिसमें कश्मीरी जनता की आकांक्षाओं का ध्यान रखा जाए, जैसा कि शिमला समझौते में उल्लेखित है।

लेबर पार्टी की सारा ओवेन द्वारा आयोजित चर्चा में ब्रिटेन के विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों ने भाग लिया जिनमें से अधिकतर के निर्वाचन क्षेत्रों में कश्मीरी मूल के लोगों की अच्छी आबादी है।उन्होंने कथित मानवाधिकार उल्लंघन पर चिंता जताई और ब्रिटेन की सरकार से क्षेत्र तक सुगम पहुंच के लिए अनुरोध किया ताकि भविष्य में जम्मू कश्मीर और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से सीधी रिपोर्ट ब्रिटिश संसद में पेश की जा सके। लंदन में भारतीय उच्चायोग ने इस बात को रेखांकित किया कि पिछले साल से एक स्मार्ट वाई-फाई परियोजना से क्षेत्र में हाईस्पीड इंटरनेट एक्सेस संभव हुआ है और आतंकी हमलों की धमकियों, चुनौतीपूर्ण मौसम संबंधी हालात और कोविड-19 महामारी के बावजूद यहां पिछले महीने डीडीसी के ऐतिहासिक चुनाव संपन्न हुए।भारतीय उच्चायोग ने अपने बयान में कहा, जम्मू कश्मीर, अगस्त 2019 में प्रशासनिक पुनर्गठन के बाद से, सुशासन और त्वरित विकास के पथ पर बढ़ रहा है। जम्मू कश्मीर में भारत सरकार द्वारा उठाए गए सभी प्रशासनिक कदम पूरी तरह से भारत का आंतरिक विषय हैं।

# बाइडन ने बांग्लादेशी मूल के अमेरिकी ज़ैन सिद्दीक को व्हाइट हाउस में महत्वपूर्ण पद पर नामित किया

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने बांग्लादेशी मूल के अमेरिकी ज़ैन सिद्दीक को व्हाइट हाउस के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ के कार्यालय में महत्वपूर्ण पद के लिए नामित किया है। बाइडन की टीम ने बुधवार को कई घोषणाएं कीं और बताया कि सिद्दीक व्हाइट हाउस डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ के वरिष्ठ सलाहकार के तौर पर नामित किए गए हैं। बाइडन के प्रशासन में वरिष्ठ पद के लिए नामित होने वाले वह बांग्लादेशी मूल के पहले अमेरिकी बन गए हैं। सिद्दीक मूल रूप से बांग्लादेश के हैं लेकिन वह न्यूयॉर्क में पले बढ़े हैं। उन्होंने प्रिंसटन विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री हासिल की और एल लॉ स्कूल से भी पढ़ाई की। वर्तमान में वह बाइडन-हैरिस के घरेलू एवं आर्थिक मामलों की टीम के चीफ ऑफ स्टाफ हैं। वह 2020 के उपराष्ट्रपति चुनाव के दौरान नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की वाइस प्रेसीडेंशियल डिबेट के लिए चुनाव तैयारी करने वाली टीम के भी सदस्य थे। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि अमेरिका के इतिहास में उनका प्रशासन सबसे अधिक विविधता वाले प्रशासन में से एक होगा। बाइडन ने अपनी एशिया नीति के नेतृत्व के लिए ओबामा प्रशासन के दौरान भारत, जापान के साथ त्रिपक्षीय वार्ता के शिल्पकार रहे वरिष्ठ राजनयिक कर्ट कैम्पबेल को भी नामित किया है। कैम्बेल (63) वर्तमान में एशिया ग्रुप कंसल्टेंसी का नेतृत्व कर रहे हैं और वह सेंटर फॉर न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी थिंक-टैंक के सह-संस्थापक हैं।बाइडन की टीम ने कहा कि कैम्पबेल राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में हिंद-प्रशांत के लिए समन्वयक होंगे। ओबामा प्रशासन में वह पूर्वी एशियाई और प्रशांत मामलों के लिए सहायक विदेश मंत्री के तौर पर सेवा दे चुके हैं।

ट्रेंड बाजार

## सायरस साहूकार शो 'फीलिन अलाइव' के लिए पहुंचे मनाली


**अभिनेता** तथा ऐंकरिंग में चाव रखने वाले सायरस साहूकार ने मनाली में अपने भीतरी भय को चुनौती देने का संकल्प लिया और उनके अनुसार उन्हें इससे एकाग्रता तथा तनाव घटाने में काफी मदद मिली।

महीनों चलने वाले लॉकडाउन के बाद मनाली जैसे अप्रतिम स्थान में होना अविश्वसनीय अनुभव रहा। मेरे लिए इतने सुंदर स्थान पर होना और वो भी अमोल पाराशर जैसे अभिनेता के साथ और हर प्रकार की साहसिक गतिविधि में संलग्न होना एक अद्भुत अनुभव था।



सबसे अच्छा पल तो वो था जब हम जलप्रपात से कैन्यनिंग करते हुए नीचे आ रहे थे, मैंने ये पहले कभी नहीं किया था। मुझे भीतर से डर तो लग रहा था लेकिन अंदर से एक अतुलनीय शांति भी थी। ये बिलकुल वैसा ही था जब आप अपने डर पर विजय पा लेते हैं तो एक आध्यात्मिक शांति और तनावमुक्तता की स्थिति को प्राप्त होते हैं। सायरस मनाली में अपने शो 'फीलिन अलाइव' के दूसरे सीज़न की शूटिंग के क्रम में गए हुए थे।

## काजोल ने मोटा करने वाली हर वस्तु से किया किनारा



**अभिनेत्री** काजोल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ऐसी हर वस्तु के बारे में लिखा है जो उन्हें मोटा बनाती हैं। ये देखकर उनके प्रशंसकों को बहुत मजा आया। उन्होंने लिखा, 'अब मैं ऐसी हर चीज की अनदेखी करने का मन बना रही हूं जो मुझे मोटा बनाती हों जैसे -दर्पण, तोलने की मशीन, लोगों की मेरे बारे में राय आदि।' वर्तमान में वो अपनी अगली फिल्म, जो उन्होंने अभिनेत्री तथा निर्देशिका रेणुका शहाणे के निर्देशन में की है। फिल्म महिला केन्द्रित है और इसका नाम है - त्रिभंगा: टेढ़ी मेढ़ी क्रेजी। फिल्म का लेखन, निर्देशन किया है रेणुका शहाणे ने और इसमें तन्वी आज़मी और मिथिला पाल्कर जैसी मंझी अभिनेत्रियां भी अपने अभिनय का जौहर दिखाएंगी। इसकी कहानी में तीन अलग अलग महिलाओं और उनके गैरपारंपरिक जीवन विकल्पों के बारे में है।

# 'अभिनय में एकरूपता को तोड़ना सबसे दुष्कर कार्य'

**अभिनेता अरशद वारसी का कहना है कि किसी भी अभिनेता के लिए अपने अभिनय में एकरूपता लाना सबसे सरल कार्य होता है जबकि इसे तोड़ना सबसे कठिन कार्य। उनका कहना है कि हास्य भूमिकाओं में उनकी लोकप्रिय छवि होने के बाद भी वो उसी छवि में फंसकर नहीं रह गए। इसका कारण ये था कि उनके द्वारा की गईं गंभीर भूमिकाएं भी उतनी ही लोकप्रिय रहीं।**



उन्होंने बताया, 'किसी पारंपरिक अभिनय क्षेत्र से दूर जाना सदा से ही कठिन रहा हैं कभी न कभी हम सभी एकरूपता के शिकार होते रहते हैं। ऐसा हम सभी के साथ होता रहता है। यहां ऐसे ही चलता है। आप कोई रोल या कुछ ऐसा करते हैं जो दर्शकों को अच्छा लगता हो, इसके बाद आपको सदैव ऐसे ही कामों के ऑफर मिलते रहते हैं क्योंकि बॉक्स ऑफिस पर उस समय उसी की मांग होती है।'

'उस छवि से बाहर आना कठिन हो जाता है लेकिन मेरे करना अपेक्षाकृत सरल रहा क्योंकि मेरे गंभीर रोल भी उतने ही लोकप्रिय थे जितने मेरे हास्य रोल,' अरशद ने बताया।

अरशद ने आगे बताया, 'सामान्य तौर पर जब कोई हास्य भूमिका करता है तो उनके द्वारा किया गया गंभीर अभिनय सफल नहीं हो पाता क्योंकि आप उस व्यक्ति को अपने मस्तिष्क से बाहर कर ही नहीं पाते।'

अपने बारे में अधिक जानकारी साझा करते हुए अरशद ने कहा, 'लेकिन मैं तो चरित्र में इतना खो जाता हूं कि मैं आपको ये विस्मृत करने पर बाध्य कर देता हूं कि मैं हूं कौन। मैं आपको अपनी पिछली छवि को मस्तिष्क से बाहर निकालने पर बाध्य कर देता हूं और यही बात मेरे पक्ष में काम करती है। असर में लोगों ने मुझे फॉरेंज़िक वैज्ञानिक के चरित्र में भी स्वीकार कर लिया था। इसके बाद दुर्गामती: द मिथ, में भी मेरा ऐसा ही अभिनय था। ये सब ऐसी भूमिकाएं थीं जो मुझे ऑफर होने वाली भूमिकाओं से बिलकुल अलग प्रकार की थीं। ये मेरे लिए एक ताजी हवा के झोके जैसा था और इसकी अनुभूति ही अलग है।'

एक अभिनेता के रूप में बॉलिवुड में प्रवेश पाने से पूर्व अरशद ने 1993 में फिल्म रूप की रानी चोरों का राजा, में सहायक निर्देशक तथा एक गाने के लिए कोरियोग्राफर का काम किया था। अभिनेता के रूप में उन्होंने 1996 में 'तेरे मेरे सपने' के माध्यम से पदार्पण किया था जो बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।

विगत वर्षों के दौरान वो अपनी भूमिकाओं से दर्शकों तथा समीक्षकों दोनों को प्रभावित करते रहे हैं। उनकी 'मुन्ना भाई श्रंखला की फिल्में, इश्किया सीरीज़ की फिल्में, गोलमाल तथा धमाल सीरीज़ तथा जॉली एलएलबी के दोनों संस्करणों तथा सहर को लोगों द्वारा पसंद किया गया।'

पिछले साल उन्होंने एक थ्रिलर फिल्म असर, के माध्यम से डिजिटल माध्यम में पदार्पण किया था। इसके बाद दुर्गामती: द मिथ, में भी उन्होंने एक राजनीतिज्ञ के रूप में भूमिका की थी इस फिल्म को पारपंरिक रिलीज़ न मिलकर इसे अमेजॉन प्राइम वीडियो के मंच से प्रीमियर किया गया था।


उनसे पूछे जाने पर कि कोविड-19 कालखंड में उनके जीवन में किसप्रकार के परिवर्तन हुए हैं, उन्होंने बताया, 'ऐसा कुछ नहीं हुआ लेकिन मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि दुनिया में काफी परिवर्तन हुए हैं। महामारी के आने से पहले से ही मैं ऐसे ही रहता आ रहा था। मैं अपने कमरे तक सीमित रहता हूं, फिल्म करता हूं और घर वापस आ जाता हूं। मुझे ये अच्छा लगता है। मैं ये सब अपने बच्चों के साथ घर में करता आया हूं। ये अच्छा है और मेरा जीवन पहले से ही ऐसा ही था।'

उन्होंने आगे बताया, 'मुझे इस बात की खुशी है कि दुनिया को ये सीखने का एक अवसर मिला है कि वे बिना भाग-दौड़ के भी जीवन यापन कर सकते हैं कि आप कहीं बिना कुछ किये बैठें और तनावमुक्त रहने का प्रयास करें। ऐसा करना अच्छा रहता है कि आप बैठ कर जीवन का आनंद लें न कि इसे ऐसे ही हाथ से निकल जाने दें।' अरशद आजकल जैसलमेर में बच्चन पांडे की शूटिंग कर रहे हैं जिसमें उनके साथ अक्षय कुमार, कृति सेनन, जैकलीन फर्नांडीज़ आदि कलाकार हैं। शूटिंग मार्च तक चलने वाली है। फिल्म को गदीसर झील तथा जैसलकोट जैसे स्थानों पर शूट किया जाएगा।

## कश्मीरी हिंदुओं के उत्पीड़न को सामने लाती एक पुस्तक

# कशीर

### अ डायबॉलिकल बिट्रेयल ऑफ कश्मीरी हिंदूज़




**मूल** रूप से कन्नड़ भाषा में 2018 में सहाना विजयकुमार द्वारा लिखी गरुड़ प्रकाशन द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक कशीर: ए डायबॉलिकल बिट्रेयल ऑफ कश्मीरी हिंदूज़, में कश्मीरी हिंदू समुदाय तथा उनके द्वारा कश्मीर के इस्लामीकरण के चलते अपनी मातृभूमि से 1990 में दुर्भाग्यपूर्ण सामूहिक पलायन के बारे में तथ्यपरक जानकारी प्रस्तुत करती है। अनुच्छेद 370 हटने के बाद इसका अंग्रेजी भाषा में अनुवाद कैलाश पंडित का मार्मिक रुदन हमारे सामने लाती है।

**लेखिका सहाना विजय कुमार का कहना है कि उनकी पुस्तक -कशीर: ए डायबॉलिकल बिट्रेयल ऑफ कश्मीरी हिंदूज़- में कश्मीरी हिंदू समुदाय तथा उनके द्वारा कश्मीर के इस्लामीकरण के चलते अपनी मातृभूमि से 1990 में दुर्भाग्यपूर्ण सामूहिक निष्कासन के बारे में तथ्यपरक जानकारी प्रस्तुत करती है**

उनका तर्क है कि कश्मीर पर अब तक की गई रिपोर्टिंग में कश्मीरी हिंदुओं के साथ घटी मानवीय त्रासदी को सामने नहीं आने दिया गया है। कशीर के माध्यम से इस घटना को एक कहानी के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इसमें वर्णित घटनाएं वास्तविक हैं और इनके माध्यम से धोखे, कपट, मिथ्याप्रचार तथा राजनीतिक महत्वाकांक्षा आदि को सामने लाकर इनके द्वारा कश्मीरी हिंदुओं के उत्पीड़न को देश के मानस के सामने न आने देने के कुत्सित प्रयास को सामने लाया गया है। इसमें इस मानवीय त्रासदी के सत्य को पूरी सच्चाई के साथ रखा गया है।

सहाना ने इस पुस्तक के शोध हेतु कश्मीर भ्रमण के दौरान सैकड़ों लोगों के साक्षात्कार लिये। उनके अनुसार कश्मीर की समस्या को पारंपरिकता, सुधारवाद, सेकुलरवाद तथा इस्लामी कट्टरवाद की परतों के अध्ययन के बिना नहीं समझा जा सकता।

पुस्तक के बारे में उन्होंने कहा, 'ये विडंबना है कि कुछ कहानियां अनसुनी रह जाती हैं, वे जटिल वास्तविकताओं के दबंग कथानक के शोर में दब कर रह जाती हैं। कश्मीर के हिंदुओं की भी ऐसी ही एक कहानी है। आगे उन्होंने बताया, 'आवश्यक ये है कि अब कश्मीर के लिए सकारात्मक दिन प्रारंभ हों, लेकिन कश्मीरी हिंदुओं को उनकी ही मातृभूमि से सामूहिक निष्कासन की दुर्भाग्यपूर्ण कहानी को जानना भी उतना ही आवश्यक है। ये उन्हीं की कहानी है। ये कश्मीर की कहानी है।' इसमें कश्मीर की उत्पत्ति और सामाजिक, धार्मिक तथा राजनीतिक आयामों की भी पर्याप्त व्याख्या की गई है। इस उपन्यास में कश्मीर के समकालीन तथा ऐतिहासिक चित्र तो प्रस्तुत किये ही गए हैं, इसमें सनातन धर्म दर्शन तथा सामी धर्मों के बारे में भी बताया गया है। इन दोनों की व्याख्या करने के लिए कई अलंकारों का प्रयोग किया गया है और आरती कौल के अनकंसीव्ड गर्भ का भी उल्लेख है जिसके माध्यम से कश्मीरी हिंदुओं की दुर्दशा का वर्णन किया गया है। पुस्तक का नाम कोशूर भाषा से लिया गया है जिसमें कश्मीर का अनुवाद कशीर होता है।

प्रसिद्ध कन्नड़ विद्वान एस एल भिरप्पा, जिन्होंने पुस्तक की प्रस्तावना लिखी है, ने पुस्तक के ऐतिहासिक परिदृश्य के वर्णन की प्रशंसा की है, का कहना है, 'उन्हें ऐसे कश्मीरी हिंदू नगण्य संख्या में मिले जो कश्मीर लौटे हों, वे बस्तियों में रह रहे हैं उन्होंने वे स्थान भी देखे जो इस बात को साबित करते हैं कि डर, बलात्कार, हत्या तथा खूनखराबे द्वारा हजारों धर्मपरिवर्तन हुए थे।

## मकर संक्रांति पर श्रद्धा की डुबकी



**हरिद्वार, ऋषिकेश।** देश के विभिन्न स्थानों से आए लाखों श्रद्धालुओं ने बृहस्पतिवार को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मोक्षदायिनी गंगा में डुबकी लगाकर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया तथा मंदिरों में पूजा-अर्चना करके दान पुण्य किया।हरिद्वार में तड़के से ही श्रद्धालुओं की भीड़ गंगा घाटों पर हर-हर गंगे के जयघोष के साथ उमड़ पड़ी। उत्तराखंड के अलावा देश के विभिन्न राज्यों जैसे हिमाचल प्रदेश, पंजाब, जम्मू कश्मीर, राजस्थान, हरियाणा से आए श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई और सूर्य को अर्घ्य देते हुए दान-पुण्य किया। मकर संक्रांति पर उमड़ी भीड़ से लंबे समय से मंदी की मार झेल रहे व्यपारियों के भी चेहरे खिल उठे। सुबह चार बजे शुरू हुआ श्रद्धालुओं के स्नान का क्रम देर शाम तक जारी रहा। गंगा स्नान के लिए हरकी पौड़ी पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और इस दौरान मेला पुलिस महानिरीक्षक संजय गुंज्याल सहित वरिष्ठ अधिकारी लगातार पूरे मेला क्षेत्र पर नज़र बनाए रहे। जिला पुलिस के साथ-साथ मेला पुलिस को तैनात करके आगामी कुम्भ की दृष्टि से मेले के अधिकारी पुलिस बल को व्यवहारिक प्रशिक्षण देने में सफल रहे। हरिद्वार के जिलाधिकारी सी रविशंकर ने बताया कि मेला क्षेत्र में कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। उन्होंने बताया कि जिन यात्रियों ने मास्क नही लगाया था, उनका चालान करके मास्क भी दिए गए। वहीं ऋषिकेश में भी मकर संक्रांति के पर्व पर सुबह चार बजे से शाम तक 40000 के लगभग श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा नदी में स्नान किया।

ऋषिकेश पुलिस के प्रभारी निरीक्षक रितेश कुमार शाह ने बताया कि ऋषिकेश के 1200 मीटर लम्बे त्रिवेणीघाट पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करने के साथ ही दान-पुण्य भी किया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर पर्वतीय क्षेत्र से आई देवडोलियों को भी स्नान कराया गया। उन्होंने बताया कि पूरा स्नान सकुशल संपन्न हुआ।

## सबरीमला में मकरविलाक्कू के अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना



**सबरीमला (केरल)।** कोविड-19 के कड़े प्रोटाकॉल के बीच सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बृहस्पतिवार को मकरविलाक्कू के अवसर पर विश्वप्रसिद्ध भगवान अयप्पा के मंदिर में पूजा अर्चना की। प्रति वर्ष इस पर्व पर मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते थे लेकिन इस वर्ष कोरोना वायरस संक्रमण के मद्देनजर लागू कड़े दिशानिर्देशों के तहत श्रद्धालुओं की संख्या कम रही। त्रावणकोर देवास्वोम बोर्ड (टीडीबी) के अधिकारियों ने यहां कहा कि सरकार के निर्देश के अनुसार केवल 5000श्रद्धालुओं को आने की अनुमति थी। बड़ी संख्या में लोग मास्क लगा कर और सिर पर इरूमुडिकेट्टू रख कर भगवान अयप्पा के मंदिर में पहुंचे। धार्मिक आयोजन के सुचारू संचालन के लिए पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और अन्य एजेंसियों ने पुख्ता इंतजाम किए थे। इससे पहले राज्य देवस्वोत मंत्री कदमपल्ली सुरेंद्रन ने कहा था कि सरकार सरबरीमला के विकास के लिए हर संभव मदद के लिए तैयार है।

## तमिलनाडु में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है पोंगल



**चेन्नई।** तमिलनाडु में बृहस्पतिवार को फसल उत्सव पोंगल धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मदुरै में प्रसिद्ध जल्लीकट्टू खेल का आयोजन किया जाता है जिसमें बैलों को काबू में करना होता है। इस दिन लोग जल्दी उठते हैं, पारंपरिक पोशाक पहनते हैं और मीठे पकवान पोंगल तैयार करते हैं। इस दिन शुभ तमिल महीने थाई की शुरुआत होती है, जिसके दौरान विवाह करना और नए उद्यम शुरू करना शुभ माना जाता है। कई घरों के सामने रंग-बिरंगे कोल्लम (रंगोली) देखी गईं, जिनमें लोगों की पोंगल की शुभकामनाएं दी गई हैं, वहीं आगामी साल अच्छा रहे, इसके लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की गई। इस अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। तमिलनाडु के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित, मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी, उप मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम और द्रमुक अध्यक्ष एम के स्टालिन सहित कई नेताओं ने लोगों को इस त्योहार की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मदुरै में, आदमी और जानवर के बीच प्रसिद्ध प्रतियोगिता अवनियापुरम जल्लीकट्टू का आयोजन किया गया, जिनमें विजेताओं को कई पुरस्कार दिए गए। इस खेल के आयोजन से पहले और उसके दौरान, आवश्यक कोविड-19 सावधानियां बरती गईं। परंपरा को ध्यान में रखते हुए, टॉप स्टार विजय, विजय सेतुपति और मालविका मोहनन की तमिल फिल्म मास्टर बुधवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई।

## इफ्फी में इरफान खान सुशांत सिंह, चैडविक को दी जाएगी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** अभिनेता इरफान खान, सुशांत सिंह, ऋषि कपूर और हॉलीवुड अभिनेता चैडविक बोसमैन सहित विश्व प्रसिद्ध 28 हस्तियों को 51वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सव (इफ्फी) समारोह में श्रद्धांजलि दी जाएगी। इफ्फी ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि उत्सव के आगामी समारोह में भारत के 19 और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध नौ सितारों को श्रद्धांजलि दी जाएगी, जिनका पिछले साल निधन हो गया था। इफ्फी में अभिनेता इरफान खान, सुशांत सिंह, ऋषि कपूर, सौमित्र चटर्जी, फिल्मकार बासु चटर्जी, निशिकांत कामत, मनमोहन महापात्रा, उर्दू कवि राहत इंदौरी, कोरियोग्राफर सरोज खान, गायक एस. पी. बालासुब्रमण्यम, अभिनेता जगदीप, कुमकुम, निम्मी, बिजय मोहंती, श्रीराम लागू, अजित दास, संगीतकार, गीतकार योगेश गौर और कॉस्टयूम भानू अथिया को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इनके अलावा, अभिनेता चैडविक बोसमैन, किर्क डगलस, मैक्स वॉन सिडो, अदाकारा ओलिविया डी हैविलैंड, निर्देशक एलन पार्कर , इवान पासेर, गोरान पास्कलजेवी, सिनेमेटोग्राफर एलेन डेविड और संगीतकार एन्नियो मोरिकोन को भी इफ्फी में श्रद्धांजलि दी जाएगी। इफ्फी का आयोजन हर साल गोवा में 20 से 28 नवम्बर के बीच होता है, लेकिन पिछले साल कोरोना वायरस के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। अब यह 16 से 24 जनवरी के बीच आयोजित किया जाएगा।

# चार केंद्रों पर भेजी गई वैक्सीन

## ● जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखा किया वाहनों को रवाना

संवाददाता। सीतापुर

**आगामी** सोलह जनवरी से सीतापुर के 19 सीएचसी पर कोरोना वैक्सीन लगेगी। गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के संग पूजन अर्चन किया गया। बाद में फूलों से सजे वाहनों के जरिए कोरोना वैक्सीन की डोज चयनित चार केंद्रों के लिए रवाना की गई। वैक्सीन स्टोर से प्रभारी सीएमओ डॉ. पीके सिंह ने हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया। उधर, शाम तक सीएचसी पर वैक्सीन पहुंच गई। कोरोना के खात्मे को सोलह जनवरी से कोरोना वैक्सीन लगेगी। पहले चरण में सीतापुर में भी 16625 लाभार्थियों को टीके लगाने का लक्ष्य है। पहले हेल्थ, बाल विकास परियोजना के वर्करों समेत चिकित्सकों के टीके लगेंगे। यहां के 19 सेंटरों पर टीकाकरण होगा। गुरुवार को स्वास्थ्य अफसरों ने पूजन अर्चन किया और कोरोना वैक्सीन को


सीतापुर-सीएचस पर वैक्सीन रवाना करते एसीएमओ पी.के. सिंह — पायनियर

सीएचसी पहुंचाने के लिए वाहनों को फूलों से सजाया गया। बाद में प्रभारी सीएमओ डॉ. पीके सिंह ने वैक्सीन स्टोर से चार केंद्रों को कोरोना वैक्सीन के वाहन रवाना किए। इनमें हिंद हॉस्पिटल अटरिया, सीतापुर आंख अस्पताल, जिला महिला अस्पताल और सीएचसी हरगांव शामिल हैं। वैक्सीन को दो डिग्री से आठ डिग्री सेल्सियस तापमान पर रखा जाएगा। पहले दिन प्रत्येक टीकाकरण स्थल पर सौ-सौ लाभार्थी बुलाए जा रहे हैं। टीकाकरण के लिए पहले दिन कुल 1900 लाभार्थी बुलाए जाएंगे। शनिवार को वैक्सीनेशन का राष्ट्रीय लांच होगा और उसी दिन लाभार्थियों व स्टाफको प्रधानमंत्री भाषण का सजीव प्रसारण दिखाया-सुनाया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक टीकाकरण स्थल पर नेट कनेक्टिविटी और एलईडी की व्यवस्था हो रही है।

## शिव प्रकाश सिंह बने प्रदेश अध्यक्ष

**सीतापुर।** शिव प्रकाश सिंह भारतीय किसान मंच के प्रदेश अध्यक्ष बन गए हैं। यह जानकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र ने दी है। शिव प्रकाश को पदभार मिलने पर सचेंद्र दीक्षित, आफ्ताब अहमद, दिनेश सिंह, निर्भय सिंह, जितेन्द्र मिश्रा, अल्पना सिंह, शोभा लोधी, अंबुज श्रीवास्तव, दिनेश शुक्ला, शैलेंद्र राज, उत्तम मौर्या आदि ने खुशी व्यक्त की है।

## नवनिर्मित सामुदायिक शौचालयों का विधायक करेंगे लोकार्पण

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर की ग्राम पंचायत शरीफ्पुर तलहा, खैरुल्लापुर, शेरपुर, अंदेशनगर, दोस्तपुर टकेला, अनियाकलां, सुल्तानपुर हरिप्रसाद, शादीफ्तेपुर, कल्यानपुर, जीतामऊ, पतवारा, प्रहलादपुर, गेरुहा, महमूदपुर, तलवीपुर, करस्योरा, टकेली, मानपुर और पूरनपुर पांडेसराय में नव निर्मित सामुदायिक शौचालयों का लोकार्पण 16 जनवरी को विधायक सुनील वर्मा करेंगे। खण्ड विकास अधिकारी अखिलेश कुमार चौबे ने इस बाबत निर्देष जारी कर दिए हैं।

**किसान मेला गोष्ठी का हुआ आयोजन**

# खेती के लिए कृषि वैज्ञानिक केन्द्र से लें मदद: राजेश वर्मा

संवाददाता। पहला सीतापुर

**ब्लाक पहला** परिसर में बुधवार को किसान मेला गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गोष्ठी में किसानों की आय दोगुनी कैसे हो सकती है। इस बात को सांसद द्वारा बताया गया। उन्होंने बताया कि कृषि क्षेत्र में सीतापुर का नाम सदैव अग्रणी रहा है। किसानों को बताया कि आप लोग खेती सम्बन्धी जानकारी के लिए कृषि वैज्ञानिक केन्द्र से सम्पर्क कर बीच का चयन करें। उन्होंने खुद को किसान बताया और खेती के लिए कृषि वैज्ञानिक केन्द्र से मदद भी लेते हैं। सांसद ने डीएपी की जगह एनपीके का प्रयोग उचित बताया तथा नीमकोटेड यूरिया का प्रयोग करने की सलाह दी। काले गेहूं की खेती की जानकारी भी दी।जो सुगरीफ्री होता है।कृषक उत्पादक संगठन के बारे में


सीतापुर-सम्बोधित करते सांसद राजेश वर्मा, मच पर मौजूद भाजपा नेता अवनीश रावत पप्पू, रामलाल व अन्य — पायनियर

भी बताया। इसके अतिरिक्त भूमि का समतलीकरण,फौव्वारा सिंचाई, किसान सम्मान निधि व कृषि कानून बिल के बिषय में विस्तार से बताया। उप कृषि निदेशक अरविन्द मोहन मिश्रा व कृषि वैज्ञानिक बीके सिंह ने भी अपने व्याख्यान दिए। विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा काम करने के लिए 22 किसानों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित भी किया। जिसमें गोकरन प्रसाद,सुमनलता, उपेन्द्र कुमार,मोनू सिंह, राकेश कुमार, महेंद्र सिंह, कमलेश कुमार, नरेन्द्र कुमार, उमेश कुमार, जगदीश प्रसाद, उमेश कुमार, जयदेवी, तेजभान, रामनरेश, मुकर्रम अली,सर्वजीत व नीरज कुमार आदि शामिल रहे।गन्ना विभाग, सिंचाई विभाग,पीएम किसान सम्मान निधि, सहकारिता विभाग,बाल बिकास एवं पुष्टाहार व कृषि विपणन मंडी सहित लगभग सभी विभागों के स्टाल लगाए गए थे। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी पहला काजल,ब्लाक प्रमुख पहला रामलाल यादव के के त्रिवेदी प्रदेश परिषद सदस्य भाजपा पहला मंडल अध्यक्ष कमलेश तिवारी,मोहन बारी, अवनीश कुमार पप्पू रावत,सीपी तिवारी, सुधीर वर्मा,नमन वर्मा आदि भाजपा नेता मौजूद थे।

**अब सीतापुर में संरक्षित होंगे वन्यजीव**

# कार्यशाला में प्रशिक्षित किए वनकर्मी


सीतापुर-सम्बोधित करते डीएफओ परवेज अहमद — पायनियर

संवाददाता। सीतापुर

**देश में** बढ़ती बाघ और तेंदुआ की संख्या को देख वन विभाग अब वन्य जीवों को संरक्षित करेगा। इनके संरक्षण के लिए वन कर्मियों को प्रशिक्षित करने का दौर भी शुरू हो गया है। ये अपने इलाकों में वन्यजीवों के आने पर न सिर्फ उनकी निगरानी करेंगे, बल्कि स्थानीय ग्रामीणों को सचेत करने के साथ ही फौरन विभागीय अफसरों को इसकी जानकारी भी देंगे। जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति को टाला जा सके। पिछले तीन बरसों में सीतापुर में जंगली जानवरों की आमद नजर डालते तो पाते हैं कि 19 दिसंबर 2017 को सदरपुर थाना इलाके के मुसैदाबाद गांव में तेंदुआ की चहल-कदमी देखी गई थी।

वर्ष 2018 में समूचे जिले में जंगली जानवरों की गूंज सुनाई दी। इस चहलकदमी में एक दर्जनों मवेशियों को निवाला बनाया। साथ ही हमले में एसओ सकरन समेत चार ग्रामीणों जख्मी हुए थे। वर्ष 2019 में सदरपुर इलाके में तेंदुआ ने एक गोवंश को अपना शिकार बनाया था। वर्ष 2020 में मई माह में संदना थाना इलाके के हरिहरपुर गांव में तेंदुए ने खेत गए दो किसानों पर हमला बोल कर उन्हें जख्मी कर दिया था। 17 अक्तूबर को खूंखार तेंदुए ने जगदीशपुर के मुर्तजा की जान ले ली थी। नवंबर माह में इमलिया सुल्तानपुर के पचौनापुर गांव में तेंदुआ ने एक नीलगाय के बच्चे के अवशेष मिले। संदना थाना इलाके में ही घरौली में तेंदुआ ने भैंस और खेवटा रामपुर में नीलगाय के बच्चे को निवाला बना डाला। 20 व 21 दिसंबर की रात आखिरकार विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में तेंदुआ कैद हो गया। दिसंबर माह में तम्बौर थाना इलाके मीतमऊ, नकहा में तेंदुआ ने नीलगाय को निवाला बनाया।मिश्रिख कोतवाली के लश्करपुर में तेंदुआ ने भवानीपुर के किसान बाबूराम पर हमला कर जख्मी कर दिया था। सोलह दिसंबर को पिसावां थाना इलाके के कुतुबनगर में जंगली जानवर ने गोवंश के अपना शिकार बना दिया था। सकरन थाना इलाके के उमराकलां में छोटकन्न के मवेशी का अवशेष मिला था। नए साल 2021 में इमलिया सुल्तानपुर के पेरई रायपुर में जंगली जानवर दो बकरी के बच्चे उठा ले गया था।

## अस्पताल में हुई जमकर हाथापाई

संवाददाता। सीतापुर

**जिला** अस्पताल में बुधवार रात शराब के नशे में धुत सरदार ने जमकर हंगामा काटा। रोकने पर सरदार पुलिस कर्मी से हांथापाई पर उतारू हो गया। यह हाईवोल्टेज ड्रामा काफी देर तक चला। इससे चिकित्सकों, मरीजों और तीमारदारों को काफी परेशानी हुई। घटना का वीडियो सोषल मीडिया पर वायरल हो रहा है।


जिलाअस्पताल में हाथापाई करते हुए

## बाइको की टक्कर में दो लोग घायल

**सिधौली सीतापुर।** सिधौली कोतवाली के बौनाभारी मार्ग पर दो बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में गांव के ही अवनीष मिश्र घायल हो गए। गंभीर हालत होने के चलते घायल को ट्रामा सेंटर भेज दिया गया है।

**अनुकरणीय-मकर संक्रांति पर**

# दहेज रहित विवाह के प्रेरणा बने एमसी, सुरेन्द्र राजवंशी


सीतापुर-विवाह के दौरान मौजूद कोमल-रामेन्द्र के साथ पिता ब्रम्हादीन व मां — पायनियर

## ● एकदूजे के बंधन में बंधे कोमल : रामेन्द्र

संवाददाता। सीतापुर

**इस चकाचौंध** दुनिया में हर कोई अपने बच्चों के लिए सुनहरे सपने देखता है कि उसके बच्चे बड़े होंगे, अच्छे से शादी करेंगे, भीड होगी, बैंड बाजा बजेगा हर तरफखुशियों की धूम होगी। लेकिन जब गरीबी की गुरूबत में जकड़ी जिन्दंगी हो तो वहां खुशियां कैसे आती है, इसका रास्ता एमसी भार्गव और सुरेन्द्र राजवंशी ने बताया। इन दोनो ने बिसवां के रूकनापुर गांव में गरीब ब्रम्हादीन की लड़की का विवाह खुद के खर्चे पर कराके मिशाल पेश की है। जी हां हम बात कर रहे बिसवां के रूकनापुर गांव की। जहां पर ब्रम्हादीन की लडकी कोमल व बिसवां के सेठगंज निवासी स्व. छंगालाल पुत्र रामेन्द्र की मकर संक्रान्ति पर आयोजित विवाह समारोह की। लेकिन कहते है कि बेटी अपना भाग्य लेकर पैदा होती है वहीं वहां भी देखने को मिला। हर कोई विवाह समारोह में पहुंच रहा था, परिवार की स्थितियां देखकर सबकी आंखे नम थी और सभी के चेहरों पर हल्की सी मुस्कान भी थी, मुस्कान इसलिए थी कि लडकी के माता-पिता को कहीं से यह न लगे कि वह कहीं से भी कमजोर पड़े रहे है। लेकिन कहते है कि कोई न कोई मद्दगार इंसानों का इंसान ही होता। यहां भी वहीं देखने को मिला जहां समाजसेवी व शिक्षक सुरेन्द्र राजवंशी व उनकी पत्नी शिक्षका सुशीला भार्गव व नेशनल इंश्योरेंस के सेवानिवृत्त प्रबंधक समाजसेवी एमसी भार्गव पत्नी शिक्षिका निर्मला भार्गव शादी में दहेज रहित विवाह के प्रेरणा बने। जो हर लड़की के माता-पिता अपने बच्चों को देते है वह सब कोमल को भी मिला। यह देख कोमल के माता-पिता भी अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। इस मौके पर संतोष वर्मा, वंशी प्रधान, शिक्षक संजय गौतम, अमित जायसवाल, सुरेश, श्रवण कुमार, सुरेश अन्य लोग मौजूद रहे।

## इंसान ही इंसान की मदद करते हैं : एमसी भार्गव


समाजसेवी एमसी भार्गव-निर्मला भार्गव — पायनियर

'**पायनियर**' से नेशनल इंश्योरेंस के प्रबंधक समाजसेवी एमसी भार्गव व उनकी पत्नी शिक्षिका निर्मला भार्गव ने कहा कि इंसान ही इंसान की मद्द करते है फिर धर्म चाहे कोई भी हो, समाज में हर तरह के लोग है लेकिन कुछ ऐसे भी लोग जो सिर्फअपने से मतलब रखते है, जिन्दंगी अगर ईश्वर ने दी है तो कुछ अच्छा करते रहें, जिन्दंगी में सुकून मिलेगा। इतना ही नहीं कोमल के जैसे बहुत सारी लड़कियां है, सभी अपनी भाग्य लेकर आती है। यह कोई पहली शादी नहीं मैने कई शादी ऐसी कराई जो दहेज रहित शादी हुई है, हम जितना कर सकते है उतना करते और करते रहेगें।

## अपना भाग्य लेकर पैदा होती हैं बेटियां : सुरेन्द्र राजवंशी


सुरेन्द्र राजवंशी, सुशीला भार्गव — पायनियर

'**पायनियर**' से समाजसेवी शिक्षक सुरेन्द्र राजवंशी व उनकी पत्नी सुशीला भार्गव ने कहा कि हर लड़की अपना भाग्य लेकर पैदा होती है, जो उसके भाग्य में होता है उसे मिल जाता है और मैने कोमल के लिए जो भी कुछ किया है वह उसकी किस्मत कहें या उसका भाग्य। हम लोग जो सहयोग हो पाता वह करते रहते है। कोमल भी मेरी बेटी समान है, मैने भी अपनी तरफसे एक अलमारी, बेड, बकसा, डीनर सेट, टीसेट जो हो सका वह मैने किया और हर किसी से यह उम्मीद करता हूं कि ऐसे नेककार्य में यह सब करते रहे।

**कोरोनाकाल में सबसे बड़ा मददगार बना सीता इंटर कॉलेज**

# सीता इंटर कॉलेज ने माफ की डेढ़ करोड़ की फीस

## ● यूपी बोर्ड परिणामों में नाम रोशन करने वाले स्कूल ने नेक कार्य में भी किया टॉप

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर

**कोविड**-19 महामारी से समाज में उत्पन्न हुई आर्थिक समस्या व अभिभावकों की मांग को ध्यान में रखते हुए महमूदाबाद बाद स्थित जनपद की प्रसिद्ध शैक्षिक संस्था सीता इंटर कॉलेज ने प्राइमरी व जूनियर वर्ग के सभी बच्चों की छह माह की फीस माफकी है। सीता इंटर कॉलेज प्रबंधतंत्र द्वारा छात्र व उनके अभिभावकों के हित मे लिए गए इस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया गया है। दर्जनों बुद्धिजीवियों ने विद्यालय के चेयरपर्सन रमेश वाजपेयी के इस कदम की सराहना की है। फीस माफ किये जाने से महमूदाबाद तहसील ही नही अपितु सीतापुर जिले समेत आसपास जनपदों से नर्सरी से कक्षा 8 तक


महमूदाबाद का सीताइंटर कॉलेज (फाइल फोटो)

शिक्षा प्राप्त करने वाले हजारों छात्र-छात्राओं को इसका लाभ मिलेगा। फीस माफी की इस घोषणा से संस्था के छात्रों व उनके अभिभावकों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई और लोगों ने एक दूसरे को बधाई भी दी क्योंकि अभिभावकों द्वारा कॉलेज प्रबंधन से कई बार फीस माफी की मांग की जा चुकी थी। अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा 6 माह की फीस माफी के इस पुनीत व सामाजिक हित मे लिए गए बड़े निर्णय के लिये बधाई भी दी। इस बारे में जब कॉलेज के चेयरपर्सन रमेश वाजपेयी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि विद्यालय एक परिवार है और हमारे अभिभावक भी इसका हिस्सा हैं। कोविड -19 महामारी के कारण हर वर्ग आर्थिक रूप से कमजोर हुआ है। ऐसे हालात में हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि फीस में बच्चों व उनके अभिभावकों को कुछ राहत अवश्य दी जाय। सीता इंटर कॉलेज द्वारा फीस माफी की इस पहल पर क्षेत्रीय विधायक नरेंद्र सिंह वर्मा, कुर्सी विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा, चंद्रकांत रस्तोगी, राजकुमार वर्मा सहित नगर के दर्जनों समाजसेवियों ने विद्यालय प्रबंधक को फीस माफकिये जाने के लिए बधाई दी है।

## 355 लीड पकड़ी गई कच्ची शराब

**सीतापुर।** पुलिस और आबकारी विभाग के तमाम प्रयासों के बावजूद सीतापुर में कच्ची शराब पर लगाम नहीं लग रहा है। गुरूवार को अलग-अलग थाना पुलिस ने 355 लीटर कच्चा शराब के साथ 28 को गिरफ्तार किया है। अरोपियों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

## लालकुर्ती में टूर्नामेंट का आयोजन

**सीतापुर।** लालकुर्ती ग्राउंड पर गुरूवार को फुटबाल का पावर दिखा। यहां आयोजित मरहूम सैयद सफ्दर अली मेमोरियल सिक्स साइड फुटबॉल टूर्नामेंट अंडर फिफ्टीन में 4 टीमों ने 6 मैच खेले। फाइनल मुकाबला गुरुजी क्लब और कलाम क्लब के बीच खेला गया। इसमें कलाम क्लब ने दो के मुकाबले 3 गोल से जीत दर्ज की।इसमें कलाम क्लब ने दो के मुकाबले 3 गोल से जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि अजहर और विशिष्ट अतिथि अप्पू ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

# अराजकतत्वों पर रहेगी नजर : राजकुमार


मछरेहटा-बैठक करते थानाध्यक्ष राजकुमार — पायनियर

## ● ग्रामीणों के साथ थानाध्यक्ष ने की बैठक

संवाददाता। मछरेहटा सीतापुर

**मछरेहटा** थाना क्षेत्र के अंतर्गत तीन गांव सेनपुर, उमरापुर, पैंदापुर रघुनाथपुर गांव में आगामी पंचायत चुनाव लेकर थाना प्रभारी राजकुमार के नेतृत्व में प्रधान, पूर्व प्रधान, बीडीसी, कोटेदार व अन्य गणमान्य नागरिकों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें थाना प्रभारी ने कहा कि आगामी चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराए जाएगे, कोई किसी को पैसे, शराब आदि नहीं बटेगा, सभी मतदाताओ से निवेदन है कि बिना किसी प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करें। यदि कोई किसी पर जोर दबाव डालता है तो इसकी सूचना तुरन्त थाने पर दे। इस दौरान भूतपूर्व प्रधान राजकुमार यादव, शैलेंद्र सिंह, राकेश कुमार यादव, शिव बालक कमलेश आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसान आंदोलन को लेकर चर्चा की।

# नगर पंचायत की भूमि पर करा दिया प्रापर्टी डीलर को कब्जा

संवाददाता । ओयल-खीरी



● राजस्व निरीक्षक कानूनगो व पुलिस ने मिलकर दिया मामले को अंजाम

**केंद्र की** भाजपा सरकार के सामने यूपी चुनाव में मुख्यमंत्री का चेहरा तय करना बड़ा ही मुश्किल काम था। काफी सोंच विचार के बाद सूबे की कमान योगी आदित्य नाथ के हाथों में सौंपी गई। मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने एक के बाद एक कई अहम फैसले लिये। इन्हीं में से एक भूमाफियाओं के खिलाफ चलाया गया अभियान है। कई अभियानों में भूमाफियाओं के चंगुल से भूमि मुक्त करा पात्रों को दी जा रही। आज उनकी मंशा पर भ्रष्ट नेता, अधिकारियों व भूमाफि याओं की जुगलबंदी बट्टा लगाने पर आमादा है। कस्बे के वार्ड नं.-01 मोहल्ला अम्बेडकर नगर चमरौधा में नजर आया। यहां सीतापुर-लखीमपुर फोरलेन किनारे गाट संख्या 671 रकबा 0.061 हेक्टेयर सरकारी अभिलेखों में नगर पंचायत की आबादी क्षेत्र में दर्ज है। मौजूदा राजस्व निरीक्षक शैलेंद्र सिंह, कानूनगो अंकित अवस्थी के साथ राजनैतिक पहुंच व धन बल पर नगर के मोहल्ला ठठेरन टोला निवासी प्रापर्टी डीलर विनोद कुमार गुप्ता पुत्र रामऔतार गुप्ता द्वारा कथित पट्टा रसीद को आधार बना तहसीलदार को एक प्रार्थना देकर भूमि की पैमाइस कराने का आदेश करा लिया। इसके बाद उसी कागज को आधार बना पुलिस को भी इसमें शामिल कर लिया। इसके बाद राजस्व निरीक्षक, कानूनगो व शांति व्यवस्था के लिए बुलाये गये थाना खीरी प्रभारी फतेह सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। तहसीलदार द्वारा पैमाइस के आदेश पर इन प्रशासनिक जिम्मेदारों ने पैमाइश तो कराई किन्तु पैमाइश के नाम पर मौके पर खड़े होकर सरकारी जमीन पर विनोद कुमार गुप्ता को कब्जा भी करा दिया। गाटा संख्या 671 की भूमि पर राजस्व निरीक्षक शैलेंद्र सिंह, कानूनगो अंकित अवस्थी व थाना खीरी प्रभारी फतेह सिंह, ओयल पुलिस को साथ लेकर उक्त भूमि पर अपनी मौजूदगी में नींव खुदवा कर पिलर खड़े करवाने के साथ ही दीवार भी खड़ी करवा दी गई। विचारणी बात यह है कि उक्त भूमि संबंधी कोई भी प्रपत्र व कब्जा कराने का आदेश न तो राजस्व निरीक्षण शैलेंद्र सिंह, कोनूनगो अंकित अवस्थी व थाना खीरी प्रभारी फतेह सिंह ही दिखा सके और न ही भूमि संबंधी कोई कागजात व आदेश प्रापर्टी डीलर विनोद कुमार गुप्ता ही दिखा सके।

इस संबंध में नगर पंचायत ओयल के अधिशाषी अधिकारी सात्यकि शुक्ला ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। एडीएम खीरी को लिखित तौर पर अवगत कराया जा चुका है। जिस पर उन्होंने जांच के लिए आदेशित किया है।

## पहले भी कर चुके हैं भूमि पर कब्जे का प्रयास

**ओयल-खीरी।** बीते करीब तीन वर्ष पूर्व नगर की आबादी क्षेत्र की गाटा संख्या 671 की भूमि पर प्रापर्टी डीलर विनोद कुमार गुप्ता द्वारा चूना भट्टी बना कर कब्जे का प्रयास किया गया था। उक्त प्रापर्टी डीलर कुछ हद तक अपनी मंशा में कामयाब भी हो गया था किन्तु 22फरवरी 2018 को एक समाजसेवी के प्रार्थनापत्र पर मौजूदा तहसीलदार लालकृष्ण के आदेश पर आबादी क्षेत्र में नगर पंचायत के भूभाग गाटा संख्या 671 पर उक्त प्रापर्टी डीलर द्वारा किये गये अवैध कब्जे को हटाने के आदेश की नोटिस तामील की गई थी। नोटिस मिलने के बाद उक्त भूमि पर से प्रापर्टीडीलर द्वारा स्वयं ही किये गये अवैध कब्जे को हटवा लिया गया था। सवाल उठता है कि जब एक बार कार्रवाई हो चुकी है तो राजस्व विभाग के जिम्मेदारों ने दोबारा कब्जे का कुचक्र क्यों रचा।

# ढाई सौ लीटर शराब बरामद हजारों लीटर लहन की गई नष्ट

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**आबकारी** आयुक्त उप्र से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जनपद खीरी में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, एसपी विजय ढुल के दिशा निर्देश व जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के नेतृत्व में गुरुवार को विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी महकमें की टीमों ने बड़े पैमाने पर सघन छापेमारी की।

जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने बताया कि आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 रुद्र कांत मिश्र द्वारा ग्राम अम्रता पतेली थाना मोहम्मदी व ग्राम मछेछा थाना पसगवां में दबिश दी गई। दबिश में 73 लीटर अवैध कच्ची शराब और 500 किग्रा लहन बरामद की। मौके पर 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षण क्षेत्र. 3 गिरीश कुमार के द्वारा दबिश ग्राम मोतीपुरवा थाना निघासन में दबिश की गई। दबिश में 75 लीटर अवैध कच्ची शराब और 1000 किग्रा लहन बरामद की गई। मौके पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र.5 पंकज विवेक द्वारा दबिश ग्राम सतिया थाना हैदराबाद में दबिश दी गई। दबिश में 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। उन्होंने बताया कि गुरुवार को कुल 158 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई और 1500 किग्रा लहन बरामद कर मौके पर नष्ट कर दी गई। कुल 06 अभियोग पंजीकृत किए। 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही आबकारी दुकानो व संदिग्ध ढाबों का औचक निरीक्षण समस्त टीमों द्वारा किया जा रहा है। दुकान में त्रुटि पाए जाने पर अनुज्ञापी के खिलाफसख्त कार्यवाही की जायेगी।

# पंचायत चुनाव को देखते हुऐ अभी से तैयारी करें शुरूः बृजेश त्रिपाठी

**मोहम्मदी-खीरी। पं**चायत चुनाव को लेकर अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई है जिस संबंध में प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शासन से मिले दिशा निर्देश के उपरांत आने वाले महीनों में पंचायत चुनाव संभावित है। उसी को देखते हुए पूरी कोतवाली में ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधान व पूर्व प्रधान सहित संभावित प्रत्याशियों को 107/116 के तहत पाबंद किया जा रहा है। जिसमें अभी तक 1362 ऐसे लोगों को पाबंद किया गया है। जिससे चुनाव में कोई गड़बड़ी की आशंका हो उसी को ध्यान में रखकर अब तक 900 लोगों को एक लाख के मुचलके पर पाबंद किया जा रहा है। अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में 41 गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। ऐसे लोगों को जिला बदर करने की कार्यवाही भी की जा रही है जिसमें प्रधान और पूर्व प्रधान भी शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आगामी माह में चुनाव को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की तरफ से सभी लाइसेंस धारकों को चिन्हित किया जा रहा है। उनके लाइसेंस जमा कराने के निर्देश भी शीघ्र जारी किए जाएंगे। सात ऐसे लोगों के लाइसेंस चिन्हित किए गए हैं जिन पर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उनके लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। ऐसे लोगों को भी चिन्हित किया जा रहा है जिनके परिवार के लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हैं। आपराधिक इतिहास है। ऐसे लोगों के भी लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई के लिए प्रेषित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसी को भी कानून को हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। पुलिस और प्रशासन पूरी निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करेगा। जो भी कानून हाथ में लेने की कोशिश करेगा। निश्चित तौर पर ऐसे लोगों पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# धूमधाम से मनाई गई मकर सक्रांति

● लोगों ने किया स्नान व दान-पुण्य, कई जगहों पर हुआ खिचड़ी भोज का आयोजन

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी



**मकर सक्रांति** का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह हिन्दू समुदाय के लोगों ने गोकर्णतीर्थ में तथा घरों में गंगाजल मिलाकर स्नान किया। तत्पश्चात भगवान शिव की पूजा अर्चना की। इसी के साथ शहर में कई स्थानों पर खिचड़ी भोज का आयोजन भी किया गया। घरों में भी लोगों ने विधि-विधान से खिचड़ी भोज किया। बताते चलें कि मकर संक्रांति पर्व पर खिचड़ी दान, खिचड़ी भोज आदि कर भगवान सूर्य का आशीर्वाद ग्रहण किया जाता है इसी के साथ ही सूर्य मकर रेखा में प्रवेश करता है। गुरुवार को मकर सक्रांति के अवसर पर घरों में खिचड़ी भोज किया गया। भगवान शिव के मंदिर में सुबह से ही भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। ठंड और कोहरे को मात देते हुए भक्तों ने स्नान दानपुण्य आदि कर भगवान शिव के मन्दिर में पूजा अर्चना की। इसी के साथ शहर के विवेकानन्द बाल उद्यान में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। ग्राम सुंदरपुर में मकर सक्रांति के महापर्व पर मां भगवती के मंदिर में आयोजित खिचड़ी भोज में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल सम्मिलित हुई और मां भगवती की पूजा अर्चन कर क्षेत्र वासियों के लिए की मंगल कामना की। इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा कि धर्म की भावना प्रत्येक व्यक्ति में होनी चाहिए। जिससे मनुष्य का जीवन अनुशासित रहता है।

# शशिकांत अध्यक्ष व अनीता निगम मंत्री मनोनीत

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

● श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा की कार्यकारिणी घोषित

● कई पदाधिकारियों के समयाभाव व अन्य कारणों से सहयोग न करने पर उठाया कदम

**श्री चित्रगुप्त** कायस्थ सभा की एक आवश्यक बैठक सभा के मुख्य संरक्षक राजीव रतन खरे की अध्यक्षता में उनके आवास पर आयोजित हुई।

मुख्य संरक्षक ने कहा कि काफी समय से यह देखा व अनुभव किया जा रहा हैं कि कुछ पदाधिकारी समयाभाव अथवा किन्हीं अन्य कारणोवश संगठन को अपना समय व सहयोग नहीं दे पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में सभा की सभी प्रकोष्ठों (मुख्य, युवा, महिला एवं तहसील) को तत्काल प्रभाव से भंग करते हुए चित्रांश शशिकांत श्रीवास्तव व उपस्थित सभी लोगों से गहन विचार विमर्श एवं चर्चा के उपरांत जिले की नवीन कार्यकारिणी घोषित की। नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष शशिकांत श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष प्रदीप सक्सेना मुकेश एवं रमेश पांडिया, महामंत्री राजेश श्रीवास्तव एड., मंत्री अनीता निगम, कोषाध्यक्ष डा. ओपी श्रीवास्तव, सह कोषाध्यक्ष एवं सदस्यता प्रभारी रीना अस्थाना, संगठन मंत्री अजय सक्सेना, अज्जू एवं मोनिका श्रीवास्तव, सांस्कृतिक मंत्री प्रियांशी श्रीवास्तव एवं कुलदीप श्रीवास्तव समर, प्रचार मंत्री लक्ष्मी निगम, मनीष श्रीवास्तव एवं प्रीती निगम, मीडिया प्रभारी नितिन श्रीवास्तव, आडिटर पवन श्रीवास्तव चार्टेड एकाउंटेंट घोषित किए गए। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शशी श्रीवास्तव, पूर्णिमा इन्द्र, पल्लवी सिन्हा, इंजी. आरके सिंह, रविकांत श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव एड., मुकेश खरे एड., शंभूनाथ श्रीवास्तव, नरेन्द्र श्रीवास्तव, रामू, अनूप सक्सेना एड. व वैभव श्रीवास्तव एड. शमिल किया गया।

## ठण्ड का कहर जारी

**बरेली।** पहाड़ो से आ रही उत्तर पश्चिमी बर्फीली हवा से शहर मे गलन और ठिठुरन भरी ठण्ड का कहर जारी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घण्टो के दौरान शीतलहर चलने की चेतावनी जारी की है। इस दरम्यान धूप नही निकलेगी यानि कोल्ड डे रहेगा। रात का तापमान सामान्य से कम रहा, तापमान मे भी गिरावट का सिलसिला जारी है। बुधवार को दिन मे धूप जरूर निकली लेकिन गलन बरकार रही। गलन के चलते रात मे भी तापमान कम हो गया था।

# शाहजहांपुर में पहुंची कोविड-19 की वैक्सीन, शनिवार को लगेगा टीका

संवाददाता। शाहजहांपुर

**जनपद में** शनिवार 16 जनवरी 2021 को कोविड टीकाकरण का शुभारम्भ होगा द्य टीकाकरण को सफ्ल बनाने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एस.पी गौतम की अध्यक्षता में जिला टास्कफोर्स की बैठक का आयोजन हुआ बैठक में राकेश कुमार सिटी मजिस्ट्रेट ने कोविड टीकाकरण को सफ्ल बनाने के लिए स्वास्थ्य की सभी तैयारियों की बारीकी से जानकारी ली गयी उन्होंने ने नियमित टीकाकरण के बारे में जानकारी लेकर टीकाकरण के दौरान कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करने के निर्देश दिए डा. एस.पी गौतम मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि कोविड टीकाकरण से सम्बन्धित सभी स्टाफ को प्रशिक्षित किया जा चुका है द्य सभी तैयारियां की जा चुकी है द्य सुरक्षा कर्मियों की सुरक्षा में होगा टीकाकरण वैक्सीन की निगरानी के लिए वैक्सीन के साथ रहेगें सुरक्षा कर्मी द्यउन्होंने वैक्सीन वायल खोलने के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि टीकाकरण सत्र पर जब वैक्सीनेटर (एएनएम) वैक्सीन की वाइल खोलती हैं तो खोलने के तुरंत बाद उस पर दिनांक और समय डाला जाता है द्य ऐसा हम पहले भी अन्य वैक्सीन के लिए करते हैं द्य ठीक उसी तरह से इस बार जब आप वाइल खोलेंगीं तो उस पर दिनांक, समय और वाइल पर 1,2,3,4 आदि नंबर भी डालेंगीं द्य एक कोविड वैक्सीन वायल से लगभग 10 लाभार्थियों को टीका लगाया जाएगा । जैसे आपने पहली वाइल खोली है तो उसमें 1 नंबर पड़ेगा और इस वाइल से लगभग 10 लाभार्थियों को टीका लगाया जाएगा द्य इसके उपरांत जब दूसरी वायल खोली जाएगी तो उस पर दिनांक, समय एवं 2 नंबर डाला जाएगा द्य इस 2 नंबर वाली कोविड वैक्सीन वायल से भी 10 लाभार्थियों को टीका लगाया जाएगा द्य इसी क्रम में वायल 3, 4 ,5 ,6 7 ,8, 9 ,10 से दस दस लाभार्थियों को कोविड वैक्सीन का टीका लग सकेगा । साथ ही लाभार्थी की डीयू लिस्ट की हार्ड कॉपी रहेगी उस हार्ड कॉपी पर जिन लाभार्थियों को टीका लगने के बाद उसके नाम के आगे टिक किया जायेगा द्य और उसके नाम के आगे किस नंबर की वैक्सीन वाइल से उसको टीका लगाया गया है यह भी अवश्य अंकित किया जायेगा । उन्होंने कोविड का टीका लगने के बाद अगर कोई एई ?फ्आई (वैक्सीन का दुष्भाव ) का केश होता है उसके विष में जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी को कोविड वैक्सीन का टीकाकरण होने के उपरांत पता लग सकेगा ।

# संदिग्ध हालात में महिला फांसी पर झूली

संवाददाता। फतेहपुर

● पिता ने लगाया ससुरालीजन पर हत्या का आरोप

**खखरेरू थाना** क्षेत्र के ग्राम अन्जना कबीर में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक लगभग 32 वर्षीय महिला ने घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वही मृतका के परिजनों ने ससुरालीजनो पर दहेज की खातिर मारने पीटने के बाद हत्या शव फांसी पर लटका दिया। जानकारी के अनुसार कौशाम्बी जनपद के थाना पइसा गांव जगन्नाथपुर गांव निवासी मासूक अली ने अपनी पुत्री मरियम निशा की शादी पांच वर्ष पूर्व अन्जना कबीर गांव निवासी मोहम्मद नूह के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के साथ की थी। कुछ महीने तो सब कुछ ठीक रहा लेकिन बाद में ससुरालीजन दहेज की मांग को लेकर बहू को प्रताडित करने लगे। तीन वर्ष पूर्व पीडिता के पिता ने ससुरालजनो के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर दिया था। एक वर्ष पूर्व दोनो पक्षो के बीच सुलह भी हो गया था। उधर कुछ दिन पूर्व ससुरालीजन मरियम निशा को लेकर घर चले आये। बीती रात संदिग्ध अवस्था में उसने फांसी लगा लिया सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया वही मृतका के पिता मासूक अली ने बताया कि शादी के बाद ही ससुरालीजन उसे दहेज के लिये मारते पीटते थे।

एक साल पूर्व भी दोनो पक्षो के बीच सुलह भी हुआ था और यह भी कहा गया था कि तुम्हारी लडकी को सही से रखेगे। लेकिन कुछ ही दिन पहले ससुरालीजन फ्रि से उसकी पुत्री को प्रताडित करने लगे और बीती रात पति, सास शहनाज बानो व घर के अन्य सदस्यों ने उसकी पुत्री को मार पीटकर हत्या कर दी और हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिये शव को फांसी पर लटका दिया। मृतका के पिता ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद वह ससुरालीजन पर हत्या का मुकदमा दर्ज करायेगा।

## मार्ग दुर्घटना में प्रेस छायाकार घायल

**फ्तेहपुर।** जनपद के वरिष्ठ प्रेस छायाकार मो0 शाहिद आज दोपहर हाईवे पर भिटौरा बाईपास के निकट एक मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें आनन- फानन में सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। इस दुर्घटना में मो0 शाहिद के पैर की हड्डी टूट गई है। वहीं चेहरे और हाथ में में भी चोटे आई है। फ्तेहपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष नागेंद्र प्रताप सिंह समेत जनपद के पत्रकार एवं छायाकारो ने उनका हालचाल लिया और ईश्वर से उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

## क्विक न्यूज

### बेटी के घर जा रहे पिता की दुर्घटना में मौत

**बरेली ।** बेटी के घर साइकिल से जा रहे पिता को पीछे से आए किसी वाहन ने टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में बीती रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव आसपुर निवासी 55 वर्षीय सोहनलाल पुत्र जीवनराम कि बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के भाई रूप राम ने बताया कि सोहन लाल की बेटी किरण इज्जत नगर के गांव सैदपुर में रहती है। लगभग 1 महीने पूर्व सोहनलाल साइकिल से अपनी बेटी के घर जाने के लिए चला था। लेकिन बेटी के गांव के पास ही सड़क से गांव की तरफ मुड़ते समय उसकी साइकिल को पीछे से आए किसी वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।टक्कर मारने वाला वाहन फ्रार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा और उसके घर वालों को सूचना दी। जिला अस्पताल पहुंचे घरवाले उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए। जहां बीती रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक 4 बच्चों का पिता था। उसकी पत्नी का नाम विद्यावती है।

### धार्मिक स्थल में चोरी और गंदी हरकत करने वाला गिरफ्तार

**बरेली।** नशे की हालत में एक धार्मिक स्थल में घुसकर पेशाब करने और वहां रखी रकम चोरी करने के बाद गांव के ही डॉक्टर की दुकान में तोड़फोड़ करने वाले शराबी को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर जेल भेजा।शाही थाना क्षेत्र के गांव बसई निवासी पप्पू यादव पुत्र अंतराम को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध गांव के ही इम्तियाज अहमद पुत्र ने शाही थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि पप्पू ने नशे की हालत में गांव के धार्मिक स्थल में घुसने के बाद पेशाब कर दिया और वहां एक में रखे500 रुपए भी चोरी कर लिए। जहां से भागने के बाद उसने गांव में ही रहने वाले डॉ राजवीर पुत्र मोतीराम की दुकान में घुसकर तोड़फोड़ की और दवा की शीशियां तोड़ दी। घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी और आज उसे गिरफ्तार करने के बाद धार्मिक स्थल से चोरी किए गए 500 रुपए बरामद कर लिए और जेल भेजा। उसे गिरफ्तार करने वाली टीम में दुनका चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह सिपाही दीपक कुमार और राहुल पाल शामिल रहे।

### वांछित अपराधी गिरफ्तार

**बरेली।** लंबे समय से फ्रार चल रहे रेलवे के एक वांछित अपराधी को आज जीआरपी थाना इंचार्ज और उनकी टीम ने उसके घर पर छापामार कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा।बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला माधववाडी निवासी 30 वर्षीय शब्बू को रेलवे पुलिस के जंक्शन थाना इंचार्ज अशोक कुमार सिपाही भुवनेश्वर सिंह और हरगोविंद सिंह ने उसके घर से गिरफ्तार किया। वह रेलवे का वांछित अपराधी है उसे गिरफ्तार करने के बाद रेलवे पुलिस ने एसीजेएम एन ई आर के सामने पेश किया और जेल भेज दिया।

### मार्ग दुर्घटनाओं में तीन घायल

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रो के अन्तर्गत हुये सडक हादसो के दौरान तीन लोग घायल हो गये है। जिन्हे उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के मीरपुर गांव निवासी छेद्दू का 35 वर्षीय सुरेश मोटर साइकिल से थरियाव थाने रसूलाबाद आ रहा था जैसे ही वह बहरामपुर के पास पहुचा तभी सामने से आ रही बाइक से भिडन्त हो गयी। जिससे दोनो घायल हो गये। वही सदर कोतवाली क्षेत्र के सनगांव निवासी मोहम्मद फ्जिल 30 वर्ष बुधवार की शाम मोटर साइकिल से नउवाबाग आ रहे थे जैसे ही वह गांव के कुछ दूर पहुचे तभी अनियत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायलो को चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### 102 जोड़ो का सामूहिक विवाह

**शाहजहांपुर ।** मकर सक्रांति के पर्व पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन ओसी?फ ग्राउंड में हुआ कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना शामिल हुए। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 102 जोड़ो का विवाह कराया गया इस अवसर पर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने नवागत जोड़ों को आशीर्वाद के साथ उपहार देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा जनपद में मकर सक्रांति के मौके पर 102 जोड़ो का विवाह कार्यक्रम में सभी जोड़ो को उनकी जरुरत के अनुसार दहेज की व्यवस्था प्रदेश सरकार ने की है इसके तहत कोई परिवार जिसकी आय दो लाख से सालाना कम है मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पंजीकरण कराकर इस योजना से लाभान्वित हो सकता है उन्होंने कहा प्रदेश में अबतक 80 हजार जोड़ो का विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत कराया जा चूका है उन्होंने कहा इस वर्ष सामूहिक विवाह के लिए उन्होंने ढाई सौ करोड रुपए की व्यवस्था की है।

# योग से ही सर्वांगीण विकास संभवः राज्य प्रभारी

**बिन्दकी (फ्तेहपुर)।** योग से ही मनुष्य के सर्वांगीण विकास होता है यह बात कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए राज्य प्रभारी भगवान सिंह ने कही। नगर के फ्रीदपुर मोड़ स्थित एक निजी प्रतिष्ठान में पतंजलि के कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश और राज्य प्रभारी भगवान सिंह ने कहा कि मनुष्य के जीवन का सर्वांगीण विकास सिर्फ योग से ही संभव है इसलिए हम सभी को नित्य योग अभ्यास करने की जरूरत है। इसके साथ-साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व शिक्षा मंत्री अमरजीत सिंह जनसेवक ने कहा कि निश्चित रूप से ही योग उस धन के समान है जिसे हमसे कोई दूसरा चुरा नहीं सकता इसलिए हम सभी को योग करना चाहिए। साथ ही अपने परिवार और समाज तक पहुंचाने की जरूरत है। इसके साथ तहसील अध्यक्ष उपेंद्र सिंह गौतम ने कहा कि योग से जब मनुष्य के स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है तभी वह अपने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में ऊंचाइयों के शिखर तक पहुंचता है इसलिए हमें प्रत्येक काम के लिए स्वस्थ शरीर की और स्वस्थ मन की आवश्यकता होती है। इस मौके पर रविंद्र पाल सिंह, अंजू ओमर, नम्रता ओमर, नीता गुप्ता, दुर्गेश, अवधेश वर्मा, कमलेश, जय वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, मास्टर साहब, संजय गुप्ता, आदर्श कुमार, राजेश, राकेश आदि मौजूद रहे।

## कोहरा होने से फसलों में रोग का खतरा

**खागा (फ्तेहपुर)।** मौसम में आए बदलाव के चलते सुबह व रात को कोहरे के चलते फ्सलों में माहूं रोग लगने का खतरा मंडरा रहा है। इस रोग के चलते फूल वाली फ्सल खराब होने का संकट पैदा हो गया है। कृषि वैज्ञानिक का दावा है कि खेतों में नमी रखने से फ्सलों को इस रोग से बचाया जा सकता है। कृषि वैज्ञानिक डॉ0 देवेंद्र स्वरूप का कहना है कि खेत में नमी रहने से फ्सलों पर कोहरा का असर नही पड़ता। इसके अलावा खेत में खड़ी फ्सल में साढ़े सात सौ ग्राम प्रति हेक्टेयर एम-45 दवा का छिड़काव करें। उन्होने बताया कि पाला व कोहरा के चलते सरसों, मटर, आलू आदि की फ्सलों को नुकसान हो रहा है। माहूं रोग लगने से फ्सल में लगे फूल मुरझाने लगते हैं। इसकी वजह से 50 सीसी की फ्सल बर्बाद होने का खतरा बन जाता है।

## सर्राफा बाजार में युवा व्यापारियों ने किया खिचड़ी वितरण

**खागा (फ्तेहपुर)।** मकर संक्रांति के सुअवसर पर नगर के सर्राफा बाजार में युवा व्यापारियों एवं समाजसेवियों द्वारा शुद्ध देसी घी से निर्मित खिचड़ी वितरण कार्यक्रम रखा गया। जहाँ पर मोहल्लेवासियों एवं राहगीरों को बड़े ही प्रेम व स्नेह के साथ में खिचड़ी खिलाई गई। साथ ही गरीब व असाह्य लोगों को यथाशक्ति दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया गया। खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम सुबह 8 बजे से शुरू हुआ जोकि देर शाम तक निरन्तर रूप से जारी रहा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से व्यापार मण्डल अध्यक्ष शिवचन्द्र शुक्ल, संरक्षक कमलेश बाजपेई, मइयादीन शिवहरे, उपाध्यक्ष धीरज मोदनवाल, सुशील गुप्त (गांधी), अनिल गुप्त (महान जी), महिलाध्यक्ष माया शिवहरे, युवा अध्यक्ष विजय अग्रहारी, वरिष्ठ युवा उपाध्यक्ष अनुपम शुक्ल, मन्त्री अरुण मोदनवाल (राजू), महेश मोदनवाल, हिमान्शु अग्रहरी, प्रिन्स केशरवानी, राजन केशरवानी, रवि केशरवानी आदि लोग उपस्थित रहे।

## एन्टी रोमियो स्क्वाड ने चलाया चेकिंग अभियान

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में थानों की एंटी रोमियो स्क्वाड टीमों द्वारा भीड़-भाड़ वाले स्थानों, मुख्य बाजार व चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। महिलाओं/छात्राओं को रोककर महिला हेल्प से संबंधित महत्वपूर्ण नंबरों से अवगत कराया गया। थाना किशनपुर की टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण किया गया व बिना मास्क लगाए व्यक्तियों को रोक कर पूछताछ की गई। संदिग्ध मनचले लड़कों को रोककर चेतावनी देकर सख्त हिदायत दी गई।

# जनकल्याण संस्थान ने भिटौरा में बांटे कम्बल



फ्तेहपुर। जनपद की तपोस्थली ओम घाट भिटौरा में इस वर्ष भी स्वास्थ्य एवं जन कल्याण संस्थान की ओर से कंबल वितरण एवं खिचड़ी भोज का आयोजन संपन्न किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती मौजूद रहे। संस्था के वरिष्ठ सदस्य अखिलेश तिवारी ने आज के दिन दान के महत्व पर चर्चा किया। संस्थान के सदस्य डॉ0 सीताराम प्रजापति ने भी संस्थान के द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। मुख्य अतिथि ने आज के दिन दान के महत्व पर, पर्यावरण व जल संचय व नदियों के विकास आदि पर विचार विस्तार से प्रकट किए। 457 कंबल संस्थान द्वारा गरीब पात्रों को दिया गया। कार्यक्रम में संस्थान के वरिष्ठ सदस्य रामविशाल, शिव किशोर प्रजापति, चंद प्रजापति, शिव शरण, जीपी निषाद, सुरेंद्र यादव, देवराज कुशवाहा, दिनेश प्रजापति, राजकुमार वर्मा, शिव प्यारे, राम विशाल, नाजिर हुसैन, सूरज चरण, शैलेंद्र यादव आदि मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन संस्थान के वरिष्ठ सदस्य रामआसरे प्रजापति ने किया।

# मकर संक्रांति पर गंगा में आस्था की डुबकी



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**कोरोना** संक्रमण-कोहरे और मौसम की मार भी आस्था के कदम न रोक सकी मकर संक्रांति पर गुरुवार को गंगा नदी में हजारों लोगों ने स्नान कर पूजन-दान कर पारंपरिक रूप से चूड़ा-दही, तिलवा-तिलकुट, लाई, घीवर आदि का ग्रहण किया। पर्व को लेकर स्थानीय विभिन्न गंगा घाटों पर लोग स्नान के लिए उमड़ पड़े। स्नान-ध्यान के बाद आसपास स्थित मंदिरों में पूजन किया। वहीं तिल-गुड़ का दान कर पुण्य कमाया। कुछ लोगों ने इस मौके पर गरीबों में वस्त्रदान भी किया। उधर, मकर संक्रांति को लेकर बाजारों में चहल पहल रही। दही, घीवर, तिलवा-मस्का-तिलकुट की दुकानों पर खासी भीड़ रही। मकर संक्रांति को लेकर दही के भाव और दिनों की अपेक्षा तेज रहे। आम दिन में सौ रुपया किलो बिकने वाला दही 120 रुपया किलो तक बिका। वहीं सब्जियों के भाव में भी आज तेजी रही।

शहर के पांचाल घाट गंगा तट पर भी श्रद्धालु गंगा में आस्था की दुबकी लगाने पंहुचे। कड़ाके की ठिठुरन भरी ठंड उनके हौसले को ठंडा नही कर सकी। और उन्होंने गंगा में दुबकी लगाकर धर्मिक अनुष्ठान पूर्ण किये। इस दौरान हर गंगा घाट हर-हर गंगे और जय मां गंगे के जय घोष से गुंजायमान रहे, हर किसी का एकमात्र उद्देश्य मकर संक्रांति के पुण्य काल में पतित पावनी गंगा में डुबकी लगा, दान-पुण्य कर पुण्य अर्जित करना था। स्नान के दौरान कोविड-19 गाइड लाइन के पालन को लेकर प्रशासनिक दावों के पालन को लेकर कहीं सख्ती नजर नहीं आयी। नतीजतन, श्रद्धालु शारीरिक दूरी और मास्क लगाने की अनिवार्यता का पालन करते नहीं दिखे।

## स्नान-ध्यान के साथ जगह-जगह खिचड़ी भोज का आयोजन

संवाददाता। घाटमपुर

### कोविड के चलते नहीं लगे मेले

**दान-पुण्य** के साथ गंगा स्नान का बिशेष महत्व रखने वाला महापर्व मकर संक्राति का पर्व आज क्षेत्र में बिधि बिधान से मनाया गया। श्रद्धालु सुबह से स्नान-ध्यान के बाद दान पुण्य के साथ खिचड़ी बांटते नजर आये। नगरीय क्षेत्र में भी लोगों ने जगह-जगह खिचडी बंटी। तहसील के सामने भारतीय किसान यूनियन के महेश कुशवाहा, भोलू बादशाह, आशिक मिस्त्री, गंगानरायन प्रजापति आदि ने गरीबों के साथ राहगीरों को खिचड़ी बांटी। जबकि बस स्टाप के सामने तथा डाकखाना तिराहे पर भी लोगों ने खिचडी बांटी गयी। उधर ग्रामीण अंचल के कस्बा सजेती, बरीपाल, पतारा और रेवना के सथ भीतरगांव में लोगों ने खिचड़ी भोज का आयोजन किया और लोगों को खिचड़ी खिलाई।



## डीएम ने मंगलपुर में चौपाल के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, निस्तारण के दिए निर्देश

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने डेरापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम मंगलपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय में ग्रामीणों के साथ आयोजित चौपाल की अध्यक्षता की। जिलाधिकारी ने चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं बिजली, पानी, राशन, पेंशन, आवास आदि को ध्यान पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। वहीं विभिन्न विभागों जिसमें स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, जिला कृषि विभाग, जिला मत्स्य विभाग, विद्युत विभाग, जिला दिव्यांग एवं सशक्तिकरण विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग आदि द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया तथा केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा संबंधित विभाग द्वारा लगाए गए स्टालों में उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया कि स्टाल में आने वाले लोगों की समस्याओं को सुने तथा उसका निस्तारण करें व योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित भी करें । जिलाधिकारी ने वरासत अभियान के तहत करीब 300 नि:शुल्क खतौनी वितरित की। वहीं आयुष्मान भारत योजना के तहत नि:शुल्क गोल्डेन कार्ड वितरित किये तथा 5 छात्र.छात्राओं को स्वेटर वितरित किये। वहीं 24 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किये तथा सर्दी से बचाव हेतु करीब 200 पात्र गरीब व्यक्तियों को कम्बल वितरित किये। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कैम्प व स्टाल लगाकर शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी लोगों को दे तथा पात्र गरीब व्यक्तियों को योजना का लाभ भी दिलाये। उन्होंने कहा कि वरासत अभियान के तहत गांव गांव जाकर मृतक व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके वारिसानों का नाम खतौनी में दर्ज किया जाये तथा इसमें किसी प्रकार से लापरवाही न की जाये। जिलाधिकारी ने एसडीएम सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सर्दी का मौसम चल रहा है तथा गरीब व्यक्तियों को चिन्हित कर कम्बल वितरित किये जाये तथा भीड़ वाले स्थानों पर अलाव भी जलाये जाये। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चैधरी ने भी शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी तथा पुलिस से सम्बन्धी समस्याओं को सुना।

## कोहरे से बढ़ी गलन

**फर्रुखाबाद।** जिले भर में सोमवार की सुबह मौसम का मिजाज एकदम से बदल गया। गुरुवार को सुबह जिले के हालात बदले नजर आए। आसमान पर तनी कोहरे व धुंध की चादर ने परेशान कर दिया। आसमान की धुंध न छंटने से वाहनों की लाइट जलाकर सफर करना पड़ा। तापमान में अचानक गिरावट से गलन बढ़ी और लोग ठिठुरते रहे। दोपहर तक सूरज निकलने से कुछ हालात ठीक हुए। धूप निकली लेकिन गलन बरकरार रही। दिसंबर माह के आरंभ से जारी हुई ठंड का कहर लगातार जारी है। हर दिन लोग ठंड में बढ़ोत्तरी महसूस कर रहे हैं। इसके अलावा सुबह व रात को कोहरा भी लोगों की मुश्किलों में इजाफा कर रहा है। दिन- रात चल रही शीतलहरी हाड़ कंपाने वाले ठंड को लगातार बढ़ा रही है।गुरुवार को लोग सुबह जब लोग उठे तो उन्हें शहर कोहरे के आगोश में डूबा दिखा। सुबह 9 बजे अत्यधिक घना कोहरा छाया हुआ था, लोगों को आसपास का कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। गुरुवार को लोग सुबह जब लोग उठे तो उन्हें शहर कोहरे के आगोश में डूबा दिखा। सुबह 9 बजे अत्यधिक घना कोहरा छाया हुआ था, लोगों को आसपास का कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। सूरज की रोशनी को लोग तरस गए। सुबह करीब 10 बजे बाद सूरज के दर्शन हुए। इस दौरान मौसम में खासी ठंडक ने लोगों को ठिठुरा दिया। सुबह के समय हाइवे पर मार्गों पर वाहन चालकों को लाइट जलानी पडी।

**ठंड से पशु पक्षी भी बेहाल:** कड़ाके की पड़ रही ठंड से जहां आम जीवन प्रभावित है, वहीं इसका प्रतिकूल असर पशु व पक्षियों पर भी देखा जा रहा है। पशु दिन में भी ठिठुरे नजर आ रहे हैं। पक्षियों का चहचहाना भी कम दिखाई दे रहा है।

## गंदगी फैलाने वाले ग्रामीणों से रोज जाये 500 जुर्माना: डीएम

### डीएम ने परखीं मेला रामनगरिया की तैयारियां मिले गंदगी के अंबार

**फर्रुखाबाद।** मकर सक्रांति 2021 पर गंगा स्नान करने गये श्रद्धालुओं के बीच पहुंचे जिलाधिकारी ने मेलारामनगरिया को दृष्टिगत पाचांलघाट की सुरक्षा व्यवस्था व मेला रामनगरिया की तैयारियों को परखा।

बताते चलें कि हर वर्ष पांचालघाट पर मेला रामनगरिया का आयोजन किया जाता है जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने आते हैं, जिसकी तैयारियां इस वर्ष भी काफी जोरों से चल रही हैं। वहीं जिलाधिकारी पहले ही निर्देशित कर चुके हैं कि इस वर्ष मेलारामनगरिया पिछले वर्ष की अपेक्षा दो गुनी जगह पर कोविड नियमों को ध्यान में रखते हुये लगेगी। वहीं आज फिर जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने श्री मेला रामनगरियां की तैयारियों को लेकर आज मकर संक्रांति के पर्व पर गंगातट का औचक निरीक्षण कर जाएजा लिया।



उन्होंने पांचाल घाट की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए अंतरिम सीढ़ी पर लोहे के पोल,जंजीर सहित लगवाने के निर्देश दिये। जिससे मेला रामनगरिया का लुत्फ उठाने आये श्रद्धालुओं को गंगा स्नान करने में कोई परेशानी न होने पाये। श्रद्धालु लोहे के पोल व जंजीर पकड़ कर आसानी से स्नान कर सकें और कोई भी श्रद्धालु डूब की जद में न आ सके। वहीं पांचाल पुल पर लगते जाम को देखते हुए परियोजना अधिकारी डूडा पांचाल घाट किनारे पार्किंग स्थल का निर्माण कराने के निर्देश दिये। जिससे गंगा में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की वजह से गंगा पुल पर जाम न लग सके। वहीं आम जनमानस को जाम से निजात मिल सके। बाद में उन्होने पांचालघाट पर साफ-सफाई की गुणवत्ता परखी। जिसमें उन्हें घाट पर रखे कूड़ेदान एंव बनाई गई पक्की नालियों में गंदगी के अंबार देखने को मिले। जिस पर नाराज जिलाधिकारी ने एडीपीआरओ अमित त्यागी को तत्काल नाली में जालियों को ठीक कराने व साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये। वहीं घाट पर रखे कूड़ेदान में नियमित रुप से कूड़ा उठवाने के निर्देश दिये। वहीं जिलाधिकारी ने हिदायत भी दी कि गंगाघाट पर साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था की जाए। अगर ऐसा न हुआ तो खैर नहीं। वहीं गंगा घाट पर कूड़ा फेंकने व गंदगी फैलाने वाले ग्रामीणों से प्रतिदिन 500 रुपये के हिसाब से जुर्माना वसूला जाए।

### जिला पंचायत का डीएम ने प्रशासक के तौर पर ग्रहण किया कार्यभार

**फर्रुखाबाद।** जिला पंचायत फर्रुखाबाद का आज जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने प्रशासक के तौर पर कार्यभार गृहण कर लिया है। जिलाधिकारी व प्रशासक जिला पंचायत मानवेन्द्र सिंह ने आज कार्यभार गृहण करने के बाद सबसे पहले काफी समय से लंबित पड़े निर्माण कार्यो को लेकर अपर मुख्य अधिकारी नरेन्द्र सिंह से निर्माण कार्यो की जानकारी प्राप्त की। जिसमें अपर मुख्य अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि कई कार्य लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण नहीं हुए है वहीं कई निमार्ण कार्य बीते काफी समय से लंबित पड़े हुए हैं। जिसमें डीएम मानवेन्द्र सिंह ने तल्ख लहजे में अपर मुख्य अधिकारी को निर्देशित कर कहा कि लंबित निर्माण कार्यों के जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदारों के विरुद्व चेतावनी जारी करें। जिससे लंबित कार्य तय समय पर पूर्ण हो सकें। वहीं जिला पंचायत में सभी ऐसी जमीनें जिन पर अवैध कब्जा हैं, उनकी रिपोर्ट एक सप्ताह के अंदर प्रस्तुत की जाए। जिला पंचायत में कई वर्षो से हॉट बाजारों का शुल्क न बढ़ने पर पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

## दर्शन कर लौट रही महिला को डंपर ने रौंदा, कटा पैर

**औरैया।** गुरुवार की तड़के मंदिर से दर्शन करके दूध लेकर घर जा रही महिला को डंफर ने टक्कर मार दी। जिससे वह उसकी चपेट में आ गई और डंफर उसके पैर पर चढ़ गया। जिससे उसका पैर पूरी तरह से कुचल गया। राहगीरों के चिल्लाने पर डंफर के चालक ने डंफर रोका। उसके उपरांत बैक करके महिला को डंफर के नीचे से निकाला गया। घटना की सूचना एंबुलेंस को दी गई, लेकिन एंबुलेंस काफी देर तक नहीं पहुंची। तब पुलिस ने अपनी गाड़ी से महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया।

शहर के मोहल्ला सत्तेश्वर निवासी मंजू दीक्षित पत्नी राकेश दीक्षित रोज की भांति गुरुवार की सुबह करीब 7:30 बजे जैसीज चौराहे के समीप स्थित के मकान से दूध लेने गई हुई थी। दूध लेने के उपरांत वह काली माता मंदिर के दर्शन कर घर वापस लौट रही थी। जैसे ही वह जैसीज चौराहे से जालौन चौराहे की ओर बढ़ी तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रहे डंफर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। वहां पर मौजूद लोगों ने बताया कि महिला मंजू दीक्षित का शाल डंफर में फंस गया। जिससे वह काफी दूर तक उसके साथ घिसटती चली गई। उसके उपरांत राहगीरों द्वारा चिल्लाने पर डंफर चालक ने गाड़ी को रोका और देखकर टायर के बीच में फंसी महिला को निकाला। राहगीरों द्वारा बताया गया कि डंफर की चपेट में आने से महिला का पैर पूरी तरह से कुचल गया। देखते ही देखते घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई। लोगों ने इसकी जानकारी एंबुलेंस व कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस को न आता देख अपनी गाड़ी से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उसे सैफई रेफर कर दिया।

## मैजिक-वाइक की टक्कर में 4 घायल

संवाददाता। घाटमपुर

**थाना सजेती** क्षेत्र के सरगांव संर्पक मार्ग पर मैजिक व वाइक में आमने सामने टक्करहोने से वाइक सवार 4 लोग घायल हो गये जिन्हे इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया गया है डाक्टरों ने बताया कि संजय ( 22 ) पुत्र जगदीश निवासी रैपुरा व वहीं के राहुल ( 30 ) पुत्र रामशंकर का हालत गम्भीर होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद उर्सला कानपुर रिफर कर दिया गया है जबकि धीरु ( 20 ) पुत्र रामकृपाल व अंगद ( 21 ) पुत्र जालिम की मरहम पट्टी करके धर जाने को कहा गया है। बताया जाताहै कि उक्त चारो लोग एक वाइक से घाटमपुर की ओर आ रहे थे और ही सरगांव के पास पंहुचे कि तभी सामने से आ रही मैजिक से टक्कर हो गयी। जबकि गुरुवार की ही एक अन्य हादसे में वाइक सवार गांव भदरस निवासी रहीश पुत्र असगर घायल हो गया जिसे परिजन इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

## सीएमओ कार्यालय मे 7820 डोज़ वैक्सीन पहुंची, डीएम-एसपी ने लिया जायजा



**कानपुर देहात।** कोविड.19 के बचाव को लेकर वैक्सीनेशन कार्यक्रम के प्रथम चरण में 7820 वैक्सिनेशन के डोज कानपुर से कानपुर देहात मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में बनाए गए स्टोर रूम में सुरक्षित पहुंचे ।

इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्रए पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश कटियार एजिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा० महेंद्र जतारया ने टीम के साथ आई वैक्सीन को सुरक्षित रखे गये तथा सुरक्षा व्यवस्था भी लगाई गई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रथम चरण के वैक्सीनेशन कार्यक्रम में झीझकए पुखराया व जिला अस्पताल में 01 टीम के माध्यम से प्रथम चरण के वैक्सीनेशन कार्यक्रम को 16 जनवरी से प्रारंभ कराया जाएगा तथा अफवाहों से दूर रहकर इस अभियान को सफल बनाने में सभी सहयोगी बने। प्रथम चरण के वैक्सीनेशन कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के लोगों को वैक्सीन लगाई जाएगी द्वितीय चरण में पुलिस सफाई कर्मी व अन्य लोगों को वैक्सीन लगाई जाएगी।

## खालिस्तानी समर्थक किसानों की आड़ में दे रहे आंदोलन को हवा: विधायक

**फर्रुखाबाद।** कृषि बिल के समर्थन में उतरे बीजेपी विधायक नें विरोधियों पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कृषि बिल के विरोध में किसान आंदोलन को कुछ विपक्षी खालिस्तानी समर्थक हवा दे रहें है। सरकार उनको गुप्त रूप से चिन्हित करा रही है। जिनके खिलाफकार्यवाही होगी। शहर के आवास विकास स्थित पार्टी के जिला कार्यलय पर भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता व अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य नें पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि बीते 6 वर्षों में किसान के लिए बहुत से योजनाओं सरकार लायी जिससे उन्हें लाभ हुआ। काफी लम्बे समय से किसानों के लिए बाजार खोलने की मांग चल रही थी। उसके लिए कृषि कानून लाया गया। कृषि कानून के चलते अब किसानों का शोषण नही हो पायेगा। किसान देश में कही भी अपनी फसल बेंच सकता है। लेकिन कुछ अलोकप्रिय हो चुके संगठन खुद को चमकाने के लिए किसान आंदोलन में घुसकर प्रदर्शन कर रहें है। बीजेपी सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन और सम्मान कर रही है। लेकिन किसानों के धरनें में अराजकतत्व शामिल होकर उपद्रव से बाज नही आ रहे। किसानों की भीड़ में कम्युनिस्ट विचार धारा के लोग घुसें है। विधायक नें कहा कि भाजपा किसानों के बीच से विरोधियों को हटाने के लिए कुटनीतिक मार्ग अपनाने की तैयारी कर रही है। दो किसान के रूप में बहरूपिया बनकर घुसे है उन्हें समय आने पर चिन्हित कर कार्यवाही की जायेगी।

## मकर संक्रांति पर जरूरतमंदों को मिला कंबल व प्रसाद



**औरैया।** एक विचित्र पहल सेवा समिति रजि0 औरैया की महिला शाखा तुलसी द्वारा गुरुवार को 11 बजे से श्री पोरवाल धर्मशाला होमगंज, औरैया में मकर संक्रांति पर्व धूमधाम से मनाया गयाए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में अंतर्राष्ट्रीय कथाकार आचार्य पं मनोज अवस्थी विशिष्ट अतिथि के रूप में तिलक इंटर कॉलेज औरैया के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य पीके शुक्ला एवं नगर पालिका इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य पीके गुप्ता मौजूद रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला शाखा तुलसी की वयोवृद्ध श्रीमती सुनीता चौबे ने की। कार्यक्रम में जरूरतमंद लोगों को खिचड़ी, कंबल, वस्त्र आदि वस्तुएं दान स्वरूप वितरित की गई। आयोजन में महिला शाखा तुलसी की अध्यक्ष बबिता ने मंचासीन अतिथियों का अभिनंदन कियाए मुख्य अतिथि ने बताया कि आज के दिन गंगा नदी में स्नान करने के उपरांत तिल व गुड़ से बनी चीजों को दान तथा उपयोग करने की परंपरा है, तथा स्नान दान पुर्ण जप तप श्राद्ध तथा अनुष्ठान आदि करने से सौ गुना पूर्ण फल प्राप्त होता है, मान्यतानुसार कुछ लोग खिचड़ी बनाकर सूर्य देवता का भोग लगाते हैं। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि पीके शुक्ला व केके गुप्ता ने संबोधित किया, समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि मकर संक्रांति के पावन अवसर पर जरूरतमंदों को दान स्वरूप वितरण हेतु समाजसेवी विजय सिंह भारतीय, अजीतमल, दानवीर मनीष पुरवार, समाजसेवी हरी नारायण अग्रवाल (सेवानिवृत्त ), समाजसेवी कमल कांत पोरवाल, समाज सेविका दीक्षा गुप्ता द्वारा समिति को कंबल व शॉल उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम के समापन पर देवमुनि पोरवाल, समाजसेविका श्रीमती बबिता पुरवार ने बैकुंठ रथ की वार्षिक सदस्यता ग्रहण की। समिति के सदस्यों ने बैकुंठ रथ सेवा के नए सदस्यों का माल्यार्पण कर हृदय से अभिनंदन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपेंद्र नाथ मिश्रा, किशन गुप्ता, सुनील अवस्थी, गुरमीत सिंह, रानू पोरवाल, सभासद पंकज मिश्रा, आनन्द गुप्ता (डाबर), आदित्य पोरवाल, कपिल गुप्ता, केएन गुप्ता, दीपक सोनी, जूनियर शाखा अनमोल के अध्यक्ष गोपाल गुप्ता, मयंक गुप्ता, मीरा गुप्ता, लक्ष्मी बिश्नोई, क्षमा सोनी, मधु शर्मा, प्रेमलता गुप्ता, सुनीता गहोई, सीमा पोरवाल, रंजना गुप्ता, रेनू पोरवाल, कुमकुम वर्मा, लक्ष्मी पुरवार, पूनम गुप्ता, ममता विश्नोई, रिंकी शुक्ला, लक्ष्मी वर्मा, उमा गहोई, सुमन पोरवाल, मालती लक्षकार, प्रतिभा सोनी, सीता पोरवाल आदि सदस्य मौजूद रहे।

## सबसे अधिक दीक्षा एप डाउनलोड करवाने वाले प्रधानाध्यापक होंगे सम्मानित: पवन



**रसूलाबाद कानपुर देहात।** विकासखंड रसूलाबाद की न्याय पंचायत सिसाही के उच्च प्राथमिक विद्यालय सिसाही में आज समस्त संकुल शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक आयोजित की गई जिसमें एआरपी पवन सिंह ने सबसे अधिक दीक्षा एप एवं रीड इलांग ऐप डाउनलोड करवाने वाले प्रधानाध्यापक को पुरस्कृत करने की घोषणा की। उच्च प्राथमिक विद्यालय सिसाही में आज एआरपी पवन सिंह की अध्यक्षता में शिक्षक संकुल ए प्रधानाध्यापक एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापक की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में तारनपुरवा के प्रधानाध्यापक नवीन कुमार दीक्षित ने पाठ योजना का प्रस्तुतीकरण किया। उनकी पाठ योजना हिंदी विषय पर आधारित थी। उन्होंने अपनी पाठ योजना को दीक्षा ऐप के माध्यम से और स्वयं निर्मित तोता बनाकर पाठ योजना को और अधिक रुचिकर बना दिया। बैठक में मौजूद सभी शिक्षकों ने उनकी पाठ योजना के इस प्रस्तुतीकरण की प्रशंसा की। बैठक में संकुल शिक्षक सुरेश चंद्र ने आयकर फॉर्म भरने की जानकारी दी। संकुल शिक्षक शैलेश कुमार ने कायाकल्प के विषय में विस्तार से बताया। शिक्षक संकुल विनोद कुमार ने प्रेरणा सूची के विषय में बताया। शिक्षक संकुल अखिलेश कुमार ने प्रेरणा तालिका के विषय में बताया जबकि शिक्षक संकुल ममता सिंह ने प्रेरणा लक्ष्य की बारे में सभी शिक्षकों को जानकारी दी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे एआरपी पवन सिंह ने बताया कि अभी तक दीक्षा एप एवं रीड अलांग ऐप का लक्ष्य पूरा नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि जो भी प्रधानाध्यापक सबसे अधिक दीक्षा एप एवं रीड अलांग एप डाउनलोड करवाएगा उसको अगली बैठक में पुरस्कृत किया जायेगा। बैठक में एआरपी पवन सिंह ने सभी शिक्षकों को शिक्षक डायरी का महत्व भी बताया। बैठक में विक्रम सिंह चौहान, पूनम वर्मा, नीलम कुमारी, नवीन कुमार दीक्षित, मदन मोहन मिश्र, मोहित सक्सेना, सत्यम पांडेय, सतीश कुमार, विजय सिंह, सुनील कुमार, योगेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, लालबाबू, श्याम बाबू, पंकज मिश्र आदि शिक्षकों ने भाग लिया।

## रेलवे के पेंड्राल क्लिप खरीदने में महिला कबाड़ी गिरफ्तारी

**फर्रुखाबाद।** आरपीएफनें महिला कबाड़ी को रेलवे के चोरी किये गये पेंड्राल क्लिप खरीदने के मामले में गिरफ्तार किया। फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन के आरपीएफ निरीक्षक वीरेंद्र कुमार नें शहर कोतवाली के बढ़पुर क्रिश्चियन कालेज के निकट निराला नगर निवासी पिंकी राठौर पत्नी रमेश राठौर को बीते दिन दबोचा था। आरपीएफ को उसके घर से 34 नग पेंड्राल क्लिप 1550 कीमत के बरामद किये। आरपीएफके अनुसार महिला कबाड़ी पिंकी चलते फिरते कबाड़ियों से रेलवे से चोरी किये पेंड्राल क्लिप खरीदती थी। आरपीएफनें पिंकी के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जाँच दारोगा अंकुश को दी गयी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक रूबी आदि रहे।

## रेल टिकटों में हेराफेरी करने में आरक्षण पर्यवेक्षक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) नें ट्रेन की टिकटों में हेराफेरी करने के मामले में आरक्षण पर्यवेक्षक को गिरफ्तार किया। आरपीएफचौकी प्रभारी प्रशांत यादव को फतेहगढ आरक्षण केंद्र पर आरक्षण पर्यवेक्षक के द्वारा टिकट यात्रियों को देनें में अनियमितता करने की शिकायत मिली। जिसके चलते चौकी इंचार्ज आरपीएफ नें गोरखपुर शाहपुर गीतावटिका घोसी पुरवा निवासी आरक्षण परिवेक्षक अब्दुल मुस्तफा पुत्र समीउल्ला को गिरफ्तार किया। मामले की विवेचना दारोगा रूबी को दी गयी है।

## श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ट्रस्ट की अगुवाई में विशाल मोटरसाइकिल जनजागरण यात्रा निकाली गई



**दिबियापुर/औरैया।** 14 जनवरी 2021 दृ राम मंदिर निर्माण के लिए धन संग्रह अभियान के तहत गुरुवार को एक जनजागरूकता बाइक रैली निकाली गई। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक एवं कृषि राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लाखन सिंह राजपूत जी ने शोभा यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। जनजागरण यात्रा में लोग बाइक पर सवार होकर पहुंचे।

गुरुवार की दोपहर लगभग 12 बजे कस्बा दिबियापुर के जनता महाविद्यालय चन्द्रनगर, सेहुद परिसर से मोटरसाइकिल जनजागरण यात्रा शुरू हुई। हिंदू संगठनों के लोग डीजे पर भक्ति गीतों की धुनों पर आगे.आगे चल रहे थे साथ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं विश्व हिंदू परिषद व भारतीय जनता पार्टी सहित कई अन्य हिंदू संगठनो के लोगों का काफिला चल रहा था। शोभा यात्रा कस्बा दिबियापुर के जनता महाविद्यालय से शुरू होकर वारसी पेट्रोल पंप होते हुए स्टेशन रोड रानी अवंतिबाई पार्क थाने के पास से फफूंद चौराहा होते हुए ओवरब्रिज से बेला रोड वीजीएम कालेज होते हुए गायत्री शक्तिपीठ उमरी गांव से सहायल रोड होते हुए स्टेशन रोड भगवतीगंज बाबा परमहंस महाराज की बगिया मे सभी प्रभु श्री राम भक्तों ने हनुमान चालीसा पढ़कर शोभा यात्रा का समापन हुआ इसके बाद सभी राम भक्तों को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। भारत विकास परिषद दिबियापुर एवं व्यापार मंडल दिबियापुर व युवा क्षत्रिय स्वर्णकार महासभा प्रतिनिधि व्यापार मंडल के द्वारा भी जगह-जगह शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर चाय, मंगौड़ा एवं खिचड़ी वितरित की गई। राम भक्तों का उत्साहवर्धन करने के लिए नगर के कई स्थानों पर एवं उमरी गाँव में लोगो द्वारा कई जगह पुष्प वर्षा कर राम भक्तों का उत्साह बढ़ाया गया। इस यात्रा के मद्देनजर नगर पंचायत दिबियापुर के द्वारा नगर में सफाई करवा कर पूरे नगर मे चूना डलवाया गया और पुलिस प्रशासन के द्वारा जगह जगह सुरक्षा की द्रष्टि से पुलिस कर्मी तैनात किए गए स्वयं थानाध्यक्ष के द्वारा आगे-आगे चलकर रास्ता साफ करवाया गया। विश्व हिंदू परिषद के जिलामंत्री योगेश्वर पांडेय जी ने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद अब 15 जनवरी को राम भक्तों की टोली सभी के द्वारों पर पहुंचेगी। जिसमें श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट न्यास के तत्वावधान में प्रभु श्री राम के मंदिर निर्माण के लिए निधि समपर्ण अभियान चलायेगी जिससे कि धन संग्रह करते हुए ट्रस्ट के खाते में रोज का रोज धन पहुंचा कर मंदिर निर्माण में प्रत्येक हिंदू परिवार से घर घर सहयोग लेकर सहभागिता ली जायेगी जिससे कि सभी हिंदुओं के सहयोग से भव्य और दिव्य मंदिर निर्माण हो सके।

# मंदाकिनी में आस्था की डुबकी लगा लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई कामदगिरि की परिक्रमा


भगवान कामतानाथ जी एवं मंदाकिनी में आस्था की डुबकी लगाते श्रद्धालु।

**चित्रकूट।** उप्र के ऐतिहासिक तीर्थ स्थल चित्रकूट में गुरुवार को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं ने पतित पावनी मां मंदाकिनी नदी में आस्था की डुबकी लगाकर मत्यगेंद्रनाथ नाथ (प्राचीन शिव मंदिर) में जलाभिषेक किया। मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए कामदगिरि पर्वत की पंचकोसीय परिक्रमा लगाई। साथ ही सूर्य नारायण को अर्घ्य देकर खिचड़ी का दान किया।

आदितीर्थ के रूप मे समूचे विश्व मे विख्यात धर्म नगरी चित्रकूट में मकर संक्रांति पर्व का विशेष महत्व है पौराणिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति के पर्व पर मंदाकिनी नदी में स्नान कर कामदगिरि की परिक्रमा लगाने खिचड़ी का दान करने और मंदाकिनी नदी के जल से सूर्य नारायण को अर्घ्य देने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। मत्यगेंद्रनाथ नाथ मंदिर के पुजारी विपिन महाराज ने बताया कि मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर धर्म नगरी में सुबह से ही लाखों श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। भोर से ही मंदाकिनी में आस्था की डुबकी लगा कर सूर्य नारायण को अर्घ्य दिया और खिचड़ी और वस्त दान किया इसके अलावा चित्रकूट के क्षेत्र पालक भगवान ब्रम्हा द्वारा स्थापित सृष्टि के प्रथम शिवलिंग स्वामी मत्येंद्रनाथ का जलाभिषेक किया इसके बाद मनोकामनाओ के पूरण की कामना को लेकर कामदगिरि पर्वत की पंचकोसीय परिक्रमा लगाई। पतित पावनी मां मंदाकिनी में आस्था की डुबकी लगाने आये श्रद्धालु ओम केशरवानी,दिलीप केशरवानी, सुनील द्विवेदी का कहना है कि चित्रकूट प्रभु श्रीराम की तपोभूमि है मंदाकिनी स्नान और कामदगिरि की परिक्रमा लगाने से समस्त मनोकामनायें पूर्ण होती है। इसके अलावा डीएम शेषमणि पांडेय का कहना है कि मकर संक्रांति को लेकर मेला परिक्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है।

मन्दाकिनी में स्नान करते हुए समय कोई हादसा न हो ,इसके लिए गोताखोरों की तैनाती की गई है। पूरे मेला क्षेत्र में सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। आपको बता दे कि चित्रकूट में प्रभु श्रीराम की तपोभूमि में मकर संक्रांति पर पारा पांच डिग्री से नीचे है लेकिन श्रद्धालुओं में उत्साह देखते बना। पौराणिक भरतकूप व पतित पावनी मां मंदाकिनी में स्नान व दान पुण्य के लिए लोगों का तांता लगा है। चारों ओर भजन कीर्तन व मंत्र सुनाई दे रहे हैं। पैसेंजर ट्रेन बंद होने से अधिकांश लोग निजी वाहनों से चित्रकूट पहुंचे। लोगों को सर्दी से बचने के लिए प्रशासन ने अलाव व रैन बसेरा के इंतजाम किए हैं। साथ ही व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए मजिस्ट्रेट तैनात हैं।

# डीएम ने किया बीएसए व लोनिवि के अधिशासी अभियंता से किया जवाब तलब

**संवाददाता।** हमीरपुर

**गौआश्रय स्थलों** के प्रबंधन एवं संचालन हेतु जनपद स्तरीय अनुश्रवण की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने बैठक में अनुपस्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और अधिशासी अभियंता से जवाब तलब किया है।

डीएम ने कहा कि सभी गौशालाओं में भूसे, चारे, पेयजल एवं ठंड से बचाव टीनशेड, तिरपाल की पूरी व्यवस्था रखी जाए। सभी गौशालाओ, ग्राम पंचायतों में चारागाह का विकास किया जाय। शत प्रतिशत गौशालाओ में कंपोस्ट पिट बनवाकर उसी में गोबर एकत्र किया जाय। ऐसी गौशाला जहाँ 50 से कम अन्ना पशु संरक्षित हैं उन्हें निकटतम बड़ी गौशालाओ में शिफ्ट किया जाय। गौशालाओं का पुनः सत्यापन कर पायी जाने वाली कमियों को शीघ्र दूर किया जाए। इलाज के अभाव में कोई भी अन्ना पशु की मृत्यु न होने पाए इसके लिए पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा गौशालाओ का नियमित रूप से भ्रमण कर बीमार पशुओं का समुचित इलाज किया जाय तथा लेखपालों के माध्यम से भी फीडबैक लिया जाय। कोई भी कैजुअल्टी होने पर तत्काल उसका उचित ढंग से डिस्पोजल किया जाय। डीएम ने कहा कि कुपोषित बच्चों परिवारों को जो दुधारू गाय दी गयी हैं तथा सहभागिता योजना के अंतर्गत अन्य लोगों को जो गाय उपलब्ध कराई गई हैं उनका प्रत्येक माह समय से भुगतान किया जाय। सभी सीडीपीओ द्वारा 10-10 गाय सहभागिता योजना के अंतर्गत कुपोषित बच्चों परिवारों को और उपलब्ध करायी जाय। इस दौरान उन्होंने ईयरटैगिंग , टीकाकरण , कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम की समीक्षा कर दिए गए लक्ष्य को प्राप्त करने के निर्देश दिए।

## विवक न्यूज

### ट्रैक्टर से गिरकर मजदूर की मृत्यु गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**राठ( हमीरपुर )।** बीते मंगलवार की रात्रि मझगवां–नौरंगा मार्ग पर एक मजदूर की ट्रैक्टर से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई थी। मृतक के छोटे भाई ने आज थाने में ट्रैक्टर चालक व उसके पुत्र के विरुद्ध लापरवाही से वाहन चलाने और गैर इरादतन हत्या का मुकदमा पंजीकृत कराया है। क्षेत्र के मझगवां निवासी मत्ती यादव ने बताया कि बीते मंगलवार की रात करीब 10 बजे गांव का मोतीलाल यादव व उसका पुत्र आशीष उसके पुत्र रामकुमार(35)को मजदूरी के बहाने घर से ले गये थे। रात्रि में ट्रैक्टर से मझगवां से नौरंगा जा रहे थे। तेज गति से ट्रैक्टर चलने पर उसका पुत्र ट्रैक्टर से पीछे की ओर गिर गया। उसी दौरान ट्रैक्टर के पहिये के नीचे आ जाने पर उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई विनोद ने बताया कि बुधवार की सुबह करीब 4 बजे मोतीलाल उसके भाई का शव लेकर घर पहुंचा और घटना की जानकारी दी। जब उसे जानकारी हुई तो परिजनों ने अंतिम संस्कार न करने की बात कही। बताया कि वह और उसके भाई जब मुम्बई आये तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। इस संबंध में मझगवां थाना इंचार्ज एसआई मनीष कुमार ने बताया कि मृतक के छोटे भाई विनोद की तहरीर के आधार पर आरोपी मोतीलाल यादव और उसके पुत्र आशीष के विरूद्ध धारा 279, 304ए आईपीसी के तहत मामला पंजीकृत किया है। बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये दबिश दी जा रही है।

### आमने सामने बाइक की भिडंत, दो लोग घायल

**राठ ( हमीरपुर )।** मकर संक्रांति के पर्व पर सरसेड़ा बांध घूमने जा रहे दो बाइक सवारों की बाइक आमने सामने भिड़ गई। इस हादसे में एक बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जबकि दूसरे बाइक सवार मौके पर भाग गये। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के धमना गांव निवासी पुष्पेंद्र 23 पुत्र घनश्याम वर्मा अपने साथी लवकेश पुत्र रामचरन के साथ मकर संक्रांति का पर्व पर सरसेड़ा बांध घूमने बाइक से जा रहे थे। तभी राठ–हमीरपुर मार्ग पर सामने से आ रही एक बाइक से सीधी भिड़ंत हो गई। जिससे पुष्पेंद्र और लवकेश बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। जबकि दूसरे बाइक सवार मौके से भाग गये। सूचना पर पहुंचे परिजन घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले गये। डा.प्रभात ने बताया कि घायल युवक शराब के नशे में घुत थे। पुष्पेंद्र के सिर में गंभीर चोट थी। जबकि लवकेश मामूली रूप से चोटहिल था।

### गृह कलह के चलते तीन ने किया आत्महत्या का प्रयास

**राठ ( हमीरपुर )।** क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर घरेलू कलह के चलते तीन लोगों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये। जहां एक युवक की हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कॉलिज उरई रिफर कर दिया। जरिया थाना क्षेत्र के रिगवारा गांव निवासी सतीश ने गुरूवार को पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। जब युवक की हालत बिगडने लगी तो परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये। जहां चिकित्सक ने युवक को उरई रिफर कर दिया। वहीं उमरिया गांव निवासी पवन और नवैनी गांव निवासी संतोष ने जहरीला पदार्थ खा लिया।

### हारजीत की बाजी लगाते आठ गिरफ्तार

**जालौन ( उरई )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर में सार्वजनिक स्थल पर चल रहे हार–जीत के खेल पर पुलिस ने छापेमारी की। हारजीत की बाजी लगा रहे 8 लोगों को पकड़ लिया जिनके पास से 16 हजार 350 रुपए बरामद हुए हैं। गुरुवार को अपरान्ह पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम छिरिया सलेमपुर में तालाब के किनारे जुआ का खेल चल रहा है। मुकबिर की सूचना पर एस गंगासागर, हमराही विश्वास यादव, अंकित मिश्रा, अवधेश, ज्ञान प्रभाकर की टीम ने छापामारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने सुरेन्द्र कुमार, पुष्पेन्द्र सिंह, कुलदीप, रामवीर, महेंद्र, चंदू, सुनील, इंद्रजीत को पकड़ लिया है जिनके पास से मालफड़ से 12000 रूपए तथा जामा तलाशी से 4350 रूपए, मोबाइल फोन, मोटर साइकिल बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### महिला को पीटने पर मुकदमा दर्ज

**कोंच( जालौन )।** महिला के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।कस्बा नदीगांव निवासी वीरसिंह पुत्र परमशुक्ल ने बीते रोज थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि मुहल्ले के ही रणजीत पुत्र स्व राजेन्द्र सिंह ने उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज कर मारपीट की और विरोध करने पर रणजीत जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। वहीं पुलिस ने जांच के उपरांत रणजीत के खिलाफ दफा 323, 452, 504 ,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### तीतरा में खेत से नलकूप का स्टार्टर चोरी

**कोंच ( जालौन )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तीतरा खलीलपुर निवासी किसान राजीव कुमार पुत्र रामलखन ने गुरुवार को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मौजा बस्ती में स्थित उसके खेत पर फसल सिंचाई हेतु निजी नलकूप का कनेक्शन है। राजीव ने प्रार्थना पत्र में बताया कि गुरुवार को सुबह करीब 7 बजे वह खेत पर पहुंचा तो उसने देखा कि नलकूप का स्टार्टर गायब था और कटआउट टूटा हुआ मौके पर पड़ा था।राजीव ने करीब 15 हजार रुपये के नुकसान होने की बात कहते हुए पुलिस से अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

### चार माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

**एट ( जालौन )।** आबकारी एक्ट में वांछित चल रहे आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने गश्त के दौरान कोटरा पुल के पास वांछित चल रहे आरोपित फूल सिंह पुत्र अच्छेलाल निवासी अजनारा थाना आटा जालौन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह 4 सितंबर से फरार चल रहा था।

# सीबीआई के साथ चित्रकूट पहुंची एम्स के डाक्टरों की पांच सदस्यीय टीम

● सिंचाई विभाग के जेई रामभवन की काली करतूतों के सबूत एकत्रित करने में जुटी सीबीआई


सीबीआई टीम।

**चित्रकूट।** बुंदेलखंड के चित्रकूट जिले में हुई चाइल्ड पोर्नोग्राफी से जुड़े मामले में सीबीआई की तरफ से बड़ी कार्रवाई की जा रही है। एम्स के चिकित्सकों के दल के साथ चित्रकूट पहुची सीबीआई की टीम डॉक्टरों के पैनल से पीड़ित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने में जुट गई है। जिला मुख्यालय स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पीडित बच्चों का स्वास्थ्य स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। मेडिकल के दौरान सीबीआई टीम द्वारा अहम सबूत भी एकत्र किए जाएंगे। पचास के अधिक मासूम बच्चों के साथ यौन शोषण करने एवं इस घिनौने कृत्य के वीडियो और तस्वीरों और देश– दुनिया में चल रही पॉर्न साइट्स में बेचने के मामले में उप्र के चित्रकूट जिले के सिंचाई विभाग में कार्यरत जूनियर इंजीनियर रामभवन को बीते दिनों सीबीआई की टीम ने गिरफ्तार किया था।

सिंचाई विभाग के जेई रामभवन ने 5 से 16 साल के बांदा, चित्रकूट और हमीरपुर के रहने वाले बच्चों को अपना शिकार बनाया था। आरोपी अवर अभियंता को अनैतिक गतिविधियों में लिप्त होने की वजह से तत्काल प्रभाव से सेवा से निलंबित भी कर दिया गया था। आरोपी इंजीनियर रामभवन सोशल मीडिया के माध्यम से विदेशियों के संपर्क में था। उसने विदेशियों से बातचीत करने के लिए एक ग्रुप भी बनाया हुआ था।

सीबीआई ने जब इस ग्रुप को खंगाला तो बहुत सी बाते निकल कर सामने आई हैं। इसी सिलसिले में एम्स दिल्ली से पांच विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम सीबीआई की टीम के साथ गुरूवार को चित्रकूट पहुंची है। यह टीम पीड़ित बच्चों का मेडिकल टेस्ट करेग। टीम में दो महिला और तीन पुरुष डॉक्टर शामिल हैं।दो दिनों तक चलने वाले इस मेडिकल टेस्ट में 25 से ज्यादा पीड़ित बच्चों का चिकित्सीय परीक्षण किया जायेगा।

आरोपी जेई राम भवन का अभी 3 दिन पहले एम्स में मेडिकल टेस्ट हुआ था। हालांकि अभी टेस्ट के रिपोर्ट्स आने बाकी हैं। आपको बता दें कि बीती 16 नवंबर को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने राम भवन को 50 से अधिक बच्चों के यौन शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया था।

सीबीआई ने जांच में पाया है कि डार्क वेब पर बेची जाने वाली पोर्न वीडियोज हाई क्वॉलिटी की होती थीं। इनसे शक है कि जेई के साथ कुछ पेशेवर लोग भी शामिल थे। सीबीआई की टीम अभी उन जगहों पर छानबीन कर रही है जहां ये वीडियोज शूट हुए थे। सीबीआई को ऐसी करीब 100 वीडियोज वाली पेन ड्राइव और लैपटॉप एक अज्ञात मददगार से मिली हैं। सीबीआई के मुताबिक बच्चों के शोषण का यह मामला देश का सबसे बड़ा यौन शोषण मामला बन चुका है। 12 साल में सिंचाई विभाग के जूनियर इंजीनियर राम भवन ने 50 बच्चों का यौन शोषण किया है। सूत्रों के अनुसार साल 2012 में जब राम भवन चित्रकूट जिले के एसडीएम कॉलोनी में पहुंचा तभी से उसने डार्क वेब पर डबिंग करना शुरू कर दिया था। राम भवन जिन बच्चों का यौन शोषण करता था, उनकी वीडियोज इसी साइट पर बेचता था।

सीबीआई के साथ दिल्ली से चित्रकूट आयी एम्स के डॉक्टरों की विशेष टीम पीड़ित बच्चों का मेडिकल परीक्षण कर रहीं है। पीड़ित बच्चों के पहचान को गुप्त रखते हुए इस जांच को अंजाम दिया जा रहा है। एम्स से आई डॉक्टरों की टीम में दो महिला और तीन पुरुष डॉक्टर शामिल है। सीबीआई के सूत्रों के मुताबिक गुरूवार को 25 से ज्यादा बच्चों की मेडिकल जांच की जाएगी। और यह सिलसिला सीबीआई सूत्रों के मुताबिक अगले दो दिन तक लगातार चलेगा और मेडिकल के दौरान अहम सबूत भी एकत्र किए जाएंगे।

# आगरा, मथुरा, दिल्ली के कचरे से हमीरपुर में यमुना नदी का पानी नहीं बचा पीने योग्य

● केंद्रीय जल आयोग के एसडीओ ने किया खुलासा जानवरो के पानी पीने से सेहत को भारी नुकसान


यमुना नदी के काले पानी में बेमन से स्नान करते श्रद्धालु

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में यमुना नदी में आगरा, मथुरा, दिल्ली से कारखानों का कचरायुक्त पानी आने से पीने योग्य नही रह गया है आज यमुना नदी के काले पानी में ही श्रद्धालुओ ने बेमन से स्नान किया, और जमकर प्रशासन को कोसा। बुन्देलखंड में आस्था की प्रतीक यमुना नदी की जलधारा ने केवल सूख गयी है बल्कि इसका पानी मानव व पशुओ के पीने योग्य नही रह गया है जो चिंता का विषय बना हुआ है। केंद्रीय जल आयोग के उपमंडल अधिकारी (एसडीओ) अनुज कुमार शर्मा ने बताया कि यमुना व बेतवा नदी के बहाव की रोजाना व उसके क्वालिटी के बारे में एक मर्तवा जांच की जाती है। जांच में दिल्ली से आई रिपोर्ट के अनुसार यमुना नदी में कई महीनो से आगरा, मथुरा, दिल्ली के अलावा आसपास के शहरो से कचरायुक्त पानी आ रहा है जिससे यह पानी काला हो गया है, पानी मानव व जानवरो के पीने योग्य नही रह गया है यदि जानवर भी पीयेगा तो उसके सेहत को भारी नुकसान हो सकता है यमुना नदी के जल की प्रथम जाच में यह कमी पा गयी है, हालाकि जल की गुणवत्ता की जांच बाइस प्रकार की होती है, एसडीओ का मानना है कि अब बांधो से नदियो में पानी नही छोड़ा जाता है, आगरा में तो यमुना की धारा से झांग निकल रही है, इतना प्रदूषण नदियो में कभी नही हुआ है जितना इस साल हुआ है, इसके लिये अधाधुंध मौरंग खनन भी दोषी है, आज मकर संक्राति के पर्व में चार मिलीमीटर यमुना नदी में जल की बढ़ोत्तरी हुई है, यमुना के काले पानी में स्नान करने से शरीर में कई बीमारिया उत्पन्न हो सकती है, मगर बुन्देलखंड में आज मकर संक्राति के पर्व में यमुना नदी नहाने कीपरंपरा है इसलिये लोग काले पानी में ही स्नान करते रहेहै।

जिला प्रदूषण अधिकारी घनश्याम का कहना है कि यमुना नदी के काले पानी का बहाव चिता का विषय है कई महीने से काला पानी आने से इस पर बहुत पहले चिंता करनी चाहिये थी प्रदूषण हमीरपुर जिले मे नही यह गैर जिलों से बहकर आ रहा है इस मामले में स्थानीय नगर निगम व नगर पालिकाओं को सोचना चाहिये, यमुना नदी में स्नान करने आये श्रद्धालु रमेंश मेवालाल, गोपाली, देबीदीन व कामता ने ने गंदे पानी मे स्नान करने के बाद सरकार को जमकर कोसा. कहा कि सरकार पानी को प्रदूषण से नही बचा पा रही है जो चिंता का विषय है।

## पुलिस हमला में दो महिलाओं समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, एक को भेजा जेल

**हमीरपुर।** कल रात सुमेरपुर क्षेत्र में जुआडियो को पकडने गई पुलिस पर हमला करने के मामले में पुलिस ने आज दो महिलाओं सहित चार लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है, तथा एक व्यक्ति को पुलिस ने जेल भेज दिया है। बुधवार की शाम क्षेत्र के ग्राम धुंधपुर में जुआ होने की जानकारी होने पर वहां दो सिपाहियों के साथ पहुंचे एसआई रवींद्र कुमार सिंह पर महिलाओ ने हमला बोल करके दरोगा को लहूलुहान कर दिया था और जुआ में पुलिस के द्वारा पकड़े गए लोगों को छुड़ा लिया था, घटना की खबर पाकर थानाध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह फोर्स के साथ वहां पहुंच कर दबिश दी थी तो सभी मौके से भाग निकले थे, किन्तु राममिलन पुलिस की गिरफ्त में आ गया था, एसआई रवींद्र कुमार की तहरीर पर पुलिस ने धुंधपुर निवासी कमलेश निषाद, उसकी पत्नी रामरति तथा उसकी पुत्री कोमल और राम रतन कुल चार लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के साथ सरकारी कर्मचारियों पर जानलेवा हमला करने का मुकदमा धारा 332 व 353 के तहत दर्ज किया है, पुलिस ने राम मिलन को जेल भेज दिया है, अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए थानाध्यक्ष ने गुरुवार को भी दबिश दी लेकिन कोई हांथ नहीं लगे।

# मकर संक्रांति मेला और प्रदर्शनी का विधायक ने किया शुभारंभ


मेला, प्रदर्शनी का शुभारंभ करते विधायक नरेंद्र पाल सिंह।

**कालपी (जालौन)।** बुधवार को एमएसबी इंटर कॉलेज कालपी के ग्राउंड मे प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी पं. दीनदयाल उपाध्याय मकर संक्रांति मेले व प्रदर्शनी का क्षेत्रीय विधायक नरेन्द्र पाल सिंह जादौन ने फीता काटकर उदघाटन किया गया। उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक नरेंद्र सिंह जादौन ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कालपी के नवनिर्मित फोर लेन ओवरब्रिज निर्माण, राममंदिर तथा बुंदेलखंड की पेयजल परियोजना पर प्रकाश डाला।

मेले के आयोजनों से समाज मे सौहार्द एवं भाईचारे का माहौल पैदा होता है। उन्होंने बताया कि मेले से बच्चों का मनोरंजन उपलब्ध होगे है। प्रदर्शनी संचालक मुन्ना लाल गुप्ता ने कहा कि चार दशकों से कालपी में हर साल मकर संक्रांति मेले की परंपरा रही है। उन्होंने बताया कि मेले मे झूले, सर्कस आदि रंगारंग कार्यक्रमों के अलावा नये नये चीजों की आकर्षक दुकाने लगाई गई है। मेले में कोविड–19 नियमो का पालन करने की व्यवस्था की गई है। समारोह की अध्यक्षता राजवैध योगेंद्र नारायण शुक्ला ने की। एमएसबी इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ. नरेश मैहर, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज चतुर्वेदी, शरद शुक्ल, भाजपा के नगर अध्यक्ष अमित पाण्डेय, कोतवाली के उप निरीक्षक विनेश प्रजापति ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय मकर संक्रांति मेले के आयोजन पर प्रकाश डाला।

# डीएम और एसपी ने किया लाख बहोसी पक्षी बिहार का निरीक्षण

● झील को गहरा करग पानी की व्यवस्था व सफाई कराए जाने के निर्देश दिए


लाख बहोसी पक्षी विहार का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

**कन्नौज।** लाख व बहोसी में पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बर्ड फ्लू हेतु सचेत रहें। अंडर ग्राउंड केबलिंग हेतु सभी औपचारिकताएं पूर्ण करें। कटे हुए प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए। गुरूवार को डीएम राकेश कुमार मिश्र ने पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के साथ संयुक्त रूप से लाख बहोसी पक्षी विहार में पानी की कमी से पक्षियों के पलायन को दृष्टिगत रखते हुए व्यवस्थाएं दुरुस्त किये जाने के उद्देश्य से लाख बहोसी पक्षी विहार में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को दिए।

जनपद में लाख बहोसी एक बड़ा पर्यटन केंद्र है जहां दूर दूर से पर्यटक पक्षियों के अद्भुत जमावडे को देखने आते हैं जो कि लगभग 80.23 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है। लगभग एकड़ में फैले बहोसी पक्षी विहार का निरीक्षण किया। पानी की कमी के कारण पक्षी के पलायन के दृष्टिगत अधिशासी अभियंता विद्युत छिबरामऊ को बहोसी में उपलब्ध दो ट्यूबवेल को अंडर ग्राउंड केबलिंग के माध्यम से जोड़ कर पंप नियमित रूप से चलाए जाने हेतु प्रस्ताव तैयार कर काल ही प्रेषित किये जाने के एवं अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई को बहोसी झील को गहरा कर पानी की व्यवस्था एवं उसकी साफई कराये जाने के निर्देश दिए। डीएम ने लाख पक्षी विहार का भी अवलोकन किया जहां पानी कुछ मात्रा में उपलब्ध था एवं पक्षी भी मौजूद थे, अधिशासी अभियंता सिंचाई को लाख के पास से आई नहर में एक स्थान पर रास्ता काट कर चैनल निर्मित कर नियमित पानी की व्यवस्था नहर से किये जाने के निर्देश दिए। बर्ड फ्लू के दृष्टिगत भी पक्षियों में आते बदलाव को भी देखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने भी लाख बहोसी में पक्षियों के शिकार पर पूर्ण रोक लगाए जाने एवं क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों पर नजर रखने एवं पास के व्यक्तियों से संपर्क स्थापित कर पक्षियों के संरक्षण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

## युवा उद्यमी के रूप में सम्मानित हुए मयंक

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** युवा उद्योगपति एवं सहकारी समिति के अध्यक्ष मयंक गुप्ता को बीते दिन जनपद मुख्यालय पर युवा उद्यमी सम्मान समारोह में सांसद सुब्रत पाठक द्वारा शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया। गुरुवार को नगर के रेलवे रोड स्थित आवास कार्यालय पर युवा उद्योगपति एवं सहकारी समिति के अध्यक्ष मयंक गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते दिन जनपद मुख्यालय पर आयोजित युवा सम्मान समारोह कार्यक्रम में उन्हें युवा उद्यमी के रूप में प्रोत्साहित करते हुए सांसद सुब्रत पाठक द्वारा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

बताया कि वह व उनका परिवार व्यापार करने के साथ–साथ युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करनें सहित समाज सेवा के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद करनें का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर उनके साथ सुधांशु गुप्ता उर्फ मोनू, धर्मेंद्र गुप्ता पिंटू, अमन कठेरिया, ऋषभ दीक्षित, अभिषेक कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# फोरेंसिक, साइबर टीम ने भाजपा नेता का कमरा खंगाला

● एक्सट्रा एनर्जी की तमाम दवाओं सहित सिम कार्ड व आभूषण मिले

**कोंच (जालौन)।** किशोरों के साथ यौन उत्पीड़न करने वाले कुकर्मी भाजपा नगर उपाध्यक्ष (अब बर्खास्त) व सेवानिवृत्त लेखपाल रामबिहारी राठौर को बुधवार को जेल भेजे जाने के बाद देर रात करीब 10 बजे अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. अबधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में सीओ राहुल पांडेय, प्रभारी निरीक्षक इमरान खान, क्राइम इंस्पेक्टर उदयभान गौतम व खेड़ा चौकी प्रभारी शफीक खान ने उरई से आयी फोरेंसिक टीम व झांसी से आयी साइबर क्राइम टीम के साथ मिलकर रामबिहारी के घर का वह कमरा बारीकी से खंगाला जहां रामबिहारी की काली करतूतें छिपी हुई थीं। अपर पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में जांच टीम ने कमरे में रखी हर एक चीज उठाकर देखी।कमरे में एक्स्ट्रा एनर्जी, सेक्स बर्धक दवाओं सहित करीब आधा दर्जन की संख्या में सिम कार्ड व सोने चांदी के आभूषण मिले। लैपटॉप, हार्डडिस्क भी उसके कमरे से बरामद हुई है। उक्त आभूषण रामबिहारी के भाई व बहनोई के सुपुर्द कर दिये जबकि बरामद अन्य सामान जब्त कर लिया जिसके बाद उक्त कमरे में पुलिस अधिकारियों ने अपना ताला डाल दिया।

भाजपा नेता रामबिहारी के कमरे में भाजपा के प्रेरणास्त्रोत श्यामाप्रसाद मुखर्जी, प. दीनदयाल उपाध्याय व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी समेत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष स्वतन्त्र देव सिंह की तस्वीरें दीवार पर टंगी हुईं मिली जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह भाजपा में कितना सक्रिय था।

बीते सोमवार को रामबिहारी ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि उसके घर से 2 युवकों ने हार्डडिस्क व नगदी चोरी कर ली थी।उक्त तहरीर में रामबिहारी के हस्ताक्षर कुछ और हैं जबकि किशोरों के साथ कुकर्म की घटना के खुलासे के तत्काल बाद भाजपा संगठन द्वारा बीती 18 दिसंबर को रामबिहारी द्वारा लिखे गये इस्तीफे का जो पत्र सार्वजनिक किया गया उसमें रामबिहारी के हस्ताक्षर कुछ और हैं जो रामबिहारी द्वारा दी गयी तहरीर से भिन्न हैं जिसको लेकर भाजपा संगठन पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

बीते वर्ष 2017 में लेखपाल की सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्त होने वाला कुकर्मी रामबिहारी 3 वर्ष में ही भाजपा के स्थानीय संगठन के पदाधिकारियों का चहेता बन गया था और कुछ दिनों तक बूथ स्तर पर सक्रिय रहने वाला रामबिहारी बहुत जल्द ही भाजपा के नगर उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर पहुंच गया था। भाजपा संगठन के स्थानीय जिम्मेदार पदाधिकारियों को वह तीर्थ यात्राओं पर जाने के लिये गाड़ियां भी समय–समय पर उपलब्ध कराता था। इससे पूर्व हाल ही में संपन्न हुए शिक्षक एमएलसी चुनाव में भी रामबिहारी पूरी तरह सक्रिय रहा और घर घर जाकर उसने मतदाता पर्चियों का वितरण किया था।

रामबिहारी के घर के मुख्य द्वार पर लोहे की दो चौनल व एक खिड़की है जिस पर हमेशा पर्दे लगे रहते थे जिससे घर के अंदर होने वाली गतिविधियों की जानकारी किसी को ना हो सके और यही प्रमुख कारण रहा कि उसकी काली करतूतें लम्बे समय बाद बाहर आ सकी। रामबिहारी के घर के बाहर भाजपा नगर उपाध्यक्ष का लगा बड़ा सा बोर्ड अब नदारद है।

बीते लम्बे समय से रामबिहारी द्वारा किशोरों के साथ यौन उत्पीड़न किये जाने का खुलासा होने के बाद अब पुलिस के खुफिया तंत्र के नाकाम होने की बात हर जुबां पर सुनी जा रही है।

कोंच। किशोरों के साथ कुकर्म किये जाने का खुलासा होने के बाद रामबिहारी के काले कारनामों का एक और वीडियो सामने आया है वह अपने घर के अंदर जुए का फड़ सजाये हुए है। रामबिहारी तमाम लोगों के साथ खुद जुआ खेल रहा है लाखों रुपये की नगदी अपने आगे रखे हुए है और वह ताश के पत्ते फेंट रहा है।

कोंच। जनपद के पुलिस कप्तान डॉ यशवीर सिंह ने गुरुवार को कुकर्मी रामबिहारी राठौर के मुहल्ला भगत सिंह नगर स्थित घर पर पहुंचकर पूरा घर चौक किया। पुलिस कप्तान ने इस दौरान कमरों में रखा सामान बारीकी से चौक किया और रामबिहारी के घर के ठीक बगल में रहने वाले उसके भाई समेत अन्य परिजनों से पूँछतांछ की।

# हर्षोल्लास से मना मकर संक्रांति का पर्व

- जगह-जगह खिचड़ी भोज श्रद्धालुओं ने आदि गंगा व गोमती में लगाई डुबकी
- पुलिस कप्तान ने गुड़-लइया बाट दिया समरसता का संदेश

संवाददाता। सुलतानपुर



**मकर संक्रांति** का पर्व गुरूवार को जिलेभर में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। भीषण सर्दी के बावजूद पतंगबाजी हुई। जगह-जगह खिचडी भोज आयोजित किए गए। इसके अलावा घरों में भी महिलाओं और पुरुषों ने खिचड़ी, मूंगफली, रेवड़ियां, फल, वस्त्र आदि जरूरतमंदों को दान किए। खेल-प्रतियोगिताओं का भी दौर चला। बहन-बेटियों के यहां भी लोगों का आना-जाना लगा रहा।

सीताकुंड घाट स्थित आदि गंगा गोमती में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। गोदान किया। विविध पूजन-अर्चन किया गया। पुलिस कप्तान डॉ.अरविंद चतुर्वेदी, सीडीओ अतुल वत्स आदि ने पुलिस लाइन में पतंगबाजी की। पुलिस कर्मियों एवं आमजन के बीच गुडलइया वितरित किया। मकर संक्रांति की खुशियां मनाई और समरसता का संदेश दिया। खिचड़ी भोज के उपलक्ष्य में भूमिगत प्राचीन शिव मंदिर पर पूजा-अर्चना किया गया। चंद्रशेखर दुबे, डॉ.सीताशरण आदि ने भंडारे का आयोजन किया। शहर के गोमतीनगर स्थित गोमती हास्पिटल परिसर पर में निदेशक पल्लवी वर्मा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ.आरए वर्मा ने खिचड़ी भोज के मौके पर आगुन्तकों का स्वागत किया। प्रात: सुंदरकांड, हवन-पूजन के साथ लोगों का नि:शुल्क शुगर परीक्षण किया गया। क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी, विधायक सीताराम वर्मा, पूर्व विधायक अर्जुन सिंह, सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार, लालजी वर्मा, करन वर्मा, इन्द्रजीत वर्मा, विजय सिंह रघुवंशी, संदीप सिंह आदि मौजूद रहे। गोमती मित्र मंडल प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह मदन, संत कुमार प्रधान, राजेश पाठक, राम क्िंचल मौर्य, डॉ.कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, विपिन सोनी, दाऊजी, मुन्ना सोनी, राजेंद्र सोनी, अजय वर्मा, सोनू सिंह,अर्जुन, अभय आदि ने सीताकुंड घाट पर सफाई अभियान चलाया। एक पहल फाउंडेशन के द्वारा सीताकुंड घाट पर अलाव जलवाया गया। चाय वितरण करवाया गया। संस्था के अंकुर पाठक द्वारा यह बताया गया कि संस्था के द्वारा 24 जनवरी 2021 को ब्लड बैंक सुल्तानपुर में एक पहल फाउंडेशन द्वारा ब्लड डोनेशन करवाया जाएगा। चांदा क्षेत्र के वरिष्ठ सपा नेता राहुल उपाध्याय एडवोकेट द्वारा मकर संक्रांति पर सामाजिक समरसता हेतु खिचड़ी भोज का आयोजन रोहित मेमोरियल डिग्री कालेज छापर में आयोजित किया गया। सपा जिलाध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव ने कहा कि यह भोज आपसी भाईचारा व सामाजिक समरसता का संदेश दे रहा है।

# धन उगाही से तंग आकर 29 धान क्रय केंद्र प्रभारियों ने खोला मोर्चा

**श्रावस्ती।** जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी द्वारा पद का दुरुपयोग करते हुए अबैध वसूली की मांग से तंग आकर जिले के 29 धान क्रय मोर्चा खोल दिया है।बुधवार को 29 क्रय केन्द्रों के प्रभारियों ने डीएम टीके शिबु से मिलकर उन्हें शिकायती पत्र सौपकर जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्यवाई की मांग की है । जिलाधिकारी को सौंपे गए शिकायती पत्र में क्रय केंद्र प्रभारियों का कहना है कि खरीफ विपणन वर्ष 2020.21 में जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी प्रज्ञा शर्मा की ओर से धान क्रय केंद्र प्रभारियों से अनावश्यक रूप से धन उगाही के रूप में 50 रुपये प्रति कुंतल की मांग की जा रही है।जब धान क्रय केंद्र प्रभारियों ने इसका विरोध किया तो जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी द्वारा जांच के नाम पर फंसा कर एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दी जा रही है।जिसके कारण सभी धान क्रय केंद्र प्रभारी मानसिक रूप से परेशान हैं।

## कौवे के मृत मिलने से बर्ड फ्लू की आशंका से लोग भयभीत

**श्रावस्ती।** इकौना. गुरूवार को इकौना कस्बे के गौतम नगर में उड़ते हुए एक कौवे की गिर कर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। जिसे देखने के लिएलोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पशु चिकित्साधिकारी इकौना अमर सिंह को दी। इस घटना की गंभीरता को ध्यान में रखकर कौवे के शव को अपने कब्जे में लेकर डॉक्टर अमर सिंह व डॉक्टर योग्रन्द्र की टीम ने कौवे का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद डॉ योगेंद्र ने बताया कि कौवे के अंदर बर्ड फ्लू जैसी कोई घातक बीमारी के लक्षण नही मिले हैं। संभवतः ठंढ लगने की वजह से कौवे की मौत हुई है। डॉ योग्रन्द्र ने बताया कि कभी कभी पशु पक्षी भी कुछ विषैले पदार्थ खा लेते हैं। जिसके कारण उनकी मौत हो जाती है। साथ हीं उन्होने कहा कि क्षेत्र में यदि कहीं भी पशु पक्षियों की संदिग्ध मौत होती है तो तत्काल इसकी सूचना पशु चिकित्साधिकारी को दें।

# भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं को गम्भीरता से लें अधिकारी: डीएम

**गोंडा।** सभी अधिकारी भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं को गम्भीरता से लें और उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समयबद्ध तरीके से करें। सैनिक कल्याणबन्धु की बैठक को अति उपयोगी बनाया जाय। इसके लिए अन्तर्विभागीय समन्वय बनाया जाय। यह निर्देश जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सैनिक कन्याणबन्धु की बैठक में दिए हैं। बैठक में ही जिलाधिकारी ने 1995 में शहीद अयोध्या प्रसाद की विधवा पत्नी राजकलीतथा 1975 में सेवानिवृत्त हुए सुबेदार तीरथराम को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।

जिलाधिकारी ने सैनिक कल्याणबन्धु की बैठक में भूतपूर्व सैनिकों समस्याओं को सुना और सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निराकरण के लिए निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने लम्बित प्रकरणों को अब तक न निस्तारित किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सैनिक कल्याण बन्धु की बैइक सिर्फ औपचारिकता न रहे बल्कि सम्बन्धित अधिकारी बैठक में सैनिकों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। पूर्व सैनिक विजय सिंह कारगिल ने कचहेरी गेट से पुलिस अधीक्षक आवास रोड की तरफ नाली न होने से जलभराव होने की समस्या बताई जिस पर डीएम ने ईओ नगर पालिका को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा कई सैनिकों ने अपनी व्यक्तिगत समस्याएं भी डीएम के सामने रखीं जिस पर डीएम ने जिम्मेदार अधिकारियों को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। बैठक में सीडीओ शशांक त्रिपाठी, एडीम राकेश सिंह, सीआरओ आरआर प्रजापति, सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल विजय कुमार, हेमन्त सिंह, सेवानिवृत्त भूतपूर्व सैनिक विजय सिंह कारगिल सहित अन्य भूतपूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# मकर संक्रांति पर गंगा में स्नान कर कमाया पुण्य, सूर्यदेव की पूजा-अर्चना

**डलमऊ रायबरेली।** आसमान में छाई छिटपुट बदली व तेज हवाओं के बीच घाटों पर जुटे श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के दिन डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त कर स्नान के उपरांत खिचड़ी, तिल, गुड़, घी आदि का दान किया। मकर संक्रांति पर नदी के घाट गुलजार दिखे। शहर ही नहीं ग्रामीण अंचलों में भी जगह-जगह खिचड़ी भोज हुआ। खिचड़ी भोज में समरसता की अनूठी झलक दिखी मकर संक्रांति पर गुरुवार सुबह से ही घाटों पर श्रद्धालुओं का जमावड़ा रहा। आसमान में छाए बादलों संग बह रही ठंडी हवा के बाद भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। गंगा नदी के पथवारी घाट, सड़क घाट पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान किया। बुधवार सुबह डलमऊ की ऐतिहासिक नगरी में हजारो श्रद्धालुओं ने पतित पावनी माँ गंगा में हर हर महादेव के उद्घोषणा के साथ डुबकी लगाई नव वर्ष के प्रथम पर्व पर खुशगवार ठंड में श्रद्धालुओं ने अलग अलग घाटों पर आस्था की डूबकियां लगाई बूढ़े बच्चों के साथ महिलाओं के साथ माँ गंगा में डुबकी लगाकर सूर्य को अर्ध देने का क्रम दोपहर तक चलता रहा सभी श्रद्धालु पतित पावनी माँ गंगा के आशीर्वाद प्राप्त कर सुखी जीवन की कामना की। मकर संक्रांति के दिन महास्नान की संभावना बनती है। मकर संक्रांति पर दुनिया भर में लोग पवित्र नदियों में स्नान करते हैं। धर्म के मान्यता के अनुसार ये महीना सूर्यदेव का माना जाता है।

## एनटीपीसी ऊंचाहार में मकर संक्रांति की रही धूम

**ऊंचाहार।** मकर संक्रांति हर्षोल्हास के साथ मनाई गयी स परियोजना के क्रीडा परिषद द्वारा पतंगबाजी के साथ ही अन्य खेलों का आयोजन किया गया स जिसमे कर्मचारियों ने अपने परिवार के साथ पतंग उड़ाई तथा तिल गुड से बनी मिठाई खिलाकर एक दूसरे को मकर संक्रांति की बधाई दी। इस पर्व के उपलक्ष्य में परियोजना प्रमुख भोला नाथ ने अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि मकर संक्राति एक ऐसा त्योहार है जिस दिन किए गए काम अनंत गुणा फल देते हैं स मकर संक्रांति का पर्व तमस से आलोक कि तरफजाने का माध्यम बनता है क्योंकि इसी दिन भगवान सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण कि ओर प्रस्थान करते है। उत्तरायण में सूर्य का प्रभाव अधिक होता है और इसे देवताओं का दिन माना जाता है। यही नहीं यह त्योहार एकता, भाईचारे, प्रेम व सौहार्द का प्रतीक भी है। कार्यक्रम में पतंगबाजी के साथ अन्य खेलो मे शामिल सभी कर्मचारियों को तिल गुड से बनी मिठाई का भी वितरण किया गया। इस दौरान कोविड -19 के सभी प्रोटोकॉल का पालन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक (अनुरक्षण ) संजय कुमार झा, अजय सिंह उप महाप्रबंधक मानव संसाधन, भोलेन्द्र गुप्ता उप महाप्रबंधक मानव संसाधन, टीएन यादव, उप महाप्रबंधक, रितेश भारद्वाज, विकास आचार्य, लक्ष्मीकान्त सिंह, आर के राजपूत सहित बहुत से एनटीपीसी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## व्यापारियों ने किया खिचड़ी भोज का निशाल आयोजन

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल इकाई डलमऊ ने मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर पदाधिकारी एवं जन सहयोग से मुराई बाग कस्बे के मियां टोला लालगंज रोड पर खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें खिचड़ी देसी घी मट्ठा चटनी आदि सामग्री का वितरण कर आने जाने वाले लोगों एवं राहगीरों को खिचड़ी भोज कराया गया व्यापार मंडल इकाई डलमऊ के अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य ने बताया कि खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन सभी व्यापारियों के सहयोग से किया जा रहा है उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से सामाजिक सौहार्द एवं सद्भाव कायम रहता है समाज में एकता की भावना का विकास होता है मकर संक्रांति पर्व पर नगर में आने वाले राहगीरों एवं गंगा स्नान को आने वाले स्नानार्थी को खिचड़ी भोज करवाया गया व्यापारियों के सहयोग से ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर व्यापार मंडल के महामंत्री बिलाल खान कोषाध्यक्ष प्रशांत शर्मा पथवारी शंकर मनोज सोनकर पुरुषोत्तम शुक्ला व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं व्यापारी गण उपस्थित रहे।

# जय गुरुदेव के भक्त जरूरतमंदों को कंबल बांट पेश कर रहे मानवता की मिशाल



**शिवगढ़,रायबरेली।** बाबा जयगुरुदेव के उत्तराधिकारी संत उमाकांत जी महराज के निर्देश पर जय गुरुदेव भक्त देशभर में अभियान चलाकर गरीबों,वृद्धों,असहायों एवं जरूरतमंदों को ठंड में राहत पहुंचाने के लिए कंबल वितरित करने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। जिनके इस कार की हर कोई सराहना कर रहा है। कंबल वितरण अभियान के तहत बाबा जयगुरुदेव संगत शिवगढ़ के सक्रिय कार्यकर्ता राकेश कुमार सैनी ने शिवगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत कम्भी, शिवली और भवानीगढ़ में दर्जनों जरूरतमंदों को कंबल बांटकर मानवता की मिसाल पेश की। राकेश कुमार सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि संत उमाकांत जी महराज के निर्देश पर भक्तों द्वारा देशभर में गरीबों,असहायों, वृद्धों,दिव्यांगों एवं जरूरतमंदों को कंबल वितरित करने का कार्य किया जा रहा है। विदित हो कि समाज में शाकाहारी जीवन की अलख जगाने वाले बाबा जयगुरुदेव संगत शिवगढ़ के भक्त समाज सेवा के क्षेत्र में हमेशा आगे रहे हैं। चाहे जरूरतमंदों की सेवा हो या लॉकडाउन में प्रवासी मजदूरों को भोजन वितरित करने का मामला जय गुरुदेव भक्तों ने हमेशा बढ़-चढ़कर समाज सेवा की है। जय गुरुदेव भक्तों द्वारा चलाए जा रहे शाकाहारी मिशन का ही परिणाम है की क्षेत्र के सैकड़ों लोग शाकाहारी जीवन अपना चुके हैं। आज के दौर में जय गुरुदेव भक्तों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। इस मौके पर जय श्री सैनी, सुरेश कुमार सैनी, अजय कुमार विश्वकर्मा, वीरेंद्र सिंह चौहान, शिव शरण सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## उच्च न्यायालय से बर्खास्त किए गए होमगार्ड जवानों को मिला इंसाफ

**सुलतानपुर।** सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं। वो कहती है, जोर-जुल्म जबरदस्ती और शोषण हम क्यों सहे? अपने हक के लिए औरों के पैर क्यों धरे? बिन लड़े हार जाना यहां की रित नहीं। सत्य तो शेर की तरह है, इसे बचाने की जरूरत नहीं, इसे खुला छोड़ दें, ये अपना बचाव स्वयं कर लेगा। यें लाइनें जिले के तीन होमगार्ड जवानों पर सटीक बैठ रहीं हैं। जिन्हें भ्रष्टाचार के खिलाफआवाज उठाने पर बर्खास्त कर दिया गया था। वर्षों की लडाई के बाद उन्हें अदालत से न्याय मिला है। बात कर रहे हैं। जिला कमांडेंट होमगार्ड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं मनमानी की। दफ्तर में कभी चेकिंग के नाम पर तो कभी ड्यूटी लगाने के नाम पर जवानों का दोहन किया जाता है। इतना ही नहीं मृत हो चुके जवानों की भी ड्यूटी लगाकर मानदेय हडप लिए जाने का खेल चलता है। दफ्तर के अधिकारियों की करतूतों को करीब पांच वर्ष पूर्व होमगार्ड जवान फिरोज अहमद, रामतीरथ प्रजापति एवं मनोज यादव ने उजागर कर दिया था। तीनों जवानों की अगुवाई में आंदोलन हुआ था। अपनी करतूते उजागर होता देख तत्कालीन जिला कमांडेंट ने जवानों की आवाज ही दबाना शुरू कर दिया। फिर भी जवानों का हौसला नहीं टूटा तो बर्दास्तगी शुरू कर दी गई। जवानों का नेतृत्व कर रहे फिरोज, रामतीरथ व मनोज यादव को बर्खास्त कर दिया गया। न्याय के लिए जवानों ने धरना-प्रदर्शन किया। उच्चाधिकारियों को भी पत्राचार किया था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। थकहार कर जवानों ने अधिवक्ता शैलेष वर्मा के जरिए साहस दिखाते हुए बर्खास्तगी आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दे दी थी।

# समाज के आखिरी व्यक्ति को मजबूती प्रदान करना ही लक्ष्य: डॉ. विजय यादव

**डलमऊ रायबरेली।** कोवीड महामारी के दौरान खड़ी हुई विषम परिस्थितियों में असहाय व समाज के उपेक्षित वर्ग के साथ सभी संभव मदद के साथ खड़े होने वाले भाजयुमो के प्रांतीय महामंत्री डॉ विजय यादव गुरुवार को मकर संक्रांति के अवसर पर गरीबों,असहाय व निराश्रित बुजुर्ग महिलाओं के बीच भनवा गाँव में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी खिचड़ी भोज के साथ निराश्रित महिलाओं मे रजाई वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गरीबी के खिलाफ लड़ना व जरूरतमंद गरीबों के बीच अपनत्व के साथ दृढ़ता के साथ खड़े होने की विशेष गुण के संजोए डॉ विजय यादव एक निराश्रित समाज को मजबूती प्रदान करते हैं इसके अलावा पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ शासन की योजनाओं के बारे मे लोगों को जागरूक करना व सभी वर्गो तक उसका लाभ पहुंचाना होता है वर्षों से इस कार्यक्रम का नियमित संचालन कर लोगों तक सीधे सरकारी योजनाओ को पहुँचाते हुए भाजयुमो के प्रांतीय महामंत्री डॉ विजय यादव ने कहा कि लोगों की सेवा का अवसर किसी किसी को मिलता है हर व्यक्ति समाज का अभिन्न हिस्सा होता है। जब तक हम समाज में रहते हैं तब तक समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य करना हम सभी का नैतिक दायित्व हैं। इस कार्य से विमुख होने का मतलब समाज से दूर होना है। किसी भी आयोजन का उद्देश्य हर व्यक्ति को समाज सेवा से जोड़ना है ताकि हमारे समाज का स्तर ऊंचा हो सके।यह बात गुरुवार को रजाई वितरण व खिचड़ी भोज के दौरान प्रांतीय महामंत्री डॉ विजय कुमार यादव ने कही लोहड़ी और मकर संक्रांति पर ग्राम सभा भनवे में गांव में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। समाजसेवी डॉ विजय यादव सभी वर्गो में अपने व्यवहार व लोकहित के कार्यों के वजह से क्षेत्र में काफी लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं खासकर क्षेत्र का युवा और बुजुर्ग वर्ग अपने आदर्श पुत्र के रूप में स्वीकार कर रहा है सबका सम्मान करते हुए डॉ विजय यादव ने अपने लिए सभी वर्गो में सम्मान का स्थान प्राप्त कर चुके हैं क्षेत्र के गरीब का इलाज हो या अन्य कोई समस्या डॉ विजय यादव सभी जगह उपस्थिति दिखाई पड़ जाते हैं. खिचड़ी भोज का आयोजन आपसी सौहार्द व भाईचारे को मजबूती प्रदान करने का एक छोटा सा प्रयास मानते हैं. इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर कार्यक्रम में उपस्थित दर्ज की जिसमे विनीत त्रिवेदी,परुन यादव,महेंद्र पटेल, राम सुमेर लोधी, जितेंद्र पटेल,पूर्व प्रधान रामसुमेर पासी, संतोष यादव, रामकिशोर प्रवीण प्रजापती, बबलू, सोनू, वीके सिंह, रमेश, अन्नू, अमनपाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# क्विक न्यूज

## बछरावां पहुंची वैक्सीन की पहली खेप



**बछरावां रायबरेली।** सरकार द्वारा कोरोना वैक्सीन की पहली खेप आज बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा दी गई है अस्पताल में तैनात डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि प्रथम चरण में अस्पताल के कर्मचारियों में यह वैक्सीन का टीका किया जाएगा द्वितीय चरण में आंगनबाड़ी तथा विद्यालय आदि सम्मिलित किए जाएंगे व तृतीय चरण में पुलिस विभाग व अन्य सरकारी कर्मचारी जो कोरोना योद्धा के रूप में कार्य कर रहे हैं उनको इस वैक्सीन के द्वारा सुरक्षित किया जाएगा फिलहाल वैक्सीन पुलिस की कड़ी अभिरक्षा के बीच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षित करा दी गई है।

## रामकथा 19 से

**लालगंज,रायबरेली।** कस्बे के आजाद नगर मुहल्ला स्थित चंद्रशेखर इंटर कालेज परिसर में पांच दिवसीय श्रीराम कथा संस्कार शाला का आयोजन किया गया है।यह जानकारी देते हुए समाजसेवी दीप प्रकाश शुक्ल ने बताया कि रींवा,मध्यप्रदेश के रामकथा वाचक डा.तुलाधर शास्त्री 15 से 19 जनवरी तक प्रतिदिन 11 बजे से रामकथा सुनाएंगे।19 जनवरी को रामकथा समापन के बाद प्रसाद वितरण भी होगा।

## खिचड़ी भोज व कंबल वितरण का आयोजन

**लालगंज,रायबरेली।** मकर संक्रांति पर्व पर जहां भक्तों ने भोर से ही गंगा स्नान किया वहीं खिचड़ी भी दान की। जगह जगह पर खिचड़ी भोज का आयोजन भी किया गया। नगर के बेहटा चौराहा स्थित हनुमान मंदिर परिसर में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने खिचड़ी के रूप में प्रसाद ग्रहण किया। लक्ष्मी बाबा, ओम प्रकाश सिंह, गुड्डू सिंह, सुरेश गुप्ता, मनीष त्रिपाठी , मनोज साहू आदि का योगदान रहा। इसी प्रकार धनाभाद गांव में पूर्व प्रधान राजेश सिंह ने खिचड़ी भोज का आयोजन करने के साथ ही निराश्रितों व असहायों को कंबल वितरित किए।

## गंगा नदी में मिला युवक का शव

**ऊंचाहार,रायबरेली।** क्षेत्र के गांव बड़ा पुरवा मजरे खरौली के पास गंगा नदी में एक युवक का शव मिला है । ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है । गुरुवार की सुबह बड़ा पुरवा गांव के पास गंगा नदी में डलमऊ की ओर से एक शव बहता हुआ आया था । मकर संक्रांति के अवसर पर लोग गंगा स्नान करने गए तो शव को देखा । शव की दशा देखकर लग रहा था कि यह शव किसी के नदी में डूबने से हुई मौत का है । उसके बाद ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी । मौके पर पहुंची ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है । कोतवाल विनोद सिंह के अनुसार शव के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

## डीसीएम व ट्रक में भिड़ंत, एक घायल

**ऊंचाहार,रायबरेली।** गुरुवार की सुबह राजमार्ग पर कोहरे के कारण ट्रक व डीसीएम में भिड़ंत हो गई । जिसने डीसीएम चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है । यह हादसा लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग पर चड़ रई चौराहा के पास हुई है । गुरुवार की प्रातः घने कोहरे के कारण एक ट्रक व डीसीएम में आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई । जिसके कारण दोनों वाहनों का अगला भाग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और डीसीएम चालक डीसीएम में ही फंस गया । मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी की मदद से डीसीएम चालक सोनू 35 पुत्र सियाराम निवासी सावर प्रीत जिला पानीपत हरियाणा को डीसीएम से बाहर निकाला और उसको सीएचसी पहुंचाया गया । जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसको जिला अस्पताल रेफर किया गया है । उधर दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से भाग गया है

## नौ महीने बाद फिर दौड़ी पैसेंजर और जनता ट्रेन, क्षेत्रवासियों को मिली राहत



**बछरावां रायबरेली।** वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के दौरान बंद की गई जनता पैसेंजर ट्रेन फिर से संचालित कर दिए जाने से क्षेत्र की जनता ने राहत की सांस ली है ज्ञात हो बछरावां रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली गंगा गोमती एक्सप्रेस जनता एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया गया था जिसके चलते दैनिक यात्रियों को सबसे बड़ी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था लॉकडाउन अवधि खत्म होने के बाद भी संचालन नहीं हो रहा था जिससे क्षेत्र के लोगों को बछरावां से लखनऊ वा रायबरेली जाने में भारी असुविधा ओं का सामना करना पड़ रहा था महंगे किराए को बहन कर लोग रोडवेज बस या फिर अन्य साधनों से अपने गंतव्य तक पहुंचते थे उपरोक्त ट्रेनों का संचालन दोबारा शुरू किया गया है जिससे क्षेत्रीय लोगों में खुशी है । क्षेत्रीय लोगों के मुताबिक ट्रेनों के संचालन शुरू होने से धन और समय दोनों की बचत होगी।

## लोहड़ी पर पंजाबी भांगड़ा व लंगर का आयोजन

**करनैलगंज(गोंडा)।** लोहड़ी के मौके पर गुरुद्वारा सिंह सभा में पंजाबी भांगड़ा व पंजाबी नृत्य के साथ अटूट लंगर के आयोजन व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया। सिक्ख समाज के प्रमुख त्योहारों में एक लोहड़ी का पर्व गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा करनैलगंज में बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमे पंजाबी भांगड़ा पार्टी आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में भांगड़ा व नृत्य के साथ ही गतका, व अन्य रंगारंग कार्यक्रम हुए। नगर के सभी प्रमुख एवं सामाजिक लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रधान गुरुद्वारा हरजीत सिंह, प्रबंधक जोगिंदर सिंह जानी, मैनेजर सोनू, इंद्रजीत सिंह, डॉक्टर राजेंद्र सिंह, हरमीत सिंह, त्रिलोक सिंह, गुरदीप सिंह, अमन सिंह, भूपेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, दीपू सिंह, प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, चौकी प्रभारी रणजीत यादव, अबरार खान, अनिल गुप्ता, अमर सिंह, ओमप्रकाश तिवारी उपस्थित रहे। प्रधान गुरुद्वारा हरजीत सिंह ने बताया कि श्री गुरु गोविन्द सिंह महराज जी का पावन प्रकाश उत्सव 17 जनवरी को मनाया जाएगा। मौजूदा समय मे प्रत्येक दिन सुबह प्रभात फेरी निकाली जा रही है।

## महासचिव बनने पर हुआ भव्य स्वागत

**गोंडा।** भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव बनने के बाद प्रथम आगमन पर सर्वेश पाठक के दो दिवसीय गोंडा दौरे पर उनके साथ दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष संतोष ठाकुर, प्रदेश महामंत्री शिवांजलि पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह, सचिव प्रतीक पांडेय का करनैलगंज बस स्टॉप पर माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। करनैलगंज पावर हाउस स्थित कादीपुर में सोनू मिश्रा, जोगिंदर सिंह सिंह जानी, ओमप्रकाश तिवारी एबीवीपी, धनंजय मणि त्रिपाठी, अमर सिंह, रमेश पांडेय, रविंद्र पांडे, कन्हैया लाल वर्मा, चंद्रशेखर गोस्वामी, अर्चित पांडेय, श्याम किशोर मिश्रा, हरजीत सिंह सलूजा, अनिल गुप्ता, अजय, अंकुर प्रभात, अभय श्रीवास्तव विद्यार्थी परिषद एवं भारतीय जनता पार्टी, हिंदू युवा वाहिनी सहित सभी सामाजिक कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने झंझरी ब्लाक कार्यालय का किया निरीक्षण

- अनुपस्थितों का रोका वेतन, मांगा स्पष्टीकरण

**गोंडा।** जिलाधिकारी मार्कंडेय शाही ने गुरुवार को विकासखंड झंझरी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। कार्यालय में निरीक्षण के दौरान परिसर तथा कार्यालय कक्षों में गंदगी मिलने पर जिलाधिकारी ने प्रभारी बीडीओ को कड़ी फटकार लगाई तथा दो दिन के अन्दर कार्यालय व परिसर की साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने पर 4 कर्मचारी हेमचंद यादव एडीपीआरओ, जेई अंगद कुशवाहा, तकनीकी सहायक शिव कृष्ण पांडे तथा चंदन कुमार बीएमएम अनुपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने अनुपस्थित चारों कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया है। निरीक्षण के दौरान सेवा अभिलेखों तथा मनरेगा प्रकोष्ठ पंजिका का रखरखाव बेहद खराब पाया गया। सेवा पुस्तिका तथा जीपीएफ पासबुक में भी सूचनाएं अपडेट नहीं मिलीं। जिलाधिकारी ने इस पर गहरी गहरी नाराजगी प्रकट करते हुए खण्ड विकास अधिकारी को दो दिन के अंदर सभी अभिलेख दुरुस्त कराने तथा कार्यालय व ब्लाक परिसर की साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने मनरेगा कार्य में भुगतान के सभी नियमों का पालन सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

## डीएम ने संभाला प्रशासक जिला पंचायत का कार्यभार

**गोंडा।** जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने शासन के निर्देशानुसार 14 जनवरी को जिला पंचायत कार्यालय पहुंचकर प्रशासक, जिला पंचायत गोण्डा का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। ज्ञातव्य है कि जिला पंचायत अपने प्रथम बैठक के नियत दिनांक से 5 वर्ष की अवधि का कार्यकाल निर्धारित होने के दृष्टिगत 13 जनवरी, 2021 के मध्य रात्रि से कार्यकाल समाप्त होने के कारण सम्बन्धित जिलाधिकारी को कार्यकाल के अवसान से पूर्ण अपरिहार्य कारणों से निर्वाचन के पूर्ण न होने के कारण कार्यकाल के अवसान की तिथि से निर्वाचन के पश्चात जिला पंचायत के संगठित होने अथवा 6 माह की अवधि व्यतीत होने, जो पहले घटित हो, तक की अवधि के लिए सम्बन्धित जिला मजिस्ट्रेट को अपने अधिकारिक क्षेत्र में जिला पंचायत के प्रशासक के रूप में धारित करने के आदेश पारित किये हैं। जिसमें जिला पंचायत, उसके अध्यक्ष और समितियों के समस्त शक्तियां ,कृत्य और कर्तव्य प्रशासक में निहित किये गये हैं और उनका प्रयोग, सम्पादन और निर्वहन प्रशासक द्वारा किये जाने को निर्देश प्रदान किया गया है।

# अखिल भारतीय अवधी समाज की प्रथम बैठक जैन मंदिर धर्मशाला में हुयी आयोजित



**श्रावस्ती।** ब्रहस्पतिवार को अखिल भारतीय अवधी समाज की पहली बैठक पर्यटन स्थल श्रावस्ती स्थिति जैन मंदिर धर्मशाला में सम्पन्न हुई जिसमें देवीपाटन मंडल के पदाधिकारी गण मौजूद रहे यह कार्यक्रम अखिल भारतीय अवधी समाज के श्रावस्ती जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार सायक के संयोजन में किया गया जिसमें संस्था के संस्थापक कवि मनोज मिश्रा कप्तान जी मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे जिसमें कवि सुरेश सैनिक नीरज नालायक सुरेश त्रिपाठी अंकिता उपाध्याय सूरज द्विवेदी ने काव्य पाठ किया अवधी के विकास इस संस्था का उद्देश्य है श्रवण कुमार सायक ने पढ़ा आंगन की हरियाली बिटिया जीवन में खुशहाली बिटिया।

# कुत्ते के अंधे बच्चे को अपनाकर सुर्खियों में आई सांसद मेनका गांधी



**सुलतानपुर।** सांसद मेनका संजय गांधी का बेजुबानों से प्रेम जग-जाहिर है। तीन दिवसीय दौरे पर आई सांसद श्रीमती गांधी अंधे कुत्ते के बच्चे को अपनाकर एक बार फिर सुर्खियों में आ गई है। श्रीमती गांधी ने उसका नाम अहिल्या रखा है।

सड़क पर घूमने वाले पशु को जब आम आदमी दुत्कार देता है सांसद मेनका गांधी उसे भी अपना लेती हैं। अब एक बार फिर वो सुर्खियों में आ गई हैं। इस बार मामला अंधे कुत्ते के बच्चे का है। उन्होंने बनारस के एक कुत्ते के बच्चे को अपनाया है। बता दें कि मेनका गांधी सोमवार से अपने संसदीय क्षेत्र सुलतानपुर के तीन दिवसीय दौरे पर थी। इस बीच उनके पास बनारस के एक कुत्ते के बच्चा को लाया गया, जिसकी दोनों आंखें नहीं थी। जन्मजात अंधे होने के कारण बनारस के लोग इसकी देखभाल करने में सक्षम नहीं दिखे। जब इन लोगों को जानकारी हुई की सांसद मेनका गांधी अपने संसदीय क्षेत्र सुल्तानपुर आ रही हैं तो बनारस के लोगों ने सीधे सांसद मेनका संजय गांधी से संपर्क किया और बताया कि मैडम मेरे पास एक अन्धा कुत्ते का बच्चा है और हम लोग उसकी देखभाल करने में असमर्थ है। इस पर उन्होंने अपने शास्त्रीनगर आवास का पता देते हुए कहा बेटे उसको सोमवार को मेरे पास भेज दो। मैं अपने संसदीय क्षेत्र आ रही हूं। सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि सोमवार को देर शाम जब श्रीमती गांधी सुल्तानपुर आवास पर पहुंची और बनारस से आये एक व्यक्ति ने कुत्ते के बच्चे को सांसद मेनका गांधी को दिया तो उनसे नही रहा गया और उसे उठाकर सांसद मेनका गांधी ने उसे अपनी शाल में लपेट लिया और प्यार-दुलार करने लगी। मेनका ने कहा भले अहिल्या की आंखे न हों लेकिन वे इसे दिल्ली अपने साथ रखेगी और कोई कष्ट नही होने देंगी। श्रीमती गांधी ने रात में अहिल्या को अपने पास सुलाया। सांसद द्वारा बेजुबान के प्रति इस प्रकार का प्रेम, दुलार व अपनत्व की जगह जगह चर्चे व सराहना की जा रही है।

# टीकाकरण का पहला चरण कल से

## पहले चिन्हित 7111 हेल्थ वर्करों को चार स्थानों पर लगेगा टीका

## लाभार्थी को फोटो आईडी लेकर आना होगा

संवाददाता। सोनभद्र

**जनपद** में चार जगहों पर प्रथम पेज में 16 जनवरी को 7111 हेल्थ वर्करों को करोना टीका लगाया जाएगा। इसमें 5307 सरकारी एवं 1804 प्राइवेट हेल्थ वर्कर्स शामिल है। जिनका नाम पता पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है। प्रथम चरण में हेल्थ वर्करों के अलावा किसी को भी वैक्सीन नहीं लगाई जाएगी। जिले में वैक्सीन आ गई है, जिसे पुराना जिला अस्पताल भवन के कोल्ड चैन मैं रखा गया है।

यह बातें गुरुवार को जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ राम कुमार व डॉ बीके अग्रवाल ने प्रेस वार्ता के दौरान संयुक्त रुप से कहीं। उन्होंने बताया कि कोविड-19 संक्रमण से लगभग एक वर्षो से सारी दुनिया परेशान है, जिसमे लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के साथ ही मास्क व इम्यूनिटी बढ़ाने हेतु प्रेरित किया जाता रहा ताकि लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बनी रहे, लेकिन अब टीकाकरण की वैक्सीन तैयार कर ली गई है और जिले में 8700 वैक्सीन की डोज आज आ गई है। 16 जनवरी को जनपद के चार स्थानों जिला संयुक्त चिकित्सालय लोढी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगवा, म्योरपुर तथा एनटीपीसी शक्तिनगर अस्पताल में इसकी शुरुआत होगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने कहा कि प्रथम फेज के लिए पहले चिन्हित किए गए 7111 हेल्थ वर्करों को कोरोना टीका लगेगा। चयनित व्यक्ति को एक दिन पहले एसएमएस जाएगा कि उसका टीकाकरण किस केंद्र पर होगा। लाभार्थी को फोटो आईडी लेकर आना होगा । उन्होंने टीकाकरण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में तीन चरणों के टीकाकरण के लिए 417 वैक्सीनेटर हैं जिनके द्वारा वैक्सीन लगाई जाएगी। पहले सिक्योरिटी गार्ड लाभार्थी को जिसे इंजेक्शन लगाना है उसे कमरे में ले जाएगा। जहां पर आईडी प्रूफ जांच करने के बाद वह वैक्सीनेटर के पास जाएगा, जहां टीकाकरण होना है। इसके बाद वह सेशन साइड में जाएगा जहां पर उसे आधे घंटे रोक कर रखा जाएगा। इसके बाद उसे जाने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में कोविशिल्ड वैक्सीन आ गयी है और एक व्यक्ति को इंजेक्शन लगाने के 28 दिन बाद उसे दूसरा डोज कोविशिल्ड का ही दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि टीकाकरण के बाद यदि किसी को कोई परेशानी होती है तो इसके लिए एएफआई कमेटी बनी है, जिसको सूचित कर निदान कराया जाएगा। उन्होंने जनपदवासियों से अफवाहों से बचने की अपील किया और कहा कि प्रथम, द्वितीय व तृतीय फेज में जिन लोगों का नाम अपलोड हुआ है उन्हीं लोगों को ही वैक्सीन लगाई जाएगी। गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को कोरोना टीका नहीं लगेगा।



**टीकाकरण के बाद भी करना होगा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन**

कोरोना वैक्सीन जिन्हें लगाई जाएगी उन्हें सावधानी बरतनी होगी क्योंकि यह मान लेना कि हमें वैक्सीन लग गई है और कोरो ना से अब डरने की जरूरत नहीं है, लेकिन उन्हें वैक्सीन लगने के बाद भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मुंह पर मास्क लगाना तथा हाथों को सैनिटाइज करना तथा दो गज की दूरी का पालन करना जरूरी है।

**टीकाकरण के दौरान मिलेगा कार्ड**

लाभार्थी वैक्सीनेटर के पास जाएगा तो वैक्सीनेटर द्वारा उसे टीकाकरण कार्ड दिया जाएगा। जिस पर उसका नाम व पता तथा वैक्सीन का नाम लिखा होगा जो वैक्सीन उसे लगाई जाएगी क्योंकि 28वें दिन उस कार्ड को लेकर लाभार्थी वैक्सीनेटर के पास जाएगा तभी दूसरा डोज लगेगा।

**धनवंतरी चिकित्सालय में किया गया वैक्सीन का ड्राइ रन**

बीजपुर ( **सोनभद्र** )। एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन के चिकित्सालय धनवंतरी में वैश्विक महामारी कोविड-19 के मद्देनजर ज़िला चिकित्सालय सोनभद्र के तत्वावधान में वैक्सीन ड्राइ रन किया गया धनवंतरी चिकित्सालय की मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रेनू सक्सेना ने बताया कि धनवंतरी चिकित्सालय को कोविड-19 के वैक्सीन को लगाने हेतु चयनित किया गया है भारत सरकार के निर्देशों के अनुपालन में 16 जनवरी से सम्पूर्ण भारत में चयनित चिकित्सालयों में वैक्सीन लगाने का कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। इसी कड़ी में जिला चिकित्सालय सोनभद्र से आए हुये चिकित्सकों की टीम नें धनवंतरी चिकित्सालय में वैक्सीन बूथ का निर्धारण किया है। प्रथम चरण में चिकित्साकर्मियों द्वितीय चरण में फ्रंट लाइन वर्कर्स तथा तृतीय चरण में 50 वर्ष की आयु वर्ग के नागरिकों को वैक्सीन लगेगा।

## जिलाधिकारी ने परखीं तैयारियां

### सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट भ्रमण कर सभी बूथों का करें निरीक्षणः डीएम

### शासन से जारी गाइडलाइन के अनुसार ही संचालित करें कोविड वैक्सीनेशन का कार्य

संवाददाता। मीरजापुर

**जिलाधिकारी** प्रवीण कुमार लक्षकार ने कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ विभाग व अन्य विभाग के अधिकारियों की बैठक कर 16 जनवरी को कोविड वैक्सीन लगाने की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान पूरे देश में एक साथ प्रारम्भ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री जी द्वारा अभ्यिान का शुभारम्भ किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 16 जनवरी को होने वाले वैक्सीनेशन कार्य की सभी तैयारियों स्वास्थ्य विभाग के द्वारा पूर्ण करा ली जाये तथा इस कार्य में लगाये गये सभी जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रों के शत प्रतिशत बूथ का निरीक्षण 16 की साय को अवश्य करलें यदि किसी भी स्तर पर कमियां प्रतिलक्षित हो तो उसे उसी दिन पूर्ण कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड टीकाकरण का कार्य शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार ही संचालित किया जाए इसमें किसी प्रकार की लापरवही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में वैक्सीन लाने व जनपद मुख्यालय से सभी बूथों पर पहुॅचाने के लिये गाडियों की व्यवस्था, बूथों व सेंटरों पर स्टाफ की व्यवस्था, वैक्सीन लाने व ले जाने तथा सेन्टरों पर सुरक्षा व्यवस्था, बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में वैक्सीन लाने व जनपद मुख्यालय से सभी बूथों पर पहुॅचाने के लिये गाडियों की व्यवस्था, बूथों व सेंटरों पर स्टाफ की व्यवस्था, वैक्सीन लाने व ले जाने तथा सेन्टरों पर सुरक्षा व्यवस्था, प्रथम चरण में टीका लगाये जाने वाले लोगों का रजिस्ट्रेशन आदि के बारे में बिन्दुवार समीक्षा की तथा सभी तैयारियों को एक दिन पूर्ण करने का निर्देश सभी अधिकारियों को दिया। उनहोंने कहा कि सेंटरो व बूथों पर प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी द्वारा टीका लगाने का काम किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी पीडी गुप्ता ने बताया कि आगामी 16 जनवरी को होने वाले अभ्यिान की सभी तैयारियों पूर्ण करा ली गयी है, कर्मियों को प्रशिक्षण, सुरक्षा व्यवस्था आदि की व्यवस्था की जा चुकी है। उनहोंने बताया कि प्रथम चरण में 10125 स्वस्थ्य कर्मियों का टीका लगाने के लिए रजिस्ट्रेशन कर लिया गया है। उन्होने बताया कि 16 जनवरी को पूरे देश में 5000 सेन्टरों तथा उत्तपर प्रदेश में 82 सेन्टरों एवं जनपद मीरजापुर में 12 सेन्टरों पर वैक्सीनेशन कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी सेन्टरों से लाइव वेकास्टा कराये जाने की व्यवस्था भी कर ली गयी है।

# परिवारवाद में डूब गया ब्लॉक प्रमुख का परिवार

## सदर ब्लॉक के मुख्य गेट को घोषित किया निजी संपत्ति, क्षेत्र पंचायत से कराए गए अन्य कार्यो पर भी परिवार का नाम

संवाददाता। बस्ती

**पांच** साल तक सदर ब्लॉक की प्रमुखी प्रेमा देवी के स्थान पर उनके परिवार ने ठीक उसी तरह पांच साल तक राज किया, जिस तरह महिला प्रधान पति या महिला प्रधान पुत्र ने किया। अब जाते-जाते परिवार का नाम अमर करने के लिए ब्लॉक के मुख्य गेट के लोकार्पण षिलापटट पर पति पूर्व सपा जिलाध्यक्ष राजकपूर और पुत्र आदित्य यादव का नाम लिखवा दिया। वह भी बड़े-बड़े अक्षरों में। एक तरह से ब्लॉक के मुख्य गेट को ब्लॉक प्रमुख के परिवार ने निजी संपत्ति घोषित कर दिया। ब्लॉक प्रशासन ने डीएम और सीडीओ का नाम लिखवाना गवारा नहीं किया। सपा पर लगे परिवारवाद का ठप्पा सदर ब्लॉक में भी दिखाई दिया। इतना ही नहीं सदर ब्लॉक में जितने भी कार्य क्षेत्र पंचायत से कार्य कराए गए, उन सभी पर ब्लॉक प्रमुख के परिवार का नाम अंकित होने की जानकारी मिल रही है। ताज्जुब की बात है कि इसकी जानकारी एक आम आदमी को तो है, मगर बीडीओ और ब्लॉक के अन्य जिम्मेदारों को नहीं है। जबकि शिलापटट पर बीडीओ और अन्य जिम्मेदारों का नाम लिखा हुआ है। मीडिया ने जब इसकी जानकारी बीडीओ पीएस चौबे को दी तो पूछताछ होने लगी। इसके लिए पूरी तरह ब्लॉक प्रशासन को जिम्मेदार माना जा रहा है। त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव में आरक्षण लागू करने का सरकार का निर्णय फायदेमंद साबित नहीं हो रहा है। खास तौर से महिला आरक्षण का लाभ तो महिलाओं को बिलकुल ही नहीं मिला। ब्लॉक प्रमुख जैसे पद पर महिला के परिवार वालों ने राज किया। पंचायती राज व्यवस्था में ब्लॉक प्रमुख पति या प्रधान पति को ब्लॉक में घुसना तक मना है। मगर घुसने की कौन कहे परिवार के लोग ब्लॉक प्रमुख की कुर्सी पर काबिज होते देखे गए। बीडीओ और ब्लॉक के अन्य कर्मचारियों को पांच साल तक आदेश निर्देश देते रहे। असली महिला ब्लॉक प्रमुख को लोग झंडारोहण के समय ही देखते हैं। इसी का शिकार सदर ब्लॉक भी रहा। जिसका सबसे बड़ा सबूत शिलापटट पर प्रमुख के परिवार का नाम अंकित होना है।




# दफ्तर है कि मुसाफिरखाना!

## रुधौली नगर पंचायत आफिस बन गया आवासीय

## किचेन और बेडरुम की है, सुविधा आए दिन होती है दावतें

## डीएम के आदेरू के बावजूद नहीं हटाया गया प्रधान लिपिक

## विधायक संजय प्रताप जायसवाल के शिकायत पर डीएम ने की थी कार्रवाई

संवाददाता। बस्ती

**वैसे** तो पूरा नगर पंचायत रुधौली अनियमित कार्यो के आरोपों में घिरा हुआ है। इस बार कार्यालय को आवासीय बनाने का आरोप लग रहा है। स्थानीय विधायक संजय प्रताप जायसवाल की शिकायत पर डीएम ने प्रधान लिपिक प्रेमप्रकाश पटेल को हटाने का आदेश भी जारी किया, मगर आदेश का पालन आज तक नगर पंचायत प्रशासन ने नहीं किया। बोर्ड के सदस्यों की ओर कार्यालय से हटाने का प्रस्ताव भी लाया जा चुका है। इस मामले में ईओ अवनीष कुमार सिंह का कहना है कि उन्हें डीएम के आदेश की जानकारी नहीं है, जबकि विधायक का कहना है कि कार्यालय को लोगों ने मनोरंजन स्थल बना दिया है, आए दिन ठेकेदारों के साथ दावतें होती रहती है।

कार्यालय में बेडरुम से लेकर किचन तक की सुविधा उपलब्ध है। प्रेमप्रकाश पटेल किसी दूसरे फर्म के नाम पर ठेकेदारी भी करते हैं। इसकी जानकारी ईओ और चेयरमैन दोनों को है लेकिन जानबूझकर कार्रवाई नहीं की रही है, बल्कि उच्चाधिकारियों को यह कहते हुए भ्रमित कर दिया जाता है, कि विधायक की पत्नी चुनाव में हार गई, इस लिए अनर्गल शिकायतें करते रहते हैं। इस नगर पंचायत में विकास कम और सरकारी धन का दुरुपयोग अधिक हुआ। विधायक की माने तो कार्रवाई इस लिए नहीं होती क्यों कि उपर से लेकर नीचे तक सभी मिले हुए है। भ्रष्टाचार में लोग इस तरह डूब चुके है, कि उन्हें विधायक की शिकायत भी द्वेषभावना जैसी लगती है। कहते हैं कि उन्होंने नगर पंचायत रुधौली को आदर्श नगर पंचायत घोषित कराने के लिए बहुत प्रयास किया, और कर भी रहा हूं।

# बस्ती की बेटी ने निर्भया कांड पर कविता लिख बढ़ाया जिले का मान



**बस्ती**। आलइंडिया ग्लोरी आफ इंडिया कला महोत्सव में दिल दहला देने वाले बहुचर्चित निर्भया कांड पर अपनी कविता लेखन के जरिए अनन्या ने जिले का मान बढ़ाया है। शहर के ओरीजोत मोहल्ला निवासी सेंट बेसिल्स स्कूल की कक्षा 10 की छात्रा अनन्या कर्ण ने कला महोत्सव भारत का गौरव (नेशनल लेवल इंग्लिश पोएट्री प्रतियोगिता) किशोर श्रेणी (12- 18 वर्ष) में बेहतरीन कविता लेखन में पहला पुरस्कार जीतकर नाम रोशन किया है। हुलाहुल फाउंडेशन मुंबई की ओर से आयोजित आनलाइन प्रतियोगिता में यूपी की ओर से अनन्या ने प्रतिभाग किया था। कविता के माध्यम से महिलाओं, छात्राओं के साथ हो रही दुष्कर्ष की घटना को उसने बेबाकी से रखा है। अंग्रेजी माध्यम में रखे गए इस कविता लेखन में सामाजिक मुद्दा दुष्कर्म पर अपने विचार व्यक्त करते हुए 18 दिसंबर 2020 को निर्भया कांड पर आनलाइन कविता लेखन प्रेषित किया था। पोएट्री प्रतियोगिता की जारी हुई रिपोर्ट में कविता लेखन कंप्टीशन में अनन्या को पहला स्थान मिला है। अनन्या को गोल्ड मेडल, ट्राफी व प्रमाणपत्र दिया गया है। अनन्या का कहना है कि इण्डियन आयल कम्पनी में कार्यरत पिता एसएस कर्ण, मां माला और बड़ी बहन डा. प्रीति एवं गुरूजनों ने उसे लेखन के लिए प्रेरित किया जिसके कारण उसे सफलता मिली।

## डीएम ने जिला पंचायत वित्त का चार्ज लिया

**संतकबीरनगर**। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बुधवार की देर शाम जिला पंचायत के वित्त का चार्ज प्रशासक के रूप में लिया है। उन्होने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्षा का कार्यकाल पूरा हो चुका है। जिला पंचायत के हो रहे विकास कार्यो सहित वित्त कार्यो के समीक्षा सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के साथ करने के बाद उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए जायेगे। उन्होने विभाग के कर्मचारियों के संख्या की जानकारी, शासन से प्राप्त धन आवंटन एवं वर्तमान समय में होने वाले विकास कार्यो तथा अन्य जो निर्माण कार्य किये जा रहे है उन सभी के अभिलेखों को गहनता से समीक्षा कर रही है। ज्ञात हो कि समाजवादी सरकार में जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में संतोष यादव को जिला पंचायत सदस्यों ने चुना था सरकार बदलने के बाद भाजपा के कार्यकाल में अविश्वास प्रस्ताव जिला पंचायत सदस्यों ने लाया।

## एसटीएफ की जांच में फंसे एक और गुरुजी

संवाददाता। बस्ती

**एसटीएफ** के जाल में कई गुरुजी फंसते जा रहे है। अभी तक एसटीएफ की जाल में दो गुरुजी फं सकर बर्खास्त हो चुके है। दो दिन पहले एसटीएफकी रिपोर्ट पर फर्जी शैक्षिक प्रमाणपत्र पर नौकरी करने वाले रुधौली ब्लॉक के प्राथमिक विधालय कथकपुरवा में कार्यरत प्रधानाचार्य शेषनाथ सिंह के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करा चुकी है। इसके पहले पिपराखास के बाबा परम हंसदास बालिका इंटर कालेज के अभिनव सिंह को एसटीएफकी रिपोर्ट पर बीएसए बर्खास्त कर चुके है। यह कुलदीप सिंह नामक व्यक्ति के शैक्षिक प्रमाण-पत्र नौकरी कर रहे थे। इनकी जांच कालेज के मंत्री रामबदन सिंह के शिकायत पर एसटीएफ ने की है।

इस बार झिनकूलाल इंटर कालेज कलवारी में सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्ति पाए बृजेंद्रनाथ मिश्र में फंस गए हैं। इन पर आरोप है कि यह बीएड के कथित फर्जी शैक्षिक प्रमाणपत्र पर पिछले लगभग 18 साल से नौकरी कर रहे है। कालेज के प्रबंधक प्रेमनाथ चौधरी की शिकायत पर एसटीएफ इनकी जांच कर रही है। एसटीएफ के प्रभारी डीआईओएस से सत्यापित शैक्षिक प्रमाण-पत्र की मांग कर चुके हैं।

# विधायक ने एक करोड़ से अधिक के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



संवाददाता। सेमरियावां (संतकबीरनगर)

**गुरुवार** को सदर विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे ने उजियार क्षेत्र के लोगों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने ब्लॉक परिसर में एक करोढ़ से अधिक की लागत से बनने वाले कॉमन सर्विस सेंटर का शिलान्यास किया। इस दौरान सदर विधायक ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पूरे प्रदेश का चहुमुखी विकास कराया जा रहा है। जिसके तहत जिले के सबसे ब्लॉक सेमरियावां के क्षेत्र के लोगों को सीएससी की सौगात दी गयी हैं। उन्होंने कहा कि ब्लाक प्रमुख मुमताज अहमद की पहल पर अति पिछड़े उजियार क्षेत्र की आवाम को इस कॉमन सर्विस सेंटर की सौगात दी गयी हैं। उन्होंने कहा कि उजियार के लोगो को कॉमन सर्विस सेंटर बनने से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा तथा समय पर उन्हें सरकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी उपलब्ध होगी। इस दौरान ब्लाक प्रमुख मुमताज अहमद ने कहा कि विधायक की ही देन है जो इस उजियार क्षेत्र के लोगों को सीएससी भवन की सौगात मिली हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से ही इस उजियार क्षेत्र के लोगों को राजनीतिक पार्टियों ने सिर्फठगने का काम किया था। आज ब्लॉक परिसर में सदर विधायक जय चौबे ने एक करोड़ चार लाख की लागत से 467 वर्गमीटर में बनने वाले कॉमन सर्विस सेंटर में मल्टी परपज का एक हाल तथा दो मिनी हाल के अलावा चार आफिस कमरे के साथ महिला तथा पुरुष शौचालय की सौगात दी हैं।

# बसपाइयों ने बांटे कम्बल

## पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के जन्मदिन की पूर्व संध्या कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता। संतकबीरनगर



**बहुजन** समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्षा पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के 15, जनवरी को 65वें जन्मदिवस के अवसर पर पूर्व संध्या पर बहुजन समाज पार्टी जनपद ईकाई के तत्वाधान में जिला अस्पताल, वृद्वा आश्रम एवं राहगीर गरीब, असहाय पीड़ितों में फल-मिष्ठान एवं वस्त्र विवरण किया गया। जिसमें पूर्व विधायक भगवान दास, जिलाध्यक्ष धर्मदेव प्रियदर्शी की अध्यक्षता में वामसेफके सहयोग से राणा महातम, हीरालाल भारती, ओम प्रकाश आदि एवं जिला कार्यकारिणी पूर्व एमएलसी लालचन्द निषाद, प्रभारी प्रत्याशी खलीलाबाद सुबोध यादव, मण्डल सेक्टर प्रभारी अवनीश कुमार, अशोक मौर्या, भूपेन्द्र सिंह, वेदप्रकाश मौर्या, अब्दुल अजीम, अख्तर खान, रामवृक्ष राज पेन्टर, अभिषेक कुमार, विजय कुमार, सुरेश चन्द्र राव, कुलदीप मणि मिश्रा, अर्जुन प्रसाद, लालचन्द यादव, प्रमोद कुमार गुप्ता, सुरेश मौर्या, धनंजय सिंह सिसौदिया, धर्मेन्द्र चौरसिया, अशोक त्रिपाठी, अभिषेक भारती सहित बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**काग्रेसियों ने जरूरतमंदों में वितरित किए 600 कम्बल**

सेमरियावां ( **संतकबीरनगर** )। बृहस्पतिवार को प्रत्येक वर्ष की भांति ब्लाक कांग्रेस कार्यालय सेमरियावां में संगठन सृजन अभियान के तहत गठित 50 ग्राम पंचायत कमेटी द्वारा चयनित लाभार्थियों में 600 कंबल का वितरण जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मो. नजीर तथा ब्लाक अध्यक्ष मो. अकरम ने वितरण किया।

## आईएमए के साढ़े तीन लाख सदस्य टीकाकरण में करेंगे सहयोग

**बस्ती**। सारे गिले षिकवे भूल आईएमए ने निर्णय लिया है कि देषभर के 18 सौ षाखाओं के साढ़े तीन लाख सदस्य कोविड टीकाकरण अभियान में पूरी तरह सरकार का सहयोग करेंगे। यह जानकारी आईएमए के अध्यक्ष डा. अनिल कुमार श्रीवास्तव और सचिव डा. नवीन कुमार श्रीवास्तव ने देते बताया कि देष में आधुनिक चिकित्सा पद्धति के सबसे बड़े संगठन इंडियन मेडिकल एसोसिएषन द्वारा आईसीएमआर एवं विष्व स्वास्थ्य संगठन के आपसी एवं बृहद वार्ता के बाद देषव्यापी कोविड टीकाकरण कार्यक्रम में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का निर्णय लिया गया। कहा कि इस महाअभियान में आईएमए के सभी सदस्यों से बढ़चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया गया है। कहा कि टीकाकरण के मामले में दुनिया के सामने देष एक उदाहरण प्रस्तुत करने जा रहा है।

## पांच वर्षो में कच्चे मकान से संगमरमर के फर्श पर चमचमाती जिंदगानी

# प्रधानी और शानो शौकत की कहानी

## दो पहिया वाहनों से अब सीधे लग्जरी वाहनों पर हुए सवार

संवाददाता। बस्ती

**पांच** साल की प्रधानी ने प्रधान के परिवार के रहन सहन को बदल दिया। जिस व्यक्ति का परिवार कभी अभाव में रहता था, प्रधान बनने के बाद वही परिवार शानो शौकत में जीवन यापन करता है। कच्चे मकान में रहने वालापरिवार आज संगमरमर के फर्श पर चल रहा है। चुनाव जीतने से पहले दो पहिया मोटरसाइकिल पर चलते थे, और जब कार्यकाल बीता तो वही प्रधान चार पहिया वाहनों में घूमने लगे। इसी को देख अधिकतर लोग प्रधान बनने की होड़ में शामिल हो गए है और प्रधानी का ताज पहनने के लिए पानी की तरह पैसा बहा रहे है। कोई अपनी पत्नी को तो कोई भाभी को प्रधानी जीताना चाहते है। इसके लिए मतदाता सूची से लेकर मनमाफिक आरक्षण पाने के लिए खूब धन लूटा रहे हैं। धन के चकाचौंक ने युवाओं को सबसे अधिक प्रभावित किया है। वह आज बिजनेसमैन, ठेकेदार या नौकरी करना नहीं चाहता बल्कि प्रधान बनना चाहता है। ऐसे लोगों का मानना है कि रातों-रात धनाढ्य बनने का इससे अच्छा और कोई आसान रास्ता हो ही सकता। चालाक प्रधानों ने पुन: चुनाव जीतने के लिए कई माह पहले से ही तैयारी शुरु कर ली है। जिस तरह बीएलओ और सुपरवाइजर के साठगांठ से सैकड़ों की संख्या में फर्जी मतदाता बनाया और उसके बाद मनमाफिक्र आरक्षण का लाभ पाने के लिए पानी की तरह पैसा बहा रहे हैं, उसे देखकर कहा जा सकता है कि पहली बार चुनाव लड़ने वालों के लिए जीतना आसान नहीं होगा। क्यों कि पुराने प्रधान आर्थिक रुप से भी काफी मजबूत हो चुके है। जानकारों का मानना है कि पंचायत चुनाव में वही प्रत्याशी मजबूती से चुनाव लड़ सकता है, जो धन और बल दोनों से मजबूत होंगे। ईमानदार और अच्छी छवि वाले प्रत्याशियों के लिए अपनी इज्जत बचाना मुश्किल हो जाएगा। पिछला पांच साल भ्रष्टाचार के नाम रहेगा, गिनती के ऐसे प्रधान होंगे, जिन्होंने ईमानदारी दिखाई होगी, इनमें सदर ब्लॉक के माडल पिछला पांच साल भ्रष्टाचार के नाम रहेगा, गिनती के ऐसे प्रधान होंगे, जिन्होंने ईमानदारी दिखाई होगी, इनमें सदर ब्लॉक के माडल ग्राम पंचायत ओठघनपुर कला के प्रधान राम तौल यादव अपवाद स्वरुप जाने जाएंगे। इस गांव के प्रधान ने यह साबित कर दिया कि अगर प्रधानों को कमीशन से मुक्त कर दिया जाए तो कई अन्य ग्राम पंचायतें माडल बन सकती है।

## मकर संक्रांति के अवसर पर अखंड हरिकीर्तन के साथ भंडारा संपन्न

**सोनभद्र**। विगत वर्षो की भांति ईस वर्ष भी ग्राम देवता श्री लाखन वीर बाबा का वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक झालर बत्तियों से सजाया गया था वुधवार को 24 घंटे के अखंड हरिकिर्तन का शुभारंभ विधि विधान से पूजन अर्चन कर किया गया गुरुवार को हरिकिर्तन समापन के पश्चात बाबा का श्रृंगार किया गया तत्पश्चात हवन पूजन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें चोपन गांव, हाइडिल कालोनी, चोपन बाजार सहित नगर से भारी संख्या में लोगों ने पहुंच कर बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि उस्मान अली, छात्र संघ अध्यक्ष सतीश यादव, बाबा फौजदार कमेटी के दयाशंकर, लोकनाथ केसरी, बबलू सिंह आदि मौजूद रहे।

## ट्रक की ठोकर से मामा व भांजे की मौत, एक गंभीर

**बस्ती**। कोतवाली थाना क्षेत्र के हरदिया चौराहे के पास तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर से बाइक सवार मामा और भांजे की मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने की कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार सिद्धार्थनगर जिले के इटवा थाना क्षेत्र के बेनीपुर निवासी रवि पाण्डेय अपने मामा सोनहा थाना क्षेत्र के कोठिला निवासी रघुवंशमणि पाण्डेय और रमजान के साथ बाइक से बस्ती शहर आ रहे थे। अभी वे हरदिया चौराहे के पास पहुंचे थे कि तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गए। ट्रक की ठोकर से बाइक सवार रवि और रघुवंशमणि की मौके पर ही मौत हो गई। रमजान को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया।

# शिथिलता के आरोप में जिला पंचायत के जेई निलम्बित

## प्रशासक का चार्ज लेते ही सख्त दिखे डीएम के तेवर

संवाददाता। बस्ती

**डीएम** आशुतोष निरंजन ने गुरूवार को जिला पंचायत के प्रशासक का कार्यभार ग्रहण किया। कार्य एवं आचरण में लापरवाही बरतने के मामले में जेई तिलकराज उपाध्याय को निलम्बित करने, वसूली लक्ष्य 1.08 करोड़ को बढ़ाकर 1.50 करोड़ करने का निर्देश दिया। जिला पंचायत के सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने, किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नही होने की चेतावनी दी। डीएम ने कहा कि परसम्पत्तियों का रखरखाव उचित ढंग से तथा अवैध कब्जे से मुक्त कराने की कार्यवाही की जाए। साथ ही अभियान चलाकर वसूली लक्ष्य को पूरा करें। बकाएदारों को नोटिस,आरसी जारी करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि सभी कर्मचारी प्रत्येक दिन प्रात: आठ बजे से क्षेत्र में निकले, दिनभर की वसूली की रिपोर्ट शाम को अपर मुख्य अधिकारी को प्रस्तुत करें। जिला पंचायत के पेड़ों की गिनती शीघ्र पूरा करें। चतुर्थ राज्य वित्त आयोग से प्राप्त लगभग 12.50 करोड़ रुपये से निर्माण कराए गए कार्यो की समीक्षा की। सभी 66 कार्य का सत्यापन सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता तीन दिन में करके फोटो सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करें। काम के अनुसार एमबी तैयार कराएं। इस्टीमेट के अनुसार काम पूरा होने की रिपोर्ट संलग्न करें। पंचम वित्त आयोग से प्राप्त 6.29 करोड़ रूपयों का अनुबंध के बाद वर्कआडर जारी कराया जा रहा है। निर्देश दिया है कि तीन दिन के भीतर सभी कार्य शुरू कराएं। एई और सभी जेई का व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं जिसमें वे प्रतिदिन की फील्ड विजिट की फोटो अपलोड करें। इस दौरान अपर मुख्य अधिकारी विकास मिश्रा, अभियन्ता अनिल कुमार श्रीवास्तव, कर अधिकारी अमित कुमार यादव, जेई रणविजय सिंह, मनीष चौधरी, वरिष्ठ सहायक निर्माण ओम प्रकाश एवं एकाउंटेट संत बहादुर सिंह मौजूद रहे।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 15 जनवरी, 2021



# वैक्सीनेशन के पहले चरण की तैयारी



## कोविड-19 मेडिकल व पैरामेडिकल स्टाफ का होगा वैक्सीनेशन

## सेंटर पर किसी का भी प्रवेश वर्जित होगा : एडीएम प्रशासन

संवाददाता। देवरिया

**कोविड**-19 टीकाकरण अभियान के प्रथम चरण 16 जनवरी से होगा जिस के संदर्भ में सीएमओ ऑफिस में एक बैठक हुई बैठक को अपर जिलाधिकारी प्रशासन कुंवर पंकज ने ली जिस बैठक में प्रथम चरण के वैक्सीनेशन 16 जनवरी को लांचिंग संदर्भित टीकाकरण की तैयारी और इसकी सफलता पर चर्चा की गई अपर जिलाधिकारी प्रशासन कुमार पंकज ने बताया कि कोविड.19 महामारी को रोकने एवं नियंत्रित करने को केंद्र एवं प्रदेश सरकार के साथ स्वास्थ्य विभाग पुलिस विभाग आईसीडीएस विभाग के साथ पंचायत विभाग भी पूरी तत्परता से जुड़ा है।

सभी का योगदान सराहनीय और प्रशंसनीय है मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में वैक्सीनेशन सेतु वैक्सीन की 14700 खुराक शासन द्वारा प्राप्त हो गई है जिसके द्वारा मेडिकल एवं पैरामेडिकल स्टाफको प्रथम चरण में वैक्सीनेशंस किया जाना है वैक्सीनेशंस के शुभारंभ के लिए जनपद के चार फैसिलिटी का चयन किया गया है यहां 400 मेडिकल एवं पैरामेडिकल स्टाफ का वैक्सीनेशंस किया जाना है जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ सुरेंद्र सिंह ने बताया कि जनपद के प्रथम चरण में मेडिकल और पैरामेडिकल स्टाफ 12034 लाभार्थी का 22फैसिलिटी पर 45 वैक्सीनेशंस टीम द्वारा 12317 पर किया जाना है जिसके लिए समस्त तैयारियां पूरी कर की जा चुकी है प्रथम वैक्सीनेशंस 16 जनवरी को 4, 00 फैसिलिटी यों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरी बाजार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर जिला चिकित्सालय व महिला चिकित्सालय चयनित किया गया है यहां कुल 4 टीमों द्वारा 400 लाभार्थियों को वैक्सीनेशंस किया जाना है इसके लिए समझ तैयारियां पूरी काल की जा चुकी है बीसीसीएल भुनेश्वर शर्मा द्वारा बताया गया कि सबके डाटाबेस अपलोड कर दिए गए हैं केंद्र सरकार के निर्देश के अनुसार लाभार्थी के वैक्सीनेशंस के पश्चात डेटाबेस बढ़ने की प्रक्रिया भी समझाइए आ चुकी है प्रथम चरण के लाभार्थियों के वैक्सीनेशंस के लिए रिलायंस स्टोर पर शासन द्वारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जा चुकी है इस अवसर पर उप जिलाधिकारी देवरिया से भाटपार रानी एसडीएम सहित सिटी देवरिया मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे वही अपर जिलाधिकारी देवरिया द्वारा निर्देशित किया कि किसी भी अनधिकृत व्यक्ति का प्रवेश कराया जाए ।

## टीकाकरण केंद्रों पर आज पहुंचेगी कोविड वैक्सीन

### प्रथम चरण की शुरुआत चार ब्लॉकों में टीकाकरण से होगी

### जिले भर में टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग ने बनाए हैं 15 केंद्र

संवाददाता। सिद्धार्थनगर

**कोरोना** टीकाकरण की तैयारी पूरी होने के बाद जिले में वैक्सीन पहुंच गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्थित स्टोर से वैक्सीन 15 जनवरी को टीकाकरण केंद्रों पर भेजी जायेगी। प्रथम चरण में विभाग ने 15 जगहों पर केंद्र बनाकर टीकाकरण की तैयारी की हैए लेकिन शासन से मिले निर्देश के बाद अब सिर्फ चार केंद्रों पर ही टीकाकरण का शुभारंभ कराया जाएगा।कोरोना से जंग जीतने के लिए सरकार ने वैक्सीन लांच कर जिला मुख्यालय तक पहुंचा दिया है। बुधवार की शाम सीएमओ ऑफिस के स्टोर में वैक्सीन पहुंचने के बाद विभाग जिला अस्पताल छोड़ दस सीएचसी व चार पीएचसी पर 16 जनवरी को टीकाकरण शुभारंभ कराने की तैयारी में जुटा थाए लेकिन शासन से मिले निर्देश के बाद अब शुभारंभ दिवस पर सिर्फ चार ब्लॉकों के केंद्रों पर टीकाकरण कराए जाएंगे। इसके लिए भनवापुरए बसंतपुर ;बांसीद्धए बर्डपुर व उसका बाजार को चयनित किया गया है।

इन ब्लॉकों के केंद्रों पर 15 जनवरी को कड़ी सुरक्षा के बीच वैक्सीन भेजी जायेगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ;डीआईओद्ध डॉण् सौरभ चतुर्वेदी ने बताया कि शासन ने शुभारंभ दिवस पर चार ब्लॉकों में टीकाकरण कराने का निर्देश दिया है। इसमें तीन सीएचसी व एक पीएचसी को चयनित किया गया है।

**400 स्वास्थ्यकर्मी का होगा टीकाकरण :** 16 जनवरी को चार केंद्रों पर टीकाकरण किया जाएगा। इसके लिए चयनित केंद्रों पर 100.100 लोगों को कोविड की टीका लगाया जाएगा। चारों केंद्रों को मिलाकर 400 लोगों का टीकाकरण होगा। टीकाकरण में कोविन पोर्टल पर ब्लॉकों से अपलोड स्वास्थ्यकर्मियों में एक से 100 तक की संख्या के लोगों को बुलाया गया है।

**सुरक्षाकर्मी पहुंचाएंगे वैक्सीन**
सीएमओ ऑफिस के स्टोर से टीकाकरण केंद्रों तक वैक्सीन पहुंचाने के लिए सुरक्षाकर्मी लगाए गये हैं। वैक्सीन केंद्र तक सकुशल पहुंचे इसके लिए सुरक्षाकर्मियों की जिम्मेदारी तय की गई है।

**इन केंद्रों पर लगेगा टीका**
सीएचसी बर्डपुर
सीएचसी उसका बाजार
सीएचसी बसंतपुर ;बांसीद्ध
पीएचसी भनवापुर

सीएमओ डॉ: आईवी विश्वकर्मा ने बताया कि जिले में कोविड टीकाकरण कराने के लिए 15 केंद्र बनाए गए हैं। शुभारंभ दिवस पर चार केंद्रों पर टीकाकरण कराने के लिए शासन से निर्देश मिला है।

## बसपा की जनपद इकाई ने मरीजों में फल और मिष्ठान का वितरण किया

**सिद्धार्थनगर।** बहुजन समाज पार्टी की जनपद इकाई के तत्वावधान में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री बहन कुमारी मायावती जी के 65 वें जन्मदिवस 15 जनवरी के पूर्व संध्या पर गुरुवार को जिला यूनिट द्वारा गरीबों मरीजों में फल वितरण का जिला चिकित्सालय सिद्धार्थनगर में सैकड़ों लोगों को फल और मिष्ठान वितरण कर बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती जी के दीर्घायु होने की कामना किया गया। फल एवं मिष्ठान वितरण में मुख्य रूप से रामसूरत चौधरीए मंडल प्रभारी दिनेश चंद गौतम, जिला अध्यक्ष शमीम अहमद जिला महासचिव पटटूराम आजाद, मंडल प्रभारी मुनीराम राजभर, जिला उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा,जिला संगठन मंत्री राजकुमार आर्य, जिला सचिव चंद्रिका गौतम, जिला सचिव इंद्रजीत गौतम, मंडल प्रभारी सत्येंद्र गौतम, विधानसभा अध्यक्ष बांसी रामशंकर मोरिया, विधानसभा अध्यक्ष कपिलवस्तु सुधीराम गौतम, विधानसभा अध्यक्ष शोहरतगढ़ डॉक्टर ओम प्रकाश, जिला सचिव मोहम्मद कैफपरवेज अहमद व पूर्व सभासद सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गरीबों की सेवा ही इंसानियत की पूजा



**सकलडीहा, चन्दौली।** मकर संक्राति के उपलक्ष्य में गुरूवार को पपौरा हनुमान मंदिर पर कोरोना वैक्सीन के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिला और बुर्जुगो को कोविड वैक्सीन के प्रति जागरूक करते हुए टीकाकरण अभियान में शामिल होने का आवाहन किया। अंत में जरूरत मंद गरीबों को समाजसेवी गोपाल सिंह द्वारा कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए समाजसेवी गोपाल सिंह बबलू ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री हमारे भारत देश के नाज है। इस कोरोना काल में जिस तरह से धैर्य और साहस के साथ देशहित की रक्षा में जुटे रहे। यह काबिले तारीफ है। देश के वैज्ञानिक और डाक्टरों के सहयोग से कोरोना का वैक्सीन रामबाण टीका मंगवाकर राष्ट्रहित में मिशाल पेश किया है। कोरोना वैक्सीन के प्रति जागरूक करते हुए सहयोग का अपील किया। अंत में जरूरत मंद 220 गरीबों को कंबल वितरण किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान बबलू सिंहए केशव सिंह, साजन ,ए छोटा राजन, रविन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, मनोरमा देवी, छोटा राजन, प्रिंस सिंह मोदी, रामअशीष यादवए पुजारी राममूरत,टुनटुनए कमला सिंह,नसीमए तारकेश्वर आदि मौजूद रहे।

## सीडीओ ने किया जिम्नेजियम का निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर।** मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा गुरुवार को लोहिया कला भवन परिसर में बैडमिंटनए टेनिस एवं जिम्नेजियम हॉल का निरीक्षण किया गया। बताते चले कि यह हाल वर्ष 2017 से निर्मित परंतु हंडोवर न होने तथा ट्रेनर की सुविधा ना होने कारण संचालित नहीं हो सका है।जिम में लगे उपकरण पुराने मॉडल के है।

प्रयोग न होने के कारण कुछ खराब भी हो गए है। कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह में जिम में लगे पुराने उपकरण के स्थान पर आधुनिक तकनीक के उपकरण लगाने तथा टेनिस हॉल एवं बैडमिटन हॉल की साफ़ सफ़ाई करते हुए हैंडओवर करें। तथा पीडी डीआरडीए को निर्देशित किया गया कि एक ट्रेनर का प्रबन्ध करते हुए हॉल को व्यवस्थित करा कर प्रयोग हेतु समय निर्धारित कर जिम एवं टेनिस व बैडमिटन हॉल चालू कराना सुनिश्चित करें ।

## खेलकूद में सोनम ने लहराया परचम

**धानापुर,चन्दौली।** इंटरमीडिएट कालेज अहिकौरा के प्रांगण में सपा नेता एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज काका के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को एमण्बीण्एन कोचिंग सेंटर द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन कोचिंग के व्यवस्थापक जितेंद्र यादव ने फीता काटकर किया। जिसमें 100 मीटर दौड़ के बालिका वर्ग मे सोनम यादव ने प्रथम, साधना ने द्वितीय और प्रिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। गोला और डिस्कस में सोनम यादव ने प्रथम स्थान हासिल किया। हासिल की और बालिका वर्ग 200 मीटर दौड़ में साधना ने प्रथम और सोनम ने द्वितीय स्थान हासिल किया कबड्डी मे जूनियर टीम टीम ने सीनियर टीम को 1.3 से हराकर जूनियर टीम ने ट्राफी पर कब्जा किया 400 मीटर की दौड़ में बृजेश कुमार ने प्रथम रोहन कुमार द्वितीय और अभिषेक कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान मुख्य रूप से मुकेश मौर्य अनिल यादव कृष्णा भगवान दास प्रदीप यादव आशीष यादव राजाराम मौर्य कमला यादव पवन इत्यादि लोग मौके पर मौजूद थे।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गिलौला कस्बे में अतिक्रमण से लगता है जाम

**श्रावस्ती।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गिलौला कस्बे में ब्यापारियों द्वारा अतिक्रमण के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग सिकुड़ चुका है यहाँ से गुजरने वाले वाहनों को जाम के चलते कस्बा पार करने में घंटों समय लग जाते हैं। जिससे आयेदिन दिन जाम की स्थितियां बन जाती है कई बारतो अधिकारी भी जाम में फंस जााते हैं लेकिन कोयी भी जिम्मेदार इस समस्या को सलझाने पर ध्यान नहीं दे रहा है जिससे स्थिती जस की तस बनी हुयी है। जबकि इसको लेकर पुलिस प्रतिदिन शाम को गस्त भी कर रही है। बौद्ध परिपथ पर गिलौला कस्बा लगभग 3 किलोमीटर तक बसा हुआ है लेकिन यहां ब्लाक मुख्यालय से सुबिखा मोड़ तक बाजार में अतिक्रमण इतना बढ़ गया है कि सड़क के दोनों पटरी पर बने नालों पर लोगों ने अपनी दुकाने लगा रखी है उसके आगे ठेले खोमचे खड़े होते हैं इसके बाद क्षेत्र से आए हुए लोग अपनी बाइक भी सड़क पर खड़े कर खरीदारी करते हैं जिसके कारण एनएच पर जाम लग जाता है इस मार्ग पर गुजरने वाले वाहनों को कस्बा पार करने में घंटों समय लग जाता अतिक्रमण को लेकर के अधिकारी भी संजीदा नहीं हो रहे हैं जबकि स्थानीय पुलिस प्रतिदिन अतिक्रमण के नाम पर कस्बे में रोड मार्च भी करती है लेकिन इस समस्या से निजात नहीं मिल रही।

## महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए ब्यूटीशियन प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

**बछरावां ,रायबरेली।** बछरावां विकासखंड के खैरहनी ग्राम पंचायत में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए आरसीसीपीएल कंपनी प्राइवेट लिमिटेड कुन्दन गंज के सहयोग से ग्राम प्रधान शैलेन्द्र कुमार यादव की अध्यक्षता में ब्यूटीपार्लर ट्रेनिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पीके चौधरी यूनिट हेड व विशिष्ट अतिथि जयंत खंडपाल, हरबंश मिश्रा, दीपक सिंह, रशीद व ट्रेनर उपस्थित रहे। जिसमें कुल चालीस युवतियों को ट्रेनिंग व प्रमाण पत्र देकर महिलाओं को स्वावलंबी बनाना ही कंपनी का मुख्य उद्देश्य है। जिससे वह भावी जीवन में आत्मनिर्भर हो सकें। वहीं इस मौके पर ग्रामीण दिनेश मिश्र, जितेंद्र सिंह, अनिल कुमार, चन्द्र जीत, चन्द्र पुरन, पुनवासी, रिंकू पाल, सोनू , गुड्डु, सहित कई ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## संघ ने जयघोष के साथ निकाला वाहन जुलूस

संवाददाता। मऊ

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वाधान में वृहस्पतिवार को सहादतपुरा चर्च स्थित केन्द्रीय कार्यालय से श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र निधि समर्पण अभियान, जनपद मऊ को गति देने के लिए राम भक्तों के जयश्री राम के जयघोष के साथ भगवान राम के रथ के साथ वाहन जुलूस निकला। अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण में जन.जन की सहभागिता सुनिश्चित हो इसके लिए भगवान श्रीराम के रथ पर आरएसएस के विभाग कार्यवाह रामविलास चौबे व श्रीराम भक्तों का दो पहिया व फोर व्हीलर सहित काफि ला जनपद के केंद्रीय कार्यालय से मुंशीपुरा मोड़ होते हुए सहादतपुराए बाल निकेतनए होते हुए भीटी पंहुचा। वहां से गालीबपुरए ब्रह्मस्थान होते हुए नरईं बांध तिराहा होते हुएए परदहां महिला थाना के सामने परदहां खंड कार्यालय होते हुएए रामभक्तों का सैकड़ो वाहन जुलूस का जत्था पुनरू नरईं बांध होते हुए स्वदेशी काटन मिलए मुंशीपुरा मोड़ होते हुए मिर्जाहादीपुरा पंहुचा। वहां से जनपद के अलग-अलग विकास खंडों के लिए रामपुर चकियाए




अछारए गोकुलपुराए रानीपुर होते हुएए करहां होते हुए मुहम्मदाबाद गोहना पंहुचा। वहां से भातकोलए कोईरियापार होते कोपागंज पंहुचा। वहां से घोसी होते हुए अमिला बाजार, दोहरीघाट होते हुए सुरजपुर होते हुए मधुबन पंहुचा। वहां से काफिला मझवारा, सेमरी, रईसा, इन्दारा, अदरी होते हुए पहसा, हलधरपुरए रतनपुरा के लिए रवाना हुआ।

भगवान राम की विशालकाय तस्वीर लगा रथ जिस भी क्षेत्र में पंहुचा लोग नतमस्तक होते गयें। विशाल वाहन जुलूस और शोभायात्रा में जगह जगह फूल मालाओं के साथ भगवान राम के रथ का स्वागत किया गया। लोग खुशी से झूम रहे थे जय श्री राम के जय घोष के साथ लोग ढोल नगाड़ों के साथ राम भक्तों का स्वागत किया जगह जगह रास्ते में मकर संक्रांति का पर्व देखते हुए लाईए चना और तिलकुट व चाय पानी आदि वितरित किया गया। सुबह लगभग 11: 00 बजे निकला राम भक्तों का काफिला लगभग 5: 30 बजे मधुबन बाजार में पहुंचाए वहां से रतनपुरा के लिए रवाना हुआ। जहां उसके समापन की घोषणा की जाएगी। इस यात्रा में प्रमुख रूप से संघ के जिला प्रचारक राजीव नयन, विधायक विजय राजभर, कोपागंज के पूर्व ब्लाक प्रमुख मनोज राय, दोहरीघाट के पूर्व चेयरमैन गुलाब गुप्ताए देवेंद्र मोहन, अशोक सिंह, गनेश सिंह, आनन्द प्रताप सिंह, राजीव जौहरी, सुनील यादव, भरत भैया, सुनील गुप्ता, सत्य मित्र सिंह दिनेश,मनोज राय, सुनील कुमार दुबे सोनू, अभय सिंह सोनू, आनंद चौधरी, दुर्गाविजय राय, शिव प्रकाश उपाध्याय, डिम्पल जायसवाल, धर्मेंद्र राय, सुधीर सोनकर, योगेन्द्र राय, राकेश तिवारी, विनोद गुप्ता, विनोद वर्मा आदि रहे।

## सयुस कार्यकर्ताओं ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

संवाददाता। देवरिया

बृहस्पतिवार को समाजवादी युवजन सभा के कार्यकर्ताओं ने संगठन के जिलाध्यक्ष रणवीर यादव के नेतृत्व में देवरिया शहर के पोस्टमार्टम चौराहा स्थित चन्द्रशेखर आजाद चौक पर जालौन जिले मे दर्जनों बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न एवं दरिंदगी तथा प्रदेश की खराब कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला फूंक विरोध जताया। इस दौरान सम्बोधित करते हुए सपा नेता विजय रावत ने कहा कि जालौन जिले में यौन उत्पीड़न मानवता पर काला कलंक है। इस घटना से स्पष्ट हो गया है कि भाजपा सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है। भाजपा



सरकार में कोई वर्ग सुरक्षित नहीं है। समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष रणवीर यादव ने कहा कि प्रदेश में आये दिन बलात्कार छेड़खानी, हत्याए डकैती, राहजनी,अपहरण की घटनाएं हो रही है। पूरा प्रदेश अराजकता की आग में जल रहा है। प्रदेश मे दिनदहाड़े हो रही हत्याओं से खौफका माहौल व्याप्त है। प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नही है। बहूए बेटियांए महिलाएंए सुरक्षित नही है। प्रदेश की भाजपा सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। पूरे प्रदेश में दलितों , पिछड़ो, व अल्पसंख्यको का उत्पीड़न हो रहा है। इस दौरान पूर्व प्रदेश सचिव हरिओम यादव, बृजानन्द यादव, देवेन्द्र भारती, रामप्रीत यादव, हरीकेवल, शौर्यप्रताप सिंह, अविनाश चौहान, दिनेश, शिवनाथ, शुभम वर्मा, सूरज कुशवाहा, इमामुद्दीन खान, अनिल आदि रहे।

## खेत में पानी भरते समय किसान ने तोड़ दिया दम

**सकलडीहा,चन्दौली।** खेत में पानी भरते समय बुधवार को देर शाम 40 वर्षीय किसान डाक्टर की मौत होगयी। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार डाक्टर खेत में पानी भर रहा था। इसी बीच अचानक ठंड के कारण कांपने लगा। पेट में दर्द होने पर इलाज के लिये ले गये। इलाज के दौरान ही डाक्टर की मौत होगयी। घटना के बाद पिता सुलई माता तेतरा देवी पत्नी मनतोली और पुत्र महेशए विशाल व राजू और पुत्री रीना व पूनम का रोते रोते बुरा हाल रहा। ग्रामीणों ने परिजनों को शासन की ओर से आर्थिक सहायता दिलाने की मांग किया।

## तहसीलदार ने बकायेदारों के खिलाफ चलाया वसूली अभियान, मचा हड़कंप

संवाददाता। धानापुर,चन्दौली

गुरुवार को तहसीलदार वंदना मिश्रा ने बकायेदारों के खिलाफ जबरदस्त वसूली अभियान चलाया जिससे बकायेदारों में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि रेवेन्यूए वाहन, बिजली बकाया, स्टैम्प, बैंक संबंधित विभिन्न तरह के बड़े बकायेदारों के ऊपर करोड़ों का बकाया था जिसके लिए जिलाधिकारी के आदेश पर तहसीलदार ने बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया जिसमें लगभग 7 लाख रुपये की वसूली हुई। आरएस ईट भंडार से एक लाख 18 हजार, सिंह ईट भट्टा से एक लाख 23 हजार, एसटिके ब्रिक से एक लाख 18 हजार, बीडीएस मार्का हिंगुतरगढ़ से एक लाख 41 हजारए पपरौल से बिजली बकाया का 13 हजार तथा धानापुर से रॉयल्टी बकाया का 70 हजार का बकाया वसूला गया।

तहसीलदार वंदना मिश्रा ने बताया कि उच्च न्यायालय द्वारा कोविड को देखते हुए वसूली पर रोक लगा दिया था जिसके कारण वसूली नही हो रही थी लेकिन अब रोक वह हटा दी गयी है इसलिये बकायेदारों के खिलाफ अब अभियान चला कर कार्यवाही करते हुए वसूली की जाएगी। इस दौरान उन्होंने थाना चौराहा स्थित सिंह कटरे में भी बिजली बकायेदारों के यहां वसूली के लिए पहुंची जहां व्यापारियों ने उन्हें अपनी समस्या बताते हुए गलत ढंग से बिजली विभाग की कार्यवाही से अवगत कराया और कागजात दिखाए। व्यापारियों में बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश भी देखा गया। इस दौरान मुख्य रूप से अमीन वसीम खान, आदर्श कुमार, उमाशंकर,शशिकांतए संतोष पांडेय, बिहारी सिंह सहित अन्य तहसील कर्मी उपस्थित थे।

## कृभको प्रभारी की शर्तें मानने को विवश हो रहे हैं किसान

संवाददाता। चकिया,चंदौली

मोहम्मदाबाद स्थित सहकारी समिति पर यूरिया खाद के लिए एक बार फिर किसानों को कृभको प्रभारी की शर्तें मानने पर विवश होना पड़ रहा है। बताया गया है कि कृभको प्रभारी यूरिया खाद लेने पहुंचे किसानों को यूरिया के साथ एक पैकेट जिंक और एक पैकेट सल्फर जबरदस्ती दे रहे हैं। जिससे किसानों को विवशता बस उनकी शर्तें मानने पर मजबूर होना पड़ रहा है जबकि अन्य समितियों पर ऐसी कोई शर्तें नहीं रखी गई है। जिसको लेकर किसान परेशान हैं। बता दें कि मोहम्मदाबाद स्थित सहकारी समिति कैंपस में मौजूद कृभको के तरफ से किसानों पर हर साल कुछ न कुछ शर्तें थोप दी जाती है जिसको किसानों को मजबूरन माननी पड़ती है। क्षेत्रीय किसानों ने इस प्रकरण पर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस तरह की शर्तों को अविलंब समाप्त करवाने की मांग की है।

## मंदिर का ताला तोड़कर चांदी का मुकुट चोरी

संवाददाता। धानापुर,चन्दौली

**थाना** क्षेत्र के हिंगुतरगढ़ गांव के कैलाशपुरी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने चांदी का मुकुट तथा एक बैटरी सहित हजारों रुपये मूल्य का सामान गायब कर दिया।पुजारी की सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। उधर मकर संक्रांति के दिन हुई मुकुट चोरी की घटना से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया है। उक्त गांव निवासी स्वर्गीय रामारमण दूबे ने तकरीबन 40 वर्ष पहले प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमानजी की मूर्ति



पर चांदी का मुकुट पहनाया था। जिसे अज्ञात चोरों बुधवार की रात मंदिर का ताला तोड़कर चुरा लिया। चोर मंदिर में रखी बैटरी भी उठा ले गए। गुरुवार की भोर में पूजा पाठ एवं आरती करने गए पुजारी को जब घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने ग्राम प्रधानए मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों तथा डायल 112 को सूचित किया। पुजारी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। और तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल में जुट गई है। मंदिर के पुजारी भरत दास ने बताया कि यह घटना अप्रत्याशित एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। मकर संक्रांति के दिन हनुमानजी के मुकुट की चोरी को लेकर आस्थावान ग्रामीणों में तीव्र आक्रोश व्याप्त हो गया है। थाना प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि जांच की जा रही है। जल्द चोर पकड़ लिए जाएंगे।

## बांदा में दुष्कर्म पीड़िता ने फांसी लगाकर दे दी जान

**बांदा।** बांदा जिले के पैलानी थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता ने बुधवार को अपने घर में फांसी लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पीड़िता (17) से 10 साल पूर्व सात साल की उम्र में दुष्कर्म किया गया था और दोषी युवक सात साल की सजा काटकर हाल में जेल से रिहा हुआ है। पैलानी थाना की खप्टिहा कला पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक (एसआई) दिनेश कुमार ने बृहस्पतिवार को बताया, जिले के एक गांव में 17 साल की एक लड़की ने अपने घर में रस्सी से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पोस्टमॉर्टम बुधवार को कराने के बाद शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। अधिकारी ने लड़की के पिता के हवाले से बताया कि 10 साल पूर्व गांव के ही एक युवक ने उनकी बेटी से दुष्कर्म किया था। मामले में अदालत ने आरोपी को सात साल की सजा सुनाई थी। दोषी हाल में सजा काटकर जेल से रिहा हुआ है और लड़की को फिर से तंग करने लगा था। पीड़िति के पिता ने बताया कि दोषी युवक ने पुरानी घटना की चर्चा कर कई जगह से उसकी शादी तुड़वा दी थी। अधिकारी ने बताया कि मामले में जांच चल रही है।

# पहले हेल्थ वर्करों को लगेगी वैक्सीन

## अभियान कल से

### कोविड वैक्सीन के आगमन पर डीएम ने भंडार व कोल्ड चेन का किया निरीक्षण

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने कोविड वैक्सीन की पहली खेप जनपद में पहुंचने पर जनपद स्तरीय वैक्सीन भंडार व कोल्ड चेन का निरीक्षण कर भंडारण, सुरक्षा व्यवस्था, निर्धारित तापमान सहित अन्य व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बताते चलें कि जनपद में 16 जनवरी से सभी 13 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कोविड वैक्सीन लगाई जाएगीए जिसमें प्रथम चरण में 7860 हेल्थ वर्करों का टीकाकरण किया जाएगा। जनपद में 976 वायल (9760 डोज) कोविड वैक्सीन प्राप्त हुई है। कोविड.19 को लेकर जनपद स्तर पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिलाधिकारी ने कोविड वैक्सीनेशन को लेकर बताया कि जनपद में वैक्सीनेशन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं, सेक्टर मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगा दी गई है, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है, सभी उप जिलाधिकारियों द्वारा भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि टीकाकरण के दौरान जिस क्रम में पोर्टल पर फीडिंग की गई है, उसी क्रम से वैक्सीनेशन किया जाएगा, किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को वैक्सीन नहीं लगाई जाएगी। वैक्सीनेशन के उपरांत बायोमेडिकल कूड़ा निस्तारण के लिए की भी व्यवस्था कर ली गई है इस हेतु संबंधित एजेंसी को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष दुबे, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुधीर रुंगटा, उप जिलाधिकारी गौरीगंज संजीव कुमार मौर्य सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।



## डीएम ने तैयारियों की समीक्षा की



**प्रतापगढ़**। जिलाधिकारी डा. नितिन बंसल ने कैम्प कार्यालय में मुख्य चिकित्साधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ कोविड-19 वैक्सीन के टीकाकरण के सम्बन्ध में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी को मुख्य चिकित्साधिकारी ने कोविड वैक्सीन टीकाकरण के सम्बन्ध बताया कि सीरम इन्स्टीट्यूट पूणे महाराष्ट्र में कोवाशील्ड वैक्सीन की 8140 डोज प्रथम चरण में वैक्सीनेशन कार्य हेतु प्राप्त हुई है, जिसे जिला वैक्सीन भण्डार में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था रखा गया है।

जनपद में 16 जनवरी को प्रात: 10 बजे से टीकाकरण के कार्य का शुभारम्भ किया जाएगा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हए कहा कि 16 जनवरी को टीकाकरण का कार्य प्रधानमंत्री के सम्बोधन के साथ पूरे देश में एक साथ शुभारम्भ किया जायेगा, इस कार्यक्रम के सजीव प्रसारण हेतु टीवी की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये और अधिक से अधिक लोगों को सजीव प्रसारण दिखाया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में 16 जनवरी को प्रारम्भ में तीन सेन्टरों क्रमश: जिला महिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुण्डा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रानीगंज पर स्वास्थ्य कर्मियों एवं आईसीडीएस विभाग के कर्मचारियों का टीकाकरण किया जाएगा। प्रत्येक सेन्टर पर 100-100 कर्मियों का टीकाकरण किया जाएगा। टीकाकरण के समय स्वास्थ्य कर्मियों को यह भी अवगत कराया जाये कि उन्हें 28 दिन बाद पुन: द्वितीय एवं आखिरी डोज दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि टीकाकरण के दौरान सभी केन्द्रों पर मजिस्ट्रेट की तैनाती भी कर दी गयी है, टीकाकरण स्थल पर कोई भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश वर्जित रहेगा। टीकाकरण का कार्य सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी अपनी देखरेख में सम्पन्न करायेगें। 16 जनवरी को जिन भी कार्मिकों का टीकाकरण किया जाना है वह टीकाकरण स्थल पर मास्क, सोशल डिस्टेसिंग, कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुये, फोटो पहचान पत्र के साथ सम्बन्धित केन्द्र पर उपस्थित होगें। जनपद प्रतापगढ़ में प्रथम चरण में टीकाकरण 12020 हेल्थ वर्करों को चिन्हित किया गया है जिनका टीकाकरण जनपद के 19 केन्द्रों पर किया जायेगा, प्रत्येक केन्द्रों पर दो सत्रों में टीकाकरण किया जायेगा। प्रत्येक सत्र पर 100 लाभार्थियों को लिस्ट के आधार पर पूर्व में ही चिन्हित कर केन्द्रों पर बुलाया जाएगा, यह टीकाकरण सोमवार एवं शुक्रवार को किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि द्वितीय चरण के टीकाकरण के फ्रन्टलाइन वर्कर शामिल होगें जिसमें पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, होमगार्ड, जेल कर्मचारी एवं आपदा प्रबन्धन, नगर पालिका के कर्मचारी भी शामिल होगें।

### सीडीओ ने टीकाकरण केन्द्र का किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़**। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने आज सीएमओ आवास के कैम्पस में वैक्सीन स्टाक सेन्टर एवं जिला महिला अस्पताल में टीकाकरण केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने टीकाकरण हेतु रखे गये वैक्सीन को देखा एवं मुख्य चिकित्साधिकारी से रख-रखाव के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि एसीएमओ की देखरेख में पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के साथ वैक्सीन को रखा गया है। तत्पश्चात् मुख्य विकास अधिकारी ने जिला महिला चिकित्सालय में टीकाकरण केन्द्र का निरीक्षण किया और जिला महिला चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि वैक्सीन सेन्टर पर जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है वह अपने निश्चित समय पर सेन्टर पर उपस्थित हो। उन्होने निर्देशित किया कि टीकाकरण के आस-पास बाहरी व्यक्ति प्रवेश कदापि ना कर पाए, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।

### बर्ड फ्लू नियंत्रण कंट्रोल रूम स्थापित

**अमेठी**। प्रभारी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सुधाकर सिंह ने बताया कि जनपद में बर्ड फ्लू बीमारी के नियंत्रण एवं बचाव के उद्देश्य से जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारीए कार्यालय विकास भवनए जनपद अमेठी में स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष नंबर 05368.244037 है। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त कृषक, नागरिक जनपद में कहीं भी पक्षियों की असामयिक एवं आकस्मिक मृत्यु की सूचना उक्त स्थापित कंट्रोल रूम कार्यालय में दे सकते हैं।

## अहंकार ईश्वर का भोजन है: आचार्य चंद्रमणि पांडेय

तिलोई (**अमेठी**)। अहंकारी का विनाश तय होता है, इसीलिए जीवन मे अहंकार का त्याग करें, क्योंकि अहंकार ईश्वर का भोजन है। यह उद्गार बाबा घिसियावन दास की तपस्थली श्रीधाम गंगापुर कुटी खेखरुआ में चल रही पांच दिवसीय श्रीराम महायज्ञ में अमेठी से पधारे कथावाचक आचार्य चंद्रमणि पांडेय ने कथा सुनाते हुए व्यक्त किए।

कथा वाचक ने कहा कि जब ईश्वरीय प्रेरणा से सफलता मिलती है तो मनुष्य को अपने धन बल और सोच पर अभिमान और अहंकार होने लगता है उसे लगता है सब मेरे सामर्थ्य से हो रहा और यही उसके नाश का कारण बनता है। कथा के माध्यम से उन्होंने कहा कि रावण को अपनी भक्ति और बल का अहंकार था उसने कहा कि बानर मेरा क्या कर सकते है लेकिन रावण के सामने ही हनुमान जी ने लंका का दहन कर अभिमान को चूर कर दिया था।

## कार्यदाई संस्था निर्माण कार्य में गुणवत्ता का दें विशेष ध्यान: जिलाधिकारी

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने कैम्प कार्यालय में अधिकारियों एवं कार्यदाई संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ जनपद में मुख्यमंत्री की घोषणा, क्रिटिकल गैप, त्वरित आर्थिक विकास योजना, पूर्वांचल विकास निधि, सीएसआर से कराए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा किया। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु धनराशि प्राप्त हो गई है उन परियोजनाओं का कार्य निश्चित समय अवधि के अंतर्गत कार्यदाई संस्थाएं पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने तथा गुणवत्तापूर्ण एवं समय के अंदर कार्य पूर्ण किए जाएं उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं से संबंधित निर्माण कार्यों की समीक्षा की तथा समय से काम पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा मानक विहीन व अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता जांच के बाद ही निर्माण कार्य में प्रयुक्त किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों को पूर्ण कराने में बजट की आवश्यकता हो उसके लिए शीघ्र अतिशीघ्र प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजे जिससे कि कार्य में बाधा न उत्पन्न हो व निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराया जा सके।

## मकर संक्रांति पर हजारों ने लगाई नदी में डुबकी

### जगह-जगह खिचड़ी भोज का हुआ आयोजन

संवाददाता। बाराबंकी

**मकर** संक्रान्ति का पर्व सामाजिक समरसता के रुप में मनाया गया इस अवसर पर जहां हजारों श्रद्धालुओं ने रेट नदी में डूबकी लगाई और दान किया। घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। जगह-जगह पर खिचड़ी भोज का आयोजन भी किया गया जिसमें शहर व क्षेत्र के नागरिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शहर के प्रसिद्ध नागेश्वर नाथ मंदिर पर सामाजिक समरसता का प्रतीक खिचड़ी भोज का सबसे बड़ा आयोजन किया गया।

वैश्य समाज द्वारा आयोजित खिचड़ी भोज में शहर के सैकड़ों गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लेकर प्रसाद ग्रहण किया। डा. श्याम सिंह यादव सेवा संस्थान लखपेड़ाबाग द्वारा राम सेवक यादव इण्टर कालेज में खिचड़ी भोज का आयोजन किया। भोज कार्यक्रम में समस्त वर्गो के लोगो ने प्रतिभाग कर खिचड़ी भोज का आनन्द उठाया। इसके अतिरिक्त अनेको स्थानों पर भी खिचड़ी भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं सिरौलीगौसपुर प्रतिनिधि के अनुसारमकर संक्रांति के अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने बंदरों को खिचड़ी खिलाई । कांग्रेस ब्लाक कमेटी के अध्यक्ष दुर्गेश दीक्षित द्वारा आयोजित बंदर भोज कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता तनुज पुनिया ने पहुंच कर बंदरों को अपने हाथों से खिचड़ी खिलाई। बताते चलें कांग्रेस नेता दुर्गेश दीक्षित द्वारा प्रति वर्ष मकर सक्रांति के अवसर पर बंदर भोज का आयोजन किया जाता है।जिसमें कोटवाधाम एवं आसपास के जंगलों में रहने वाले बंदरों को भोजन कराया जाता है।



## उत्तर प्रदेश का सम्पूर्ण विकास सपा का लक्ष्य: राकेश कुमार

संवाददाता। बाराबंकी

उत्तर प्रदेश में 2022 में लोकतंत्र की लड़ाई लड़ी जानी है। जनता पर भरोसा है कि वह लोकतंत्र को कमजोर नहीं होने देगी और ना ही मरने देगी। सपा का हमेशा लक्ष्य रहता है प्रदेश का सम्पूर्ण विकास करना। उक्त विचार गुरुवार को विधानसभा जैदपुर के अन्तर्गत अटवा ग्राम पंचायत में विधायक गौरव रावत की पूर्वांचल विकास निधि द्वारा निर्मित इण्टरलाकिंग रोड के उद्घाटन समारोह में पूर्व कारागार मंत्री राकेश कुमार वर्मा ने व्यक्त किए।



श्री वर्मा ने आगे कहा कि भाजपा की कुनीतियों से ऊबी जनता समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना चाहती है समाजवादी पार्टी अब पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार की जनतिरोधी नीतियों को प्रदेश की जनता के समाने रखकर उसकी सच्चाई बताएगी, पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार ने न तो कोई नया विकास किया ना ही होने दिया।

विधायक गौरव कुमार रावत ने कहा कि मुझे जो सीमित संसाधन मिले है, मेरी यह कोशिश है कि जनता के लिए जरूरी कार्य कर सकूं। भाजपा ने कोरोना का डर दिखा कर पूरे प्रदेश के विकास कार्य बन्द कर दिए। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से ब्लाक अध्यक्ष पिंकू सैनी, जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव, विश्राम पाल, अखिलेश यादव बीडीसीए प्रतिनिधि मो. संजय रिजवान, जिला सचिव श्याम प्रकाश त्रिवेदी, ग्राम प्रधान शारदा प्रसाद, कौशल यादव, कोमल यादव, अमित चैधरी, धीरज रावत, एखलाक अंसारी, कामिल अली, खालिद किदवई, जावेद प्रधान, पप्पू प्रधान समेत आदि लोग उपस्थित रहें।

## महिला किसान दिवस शुक्रवार को

संवाददाता। बाराबंकी

**जनपद** के विकास खण्ड सूरतगंज में महिला सशक्तिकरण परियोजना के अंतर्गत शुक्रवार को महिला किसान दिवस मनाया जायेगा। इस कार्यक्रम में सम्बन्धित विभागों द्वारा अपनी लोक कल्याणकारी योजना के प्रचार-प्रसार के लिए स्टाल लगाये जाएंगे।

कार्यक्रम में कृषि सम्बन्धी विभिन्न योजनाओं, मत्स्य पालन की विधाएं एवं सरकार द्वार प्रदत्त योजनाओं, समाज कल्याण से सम्बन्धित जन कल्याणकारी योजनाओं, बैंक से संचालित समस्त योजनाओं और नाबार्ड द्वारा संचालित योजनाओं पर चर्चा की जाएगी।

इसके अतिरिक्त पशुपालन, नर्सरी, बागवानी से आम सृजन, स्वच्छता पर महिलाओं का योगदान कृषि निवेष की उपलब्धता आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। महिला दिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।

## डीएम ने सभी विद्यालयों में ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराने के दिए निर्देश दिए

संवाददाता। ललितपुर

**जिलाधिकारी** की अध्यक्षता में जीजीआईसी सभागार में समस्त माध्यमिक विद्यालयों महाविद्यालयों संस्थानों के प्रधानाचार्यों की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में शैक्षिक सत्र 2019-20 के लिए शासन द्वारा पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना की समय सारिणी के अनुसार हुई कार्रवाई की समीक्षा उपरान्त सभी विद्यालयों को निर्देशित किया गया कि वह वर्तमान सत्र में नवीनीकरण हेतु अर्ह समस्त छात्रों का अनिवार्य रूप से नवीनीकरण की पूर्ण करें, यदि किसी विद्यालय से वांछित संख्या से कम छात्रों का नवीनीकरण होता है संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुये कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी विद्यालयों को पूर्वदशम अंतर्गत शासन द्वारा बड़ी तिथि का लाभ लेते हुए सभी विद्यालयों को ऑनलाइन कराये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी प्रधानाचार्यों को चेतावनी देते हुये कहा कि यदि योजनान्तर्गत किसी भी पात्र छात्र का डाटा अग्रसारण से रह जाता है तो संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य पर कठोर कार्रवाई की जायेगी, जिसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होंगे।

बैठक में समाज कल्याण अधिकारी एवं जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने भी प्रधानाचार्यों को संम्बोधित किया। माध्यमिक शिक्षा विभाग में संचालित कार्यक्रम एवं योजनाओं की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये गये।

## अधिवक्ता के मकान का ताला तोड़कर 12 लाख का सामान व नगदी ले उड़े चोर

संवाददाता। बाराबंकी

**थाना** कोतवाली क्षेत्र के सत्यप्रेमी नगर स्थित अफीम कोठी के पीछे बीती रात एक अधिवक्ता के मकान का दरवाजा तोड़कर चोर लगभग 12 लाख की चोरी कर ली। घटना की तहरीर अधिवक्ता ने पुलिस को दी है, किन्तु अभी तक चोरों का सुराग नही लग सका है। विवरण के अनुसार अधिवक्ता विजय कुमार श्रीवास्तव का नगर कोतवाली इलाके के मोहल्ला सत्य प्रेमीनगर में आवास है बीती रात अधिवक्ता परिवार उक्त मकान का ताला बन्द कर पीरबटावन स्थित अपने पुराने मकान में चला गया, था इस बीच बंद मकान का फायदा उठाकर चोरो ने उसके मकान का ताला तोड़ दिया और घर में घुसकर घण्टो कमरों की तलाशी ली इस दौरान चोरों ने बख्शे में रखा सवा लाख की नगदी तो चोरी कर ही ली, साथ ही अलमारी में रखे लगभग 10 लाख के जेवरात को भी उठा ले गये, यही नही बखौफ चोरों ने जाते जाते बच्चों की गुल्लक को भी तोड़ कर उसमें रखे 15 हजार रुपये निकाल लिये और चम्पत हो गये। इस घटना की जानकारी गुरुवार की सुबह तब हुई, जब अधिवक्ता परिवार वापस घर आया तब उन्हे घर का ताला टूटा मिला इस पर उनके होश उड़ गये अन्दर प्रवेश करने पर घर के कमरे का समान अस्त-व्यस्त मिला। खोजबीन करने पर बक्शे व अलमारी में रखे एक लाख 25 हजार नगद व दस लाख की सोने चांदी के आभूषण नदारद मिले इस पर पीड़ित अधिवक्ता द्वारा कोतवाली पुलिस को सूचना दी गयी तब पुलिस ने पहुच कर छानबीन की लेकिन चोरों का कही कोई पता नही चल सका है।

## डीएम ने सनई अनुसंधान केन्द्र का किया औचक निरीक्षण



**प्रतापगढ़** ।जिलाधिकारी डा. नितिन बंसल ने सनई अनुसंधान केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सनई अनुसंधान केन्द्र में रोपित सनई और अलसी के पौधों का अवलोकन किया और सनई अनुसंधान केन्द्र के प्रभारी एवं जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि आपस में समन्वय बनाकर एक आवश्यक बैठक डीसी, एनआरएलएम और एसपीओ के साथ कर ली जाये और जनपद में अधिक से अधिक कृषक बन्धुओं एवं समूह की महिलाओं को जोड़े और उन्हें लाभान्वित कराया जाये। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर मोहन लाल गुप्ता, जिला कृषि अधिकारी अश्वनी कुमार सिंह, सनई अनुसंधान के प्रभारी शिवकुमार उपस्थित रहे।

## समाजसेवी ने बांटे कम्बल

संवाददाता। तिलोई (अमेठी)

**विकास** खण्ड सिंहपुर की ग्राम पंचायत खेखरुआ में गुरुवार को शीतलहर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुये समाजसेवी द्वारा गरीब परिवारों को घर घर जाकर कम्बल वितरित किया गया ।समाजसेवी के हाथों कम्बल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे। ब्लाक क्षेत्र के खेखरुआ गांव में गुरुवार को समाजसेवी योगेंद्र प्रताप सिंह उर्फ पन्ना सिंह ने गरीब, असहाय व बुजुर्गों को कम्बल वितरित किया। पन्ना सिंह ने कम्बल वितरण करते हुये कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है गरीब व असहाय लोगो की सबको मदद करनी चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि नि:स्वार्थ भाव से हर गरीब की सेवा करने वाला और जरूरत मंदो की मदद करने वाला ही सच्चा मानव धर्म निभाता है और इस काम के लिए सबको आगे आना चाहिए । उन्होंने कहा कि मैं गरीबो की सेवा का कार्य बहुत पहले से व्यक्तिगत स्तर पर करता आ रहा हूँ और आगे भी यह कार्य निरंतर जारी रहेगा।पन्ना सिंह ने बताया कि पूरी ग्राम सभा मे 800 गरीबों को कम्बल देना मेरा लक्ष्य है जिसमे आधे से ज्यादा लक्ष्य पूरा हो गया ।

### देश का शिक्षित युवा बेरोजगार प्रताड़ित है: ऋतुराज

**ललितपुर**। सपा के जिलाध्यक्ष तिलक यादव एड के निर्देश में जिले भर में युवा घेरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महरौनी विधानसभा के ग्राम नाराहट क्षेत्र के नटगुढ़ा गुढ़ा खिरिया में युवा घेरा चौपाल का आयोजन वरिष्ठ युवा नेता ऋतुराज निर्मोही के नेतृत्व में किया गया। युवा घेरा चौपाल में मौजूद युवाओं को संबोधित करते हुये ऋतुराज निर्मोही ने कहा कि वर्तमान में देश का किसान केन्द्र सरकार द्वारा संसद में पारित किये गये कृषि के तीन काले कानूनों के कारण है। देश का लाखों किसान दिल्ली में ऐसी भीषण ठण्ड में भी अपने अधिकारों के लिए जुटा है।

## गरीबों की सेवा पुनीत कार्य: राजा मयंकेश्वर

तिलोई (**अमेठी**)। ग्राम पंचायत छीछा में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा ष्निस्वार्थ भाव से हर गरीब की सेवा करने वाला और जरूरतमंदों की मदद करने वाला ही सच्चा मानव धर्म निभाता है। सभी प्राणियों में मानव को श्रेष्ठ इसलिए माना जाता है क्योंकि दया, क्षमा, प्रेम और परोपकार की भावना सिर्फ इन्हीं में देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव व समाज का उत्थान मेरा संकल्प है , इसी भावना के साथ कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक मुन्ना सिंह के इस नेककार्य की सराहना की। विधायक व ब्लाक प्रमुख ने ग्राम पंचायत छीछा समेत कई गांवों के गरीब परिवारों को शीतलहर से निजात के लिये कम्बल प्रदान किया। कार्यक्रम के आयोजक सिंह फ्रूट कम्पनी के चेयरमैन राजकरन सिंह उर्फ मन्ना सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया।

## पूर्व प्रधान ने जरुरतमंदों को बांटे कंबल



संवाददाता। सिद्धौर (बाराबंकी)

**सिद्धौर** के विकासखंड सिद्धौर ग्राम पंचायत बिबियापुर घाट की महिला पूर्व प्रधान अंजू देवी ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए 1000 गरीबों को कंबल वितरित किया। करीब आधा दर्जन गांव में कंबल वितरित अंजू देवी व रमेश तथा रंजीत वर्मा ने किया तो वही कंबल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। अंजू देवी का कहना है कि कई सालों से लोगों की मदद करने का काम किया जा रहा है। करीब पांच सालों से हर वर्ष कंबल वितरित कर लोगों की मदद करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोगों की मदद कर खुशी महसूस होती है। प्रधान पति रमेश वर्मा का कहना है कि सेवा वही कर सकता है, जिसके मन में सेवा की भावना होती है सेवा हर कोई नहीं कर सकता उन्होंने बताया कि हमारी ग्राम पंचायत के लोगों कि किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो इसलिए लगातार उनकी मदद करने का काम किया जा रहा है और तो और किसी भी प्रकार की कोई समस्या होती है तो निस्वार्थ भावना से उनकी मदद करने का काम किया जाता है।